
अधिकतम 24 डिग्री से.
न्यूनतम 09 डिग्री से.
सूर्योदय 7.14
सूर्यास्त 5.24
सोना 24 कैरेट: 1,34,010.00
चांदी (प्रति किलो): 1,99,100
सैंसेक्स : 84,679.86
अमेरिका : 91.01
कैनेडियन : 66.09
आस्ट्रेलिया : 60.39

दैनिक
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

# अर्थ प्रकाश

चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित



वर्ष 40 | चंडीगढ़, बुधवार, 17 दिसंबर, 2025 | पौष कृष्ण पक्ष: त्रयोदशी, विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 347 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12







## न्यूज ब्रीफ

### मथुरा में 8 बसें-3 कारें टकराईं 13 लोग जिंदा जले, 70 घायल



**अम्मान (अप्रस)।** उत्तर प्रदेश के मथुरा स्थित यमुना एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। बलदेव थाना क्षेत्र में 127 किलोमीटर माइलस्टोन के पास हुए भीषण सड़क हादसे में अब तक 13 लोगों की मौत हो गई। परीक्षण के बाद 13 मौतें कंफर्म बताई गई हैं। वहीं 70 लोग घायल हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि बलदेव थाना क्षेत्र में 127 किलोमीटर माइलस्टोन के पास हुए भीषण सड़क हादसे में जो भी शव मिले थे उन्हें पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया था। अब तक 13 मौतें कन्फर्म हैं। जो मलबा और अवशेष मिले थे, उन्हें मोर्चरी भेजा गया था। तीन शवों की पहचान हुई है। शेष जो जले और अधजले शव हैं, उनकी पहचान डीएनए टेस्ट के माध्यम से की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि पोस्टमार्टम की कार्यवाही जारी है। शेष जो शव हैं, उनके अंतिम संस्कार बेहद सम्मानपूर्वक ढंग से किए जाएंगे। जिन शवों की पहचान हो चुकी है, उनके परिजन हमारे संपर्क में हैं। पुलिस द्वारा पूरे मामले में एक एफईआईआर दर्ज की गई है, जिससे पूरे घटनाक्रम की हर स्थिति का पता चल सके। मंडल आयुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया है कि चार शवों की पहचान हो गई है, अन्य के शिनाख्त के लिए टीम जुटी हुई है।




मुख्यमंत्री की गैंगस्टरों को खुली चेतावनी

# कानून व्यवस्था बिगाड़ने की इजाजत किसी को नहीं देंगे: मान

### आरोपियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने चंडीगढ़ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गैंगस्टरों व बदमाशों को खुली चेतावनी दी है कि अगर गोलियां चलाकर अपनी मां की गोद में सो जाओगे तो यह भूल जाओ। पुलिस गोली चलाने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लेगी। लॉ एंड ऑर्डर के मुद्दे पर पूछे गए सवाल पर भगवंत मान ने कहा कि अकाली दल और कांग्रेस के बोए कांटे हैं जिनका नुकसान पब्लिक को झेलना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उनके समय गैंगस्टर पैदा हुआ और अब वो वर्चस्व के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इस पूरे मामले की क्लोजली स्टडी कर रही है और जिन देशों से ज्यादा फोन आ रहे हैं उनको मध्य नजर रखते हुए पुलिस काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सूबे में शांति भंग करने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी। भगवंत मान ने कबड्डी खिलाड़ी की हत्या के बारे में पूछे गए सवाल पर कहा कि पुलिस इस केस की जांच करने में जुटी है। उन्होंने कहा कि कबड्डी में कन्ट्रोवर्सी पूरी दुनिया में है।

### श्री फतेहगढ़ साहिब में होने वाले तीन दिवसीय शहीदी सभा को लेकर सीएम ने दी जानकारी



### 6 जोन में बंटेगा फतेहगढ़ साहिब

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने श्री फतेहगढ़ साहिब में होने वाले तीन दिवसीय शहीदी सभा के लिए सरकार की तरफ से किए गए प्रबंधों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन तीन दिनों में दुनिया भर से 50 लाख से ज्यादा लोग श्री फतेहगढ़ साहिब आएंगे। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारा साहिब के बाहर की व्यवस्थाओं के लिए जिले को 6 सैक्टर में बांटा गया है। हर सैक्टर में एक सैक्टर मजिस्ट्रेट होगा और पुलिस का एक सीनियर अधिकारी उसमें सुरक्षा का जिम्मा संभालेगा। सुरक्षा के लिए 300 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं और ड्रोन से भी लगातार लोगों पर नजर रखी जाएगी। सुरक्षा के लिए 32 00 पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाएगा।

### इंटीग्रेटिड कंट्रोल रूम किया स्थापित

मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन दिन के लिए फतेहगढ़ साहिब में पुलिस ने एक इंटीग्रेटिड कंट्रोल रूप 01763-232838 स्थापित किया है। जिसमें पुलिस सहायता, डॉक्टरी सहायता से लेकर हर विभाग से संबंधित सहायता के लिए अधिकारी उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा 10 काउंटर बनाए जा रहे हैं जहां पर लोग किसी के गुम होने पर जानकारी या कुछ चीज मिलने पर जमा करवा सकेंगे। लोग कंट्रोल रूम पर किसी भी तरह की सहायता के लिए कॉल कर सकते हैं। फतेहगढ़ साहिब व आसपास के इलाकों में 72 जगहों पर पुलिस की नाकेबंदी रहेगी।

### पांच बड़ी और 16 छोटी पार्किंग बनाई

पंजाब के अलग-अलग हिस्सों से आने वाले लोगों के लिए पार्किंग बनाई गई हैं। पांच बड़ी पार्किंग और 16 छोटी पार्किंग बनाई गई हैं। उन्होंने बताया कि पार्किंग से गुरुद्वारा साहिब तक जाने के लिए 200 शटल बसें और 100 से ज्यादा ई-रिक्शा लगाए हैं। शटल बसें लगातार चलती रहेंगी। ये बसें गुरुद्वारा साहिब से आसपास के गांवों में भी जाएंगी जहां पर लोगों के रहने की व्यवस्था की गई है। यह सेवा पूरी तरह से निशुल्क रहेगी। ई रिक्शा सेवा भी सरकार की तरफ से निशुल्क रहेगी।

### पांच डिस्पेंसरियां व 20 आम आदमी क्लीनिक खुलेंगे

मुख्यमंत्री ने बताया कि फतेहगढ़ साहिब में सभा के दौरान 5 डिस्पेंसरियां व 20 आम आदमी क्लीनिक खोले जाएंगे। जिसमें डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ तैनात रहेगा। वहां पर 60 एम्बुलेंस भी तैनात रहेंगी।

**खूनदान कैंप एक ही जगह पर लगेगा:** मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दौरान वहां पर खूनदान कैंप भी लगाया जाएगा। जो श्रद्धालु खूनदान करना चाहेंगे वो कैंप में खूनदान कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि खूनदान कैंप एक ही जगह पर लगेगा। कोई संस्था बिना परमिशन के खूनदान कैंप न लगाए। जो लगाना चाहते हैं वो प्रशासन से संपर्क करें ताकि एक ही जगह पर कैंप लगाया जा सके।

**सफाई के लिए तैनात रहेंगे आप के वॉलंटियर:** मुख्यमंत्री ने कहा कि मेले में सफाई के लिए आम आदमी पार्टी ने अपने वॉलंटियर तैनात करने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि वॉलंटियर कैरी बैग लेकर घूमेंगे और जहां भी गंदगी दिखेगी उसे कैरी बैग में डालेंगे। छोटे हाथी हायर किए हैं और वो बीच में चक्कर लगाते रहेंगे। वॉलंटियर कूड़ा उनमें रख देंगे।

### एसजीपीसी को पूरा सहयोग करेगी पंजाब सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि एसजीपीसी ने गुरुद्वारा साहिब के अंदर व्यवस्थाओं के लिए सरकार से संपर्क नहीं किया है। अगर एसजीपीसी को गुरुद्वारा साहिब के परिसर में भी सरकारी सहायता की जरूरत है तो वो जरूर उपलब्ध करवाएंगे। इसके लिए उन्होंने स्थानीय प्रशासन को हिदायतें दी हैं। डीसी व एमएलए को कहा गया है कि वो प्रबंधकों के साथ संपर्क में रहें।

**गुगल के जरिए दी जाएगी श्रद्धालुओं को जानकारी:** स्पेशल डीजीपी अर्पित शुक्ला ने कहा कि लोगों को पार्किंग के बारे में जानकारी देने के लिए पुलिस ने गुगल से संपर्क किया है। गुगल के जरिए पब्लिक को यह जानकारी दी जाएगी कि किस पार्किंग और रूट पर भीड़ है ताकि वो दूसरा रूट अपना सकें। उन्होंने कहा कि पुलिस सिविल ड्रेस में भी रहेगी।

**नो वीआईपी जोन रहेगा क्षेत्र:** मुख्यमंत्री ने कहा कि फतेहगढ़ साहिब का क्षेत्र तीन दिन के लिए नो वीआईपी जोन रहेगा। बाहर सिर्फ शटल बसें व ई रिक्शा चलेंगे। वीआईपी भी उनके जरिए ही गुरुद्वारा साहिब तक पहुंचेंगे। उसके अंदर किसे वीआईपी रखना किसे नहीं यह एसजीपीसी की जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विकास रैली में की बड़ी घोषणा

# हरियाणा का 23वां जिला बना हांसी

> हांसी जिले में होंगी 2 उपमंडल, 3 तहसील, नोटिफिकेशन एक सप्ताह में
>
> हांसी जिले में में 97 राजस्व गांव और 110 ग्राम पंचायत होंगी शामिल, हांसी जिले का मैप भी आया सामने

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**हांसी।** तोशाम रोड़ स्थित आटो मार्केट में आयोजित हांसी विकास रैली में मुख्यमंत्री नायब सैनी से हांसी को नया जिला बनाने की घोषणा कर दी है। हांसी हरियाणा का 23वां जिला बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सप्ताह में इसका नोटिफिकेशन भी जारी हो जाएगा, जिसके बाद रेवेन्यू के नजरिए से भी हांसी जिला बन जाएगा। मुख्यमंत्री ने हांसी को जैसे ही जिला बनाने की घोषणा की, वैसे ही रैली में उपस्थित हजारों लोगों ने खड़े होकर तालियां बजाई। इसके साथ ही शहर में आतिशबाजी शुरू हो गई और लोगों द्वारा जमकर आतिशबाजी की। बता दें कि हांसी जिला में दो उपमंडल और तीन तहसील और एक उपतहसील बनाई जाएगी। इसमें 97 राजस्व गांव और 110 ग्राम पंचायत शामिल की जाएगी। नए जिले के लिए प्रशासन द्वारा पूरा ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। हांसी नए जिले के ड्राफ्ट में हांसी, नारनौद उपमंडल के अलावा हांसी, नारनौंद, बास तहसीलें और खेडी चौपटा को उपतहसील का इलाका शामिल होगा। वर्तमान में जो पुलिस जिला का सीमांकन हैं, उसी को राजस्व जिला का सीमांकन माना जाएगा। ड्राफ्ट तैयार करने वाले अधिकारियों ने प्रदेश के राजस्व विभाग को भेज दिया है।

उधर, जिला बनाने की घोषणा के बाद पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, हांसी विधायक विनोद भयाणा व सफीदों विधायक रामकुमार गौतम ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि हांसी के लोग इस यादगार दिन को कभी नहीं भूल पाएंगे।



### हांसी के जिला बनने के बाद यह आएगा बदलावा

हांसी के जिला बनने के बाद अब कई चीजें बदल जाएंगी। हांसी के लोगों को डीसी से मिलने के लिए हिसार नहीं आना होगा। हांसी में डीसी बैठेंगे। इसके साथ ही मुकदमों की पैरवी के लिए हिसार जिला कोर्ट भी नहीं जाना पड़ेगा। इसके लिए हांसी में जिला एवं सत्र न्यायालय का गठन होगा। जिला न्यायाधीश भी बैठेंगे। इसके अलावा जिला स्तर पर होने सभी कार्यों को हिसार जाना पड़ता था उन्हें हिसार नहीं जाना पड़ेगा। साथ ही हांसी के लिए जिला के तौर पर सरकार से अलग से बजट मिलेगी, जिससे विकास कार्यों में तेजी आएगी।

### हरियाणा गठन के बाद यूं बंटता गया हिसार...

**पहला बड़ा बटवारा 1972:** 1 नवंबर 1966 को पंजाब का पुनर्गठन हुआ और हरियाणा राज्य बना। उस समय हिसार हरियाणा का एक बहुत बड़ा जिला था। हिसार जिले में आज के कई जिले शामिल थे। इनमें भिवानी, सिरसा, फतेहाबाद और चरखी दादरी शामिल थे। हिसार का पहला विभाजन 22 दिसंबर 1972 को उस समय भिवानी जिला अलग किया गया।

**1975 में हुआ दूसरा विभाजन:** हिसार जिले का दूसरे बंटवारे की शुरुआत 1 सितंबर 1975 में सिरसा जिला के रूप में हुई। 1979 में व्यवहारिक रुपसे सिरसा जिला अस्तित्व में आ गया।

**1997 में हुआ तीसरा विभाजन:** हिसार जिले का तीसरा बंटवारा 15 जुलाई 1997 को होने पर फतेहाबाद जिला अस्तित्व में आया। पहले फतेहाबाद तहसील हुआ करती थी। बाद में अलग जिला बनाया गया। यह भी हिसार का हिस्सा रहा है। हिसार का हिस्सा रहे भिवानी से कटकर 22 जनवरी 2016 को चरखी दादरी जिला बना। यह सीधे हिसार से नहीं, बल्कि भिवानी से अलग होकर बना लेकिन ऐतिहासिक रूप से यह भी पुराने हिसार मंडल का हिस्सा रहा।

गोवा नाइट क्लब अग्निकांड

# लूथरा ब्रदर्स को गोवा पुलिस ने एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** गोवा के नाइट क्लब 'बाय रोमियो लेन' अग्निकांड मामले में मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाइलैंड से दिल्ली लाया गया है। भारतीय सुरक्षा अधिकारी दोनों भाइयों के साथ मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरे।

दिल्ली एयरपोर्ट पर गोवा पुलिस की एक टीम ने दोनों को एयरपोर्ट पर ही गिरफ्तार कर लिया। अब उन्हें पटियाला हाउस कोर्ट में ट्रांजिट रिमांड के लिए पेश किया जाएगा। ट्रांजिट रिमांड की इजाजत मिलते ही पुलिस दोनों को लेकर गोवा जाएगी।

सौरभ और गौरव लूथरा बिर्च नाइट क्लब के मालिक हैं। क्लब में 6 दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद दोनों भाई थाईलैंड भाग गए थे। थाईलैंड पुलिस ने 11 दिसंबर को फुकेट में दोनों भाइयों को हिरासत में लिया।






रैली

मुख्यमंत्री ने हमीरपुर में आयोजित एंटी-चिट्टा अवेयरनेस वॉकथॉन का किा नेतृत्व

# चिट्टा रूपी दीमक को समाप्त करने में निर्णायक कार्रवाई कर रही सरकार: सुक्खू

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश में मादक पदार्थ चिट्टे के खिलाफ व्यापक जन आंदोलन के तहत आज हमीरपुर में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) के खेल मैदान से पुलिस लाइन दोसड़का ग्राउंड तक आयोजित एंटी चिट्टा जागरूकता वॉकथॉन का नेतृत्व किया, जिसमें समाज के सभी वर्गों ने भाग लिया। इनमें भारी संख्या में विद्यार्थी, जन प्रतिनिधि, अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने वॉकथॉन आरम्भ होने से पहले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) के खेल मैदान में उपस्थित लोगों को चिट्टे और मादक पदार्थों के सेवन के खिलाफ जागरूकता शपथ भी दिलाई।

पुलिस लाइन ग्राउंड दोसड़का में उपस्थित जनसैलाब को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल चिट्टे के खिलाफ निर्णायक जंग ल? रहा है। प्रदेश में युवाओं के भविष्य को



खोखला कर रहे चिट्टा जैसे घातक नशे के विरुद्ध राज्य सरकार आर-पार की लड़ाई लड़ रही है। चिट्टा रूपी दीमक को समाप्त करने की दिशा में सख्त और निर्णायक कार्रवाई की जा रही है। नशे के इस अवैध नेटवर्क से जुड़े तस्करों, सप्लायरों और उनका संरक्षण देने वालों पर एक-एक कर शिकंजा कसा जा रहा है। चिट्टा के कारोबार से जुड़े संगठित गिरोहों की कमर तोड़ने के लिए तकनीक, खुफिया तंत्र और कड़े कानूनों का प्रभावी इस्तेमाल किया जा रहा है।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार अपने संकल्प के अनुसार चिट्टा सौदागरों की पहचान, नाम और नेटवर्क सब मिटा देगी। यह जन आंदोलन, प्रदेश के लोगों की पुकार और हिमाचल की अस्मिता का युद्ध है। उन्होंने कहा कि इस महा आंदोलन को आरम्भ हुए 30 दिन हो चुके हैं। इस दौरान 22 नवम्बर को हिमाचल के इतिहास में पहली बार पूरे प्रदेश में पुलिस द्वारा एक साथ 121 स्थानों पर छापामारी की गई। ब? तस्करों के नेटवर्क पर सीधा प्रहार किया गया तथा तीन दिन बाद 41 शिक्षण संस्थानों, 598 दुकानों, बाजारों और कॉलेजों के आसपास गहन छानबीन की गई। 12 एनडीपीएस मामले दर्ज किए गए और 385 चालान किए गए। उन्होंने कहा कि 7 दिसंबर को पीआईटी एण्ड एनडीपीएस के तहत एक साथ प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से 16 नामी तस्करों को हिरासत में लिया गया। इस अधिनियम के तहत अब तक 63 तस्कर गिरफ्तार किए जा चुके हैं। 1214 तस्कर और संदिग्धों की पहचान तथा 950 अवैध संपत्तियां सीमांकित की गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व सरकार के कार्यकाल के दौरान तीन वर्ष में एनडीपीएस के तहत 13 करोड़ रुपये की चल-अचल सम्पत्ति जब्त की गई थी, जबकि वर्तमान सरकार के कार्यकाल के दौरान अब तक 50 करोड़ रुपये से अधिक की चल-अचल जब्त की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चिट्टे के खिलाफ बहुस्तरीय व बहुआयामी कार्रवाई की जा रही है।

### वॉकथॉन के दौरान बच्चों से भी किया संवाद

एंटी चिट्टा अवेयरनेस वॉकथॉन के दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों से संवाद भी किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि चिट्टा किस प्रकार सेहत और समाज के लिए खतरा बन गया है। उन्होंने बच्चों को अपने आस-पास के लोगों को चिट्टे व मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान गुब्बारे व अन्य माध्यम द्वारा नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस विभाग ने नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूकता फैलाने के लिए आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने वॉकथॉन के आयोजन के लिए पुलिस विभाग और सहभागियों के प्रयासों की सराहना की।

# मुख्यमंत्री ने पंजाब को यू.के. के लिए निवेश हब के रूप में किया प्रस्तुत

- पंजाब और ब्रिटेन ने द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश संबंधों को लेकर आशा व्यक्त की
- पंजाब प्रगतिशील सम्मेलन 2026 में यू.के. को भागीदार देश बनने का आमंत्रण
- विभिन्न क्षेत्रों में पंजाब की क्षमताओं को किया गया उजागर



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 दिसंबर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज यहां पंजाबङ्कयू.के. रणनीतिक संवाद सत्र की अध्यक्षता करते हुए ब्रिटेन के साथ, विशेष रूप से अब तक कम उपयोग में आए क्षेत्रों में, मजबूत और व्यापक रणनीतिक व व्यावसायिक संबंधों पर बल दिया। ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर अल्बा समैरिग्लियो तथा यू.के. से जुड़ी विभिन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब पारंपरिक और उभरते हुए नए क्षेत्रों में यू.के. के साथ मजबूत व्यावसायिक साझेदारी के लिए इच्छुक है। उन्होंने बताया कि राज्य ने सहयोग के पांच प्रमुख क्षेत्रों–उच्च शिक्षा, टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग, ऑटो कंपोनेंट्स तथा कृषि और फूड प्रोसेसिंग–के साथ-साथ फार्मास्यूटिकल एवं स्वास्थ्य सेवाएं, सूचना प्रौद्योगिकी और व्यावसायिक सेवाओं जैसे उभरते क्षेत्रों की भी पहचान की है।

भगवंत सिंह मान ने पंजाब की क्षमताओं को रेखांकित करते हुए एक विस्तृत खाका प्रस्तुत किया और बताया कि राज्य में पांच हवाई अड्डों तथा मजबूत राष्ट्रीय राजमार्ग संपर्कों के साथ विश्वस्तरीय और सुदृढ़ कनेक्टिविटी नेटवर्क उपलब्ध है, जो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के पास अत्यधिक कुशल कार्यबल है, जो हर क्षेत्र के विकास की कुंजी है। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब तुलनात्मक रूप से किफायती और शांतिपूर्ण श्रमबल उपलब्ध कराता है, जो इसे निवेश के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बनाता है। उन्होंने बताया कि राज्य में एकीकृत निवेश प्रणाली मौजूद है और 'इन्वेस्ट पंजाब' सिंगल-विंडो सिस्टम के रूप में कार्य करता है, जो डीम्ड अप्रूवल तंत्र के साथ निर्धारित समय-सीमा में सभी आवश्यक मंजूरियां प्रदान करता है, जिससे निवेशकों का विश्वास मजबूत होता है। मुख्यमंत्री ने फास्ट-ट्रैक पोर्टल और सिंगल-विंडो सुविधा पर भी प्रकाश डाला, जिनका उद्देश्य प्रक्रियाओं को सरल बनाना, अनुपालनों के बोझ को कम करना और पंजाब में व्यापार को अधिक सुगम बनाना है।

भविष्य के अपने दृष्टिकोण को साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आर्थिक प्रगति को तेज करने के लिए ठोस प्रयास कर रही है। उन्होंने यू.के. से मजबूत संबंध रखने वाली विभिन्न कंपनियों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों और हितधारकों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया, जिनमें से कई ने पंजाब के साथ अपने पुराने संबंधों को याद किया। मुख्यमंत्री ने यू.के. के निवेशकों को पंजाब में अपने कारोबार शुरू करने या विस्तार करने का हार्दिक आमंत्रण दिया और कहा कि मजबूत आधारभूत ढांचा, निर्बाध बिजली आपूर्ति और निवेशक-अनुकूल नीतियां पंजाब को एक आदर्श निवेश गंतव्य बनाती हैं।

मुख्यमंत्री ने यू.के. के निवेशकों को मोहाली में आयोजित होने वाले पंजाब प्रगतिशील निवेशक सम्मेलन (पी पी आई एस ), 2026 में भाग लेने का आमंत्रण देते हुए इस दौरान एक विशेष यू.के.-केंद्रित सत्र का प्रस्ताव रखा। उन्होंने टायनोर, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बेडफोर्ड स्कूल, मुनजाल बर्मिंघम यूनिवर्सिटी, गंगा एक्रोवूल्स, नेटस्मार्ट्ज, रॉकपैकर सहित अन्य कंपनियों का स्वागत किया।

भगवंत सिंह मान ने कहा कि यू.के. से नया निवेश पंजाब के युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा कर सकता है। उन्होंने कंपनियों से विशेष रूप से पराली प्रबंधन और पर्यावरण-अनुकूल समाधानों को बढ़ावा देने वाली नवीन तकनीकों और परियोजनाओं की खोज करने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने शिष्टमंडल को बताया कि पंजाब के वायु गुणवत्ता सूचकांक में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और निरंतर पर्यावरण-अनुकूल प्रयासों के कारण राज्य के कई हिस्सों में यह सूचकांक अब 70 से नीचे है।

इस अवसर पर ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर श्रीमती अल्बा समैरिग्लियो ने दोनों पक्षों की सक्रिय साझेदारी से द्विपक्षीय संबंधों के और सुदृढ़ होने की आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पंजाबी प्रवासी समुदाय के उद्योगपतियों के साथ काम करना उनके लिए एक रोचक अनुभव रहा है और पंजाब व यू.के. के बीच कई क्षेत्रों में सहयोग को और गहराई देने की अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

### मुख्यमंत्री ने यू.के. के उद्योगपतियों से पंजाब के लिए निवेश आकर्षित करने हेतु ब्रांड एंबेसडर की भूमिका निभाने की अपील की

पंजाब और यू.के. के बीच पुराने और भावनात्मक संबंधों की पुष्टि करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यू.के. हमेशा भारत, विशेषकर पंजाब का एक भरोसेमंद साझेदार रहा है और पंजाबी इन संबंधों को और मजबूत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने यू.के. की विश्वविद्यालयों को मोहाली और पंजाब के अन्य हिस्सों में अपने कैंपस स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि संयुक्त रूप से शोध, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा दिया जा सके। मुख्यमंत्री ने यू.के. के उद्योगपतियों और पंजाबी प्रवासी समुदाय से पंजाब के लिए निवेश आकर्षित करने हेतु ब्रांड एंबेसडर की भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने उद्योगपतियों द्वारा उठाई गई मोहालीङ्कलंदन सीधी उड़ान की मांग का भी समर्थन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब विश्व स्तर पर उच्च गुणवत्ता वाले खेल उपकरणों, साइकिल निर्माण और ऑटो पार्ट्स के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि यू.के. की कंपनियों के साथ साझेदारी से इन क्षेत्रों का और विस्तार होगा तथा इन्हें वैश्विक वैल्यू चेन से अधिक प्रभावी ढंग से जोड़ा जा सकेगा। उन्होंने यू.के. उद्योगों के साथ गहरे सहयोग की वकालत की। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि राज्य सरकार निवेशकों को पूर्ण सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पंजाब यू.के. के साथ अपने संबंधों को नवाचार, स्थिरता और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों तक विस्तारित करने के लिए उत्सुक है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने पंजाब को 'ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस' में बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्यों में शामिल किया है। मोहाली के मजबूत इकोसिस्टम, सुव्यवस्थित बिजली आपूर्ति और सुदृढ़ आधारभूत ढांचे को देखते हुए भारतीय और विदेशी आईटी कंपनियां यहां अपनी इकाइयां स्थापित करने के लिए इच्छुक हैं।

## पंजाब विधानसभा के स्पीकर ने ब्रिटिश कोलंबिया के स्पीकर से की मुलाकात, दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने पर किया विचार-विमर्श



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 दिसंबर।** ब्रिटिश कोलंबिया विधानसभा के स्पीकर श्री राज चौहान ने आज पंजाब विधानसभा का दौरा किया। उनके साथ उनकी पत्नी, बेटी और भाई भी मौजूद थे। इस अवसर पर उन्होंने पंजाब विधानसभा के स्पीकर सरदार कुलतार सिंह संधवां से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। वे ब्रिटिश कोलंबिया के पहले पंजाबी स्पीकर हैं और लंबे समय से कनाडा में रह रहे भारतीयों का मार्गदर्शन भी कर रहे हैं। वे कनाडा में लंबे समय से सेवा निभा रहे हैं, जो पंजाबियों के लिए अत्यंत गर्व की बात है। स. संधवां ने कहा कि कनाडा की धरती पर एक 'दूसरा पंजाब' बसता है, जो कनाडा की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी साबित हुआ है। ब्रिटिश कोलंबिया के स्पीकर ने पंजाब के साथ व्यापार बढ़ाने और प्रौद्योगिकी के आदान-प्रदान की इच्छा व्यक्त की, ताकि दोनों देश इसका लाभ उठा सकें। ब्रिटिश कोलंबिया के स्पीकर ने कहा कि ब्रिटिश कोलंबिया की विधानसभा और पंजाब विधानसभा में बहुत समानताएं हैं। उन्होंने कहा कि दोनों सभाएं वेस्टमिंस्टर परंपरा से जुड़े लोकतांत्रिक मूल्यों और प्रतिबद्धताओं पर आधारित हैं, जिनमें जन भागीदारी, शासन में पारदर्शिता, समिति प्रणाली और कानून के शासन को बनाए रखना शामिल है। उन्होंने संबंधित संस्थानों के सर्वोत्तम अभ्यासों पर विचार-विमर्श की आशा भी व्यक्त की, जिसमें सुरक्षा, सेवाएं प्रदान करने, प्रक्रियाओं का आधुनिकीकरण और सदस्यों के लिए निरंतर शिक्षा शामिल है।

इस अवसर पर स्पीकर संधवां के साथ विधायक नरिंदर कौर भराज, विधायक रजनीश दहिया और विधायक कुलवंत सिंह पंडोरी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। स्पीकर ने उन्हें पंजाब की पारंपरिक लोक कढ़ाई फुलकारी के साथ-साथ लोही (शॉल) और सिखी से संबंधित चिन्ह भेंट किए। इस अवसर पर ब्रिटिश कोलंबिया के स्पीकर ने पंजाब विधानसभा के सभी सदस्यों का हृदय से धन्यवाद किया और उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया।

## 'आप' ने मनरेगा कमजोर करने के केंद्र के कदम की निंदा की, ग्रामीण मजदूरों पर बुरे असर को किया उजागर

- नाम बदलना ध्यान भटकाने की चाल, केंद्र का असली एजेंडा लाखों ग्रामीण रोजी–रोटी को तबाह करना है: गर्ग
- कहा–वीबी–जी राम जी का मतलब काम की कोई गारंटी नहीं, राज्यों पर पड़ेगा बड़ा वित्तीय बोझ




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 दिसंबर।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब ने महात्मा गांधी नेशनल रूरल एंप्लॉयमेंट गारंटी एक्ट (मनरेगा) को खत्म करने और इसकी जगह तथाकथित विकसित भारत गारंटी फॉर एंप्लॉयमेंट एंड लाइवलीहुड मिशन ग्रामीण (वीबी-जी राम जी) लाने के केंद्र सरकार के कदम की कड़ी निंदा की है। पार्टी ने इसे देशभर के ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों, सम्मान और रोजी-रोटी की सुरक्षा को कमजोर करने के इरादे से उठाया गया 'सोचा-समझा कदम' बताया है।


'आप' पंजाब के प्रवक्ता नील गर्ग ने पार्टी नेता सफल हरप्रीत सिंह के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि सत्ता में आने के बाद से मोदी सरकार लगातार खोखले नारों और सियासी नाटकों पर निर्भर रही है। अब यह सरकार समाज के सबसे गरीब वर्गों के लिए बनाई गई कल्याणकारी गारंटियों को योजनाबद्ध तरीके से खत्म कर रही है।

गर्ग ने कहा कि यह सिर्फ नाम बदलने या महात्मा गांधी का नाम हटाने का मामला नहीं है। असली मुद्दा यह है कि केंद्र ने दरअसल मनरेगा के खात्मे का ऐलान कर दिया है और टीवी बहसों व ध्यान भटकाने वाली चीजों की आड़ में अपना मजदूर विरोधी एजेंडा छुपाने की कोशिश कर रहा है। गर्ग ने चेतावनी दी कि 12 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण मजदूर, जिनके पास फिलहाल मनरेगा जॉब कार्ड हैं, इस नए बिल से सीधे तौर पर प्रभावित होंगे। भले ही सरकार काम के गारंटीशुदा दिन 100 से बढ़ाकर 125 करने का दावा कर रही है, लेकिन प्रस्तावित कानून की बारीकियां एक खतरनाक हकीकत को उजागर करती हैं।

गर्ग ने कहा कि नए बिल की धारा 68 काम की गारंटी नहीं देती, बल्कि इसमें काम देने से इनकार करने की बात शामिल है। उन्होंने बताया कि इसमें कहा गया है कि खेती के सीजन के 60 दिनों के दौरान रोजगार देने की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सवाल यह है कि यह कौन तय करेगा कि किसी मजदूर को खेती में काम मिला या नहीं? उसका परिवार उन 60 दिनों में कैसे गुजारा करेगा? मनरेगा के तहत रोजगार की मांग का आकलन जमीनी स्तर पर होता था, जिसमें मजदूर सीधे पंचायत या सरपंच के पास पहुंचते थे। गर्ग ने सवाल किया कि अब ग्रामीण मजदूर रोजगार कैसे हासिल करेंगे? क्या एक गरीब मजदूर को अब काम के लिए प्रधानमंत्री के पास पहुंचना पड़ेगा? उनका तो सरपंच तक पहुंचना भी मुश्किल था। यह नीति रोजगार को जमीनी स्तर से पूरी तरह काट देती है और सारी शक्ति दिल्ली में केंद्रित कर देती है। गर्ग ने चेतावनी दी कि रोजगार गारंटी को कमजोर करने से लेबर मार्केट में बाढ़ आ जाएगी, जिससे ग्रामीण मजदूरों का शोषण बढ़ेगा। मनरेगा ने यह सुनिश्चित किया था कि एक मजदूर ईमानदारी से रोजी-रोटी कमा सके और घर का चूल्हा जलता रखे। यह नई योजना उस बुनियादी सम्मान पर सवाल खड़ा करती है। 'आप' प्रवक्ता ने उजागर किया कि नया बिल संघीय सिद्धांतों को बुरी तरह कमजोर करता है। पहले केंद्र 90 प्रतिशत खर्च उठाता था, जबकि राज्य 10 प्रतिशत का योगदान देते थे। नई योजना के तहत यह बोझ 60:40 के अनुपात में बदल जाएगा, जिससे पहले से वित्तीय संकट झेल रहे राज्य और गहरे संकट में धंस जाएगा।

अब केंद्र तय करेगा कि किस राज्य को कितना काम और फंडिंग मिलेगी। पिछले 12 सालों से देखा गया है कि मोदी सरकार विपक्ष शासित राज्यों के साथ कैसे भेदभाव करती आ रही है। पंजाब खुद इससे पीड़ित है, क्योंकि उसके आरडीएफ जैसे फंड अभी भी रोके हुए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर राज्यों को केंद्र द्वारा तय फंड से ज्यादा रोजगार की जरूरत पड़ती है, तो उन्हें 100 प्रतिशत खर्च खुद उठाना होगा, जिससे बड़े पैमाने पर ग्रामीण रोजगार असंभव हो जाएगा। गर्ग ने पश्चिम बंगाल का उदाहरण दिया, जहां केंद्र द्वारा हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दोनों में केस हारने के बावजूद मनरेगा फंड सालों तक रोके गए थे। अगर मनरेगा के कानून द्वारा सुरक्षित होने के बावजूद यह हालत थी, तो सोचिए क्या होगा जब वह कानूनी सुरक्षा भी हटा दी जाएगी। मजदूरों के पास अदालतों तक पहुंचने का भी कोई सहारा नहीं होगा। गर्ग ने कहा कि पिछले आठ सालों में न्यूनतम मजदूरी में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हुई है, जबकि केंद्र लगातार किसान विरोधी और मजदूर विरोधी नीतियां जारी रखे हुए है। एक ऐसे देश में जहां 80 करोड़ लोग मुफ्त राशन पर गुजारा करते हैं, रोजगार सुरक्षा खत्म करने से भारत भुखमरी और गहरी गरीबी की ओर धकेला जाएगा।

## मोहिंदर भगत द्वारा पूर्व सैनिकों के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के निर्देश



- कैबिनेट मंत्री द्वारा रक्षा सेवाएं कल्याण विभाग की प्रगति की समीक्षा बैठक

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 दिसंबर।** पंजाब के रक्षा सेवाएं कल्याण मंत्री मोहिंदर भगत ने आज पंजाब सिविल सचिवालय में रक्षा सेवाएं कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण से जुड़े मुद्दों पर एक विस्तृत समीक्षा बैठक की।

इस विशेष बैठक के दौरान रक्षा सेवाएं कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव जे. एम. बालामुरुगन ने विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों और कार्यों की प्रगति के बारे में मंत्री को विस्तार से जानकारी दी।

समीक्षा बैठक में युद्ध स्मारकों के निर्माण और विकास, सैनिक स्कूलों की कार्यप्रणाली, विभागीय बजट प्रावधान, पूर्व सैनिकों की पेंशन से जुड़े मामलों तथा रेस्ट हाउसों की सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर मंत्री श्री भगत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूर्व सैनिकों के लंबित मामलों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार पूर्व सैनिकों के कल्याण, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने अधिकारियों से यह भी कहा कि सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ प्रत्येक पात्र पूर्व सैनिक तक समय पर पहुँचना चाहिए।

इस अवसर पर रक्षा सेवाएं कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर भूपिंदर सिंह ढिल्लों (सेवानिवृत्त) तथा ओएसडी कर्नल जरनैल सिंह (सेवानिवृत्त) भी उपस्थित थे।

DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB

Draw Time: 06:00 PM ONWARDS DATE:16/12/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 50 BRONCO TUESDAY WEEKLY LOTTERY

MRP Rs 50/- Per Ticket

1st Prize Amount (1) Rs. 25 Lakhs (On 5 digits with series)
(Seller Prize Amount Rs. 1 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs. 25 Thousand, Total Prize Amount Rs. 26.25 Lakhs )
A 54149

2nd Prize Amount (25) Rs. 9,000/- (On 5 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 900/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs.10,000/- each)
53825 65108 66009 82399 84959

3rd Prize Amount (50) Rs. 4,000/- (On Last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 500/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs. 4,600/- each )
3819 8395

4th Prize Amount (125) Rs. 2,000/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 200/-, Sub Stockist Prize Amount Rs.50/-, Total Prize Amount Rs. 2,250/- each)
3040 5903 5935 8421 9761

5th Prize Amount (125) Rs. 1000/- (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs. 100/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 50/-, Total Prize Amount Rs. 1,150/- each)
2637 4068 9538 9692 9849

6th Prize Amount (125) Rs. 500/- (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs. 50/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 20/-, Total Prize Amount Rs.570/- each)
2164 3758 3935 6399 9705

7th Prize Amount (17,500) Rs. 100/- (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs. 10/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 5/-, Total Prize Amount Rs. 115/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0015 | 0032 | 0044 | 0063 | 0064 | 0068 | 0080 | 0081 | 0086 | 0110 |
| 0154 | 0164 | 0175 | 0185 | 0186 | 0201 | 0214 | 0218 | 0224 | 0268 |
| 0269 | 0274 | 0276 | 0304 | 0312 | 0324 | 0325 | 0327 | 0332 | 0335 |
| 0336 | 0383 | 0399 | 0427 | 0432 | 0445 | 0457 | 0459 | 0462 | 0468 |
| 0484 | 0499 | 0500 | 0501 | 0507 | 0517 | 0543 | 0544 | 0588 | 0609 |
| 0625 | 0641 | 0672 | 0677 | 0683 | 0693 | 0701 | 0705 | 0712 | 0757 |
| 0771 | 0830 | 0837 | 0851 | 0861 | 0896 | 0899 | 0909 | 0910 | 0925 |
| 0952 | 0984 | 0998 | 1000 | 1073 | 1092 | 1111 | 1114 | 1115 | 1128 |
| 1174 | 1178 | 1269 | 1276 | 1283 | 1306 | 1330 | 1341 | 1349 | 1356 |
| 1362 | 1367 | 1370 | 1387 | 1390 | 1391 | 1410 | 1447 | 1453 | 1470 |
| 1503 | 1512 | 1524 | 1528 | 1572 | 1587 | 1601 | 1623 | 1633 | 1635 |
| 1674 | 1722 | 1727 | 1745 | 1750 | 1776 | 1791 | 1805 | 1811 | 1818 |
| 1831 | 1833 | 1842 | 1888 | 1889 | 1895 | 1898 | 1905 | 1913 | 1935 |
| 1949 | 1965 | 1966 | 1967 | 1984 | 1995 | 2019 | 2020 | 2022 | 2033 |
| 2039 | 2043 | 2077 | 2100 | 2121 | 2134 | 2160 | 2171 | 2191 | 2201 |
| 2207 | 2212 | 2286 | 2313 | 2317 | 2346 | 2356 | 2389 | 2399 | 2404 |
| 2414 | 2431 | 2434 | 2439 | 2482 | 2484 | 2489 | 2494 | 2506 | 2521 |
| 2598 | 2603 | 2604 | 2718 | 2720 | 2724 | 2727 | 2742 | 2763 | 2764 |
| 2766 | 2775 | 2791 | 2818 | 2819 | 2842 | 2888 | 2894 | 2923 | 2929 |
| 2936 | 2943 | 2967 | 2972 | 2974 | 3012 | 3028 | 3045 | 3072 | 3073 |
| 3084 | 3107 | 3134 | 3140 | 3163 | 3165 | 3178 | 3183 | 3209 | 3222 |
| 3237 | 3246 | 3276 | 3286 | 3288 | 3324 | 3353 | 3357 | 3391 | 3393 |
| 3397 | 3457 | 3462 | 3465 | 3478 | 3480 | 3496 | 3499 | 3503 | 3512 |
| 3523 | 3524 | 3528 | 3553 | 3554 | 3561 | 3568 | 3591 | 3615 | 3619 |
| 3637 | 3639 | 3645 | 3659 | 3680 | 3681 | 3685 | 3690 | 3695 | 3702 |
| 3706 | 3712 | 3723 | 3729 | 3749 | 3750 | 3755 | 3777 | 3784 | 3789 |
| 3794 | 3797 | 3867 | 3875 | 3882 | 3909 | 3919 | 3932 | 3939 | 3971 |
| 4016 | 4041 | 4056 | 4067 | 4083 | 4130 | 4161 | 4169 | 4182 | 4206 |
| 4219 | 4231 | 4254 | 4272 | 4274 | 4278 | 4317 | 4321 | 4335 | 4351 |
| 4380 | 4391 | 4405 | 4438 | 4443 | 4447 | 4503 | 4505 | 4534 | 4540 |
| 4543 | 4549 | 4570 | 4580 | 4628 | 4638 | 4646 | 4657 | 4669 | 4693 |
| 4694 | 4699 | 4701 | 4705 | 4711 | 4725 | 4732 | 4753 | 4756 | 4760 |
| 4782 | 4786 | 4811 | 4834 | 4863 | 4864 | 4924 | 4926 | 4932 | 4935 |
| 4962 | 4967 | 4981 | 4989 | 5011 | 5015 | 5023 | 5030 | 5036 | 5039 |
| 5042 | 5051 | 5075 | 5098 | 5112 | 5116 | 5137 | 5175 | 5186 | 5187 |
| 5192 | 5212 | 5233 | 5240 | 5245 | 5305 | 5310 | 5321 | 5323 | 5325 |
| 5343 | 5353 | 5356 | 5375 | 5379 | 5383 | 5399 | 5419 | 5439 | 5458 |
| 5484 | 5513 | 5514 | 5519 | 5531 | 5545 | 5551 | 5558 | 5559 | 5560 |
| 5579 | 5583 | 5595 | 5602 | 5609 | 5616 | 5618 | 5619 | 5620 | 5635 |
| 5638 | 5641 | 5648 | 5655 | 5676 | 5708 | 5727 | 5745 | 5798 | 5831 |
| 5917 | 5937 | 5951 | 5973 | 5977 | 6000 | 6020 | 6025 | 6036 | 6045 |
| 6051 | 6054 | 6060 | 6113 | 6125 | 6138 | 6140 | 6141 | 6151 | 6171 |
| 6184 | 6213 | 6217 | 6220 | 6268 | 6272 | 6286 | 6294 | 6330 | 6345 |
| 6397 | 6407 | 6411 | 6434 | 6442 | 6446 | 6448 | 6453 | 6456 | 6458 |
| 6504 | 6513 | 6525 | 6531 | 6538 | 6551 | 6557 | 6561 | 6568 | 6571 |
| 6593 | 6611 | 6632 | 6664 | 6671 | 6678 | 6685 | 6703 | 6721 | 6830 |
| 6833 | 6871 | 6888 | 6900 | 6903 | 6932 | 6936 | 6945 | 6946 | 6965 |
| 6980 | 7016 | 7017 | 7021 | 7041 | 7079 | 7087 | 7103 | 7163 | 7172 |
| 7211 | 7233 | 7236 | 7260 | 7267 | 7281 | 7288 | 7291 | 7295 | 7305 |
| 7310 | 7313 | 7321 | 7329 | 7334 | 7342 | 7364 | 7383 | 7385 | 7409 |
| 7418 | 7444 | 7451 | 7463 | 7465 | 7466 | 7484 | 7490 | 7498 | 7503 |
| 7516 | 7545 | 7563 | 7577 | 7585 | 7588 | 7591 | 7606 | 7607 | 7611 |
| 7642 | 7685 | 7694 | 7701 | 7703 | 7705 | 7719 | 7728 | 7737 | 7760 |
| 7766 | 7775 | 7789 | 7810 | 7811 | 7818 | 7824 | 7834 | 7845 | 7846 |
| 7859 | 7885 | 7905 | 7919 | 7928 | 7963 | 8034 | 8044 | 8060 | 8061 |
| 8068 | 8070 | 8071 | 8072 | 8073 | 8076 | 8085 | 8169 | 8178 | 8181 |
| 8185 | 8188 | 8191 | 8238 | 8254 | 8260 | 8266 | 8268 | 8284 | 8306 |
| 8354 | 8360 | 8365 | 8386 | 8404 | 8416 | 8487 | 8501 | 8502 | 8505 |
| 8519 | 8536 | 8537 | 8540 | 8558 | 8561 | 8573 | 8583 | 8586 | 8607 |
| 8614 | 8645 | 8650 | 8656 | 8733 | 8736 | 8738 | 8744 | 8761 | 8765 |
| 8788 | 8790 | 8820 | 8846 | 8855 | 8857 | 8864 | 8868 | 8873 | 8896 |
| 8906 | 8907 | 8913 | 8919 | 8941 | 8950 | 8952 | 8954 | 8956 | 8968 |
| 8973 | 8975 | 8977 | 8988 | 8992 | 9003 | 9008 | 9016 | 9025 | 9030 |
| 9041 | 9044 | 9062 | 9082 | 9083 | 9111 | 9127 | 9132 | 9133 | 9146 |
| 9191 | 9202 | 9203 | 9224 | 9249 | 9264 | 9267 | 9269 | 9285 | 9292 |
| 9310 | 9347 | 9357 | 9374 | 9381 | 9382 | 9392 | 9397 | 9420 | 9422 |
| 9443 | 9448 | 9453 | 9457 | 9461 | 9476 | 9480 | 9486 | 9511 | 9512 |
| 9514 | 9546 | 9569 | 9590 | 9627 | 9638 | 9643 | 9645 | 9660 | 9668 |
| 9700 | 9709 | 9716 | 9718 | 9723 | 9736 | 9766 | 9771 | 9780 | 9816 |
| 9846 | 9870 | 9914 | 9938 | 9946 | 9956 | 9976 | 9986 | 9992 | 9996 |

Issued by DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB
Kindly check the final result with Official Gazette Notification.

### वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने एन.एच.एम. के अंतर्गत ए.एन.एम. एवं स्टाफ नर्सों की 1,568 रिक्त पदों पर भर्ती को मंजूरी दी

# 729 एएनएम एवं 839 स्टाफ नर्सों की होगी भर्ती

- ए.एन.एम. के लिए वेतन 21,700 रुपये एवं स्टाफ नर्सों के लिए 29,700 रुपये प्रति माह निर्धारित
- बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज द्वारा लिखित परीक्षा के माध्यम से होगी भर्ती
- स्वास्थ्य देखभाल एवं शिक्षा को बेहतर बनाना पंजाब सरकार की मुख्य प्राथमिकता: वित्त मंत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 दिसंबर।** प्रदेश के स्वास्थ्य देखभाल ढांचे को मजबूत एवं बेहतर बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज घोषणा की कि वित्त विभाग ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन.एच.एम.) के अंतर्गत ए.एन.एम. एवं स्टाफ नर्सों के 1,568 रिक्त पदों को भरने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

भर्ती अभियान के बारे में अधिक जानकारी देते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि इस मंजूरी के तहत ए.एन.एम. के कुल 2,000 स्वीकृत पदों में से 729 रिक्त पदों एवं स्टाफ नर्सों की 1896 स्वीकृत पदों में से 839 रिक्त पदों को भरा जाएगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि स्टाफ की कमी के कारण स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में कोई रुकावट न आए और इसलिए इन ठेका-आधारित पदों को भरने को प्राथमिकता दी गई है।



इस पहल के प्रति मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार की वित्तीय प्रतिबद्धता का जिक्र करते हुए वित्त मंत्री चीमा ने कहा कि इन भर्तियों से वार्षिक कुल 48.88 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रभाव पड़ने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ए.एन.एम. पदों के लिए वार्षिक 18.98 करोड़ रुपये एवं स्टाफ नर्स के लिए 29.90 करोड़ रुपये का खर्च वहन करेगी। उन्होंने बताया कि स्वीकृत वेतन संरचना के तहत ए.एन.एम. के लिए 21,700 रुपये एवं स्टाफ नर्सों के लिए 29,700 रुपये प्रति माह वेतन निर्धारित किया गया है।

वित्त मंत्री चीमा ने आगे बताया कि योग्यता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए भर्ती प्रक्रिया बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज, फरीदकोट द्वारा लिखित परीक्षा के माध्यम से करवाई जाने का प्रस्ताव है। उन्होंने आगे कहा कि वित्त विभाग ने यह मंजूरी इस शर्त पर दी है कि स्वास्थ्य विभाग इन नियुक्तियों के बारे में पर्सनल विभाग से आवश्यक सहमति सुनिश्चित करे।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की स्वास्थ्य देखभाल एवं शिक्षा को प्राथमिकता देने की दृढ़ प्रतिबद्धता को उजागर करते हुए वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि इस फैसले से प्रदेश सरकार अपने स्वास्थ्य देखभाल कार्यबल को मजबूत करेगी ताकि पंजाब के लोगों के लिए और बेहतर एवं मानक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। उन्होंने कहा कि इन रिक्त पदों को भरने से निस्संदेह राज्य की प्रभावी एवं कुशल स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं प्रदान करने की क्षमता में वृद्धि होगी, जो वर्तमान प्रदेश सरकार की अपने नागरिकों की भलाई के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## आईआईटी रोपड़ में भौतिकी शिक्षा पर वैश्विक सम्मेलन का आयोजन; विशेषज्ञों ने एआई, क्वांटम लर्निंग पर की चर्चा

- भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**रोपड़, 16 दिसंबर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रोपड़ ने सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय भौतिकी शिक्षा सम्मेलन (आईसीपीई) 2025 का उद्घाटन किया, जो तेजी से विकसित हो रहे वैज्ञानिक और तकनीकी परिदृश्य के संदर्भ में भौतिकी शिक्षा पर पुनर्विचार और उसे मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित पांच दिवसीय वैश्विक बैठक है। यह सम्मेलन 16 से 20 दिसंबर, 2025 तक अंतर्राष्ट्रीय शुद्ध और अनुप्रयुक्त भौतिकी संघ (आईयूपीएपी) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। भारत और विदेश के भौतिकविदों, शिक्षकों, शोधकर्ताओं और नीति निर्माताओं को एक साथ लाते हुए, आईसीपीई 2025 का उद्देश्य भौतिकी शिक्षा में समकालीन चुनौतियों का समाधान करना और कृत्रिम बुद्धिमत्ता और क्वांटम प्रौद्योगिकियों जैसे उभरते क्षेत्रों के अनुरूप नवीन शिक्षण और सीखने की प्रथाओं का पता लगाना है।

उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार, राष्ट्रीय विज्ञान चेयर और भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु में भौतिकी के प्रोफेसर, प्रो. अजय कुमार सूद उपस्थित हुए। भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) मोहाली के निदेशक प्रो. अनिल कुमार त्रिपाठी सम्मानित अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए, प्रो. सूद ने भारत की वैज्ञानिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और नवाचार को बढ़ावा देने में भौतिकी शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका रेखांकित की। उन्होंने छात्रों को भविष्य की वैज्ञानिक चुनौतियों के लिए तैयार करने हेतु विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम विज्ञान और आभासी प्रयोगशालाओं जैसे क्षेत्रों में आधुनिक शैक्षणिक दृष्टिकोणों की आवश्यकता पर बल दिया। उद्घाटन समारोह में कई जाने-माने शिक्षाविद भी शामिल हुए, जिनमें प्रो. मंजुला शर्मा, आईयूपीएपी कमीशन ऑन फिजिक्स एजुकेशन (सी14) की चेयरपर्सन और सिडनी यूनिवर्सिटी में साइंस एजुकेशन की प्रोफेसर; प्रो. अरुण कुमार ग्रोवर, आईयूपीएप सी14 के सदस्य और पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ के पूर्व वाइस-चांसलर; प्रो. पी.के. अहलूवालिया, इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स (आईएपीटी) के प्रेसिडेंट और पद्म प्रो. एच.सी. वर्मा शामिल थे। आईसीपीई 2025 विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला पर केंद्रित है, जिसमें भौतिकी शिक्षण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का एकीकरण, क्वांटम यांत्रिकी और क्वांटम प्रौद्योगिकियों में शिक्षा, आभासी प्रयोगशालाएं और सिमुलेशन-आधारित शिक्षा, सक्रिय शिक्षण पद्धतियां, भौतिकी में लैंगिक समानता और समावेशिता, और व्यावहारिक शिक्षा के लिए कम लागत वाले प्रयोगात्मक उपकरणों का विकास शामिल है।

# मुख्यमंत्री ने हांसी को दी विकास परियोजनाओं की सौगात

## 77.30 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

# विकसित हरियाणा कुर्सी के काटे विपक्षी नेताओं को रास नहीं आ रहा : मुख्यमंत्री

11 वर्षों में हांसी विधानसभा में हुए 1008 करोड़ रुपये के विकास कार्य, कांग्रेस के 10 साल के शासन में हुए थे केवल 253 करोड़ रुपये के काम

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**हांसी, 16 दिसंबर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को हांसी विकास रैली को संबोधित करते हुए हांसी को प्रदेश का 23वां जिला बनाने की घोषणा की। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने हांसी में 77 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत की 3 विकास परियोजना का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

इस अवसर मुख्यमंत्री ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हांसी वीरों की भूमि तथा कभी हिंदुस्तान की दहलीज के रूप में विख्यात और देश के लिए मर-मिटने वाले देशभक्तों को जन्म देने वाली हांसी की पावन भूमि को वो नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि हांसी क्षेत्र के विकास में सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। भाजपा सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले 11 सालों में हांसी विधानसभा क्षेत्र में 1 हजार 8 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए हैं। जबकि कांग्रेस के कार्यकाल में केवल 253 करोड़ रुपये की लागत के ही काम हुए थे।

इस अवसर पर पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा, विधायक विनोद भयाना, हिसार विधायक सावित्री जिंदल, सफीदों विधायक रामकुमार गौतम, बवानीखेड़ा विधायक कपूर सिंह बाल्मीकि, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पुनिया, प्रदेश प्रभारी सतीश पुनिया, पूर्व मंत्री डॉ कमल गुप्ता, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, पूर्व मंत्री अनूप धानक, जिला परिषद के चेयरमैन सोनू सिहाग डाटा, मेयर प्रवीण पोपली, हिसार जिलाध्यक्ष आशा खेदड़, हांसी जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, हिसार मार्केट कमेटी के चेयरमैन रविंद्र रॉकी, पूर्व सांसद डीपी वत्स, मुख्यमंत्री के मीडिया कोर्डिनेटर अशोक छाबड़ा आदि उपस्थित रहे।

### संकल्प पत्र के 54 वायदे पूरे किए

नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनावों के अपने संकल्प-पत्र के 217 में से 54 वादों को एक साल में ही डबल इंजन की सरकार ने पूरा कर दिखाया है। यही नहीं, 163 वादों पर काम प्रगति पर है। यह एक वर्ष का समय भले ही कम है, लेकिन सरकार ने जिस नॉन-स्टॉप विकास का संकल्प लिया था, उसकी सिद्धि में यह एक वर्ष विकास की तिगुणी गति का साक्षी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल में भी प्रदेश के सर्वांगीण विकास और हर वर्ग के हितों की सुरक्षा के लिए अनेक ठोस कदम उठाए हैं।

### कांग्रेस छोड़ गई थी किसानों का 269 करोड़ का मुआवजा बकाया

मंच से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसान हित का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार किसानों की सभी फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कर रही है। अब तक 12 लाख किसानों के खातों में फसल खरीद के 1 लाख 64 हजार करोड़ रुपये डाले जा चुके हैं। फसल खराब होने पर गत 11 सालों में किसानों को मुआवजे और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अब तक 15 हजार 448 करोड़ रुपये की राशि दी गई है। जबकि कांग्रेस सरकार के 10 साल के शासनकाल में 1 हजार 138 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि जारी की गई थी। कांग्रेस सरकार किसानों की 269 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि बकाया छोड़कर चली गई थी, जिसे बीजेपी सरकार ने 2014 में जनसेवा का दायित्व संभालने के बाद 2015 में जारी किया था। इतना ही नहीं, बीजेपी सरकार ने अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे आबियाने को जड़ से खत्म किया है। साथ ही जमीनों व सम्पत्तियों का पेपरलेस रजिस्ट्रेशन शुरू किया है। अब रजिस्ट्री का काम पूरी तरह डिजिटल हो गया है।

### कुर्सी के काटे विपक्षी नेताओं को रास नहीं आ रहा विकसित हरियाणा

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश आगे बढ़ रहा हैं। जो कहा है, वो करेंगे। हमारी नीति, नीयत और नेतृत्व स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने भौतिक व मानव विकास के पैमानों पर हरियाणा को एक खुशहाल और विकसित राज्य बनाया है। लेकिन ऐसा विकसित हरियाणा कुर्सी के काटे विपक्षी नेताओं को रास नहीं आ रहा है और वे रोज-रोज नए-नए झूठ फैलाकर राजनीतिक लाभ लेने की ताक में रहते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन को तलाशने के लिए वोट चोरी का भ्रामक प्रचार कर रही है।

### हांसी जिले की पहचान उसके इतिहास के अनुरूप होनी चाहिए: कैप्टन अभिमन्यु

ऑटो मार्केट में आयोजित विकास रैली को संबोधित करते पूर्व वित्त मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि मुख्यमंत्री जी आपका हांसी से पहले से बहुत प्रेम रहा हैं और आपने कई बार हांसी में बड़े-बड़े आयोजन किए हैं। उन्होंने कहा कि मैं हांसी का इतिहास मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि हांसी हिंदुस्तान के इतिहास में बहुत महत्वपूर्ण स्थान रहा हैं। उन्होंने कहा कि 9वीं शताब्दी के अंदर राजा अमरिंदर तोमर और उसके वंशजों ने हांसी को अपनी राजधानी बनाकर यहां से अपना शासन चलाने का काम किया था। उसके बाद राजा दुपर्द ने हांसी में दुनिया का सबसे श्रेष्ठ तलवारों का कारखाना स्थापित किया था ओर अरब देशों में जाने वाली तलवारों पर उन्होंने अरबी में हांसी लिखवाया था। वर्ष 1398 के अंदर जब तैमूर भारत को लूट करके वापस जा रहा था, तो उसे भी हांसी के रणबांकुरों ने लडाई लड़कर उसे यहां से नहीं जाने दिया था। इसके अलावा 1857 में यहां रणबांकुरों ने एक ऐसा इतिहास रचा था कि अंग्रेजों ने दमन करने के लिए जिंदा लोगों पर गिरडी चलवाई थी। जिसकी वजह से यहां की सडक खून से लाल हो गई थी और वह आज भी लाल सड़क के नाम से जानी जाती हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी इतिहास की यह बातें पाठ पढ़ाने के लिए नहीं कह रहा हूं, बल्कि इसलिए कहा रहा हूं कि ये जो लोग झंडा लेकर हांसी के नाम को फिर से इतिहास में लिखवाना चाहते हैं। उसके लिए आपसे मेरा निवेदन है कि हांसी को जिला बनाने की निश्चित तौर पर कृपा करेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री से हांसी को उसके इतिहास के अनुसार जिला बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि वह नारनौंद की ओर से आपका धन्यवाद हैं कि आपने आज लुहारी के अंदर बिजली के 33 केवी सब स्टेशन बिजली का उद्घाटन किया हैं। नारनौंद के विकास पर भी लगातार आपकी नजर बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि मानव सभ्यता की शुरूआत राखीगढ़ी से होती हैं और राखीगढ़ी पूरी पृथ्वी के उपर मानवता का सबसे पुराना केंद हैं और वहां पर एक बहुत बड़ा म्यूजियम बन रहा हैं। उन्होंने संग्रहालय को जल्द पूरा करवाने की मांग की। कैप्टन अभिमन्यु ने अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि नारनौंद में करीब 30 करोड़ रुपये की लागत से लुवास यूनिर्वसिटी का केंद्र बनकर तैयार पड़ा हैं। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि जनता के खून-पसीने की कमाई से 5 वर्ष से तैयार यह केंद्र आज भी बंद पड़ा है। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि जब 30 करोड़ रुपये की यह परियोजना तैयार है तो इसे अब तक शुरू कर जनता को समर्पित क्यों नहीं किया गया। बार-बार मांग करने के बावजूद अधिकारी इसे जनता को समर्पित नहीं कर रहे हैं, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकारी पैसा खर्च होने के बाद भी जनता के काम नहीं आ रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रक ने स्कूटी को रौंदा पिता पुत्री की मौत

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** करनाल जिले में बसताड़ा टोल प्लाजा के नजदीक एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी व्यक्ति और उसकी बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद दोनों सड़क पर गिर गए और ट्रक की चपेट में आ गए। हादसा इतना भयानक था कि ट्रक दोनों को काफी दूर तक घसीटता हुआ ले गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर करनाल के मॉर्च्यूरी हाउस में भिजवाया। सब इंस्पेक्टर राममेहर ने बताया कि मृतकों की पहचान नगला मेघा निवासी 70 वर्षीय रणवीर सिंह पुत्र जगमाल और उसकी पुत्री रेखा (32 साल) के रूप में हुई है। लड़की शादीशुदा है और अपने पिता के पास ही रहती थी। पहले ये पानीपत में रहते थे, लेकिन अब मौजूदा समय में नगला मेघा चौक के पास रहते थे। ट्रक की साइड लगने से हादसा हुआ था। आरोपी ट्रक चालक अपनी गाड़ी छोड?र मौके से फरार हो गया है। ट्रक राजस्थान नंबर का है।पानीपत से करनाल की ओर जा रहे थे दोनों मंगलवार को रणवीर सिंह अपनी पुत्री रेखा के साथ स्कूटी पर सवार होकर पानीपत से करनाल की तरफ आ रहे थे। दोनों फूसगढ़ में किसी रिश्तेदारी में जा रहे थे। जैसे ही वे बसताड़ा टोल के नजदीक पहुंचे, पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बिगड़ा संतुलन, सड़क पर गिरे ट्रक की टक्कर से स्कूटी का संतुलन बिगड़ गया और दोनों सवार सड़क पर जा गिरे। इसी दौरान ट्रक दोनों को अपनी चपेट में लेता चला गया और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।पानीपत की सैनी कॉलोनी के रहने वाले स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक दोनों पानीपत की सैनी कॉलोनी के रहने वाले बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक अपनी गाड़ी मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को कब्जे में लिया।

### एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम



**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** राजकीय महिला महाविद्यालय बसताड़ा में छात्राओं में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एचआईवी/एड्स विषय पर एक जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती कमलेश रानी एवं कार्यवाहक प्राचार्या श्रीमती ममता रानी के कुशल दिशा-निर्देशन में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में आयोजित किया गया। रेड रिबन क्लब की संयोजिका श्रीमती अपूर्वा शर्मा ने कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत करते हुए एचआईवी/एड्स के प्रति समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने तथा युवाओं को सही जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। व्याख्यान के दौरान छात्राओं को एचआईवी/एड्स के कारण, लक्षण, संक्रमण के तरीके, बचाव के उपाय एवं समय पर जांच व उपचार के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जागरूकता ही इस बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि एचआईवी/एड्स संक्रमित व्यक्तियों के साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। इस अवसर पर छात्राओं को भारत सरकार द्वारा संचालित एचआईवी/एड्स से संबंधित परामर्श एवं जानकारी हेतु उपलब्ध टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1097 की जानकारी दी गई, ताकि आवश्यकता पडने पर वे गोपनीय रूप से सहायता प्राप्त कर सकें। कार्यवाहक प्राचार्या श्रीमती ममता रानी ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम छात्राओं के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में रेड रिबन क्लब के सदस्य श्रीमती अनुराधा व संदीप कुमार उपस्थित रहे। अंत में छात्राओं ने एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक रहने एवं समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने का संकल्प लिया।

### सांस्कृतिक समारोह में नन्हे मुन्नों ने दिखाई प्रतिभा

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** इंदिरा गांधी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में स्पोर्ट्स कम कल्चरल मीट में कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के नन्हे मुन्ने बच्चों ने भाग लिया। इस समारोह में पुलिस अधीक्षक उपासना सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में तथा डिप्टी पुलिस अधीक्षक सुशील प्रताप ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। स्कूल के प्रधान जेबी खुरानिया व प्रधानाचार्या रंजू गुप्ता ने पूरे स्टॉफ के साथ मिलकर मुख्य अतिथि व विशेष अतिथि का स्वागत किया। अन्य अतिथि राम बहादुर खुरानिया, श्याम बहादुर खुरानिया, निशांत खुरानिया, सुभाष शर्मा, नरेंद्र मिगलानी, नरेश गुप्ता, सुरेश गुप्ता, नरसी मल, सतीश चावला के साथ अमिता खुरानिया, अनीता खुरानिया, पूनम खुरानिया तथा मोनिका खुरानिया ने भी समारोह में पहुंचकर बच्चों व अध्यापकों का हौसला बढ़ाया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने स्वागत गीत से मेहमानों का स्वागत करके कार्यक्रम का आरंभ किया। हरियाणवी व फिल्मी संगीत के साथ विद्यार्थियों ने सिंपल रेस, टर्टल रेस, रैबिट रेस, बॉल इन कप रेस, हर्डल रेस, रिले रेस, बैग पैक एंड रन रेस, बैलेंसिंग द बॉल रेस, लेमन रेस, बैक टू बैक रेस तथा टग आफ वार के माध्यम से सभी दर्शकों का मन लुभा लिया। अभिभावकों व अध्यापकों ने भी म्यूजिकल चेयर रेस में भाग लेकर अभिभावक निर्मला रानी व अध्यापिका नीनू गुप्ता ने पुरस्कार प्राप्त किये। प्रथम द्वितीय व तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को भी सुंदर पुरस्कार प्रदान किए गए। एसपी व डीएसपी ने नन्हे मुन्नों की दिल से प्रशंसा करते हुए स्टॉफ की भी सराहना की। जेबी खुरानिया ने विद्यालय के पुराने होनहार छात्रों का भी जिक्र किया तथा प्रिंसिपल व स्टाफ के सदस्यों की खूब सराहना की।

## एसडीएम ने खाद्य पदार्थों की नियमित जांच करने को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

अर्थ प्रकाश/दीवान



**सफीदों, 17 दिसंबर।** सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उपमंडल क्षेत्र में बिकने वाली खाद्य सामग्री की नियमित रूप से जांच की जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को शुद्ध एवं बिना मिलावट की खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दुकानों, ढाबों, रेस्टोरेंट्स, मिठाई की दुकानों एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों पर निरंतर निरीक्षण अभियान चलाया जाए। जांच के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता मानकों एवं लाइसेंस संबंधी नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिलावटखोरों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर खाद्य नमूने लेकर लैब में जांच कराई जाए। इसके अलावा उपमंडल वासियों को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए विशेष जागरूकता अभियान भी चलाए जाएं।

एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने स्पष्ट किया कि आमजन के स्वास्थ्य के लिए किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और खाद्य सुरक्षा से जुड़े नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## विधायक के नाम किसान-मजदूरों ने सौंपा ज्ञापन, सत्र में उनकी मांगें उठाएं विधायक

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड

**बराडा, 16 दिसंबर।** हरियाणा किसान-मजदूर संघर्ष मोर्चा ने आज किसानों व मजदूरों की समस्याओं को लेकर हलका मुलाना विधायक पूजा चौधरी के नाम ज्ञापन बराड़ा में उनके प्रतिनिधि शशि कुमार को सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि 18 दिसंबर से शुरू हो रहे हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र में किसान-मजदूरों से जुड़े अहम मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया जाए और सरकार पर समाधान के लिए दबाव बनाया जाए। ज्ञापन में मोर्चा पदाधिकारियों ने कहा कि बदलते मौसम, सरकार की गलत नीतियों, बाजार व्यवस्था की खामियों और फसलों के उचित दाम न मिलने से किसान-मजदूर आर्थिक, सामाजिक व मानसिक संकट से गुजर रहे हैं। ऐसे में सरकार को तत्काल ठोस फैसले लेने होंगे। ज्ञापन में किसानों-मजदूरों का सम्पूर्ण कर्ज माफ करने, एमएसपी पर फसल खरीद की कानूनी गारंटी देने, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश सी2+50 प्रतिशत के अनुसार एमएसपी तय करने और सभी फसलों की सरकारी खरीद सुनिश्चित करने की मांग की गई। इसके साथ ही ट्रैक्टर पर बढ़ाए गए रजिस्ट्रेशन टैक्स को वापस लेने, पुरानी गाड़ियों पर लगी पाबंदी हटाने, नकली गेट पास व फर्जी पोर्टल से धान खरीद में हुए घोटालों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग उठाई गई। बरसात से हर साल होने वाले नुकसान से बचाव के लिए नदियों-नालों की सफाई, बांधों को मजबूत करने, ड्रेनेज व्यवस्था सुधारने और घग्गर नदी से जुड़े स्थायी समाधान की भी मांग रखी गई। फसल खराब होने पर बिना भेदभाव सभी किसानों को उचित मुआवजा देने, ट्यूबवेल कनेक्शन बिना शर्त जारी करने, बिजली बिल 2025 रद्द करने और स्मार्ट मीटर योजना वापस लेने की मांग भी शामिल रही। इसके अलावा किसान आंदोलन से जुड़े मामलों में दर्ज झूठे मुकदमे वापस लेने, भूमि अधिग्रहण कानून में सुधार, फसल बीमा योजना की खामियां दूर करने, मनरेगा कार्य तुरंत शुरू कराने और आवारा पशुओं की समस्या से राहत दिलाने की मांग की गई। मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया तो 23 फरवरी 2026 से कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास पर शांतिपूर्ण महापड़ाव शुरू किया जाएगा।

## इंडस स्कूल में संस्थापक के 95वें जन्मदिवस के उपलक्ष में मनाया फाउंडर्स डे

**कैथल (अप्रस)।** इंडस पब्लिक स्कूल में विद्यालय के संस्थापक चौधरी मित्रसेन आर्य के 95वें जन्मदिवस के उपलक्ष में फाउंडर्स डे विंग्स ऑफ होप थीम के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर तथा विधिवत हवन के साथ किया गया। इस अवसर पर स्पेशल असेंबली में कविता, भाषण, गौरव गाथा, नृत्य प्रस्तुति तथा गगन झूमा, धरा झूमी गीत आदि पर विद्यार्थियों ने अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। विद्यालय में सप्ताह भर से ही विविध शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए रंग भरो प्रतियोगिता, कार्ड मेकिंग, बुके मेकिंग, ड्राइंग, श्लोक राइटिंग तथा क्विज कंपटीशन आदि आयोजित किए गए। इसी क्रम में छात्रों को भारत मित्र स्तंभ, खांडा खेड़ी का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया जिससे उन्हें इतिहास, संस्कार और प्रेरणाओं से रू-ब-रू होने का अवसर मिला।

## सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत द्रोणाचार्य स्टेडियम में महिला बॉक्सिंग के 34 रोमांचक प्री-क्वार्टर मुकाबले सम्पन्न

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया




**कुरुक्षेत्र, 16 दिसंबर।** सांसद खेल महोत्सव के तीसरे चरण के अंतर्गत आयोजित लोकसभा स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में सोमवार को द्रोणाचार्य स्टेडियम में महिला बॉक्सिंग वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुए। दिनभर चले इन मुकाबलों में कुल 34 रोमांचक फाइट्स हुई, जिनमें महिला खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, साहस और अनुशासन का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। बॉक्सिंग रिंग में खिलाड़ियों के जज्बे ने दर्शकों को खासा रोमांचित किया।

आज हुए मुकाबलों में विभिन्न वर्गों में कई खिलाड़ियों ने शानदार जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। 40 से 48 किलोग्राम वर्ग में अंशुल, निकिता, खुशी और अंतिम ने अपने-अपने मुकाबले जीते। 48 से 51 किलोग्राम वर्ग में रितिका, मानसी, ध्रुविका, मासूम और नैंसी विजयी रही। 51 से 54 किलोग्राम वर्ग में शिवानी, रजनी, नैंसी, रितु और पायल ने दमदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। इसी प्रकार 54 से 57 किलोग्राम वर्ग में निकिता, पायल, जन्नत और खुशी, 57 से 60 किलोग्राम वर्ग में समीक्षा, काजल और पुनीता ने अगले चरण में अपनी जगह बनाई।

इसके अलावा 60 से 65 किलोग्राम वर्ग में जिया, महक और सलोनी, 65 से 70 किलोग्राम वर्ग में संजना और सोनम, 70 से 75 किलोग्राम वर्ग में स्नेहा और अंजू, 75 से 80 किलोग्राम वर्ग में सुहाना, मुस्कान और हैप्पी तथा 80 प्लस किलोग्राम वर्ग में शिवानी, मानवी और अनुष्का ने अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की।

## मिलेनियम के सिल्वर जुवली में नायब सिंह सैनी साबित हुए जनप्रिय सीएम

### नायब का हरियाणा में नायाब राज आ रहा है लोगों को रास

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 16 दिसंबर।** देसां मा देश हरियाणा जित दूध दही का खाणा में मनोहर राज के बाद अब नायाब सैनी का नायाव राज लोगों को रास आ रहा हैं। इस मिलेनियम के रजत जयंती वर्ष में पिछड़े वर्ग से आने वाले नायाब सैनी का राज भजपा के केंद्रीय नेताओं को भी रास आ रहा हैं। पिछले डेढ़ साल में उन्होंने अपने आपको जनप्रिय मुख्यमंत्री के रूप में साबित किया है। यदि लोगों की मानें तो पता चलता है कि मुख्यमंत्री के आवास के दरबाजे आम आदमी के लिए चौबीस घंटे खुला रहता था। नायाब सिंह सैनी ने इस दौर में आने आपको कुशल और बेहतर प्रशासक के रूप में साबित किया हैं। जिस समय नायाब सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी उस समय लोगों को लगा था कि वह कमजोर सीएम साबित होंगे। लेकिन मुख्यमंत्री के रूप में नायाब सिह सैनी के कार्यकाल ने लोगों की इस सोच को गलत साबित कर दिया। बताया जाता है कि भाजपा शासित पहले मुख्यमंत्री के रूप में मनोहर लाल ने जिस समय सीएम की कुर्सी संभाली थी। उस समय लोगों को लग रह था। पहली वार विधायक बनने वाला व्यक्ति क्या सफ ल सीएम साबित हो पाएंगे लेकिन मनोहर लाल ने साढ़े नौ सालों में अपने आपको सबसे सफल और परिवर्तनकारी सीएम साबित कर दिया। उनके सांसद बनने के बाद नायाब सैनी ने सीएम का पद संभाला। उन्होंने सीएम की कुर्सी संभालने के बाद ही उन्होंने व्यूरोक्रेसी पर अंकुश लगाना शुरू कर दिया। जिस तेजी से उन्होंने अफसरों के तवादले किए उसने उनकी कार्यकुशलता को साबित किया। मुख्यमंत्री सैनी ने जनता में अपनी गहरी पैंठ बनाई । वह लोगों के बीच घुलने मिलने में पूर्व सीएम मनोहर लाल से अधिक कुशल रहे। मुख्यमंत्री जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ग्रह मंत्री अमित शाह के भरोसे को जीतने में सफल रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनका तालमेल काफी बेहतर हैं। वहीं पर उन्होंने ग्रह मंत्री अमित शाह का खास माना जाता हैं। सीएम नायाब सिंह सैनी ने संघ के नेताओं के साथ संगठन के साथ बेहतर तालमेल स्थापित किया हैं। विधानसभा में भी उनका प्रभाव वेहतर रहा हैं। उनके चेहरे पर मुस्कराहट जनता के साथ ही हैं। अफसरों को उन्होंने अपना कठोर रूप भी दिखाया हैं। पार्टी के स्टार प्रचारक के रूप में उन्होंने अपनी खास जगह बना ली हैं।

## ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ की मासिक बैठक आयोजित

अर्थ प्रकाश/वालिया/अरविंद शर्मा

**कुरुक्षेत्र, 16 दिसंबर।** ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ की हरियाणा प्रदेश इकाई के स्थानीय कार्यकारिणी सदस्यों एवं जिला कुरुक्षेत्र इकाई के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों की मासिक बैठक प्रदेश मुख्य संरक्षक, दलबीर सिंह मलिक की अध्यक्षता एवं सुशील शर्मा, प्रदेश संरक्षक के संरक्षण में संस्था के प्रांत कार्यालय सेक्टर 17 में आयोजित की गई । जिला महासचिव गुलशन कुमार ग्रोवर द्वारा ओम ध्वनि व गायत्री मंत्र उच्चारण करवा कर बैठक का शुभारंभ किया गया ।

बैठक में संगठन के कार्य के विस्तार पर चर्चा हुई । प्रदेश मुख्य संरक्षक दलबीर मलिक, संरक्षक सुशील शर्मा, उप प्रधान देस राज भटनागर, मुख्य सलाहकार राजकुमार वालिया, जिला महासचिव गुलशन ग्रोवर, जिला उप प्रधान संजीव गोयल इत्यादि ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया और सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि वह अपने परिचित पत्रकार बंधुओ को इस संगठन के साथ जोड़ कर संगठन को मजबूत बनाएं । सभी सदस्य संगठन द्वारा दी गई किसी भी कॉल के लिए हमेशा तैयार रहे और संगठन के कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें ।

सभी सदस्यों से यह भी अनुरोध किया गया कि वे संगठन द्वारा जारी पहचान पत्र के नवीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेज, नवीकरण शुल्क व फोटो 20 दिसंबर तक प्रांत कार्यालय में अवश्य भेज दें। श्री राजकुमार वालिया द्वारा सभी सदस्यों से यह भी अनुरोध किया गया कि वरिष्ठ पत्रकार श्री पंकज अरोड़ा की पूज्या माता जी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में 2 जनवरी 2026 को समाजसेवी स्वर्गीय मेहर चंद मेहंदीरत्ता चैरिटेबल डिस्पेंसरी, कीर्ति नगर में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर व सहायता समारोह में उपस्थित रहकर कार्यक्रम के आयोजन में अपना सकारात्मक सहयोग दें।

## कैथल जिले में करीब 1143 मरीजों ने उठाया नि :शुल्क डायलिसिस सुविधा का लाभ

कुल 11,082 डायलिसिस सत्र निःशुल्क करके आमजन को दी बड़ी राहत

12 मशीनों के माध्यम से तीन शिफ्टों में हर महीने करीब 900 डायलिसिस सत्र किए जा रहे

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 16 दिसंबर।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार द्वारा जन कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कैथल जिले के नागरिक अस्पताल में किडनी रोगियों के लिए निश्शुल्क डायलिसिस सुविधा एक वरदान साबित हो रही है। अक्टूबर 2024 से शुरू की गई इस सुविधा का लाभ अब तक 1143 मरीजों ने उठाया है, जिन्होंने कुल 11,082 डायलिसिस सत्र निश्शुल्क करवाए हैं। जिला नागरिक अस्पताल में डायलिसिस की बढ़ती मांग को देखते हुए, वर्तमान में 12 मशीनों के माध्यम से हर महीने लगभग 900 डायलिसिस सत्र तीन शिफ्टों में किए जा रहे हैं। हरियाणा सरकार की यह जनहितैषी योजना प्रदेश के लोगों को गंभीर बीमारियों के इलाज में बड़ी राहत प्रदान कर रही है। सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला ने बताया कि क्रॉनिक किडनी रोग से जूझ रहे मरीजों को समय पर यह सुविधा मिलने से उनके जीवन की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार हो रहा है। उन्होंने मरीजों को प्रक्रिया समझाते हुए कहा कि ऐसे मरीज सीधे अपने जिले के नागरिक अस्पताल, जहां डायलिसिस की सुविधा है, वहां पहुँच सकते हैं। मरीज अपनी किडनी केस की मेडिकल रिपोर्ट और डॉक्यूमेंट दिखाकर मुफ्त डायलिसिस की सुविधा तुरंत ले सकते हैं। अक्टूबर 2024 से नवंबर 2025 तक मरीजों ने इस सुविधा का सफलतापूर्वक लाभ उठाया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार आमजन को बेहतर, सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। किडनी के मरीजों को डायलिसिस की सुविधा पूरी तरह से मुफ्त प्रदान करके, सरकार ने उनके परिवारों पर पडने वाले बड़े आर्थिक बोझ को काफी हद तक कम किया है। यह सुविधा प्रदेश के सभी निवासियों के लिए उपलब्ध है।

# पंजाब में सेवा डिलीवरी नेटवर्क को और मजबूत करने के लिए खोले जाएंगे 54 नए सेवा केंद्र

**कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा द्वारा नागरिक सेवा डिलीवरी तथा सेवा केंद्र संचालन संबंधी समीक्षा बैठक की अध्यक्षता**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 16 दिसंबर।** देश भर में सबसे कम पेंडेंसी की ऐतिहासिक एवं मिसाली उपलब्धि दर्ज करके नागरिक सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार अपने नागरिक सेवा आधारभूत ढांचे का और विस्तार करने के लिए 54 नए सेवा केंद्र खोलने जा रही है। इस पहल से प्रदेश भर में सेवा केंद्रों की कुल संख्या 598 हो जाएगी। यह घोषणा सुशासन एवं सूचना तकनीकी (जीजी एवं आईटी) मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने आज यहां की।

यह घोषणा मगसीपा में मंत्री की अध्यक्षता में नागरिक सेवा प्रदान करने तथा सेवा केंद्र के संचालन संबंधी हुई व्यापक समीक्षा बैठक के दौरान की गई। इस बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे तथा सभी डिप्टी कमिश्नरों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री डी.के. तिवारी तथा डायरेक्टर (जीजी एंड आईटी) विशेष सारंगल भी बैठक में शामिल रहे।

बैठक में पंजाब भर के मौजूदा 544 सेवा केंद्रों की मिसाली कार्यप्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिनमें 263 शहरी तथा 281 ग्रामीण केंद्र शामिल हैं। ये आत्म-निर्भर केंद्र 465 सरकारी-से-नागरिक (जी2सी) तथा 7 कारोबार-से-नागरिक (बी2सी) सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। बैठक में पेंडेंसी, सेवा-वार प्रदर्शन, अधिकारियों द्वारा उठाए गए आपत्तियां तथा ऑनलाइन फील्ड सत्यापन प्रक्रिया पर चर्चा की गई।

उल्लेखनीय है कि यह भी सामने आया है कि सेंड बैक (वापस भेजे) मामलों की संख्या में गिरावट आई है जो कि अनावश्यक आपत्तियों में कटौती को दर्शाती है।

सरकार की जीरो पेंडेंसी के प्रति वचनबद्धता को दोहराते हुए श्री अमन अरोड़ा ने डिप्टी कमिश्नरों को निर्देश दिए कि सभी सेवाएं निर्धारित समय-सीमा के अंदर उपलब्ध करवाई जाएं।

उन्होंने जोर देकर कहा कि आवेदन प्रक्रिया में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों को इनाम दिया जाएगा तथा जीरो पेंडेंसी वाले अधिकारियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

जीजी एंड आईटी मंत्री ने ई-सेवा, एम-सेवा तथा वट्सऐप के माध्यम से ऑनलाइन सत्यापन के लिए 100 प्रतिशत फील्ड सत्यापन अथॉरिटी पटवारी/सरपंच/नंबरदार/एम.सी. को शामिल करने के लिए जिला प्रशासन के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन सत्यापन के लिए लगभग 4 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 96.3 प्रतिशत आवेदनों पर कार्रवाई की गई है।

श्री अमन अरोड़ा ने स्पष्ट निर्देश जारी किए कि नए सेवा केंद्रों के लिए सभी निर्माण गतिविधियां 15 जनवरी, 2026 तक पूरी कर ली जाएं।

उल्लेखनीय है कि पंजाब सरकार ने उपभोक्ता अनुभव, कुशलता तथा सुगमता को बढ़ाने के लिए सरकार 'तुहाडे द्वार' कार्यक्रम तथा नागरिक सेवा प्रदान पोर्टल (connect.punjab.gov.in) भी शुरू किया है।

# चौसला में नाबालिग बच्चों की धोखाधड़ी से जमीन उतरवाने और बेचने के मामले की लिखित शिकायत एसडीएम को सौंपी

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला



**कलायत, 16 दिसंबर।** कलायत तहसील कार्यालय में नाबालिग बच्चों की धोखाधड़ी से जमीन उतरवाने और इसे बेचने का मामला सामने आया है।इस संबंध में गांव चौशाला के पवन ने एसडीएम को शिकायत देते हुए कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता का कहना है कि मेरे भाई सतीश कुमार का निधन 2022 में हो चुका है। भाई की मृत्यु के पश्चात उसकी जमीन विरासत अनुसार आदित्य-तेजेन्द्रपाल पुत्रान व पुष्पा देवी विधवा सतीश कुमार पुत्र बलवन्त सिंह के नाम दर्ज होकर इंतकाल मंजूर चुका है। मेरे भतीजे तेजेन्द्रपाल और आदित्य आज भी नाबालिग हैं। पुष्पा देवी विधवा सतीश कुमार, नरेश, सोनू, एक नंबरदार व अन्य ने तहसील कलायत ने मिलकर वसीका नं0 2216 दिनांक 30 नवंबर 2025 को मेरे नाबालिग भतीजों आदित्य व तेजेन्द्रपाल के फर्जी आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र तैयार किए।षडयन्त्र के तहत पुष्पा देवी विधवा सतीश कुमार के नाम पारिवारिक हस्तातरण तहसील कार्यालय कलायत में वसीका पंजीकृत करवा दिया। इंतकाल पटवारी से मिलकर मंजूर करवा दिया है। इंतकाल मंजूर होने के कुछ दिन पश्चात उपरोक्त साजिशकर्ताओं ने मिलकर यह भूमि ओमी देवी के नाम बयाना करवा दिया। इसकी रकम 46 लाख 96 हजार रूपए दिखाई गई है। जिसमें कई चैकों से राशि दिखाई गई है।जिसका मुझे न तो पता है कि उन चैकों से भुगतान पुष्पा देवी के खाता में क्लीयर हुए हैं या नहीं। जमीन के दस्तावेज तहसीलदार कलायत द्वारा हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। शिकायतकर्ता ने मामले में धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की है। ताकि किसी की भी जमीन को न हड़प सके।

कलायत तहसीलदार अजय कुमार ने बताया कि मामला शिकायतकर्ता के माध्यम से उनके संज्ञान में है। शिकायत के आधार पर कानूनी एवं विभागीय प्रक्रिया अनुसार जांच होगी।

# नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला दर्ज, तलाश जारी

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**ज़ीरकपुर, 16 दिसंबर।** पुलिस स्टेशन ज़ीरकपुर में नाबालिग लड़की के अपहरण को लेकर मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता साजिद अहमद जो की एक फल विक्रेता हैं। उन्होंने अपने बयान में बताया कि उनकी नाबालिग बेटी (उम्र लगभग 17 वर्ष) को शादी का झांसा देकर आकाश कश्यप निवासी ग्राम महमूदपुर, जिला बरेली (यूपी) द्वारा अगवा किया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, पहले भी 2 जून 2025 को उनकी बेटी के अपहरण की घटना हुई थी, जिस पर थाना आमला में एफआईआर दर्ज हुई थी और 3 जून 2025 को वह वापस लौट आई थी। करीब दो महीने पहले उन्होंने अपनी बेटी को अपने बहनोई के पास ज़ीरकपुर में रहने के लिए भेजा था। 24 नवंबर 2025 को बेटी के दवा लेने के लिए घर से निकलने के बाद वापस ना लौटने की सूचना मिली। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस स्टेशन ज़ीरकपुर में आकाश कश्यप के विरुद्ध संबंधित बीएनएस की धारा 137(2) और बीएनएस 96 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।


## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा

**खुली निविदा संख्या 45-अम्बाला/2025-26 दिनांक 15/12/2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता समन्वय / अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. स. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत Rs. | अग्रिम राशि Rs. | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अंबाला डिवीजन के अंतर्गत एडीईएन/बीटीआई के अनुभाग में स्लीपर नवीनीकरण, टर्नआउट और अन्य विविध कार्यों के माध्यम से टीटीआर (टीडब्ल्यूएस) - 113 सेट, टीटीआर (डब्ल्यूसीएमएससी)- 51 सेट, टीटीआर (एफएस टीडब्ल्यूएस डब्ल्यूसीएमएससी) - 9 सेट और टीटीआर (टीडब्ल्यूएस सीएमएससी) 4 सेट और बीटीआई यार्ड एफएस + टीडब्ल्यूएस-9 सेट। | 1,19,56,198 | 2,09,800 | 12 महीने | 08/01/2026 |
| 2. | सीनियर डीईएन/।।/यूएमबी के अंतर्गत एडीईएन/पीटीए अनुभाग में आरपीजे-डीयूआई पर पुल संख्या 43 का डिजाइन तैयार करना और पैरापेट को ऊंचा करना तथा पुल के पट्टिकाओं की मरम्मत करना। | 15,68,609 | 31,400 | 03 महीने | 08/01/2026 |
| 3. | एसएसई/डब्ल्यू/केएलके खंड में, कोटी सुरंग से केएलके तक एक गहरे ट्यूबवेल का प्रतिस्थापन, पंप हाउस का निर्माण, भूमिगत जल टैंक का निर्माण और केएलके में विशेष रूप से गर्मियों में पानी की मांग को पूरा करने के लिए डीआई पाइप बिछाना शामिल है। | 2,17,00,587 | 2,58,500 | 12 महीने | 08/01/2026 |
| 4. | ADEN/Track/UMB के अंतर्गत अंबाला डिवीजन में ट्रांसलामेटिक रोबोटिक वेल्डर की तकनीक का उपयोग करके सीएमएस क्रॉसिंग का इन-सीटू पुनर्निर्माण। | 2,16,99,065 | 2,58,500 | 18 महीने | 08/01/2026 |
| 5. | एडीईएन/आरपीजे के सेक्शन में अम्बाला मंडल के स्वीकृत कार्य के अंतर्गत टीएफआर (P) - 122.506 टी-किमी, टीएफआर (P) (केवल रबर पैड एवं लाइनर) 21.764 टी-किमी तथा एसएसई/डीओए के सेक्शन में टीएफआर कार्य 3.619 टी-किमी एवं अन्य संबंधित कार्य। | 41,04,473 | 82,100 | 04 महीने | 08/01/2026 |
| 6. | पुल संख्या 322-A (1x12.20 + 2x18.30 + 1x12.20 मी. प्लेट गर्डर पुल) का सुदृढीकरण, कि.मी. 283/11-15 पर यूएमबी एलडीएच सेक्शन में, सभी पियरों एवं एबटमैंट्स की जैकेटिंग द्वारा, साथ ही अन्य संरक्षणात्मक एवं सहायक कार्यों सहित। | 1,33,62,480 | 2,16,800 | 08 महीने | 08/01/2026 |

नोटः 1 ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है।
2 अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग / गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें।
3 निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें।
4 ठेकेदार को ई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-।।।) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा।
5 जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

3872/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# वित्त मंत्री द्वारा एनएचएम के अंतर्गत एएनएम एवं स्टाफ नर्सों की 1568 रिक्त पदों पर भर्ती को मंजूरी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 दिसंबर।** प्रदेश के स्वास्थ्य देखभाल ढांचे को मजबूत एवं बेहतर बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज घोषणा की कि वित्त विभाग ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन.एच.एम.) के अंतर्गत ए.एन.एम. एवं स्टाफ नर्सों के 1,568 रिक्त पदों को भरने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

भर्ती अभियान के बारे में अधिक जानकारी देते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि इस मंजूरी के तहत ए.एन.एम. के कुल 2,000 स्वीकृत पदों में से 729 रिक्त पदों एवं स्टाफ नर्सों की 1896 स्वीकृत पदों में से 839 रिक्त पदों को भरा जाएगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि स्टाफ की कमी के कारण स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में कोई रुकावट न आए और इसलिए इन ठेका-आधारित पदों को भरने को प्राथमिकता दी गई है। इस पहल के प्रति मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार की वित्तीय प्रतिबद्धता का जिक्र करते हुए वित्त मंत्री चीमा ने कहा कि इन भर्तियों से वार्षिक कुल 48.88 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रभाव पड़ने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ए.एन.एम. पदों के लिए वार्षिक 18.98 करोड़ रुपये एवं स्टाफ नर्स के लिए 29.90 करोड़ रुपये का खर्च वहन करेगी।

# 'युद्ध नशों विरूद्ध': 290वें दिन, पंजाब पुलिस ने 76 नशा तस्करों को 2.2 किलोग्राम हेरोइन, 10 किलोग्राम अफीम सहित किया गिरफ्तार

**'नशा छुड़ाओ' के तहत पंजाब पुलिस ने 25 व्यक्तियों को नशा मुक्ति उपचार के लिए किया राजी**

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**चंडीगढ़, 16 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य से नशों के पूर्ण उन्मूलन के लिए चलायी नशा विरोधी मुहिम 'युद्ध नशों विरूद्ध' के लगातार 290वें दिन, पंजाब पुलिस ने आज 263 स्थानों पर छापेमारी की। इसके परिणामस्वरूप पूरे राज्य में 76 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया और 57 एफआईआर दर्ज की गई। इसके साथ ही, 290 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या अब 40,410 हो गई है।

छापेमारियों के दौरान गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों के कब्जे से 2.2 किलोग्राम हेरोइन, 10 किलोग्राम अफीम, 36 किलोग्राम भुक्की, 1,010 नशीली गोलियां/कैप्सूल तथा 1,520 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस आयुक्तों, उपायुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। पंजाब सरकार ने नशों के खिलाफ युद्ध की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के नेतृत्व में 5 सदस्यीय कैबिनेट उप-समिति का भी गठन किया है।

60 गजटेड अधिकारियों की निगरानी में 800 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 100 से ज्यादा पुलिस टीमों ने पूरे राज्य में 263 स्थानों पर छापेमारी की। इस दिनभर चले अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने 264 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की। राज्य सरकार ने राज्य से नशों के खात्मे के लिए तीन-स्तरीय रणनीति-प्रवर्तन, डी-एडिक्शन और रोकथाम-लागू की है। 'नशा छुड़ाओ' के तहत पंजाब पुलिस ने आज 25 व्यक्तियों को नशा मुक्ति और पुनर्वास उपचार कराने के लिए राजी किया है।


## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक नोटिस

**संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में सचिव, सीएचबी के समक्ष।**

**विषय:** आवंटी/हस्तांतरी श्रीमती अचिंत कुमारी पत्नी श्री आनंद प्रकाश के नाम से श्री विवेक भाटिया पुत्र श्री आनंद प्रकाश के नाम में हस्तांतरण विलेख के आधार पर सेक्टर-47-सी, चंडीगढ़ में एचआईजी-एल श्रेणी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 2042-1 (प्रथम तल) के संबंध में हस्तांतरी का हस्तांतरण/परिवर्तन।

**(माता से पुत्र)**

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर-47-सी, यूटी., चंडीगढ़ में एचआईजी-एल श्रेणी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 2042-1 (प्रथम तल) आवंटी/हस्तांतरी श्रीमती अचिंत कुमारी पत्नी श्री आनंद प्रकाश के नाम में दर्ज है। श्री विवेक भाटिया पुत्र श्री आनंद प्रकाश ने अपने नाम में हस्तांतरण विलेख के आधार पर उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट के संबंध में स्वामित्व अधिकार के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है, जो 22.07.2022 को सब रजिस्ट्रार, चंडीगढ़ के कार्यालय में निष्पादित एवं पंजीकृत की गई थी।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण में कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित ड्वेलिंग यूनिट का स्वामित्व उक्त कथित दावेदारों के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

सचिव
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़



## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम
8, जन मार्ग, सेक्टर 9-डी, चंडीगढ

### सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्तियों ने चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड (आवंटन, प्रबंधन एवं टेनामेंट की बिक्री) विनियमन 1979 के विनियमन 16 के अधीन अपने नामों में रक्त संबंध हस्तांतरण नीति के अधीन निम्न कथित ड्वेलिंग यूनिट के 24.9975 प्रतिशत (1/4 हिस्से) के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है:-

| क्र.सं. | आवेदक का नाम (प्रस्तावित हस्तांतरी) श्री/श्रीमती/सुश्री | आवेदक/हस्तांतरी का नाम (प्रस्तावित हस्तांतरणकर्ता) श्री/श्रीमती/सुश्री | डी.यू.सं. | श्रेणी | सेक्टर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री तरुणदीप सिंह पुत्र स्व. श्री देविंदर पाल सिंह (3/4 हिस्सा) | श्रीमती हरबीर कौर पत्नी स्व. श्री देविंदर पाल सिंह (1/12 हिस्सा) स्वयं हेतु और श्रीमती रशमीन कौर पुत्री स्व. श्री देविंदर पाल सिंह के जीपीए धारक के तौर पर, एवं पत्नी श्री प्रीत कंवल सिंह (1/12 हिस्सा) तथा श्रीमती इकनीत कौर पुत्री स्व. श्री देविंदर पाल सिंह (1/12 हिस्सा) | 3027-1 | एचआईजी-II | 44-डी, चंडीगढ़ |

यदि किसी व्यक्ति को उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट के आवंटन के हस्तांतरण के संबंध में कोई आपत्ति है, तो वह अपनी आपत्ति, यदि कोई हो, इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर लिखित में दस्तावेजी प्रमाण, यदि कोई हो, के साथ अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दर्ज करें।

सचिव,
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़



## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक नोटिस

**संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में सचिव, सीएचबी के समक्ष।**

**विषय:** आवंटी/हस्तांतरी श्रीमती अरमिंदर कौर संधु पत्नी श्री गुरिंदर पाल सिंह संधु के नाम से श्री चेतन गर्ग पुत्र श्री नव रत्तन गर्ग के नाम में बिक्री विलेख के आधार पर सेक्टर 63, चंडीगढ़ में ब्लॉक सं. 26 में एक बैडरूम फ्लैट श्रेणी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 2085-ए (प्रथम तल) तथा ब्लॉक सं. 26 में पार्किंग के संबंध में स्वामित्व अधिकारों का हस्तांतरण/परिवर्तन।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 63, चंडीगढ़ में ब्लॉक सं. 26 में एक बैडरूम फ्लैट श्रेणी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 2085-ए (प्रथम तल) तथा ब्लॉक सं. 26 में पार्किंग आवंटी/हस्तांतरी श्रीमती अरमिंदर कौर संधु पत्नी श्री गुरिंदर पाल सिंह संधु के नाम में दर्ज है। अब, श्रीमती अरमिंदर कौर संधु पत्नी श्री गुरिंदर पाल सिंह संधु ने 11.11.2025 को सब रजिस्ट्रार, चंडीगढ़ के कार्यालय में निष्पादित एवं पंजीकृत बिक्री विलेख के अंतर्गत श्री चेतन गर्ग पुत्र श्री नव रत्तन गर्ग को उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट बेची है। श्री चेतन गर्ग पुत्र श्री नव रत्तन गर्ग ने बिक्री विलेख के आधार पर अपने नाम में उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट के हस्तांतरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण में कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित ड्वेलिंग यूनिट का स्वामित्व उक्त कथित दावेदारों के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

सचिव
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़



## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक नोटिस

**संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में सचिव, सीएचबी के समक्ष।**

**विषय:** आवंटी/हस्तांतरी श्री अनिल कुमार पुत्र श्री बृज लाल के नाम से श्री विनोद कुमार चौहान पुत्र श्री बलबीर सिंह चौहान के नाम में बिक्री विलेख के आधार पर सेक्टर 45-ए, चंडीगढ़ में श्रेणी-III की ड्वेलिंग यूनिट सं. 347/1 (प्रथम तल) के संबंध में स्वामित्व अधिकारों का हस्तांतरण/परिवर्तन।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 45-ए, चंडीगढ़ में श्रेणी-III की ड्वेलिंग यूनिट सं. 347/1 (प्रथम तल) आवंटी/हस्तांतरी श्री अनिल कुमार पुत्र श्री बृज लाल के नाम में दर्ज है। अब, श्री अनिल कुमार पुत्र श्री बृज लाल ने 17.07.2025 को सब रजिस्ट्रार, चंडीगढ़ के कार्यालय में निष्पादित एवं पंजीकृत बिक्री विलेख के अंतर्गत श्री विनोद कुमार चौहान पुत्र श्री बलबीर सिंह चौहान को उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट बेची है। श्री विनोद कुमार चौहान पुत्र श्री बलबीर सिंह चौहान ने बिक्री विलेख के आधार पर अपने नाम में उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट के हस्तांतरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण में कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित ड्वेलिंग यूनिट का स्वामित्व उक्त कथित दावेदारों के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

सचिव
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़



## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक नोटिस

**संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में सचिव, सीएचबी के समक्ष।**

**विषय:** आवंटी/हस्तांतरी सुश्री शिवानी शर्मा पुत्री श्री बृज मोहन शर्मा के नाम से श्री गुरदीप सिंह पुत्र स्व. श्री चरण सिंह के नाम में बिक्री विलेख के आधार पर सेक्टर 49, चंडीगढ़ में ईडब्ल्यूएस (एक रूम फ्लैट) श्रेणी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 2917/1 (प्रथम तल) के संबंध में स्वामित्व अधिकारों का हस्तांतरण/परिवर्तन।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 49, चंडीगढ़ में ईडब्ल्यूएस (एक रूम फ्लैट) श्रेणी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 2917/1 (प्रथम तल) आवंटी/हस्तांतरी सुश्री शिवानी शर्मा पुत्री श्री बृज मोहन शर्मा के नाम में दर्ज है। अब, सुश्री शिवानी शर्मा पुत्री श्री बृज मोहन शर्मा ने 20.11.2025 को सब रजिस्ट्रार, चंडीगढ़ के कार्यालय में निष्पादित एवं पंजीकृत बिक्री विलेख के अंतर्गत श्री गुरदीप सिंह पुत्र स्व. श्री चरण सिंह को उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट बेची है। श्री गुरदीप सिंह पुत्र स्व. श्री चरण सिंह ने बिक्री विलेख के आधार पर अपने नाम में उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट के हस्तांतरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण में कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित ड्वेलिंग यूनिट का स्वामित्व उक्त कथित दावेदारों के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

सचिव
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़



## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक नोटिस

**संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में सचिव, सीएचबी के समक्ष।**

**विषय:** आवंटी/हस्तांतरी श्री अवतार सिंह सूद पुत्र श्री गुरबचन सिंह के नाम से श्री राजेश कुमार पुत्र श्री राम कृष्ण के नाम में बिक्री विलेख के आधार पर सेक्टर 40-सी, चंडीगढ़ में एलआईजी (एल) श्रेणी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 2367/2 (द्वितीय तल) के संबंध में स्वामित्व अधिकारों का हस्तांतरण/परिवर्तन।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 40-सी, चंडीगढ़ में एलआईजी (एल) श्रेणी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 2367/2 (द्वितीय तल) आवंटी/हस्तांतरी श्री अवतार सिंह सूद पुत्र श्री गुरबचन सिंह के नाम में दर्ज है। अब, श्री अवतार सिंह सूद पुत्र श्री गुरबचन सिंह ने 07.11.2025 को सब रजिस्ट्रार, चंडीगढ़ के कार्यालय में निष्पादित एवं पंजीकृत बिक्री विलेख के अंतर्गत श्री राजेश कुमार पुत्र श्री राम कृष्ण को उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट बेची है। श्री राजेश कुमार पुत्र श्री राम कृष्ण ने बिक्री विलेख के आधार पर अपने नाम में उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट के हस्तांतरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण में कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित ड्वेलिंग यूनिट का स्वामित्व उक्त कथित दावेदारों के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

सचिव
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़

## न्यूज ब्रीफ

### बलटाना में पुलिस की नशे के खिलाफ कार्रवाई, दो युवक डोप टेस्ट में पॉजिटिव

**जीरकपुर (अप्रस/संदीप सिंह बावा)।** बलटाना पुलिस चौकी की टीम ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो युवकों को पकड़ा है। यह कार्रवाई कलगीधर मार्केट, बलटाना क्षेत्र में गश्त और जांच के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि वधावा नगर, बलटाना के खाली मैदान में दो युवक नशे का सेवन कर रहे हैं और दूसरों को भी नशा कराते हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां पुलिस को देखकर दोनों युवक भागने लगे, लेकिन टीम ने उन्हें पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों की पहचान पवन कुमार निवासी गुरु नानक कॉलोनी, दफरपुर (डेराबस्सी) उम्र लगभग 33 वर्ष और कपिल शर्मा निवासी कृष्णा एन्क्लेव, ढकोली उम्र लगभग 40 वर्ष के रूप में हुई। एनडीपीएस अधिनियम की धारा 50 के तहत कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए दोनों की तलाशी ली गई, जिसमें कोई नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ। इसके बाद दोनों को सिविल अस्पताल फेज-6, मोहाली ले जाया गया, जहां डोप टेस्ट कराया गया। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार पवन कुमार का डोप टेस्ट मॉर्फिन व बेंजोडायजेपाइन के लिए पॉजिटिव पाया गया, जबकि कपिल शर्मा का डोप टेस्ट मॉर्फिन, बेंजोडायजेपाइन और ट्रामाडोल के लिए पॉजिटिव पाया गया। डोप टेस्ट रिपोर्ट के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 27 तथा 61/85 के तहत मामला दर्ज किया गया।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा चंडीगढ़ को नई टीम, संगठन विस्तार की दिशा में बड़ा कदम



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ के ओबीसी मोर्चा में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सतपाल वर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा की सहमति से प्रदेश स्तर पर नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार ओबीसी मोर्चा चंडीगढ़ की नई प्रदेश टीम में विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। चौधरी जसपाल सिंह पाली, भारत यादव, कुलवंत सिंह और सरगुन आर. अरोड़ा को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं अशोक कुमार कश्यप और नरेंद्र कुमार लुभाना को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त ओम प्रकाश यादव, विकासशील वर्मा, कमलेश और अक्षय सुमन को सचिव बनाया गया है। संगठन के कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी धर्मेंद्र सिंह सैनी को दी गई है। वीरभद्र को कार्यालय सचिव, धीरज राजभर को आईटी इंचार्ज, अर्जुन को सोशल मीडिया इंचार्ज और ओम प्रकाश को मीडिया इंचार्ज नियुक्त किया गया है। सतपाल वर्मा ने कहा कि यह सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। नई टीम पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने, ओबीसी समाज को संगठित करने और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगी।

### सेक्टर-26 मंडी की बदहाली पर हाईकोर्ट सख्त, प्रशासन हरकत में

# डेढ़ साल में आदेश, अभियान और अदालत, गंदगी जस की तस

स्वच्छता, अवैध कब्जे और जाम बने बड़ी चुनौती

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 16 दिसंबर।** चंडीगढ़ की सेक्टर-26 फल-सब्जी मंडी लंबे समय से गंदगी, अव्यवस्था और अवैध गतिविधियों का केंद्र बनी हुई है। मानसून के दौरान हालात और भी खराब हो जाते हैं, जब मंडी की सडक़ों पर कीचड़, सड़ा हुआ कचरा और दुर्गंध फैल जाती है। लगातार मिल रही जनशिकायतों के बाद अब इस मामले में प्रशासन और न्यायपालिका दोनों सक्रिय तो हुए हैं लेकिन बावजूद इसके मसला जस का तस है। मंडी परिसर में नियमित सफाई न होने, अवैध रूप से कचरा फैंके जाने और समय पर कचरा उठान न होने से गंभीर स्वच्छता समस्या बनी हुई है। व्यापारियों और ग्राहकों का कहना है कि गंदगी के कारण न केवल आवागमन मुश्किल होता है, बल्कि स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। मंडी के प्रवेश और निकास मार्ग टूटे हुए और अक्सर जलभराव से ग्रस्त रहते हैं। अंदर किसी तरह की पार्कि ग व्यवस्था या ट्रैफिक नियंत्रण नहीं होने से जाम की स्थिति बनी रहती है। बिना अनुमति बड़ी संख्या में विक्रेता मंडी में कारोबार कर रहे हैं, जिससे भीड़ बढ़ती है और सफाई व्यवस्था और अधिक प्रभावित होती है। जिम्मेदारी को लेकर विभागों के बीच तालमेल की कमी भी समस्या को बढ़ा रही है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने मंडी की बदहाल स्थिति पर स्वत: संज्ञान लेते हुए यूटी प्रशासन को आड़े हाथों लिया है। कोर्ट ने हालात को पूर्ण अराजकता करार देते हुए मंडी की मार्केट कमेटी से सफाई व्यवस्था और आउटसोर्सिंग को लेकर हलफनामा दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। सेक्टर-26 पर दबाव कम करने के लिए सेक्टर-39 में नई मंडी का प्रस्ताव वर्षों से लंबित है। हालांकि, कानूनी अड़चनों के कारण अब तक इस पर अमल नहीं हो पाया है। मंडी संचालन को पारदर्शी बनाने के लिए ऑनलाइन आवक और शुल्क संग्रह प्रणाली लागू करने की योजना है। सडक़ों की मरम्मत और पक्का कंक्रीट कार्य मंजूर किया गया है ताकि बार-बार की पैचवर्क समस्या से छुटकारा मिल सके। हालांकि प्रशासन ने कई कदम उठाए हैं और हाईकोर्ट की सख्ती से निगरानी हो रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्वच्छता और अवैध विक्रेताओं पर नियंत्रण अब भी बड़ी चुनौती बना हुआ है। आने वाले दिनों में प्रशासन की कार्रवाई कितनी प्रभावी होती है, इस पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

**प्रशासन ने की सख्त कार्रवाई:** मुख्य सचिव ने अवैध विक्रेताओं को हटाने और मंडी की स्वच्छता सुधारने के निर्देश दिए हैं। सडक़ों, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट और अन्य नागरिक सुविधाओं को दुरुस्त करने के आदेश भी दिए गए हैं। मंडी फीस में तर्कसंगत वृद्धि पर भी विचार किया जा रहा है ताकि रखरखाव के लिए धन जुटाया जा सके। अब मंडी को रोज़ाना सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक बंद रखकर सफाई करने का निर्णय लिया गया है। अतिरिक्त डस्टबिन लगाए जा रहे हैं और सफाई ठेकेदारों को अधिक कर्मचारी तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं। कचरा अलग-अलग करने और लगातार उठान पर ज़ोर दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना अनुमति कारोबार करने वालों और अवैध कब्जों को हटाया जाएगा। मार्केट कमेटी को अवैध विक्रेताओं का सामान जब्त करने जैसे प्रवर्तन अधिकार देने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। चंडीगढ़ प्रशासक सहित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अचानक निरीक्षण किए गए हैं।

अधिकारियों को चेतावनी दी गई है कि लापरवाही बरतने पर जवाबदेही तय की जाएगी। हाईकोर्ट सफाई कर्मचारियों की आउटसोर्सिंग, देरी से हो रहे सुधार कार्यों और संरचनात्मक खामियों पर लगातार निगरानी रखे हुए है और प्रशासन से जवाब मांग रहा है।

### अव्यवस्थाओं के चलते सुर्खियों में सेक्टर 26 सब्जी मंडी

सेक्टर-26 स्थित सब्ज़ी मंडी की बदहाल सफाई व्यवस्था, अवैध अतिक्रमण और प्रशासनिक लापरवाही का मामला पिछले डेढ़ साल से लगातार सुर्खियों में है। बार-बार आदेश, निरीक्षण, बुलडोजऱ कार्रवाई और सफाई अभियानों के बावजूद ज़मीनी हालात में कोई स्थायी सुधार नहीं हो सका। हालात ऐसे बने कि मामला अंतत: पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट तक पहुंच गया। वर्ष 2024 में लगातार मिल रही गंदगी की शिकायतों के बाद प्रशासन ने मंडी को रोज़ाना दोपहर 12 से 2 बजे तक बंद रखने के आदेश दिए, ताकि सफाई कार्य किया जा सके। इसके बावजूद मंडी में कचरे के ढेर, कीचड़ और दुर्गंध की समस्या बनी रही। जनवरी 2025 में सामने आई रिपोर्टों में खुलासा हुआ कि मंडी में टूटी सडक़ें, जलभराव, अवैध पार्किंग, प्लास्टिक थैलियों का खुलेआम इस्तेमाल और शुल्क चोरी आम बात बन चुकी है। इन अनियमितताओं पर लगाम लगाने के लिए फ्लाइंग स्क्वाड का गठन किया गया। फरवरी 2025 में यूटी प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने सेक्टर-26 मंडी और प्रस्तावित नई मंडी स्थल सेक्टर-39 का दौरा किया। इसके बाद कृषि विभाग और मार्केट कमेटी ने संयुक्त सफाई अभियान और अवैध विक्रेताओं को हटाने की घोषणा की, हालांकि जमीनी स्तर पर असर सीमित ही रहा। फरवरी 2025 को सेक्टर-39 में नई मंडी शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू हुई। 23 दुकानों की नीलामी की घोषणा की गई, लेकिन तब तक सेक्टर-26 मंडी में अव्यवस्था बनी रही। मई में नगर निगम के रिकॉर्ड में केवल 12 पंजीकृत विक्रेता दर्ज पाए गए, जबकि बड़ी संख्या में अवैध विक्रेता सक्रिय रहे। मई में ही प्रशासन ने बुलडोजऱ चलाकर 75 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और ग्रीन बेल्ट पर किए गए कब्ज़े हटाए। इसके बावजूद कुछ ही समय में अतिक्रमण दोबारा नजर आने लगे। अगस्त में अतिक्रमण हटाने के दौरान प्रशासनिक टीमों और कुछ विक्रेताओं के बीच झड़प की खबरें सामने आईं। बुलडोजऱ कार्रवाई के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए। 17 सितंबर को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने मंडी की गंदी हालत पर चंडीगढ़ प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई और पूछा कि क्या अधिकारियों ने गंदगी खुद देखी भी है? दिसंबर में हाईकोर्ट ने सफाई व्यवस्था को आउटसोर्स करने पर सवाल उठाते हुए मार्केट कमेटी से जवाब मांगा और हलफनामा दाखिल करने के निर्देश दिए। लगातार कार्रवाई, निरीक्षण और आदेशों के बावजूद सेक्टर-26 मंडी में सफाई, अवैध अतिक्रमण और अव्यवस्था की समस्या पूरी तरह खत्म नहीं हो सकी है। प्रशासनिक अमला यहां व्यवस्थाएं बनाने में पूरी तरह असफल लग रहा है। जवाबदेही के अभाव के चलते अब अदालत की निगरानी में समाधान की उम्मीद की जा रही है।

### प्रशासनिक कार्रवाई की समय रेखा

**18 जून 2024: सफाई के लिए मंडी आंशिक रूप से बंद:** चंडीगढ़ सेक्टर-26 स्थित सब्ज़ी मंडी में लगातार मिल रही गंदगी की शिकायतों के बाद प्रशासन ने रोज़ाना दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक मंडी बंद रखने के आदेश दिए, ताकि सफाई कार्य प्रभावी ढंग से किया जा सके।

**18 जनवरी 2025: गंदगी और बदहाल बुनियादी ढांचे की समस्या बरकरार** : रिपोर्टों में खुलासा हुआ कि मंडी में कचरे के ढेर, कीचड़, टूटी सडक़ें, पार्किंग की कमी, अवैध वाहन और प्लास्टिक थैलियों का खुलेआम इस्तेमाल अब भी जारी है।

**30 जनवरी 2025: फीस चोरी रोकने के लिए फ्लाइंग स्क्वाड गठित:** मंडी में शुल्क चोरी, गलत तोल और अन्य अनियमितताओं पर लगाम लगाने के लिए संयुक्त निरीक्षण दल (फ्लाइंग स्क्वाड) का गठन किया गया।

**8 फरवरी 2025: प्रशासक के दौरे के बाद सफाई अभियान:** यूटी प्रशासक गुलाब चंद कटारिया के सेक्टर-26 और सेक्टर-39 (नई मंडी स्थल) दौरे के बाद कृषि विभाग और मार्केट कमेटी ने अवैध विक्रेताओं को हटाने और संयुक्त सफाई अभियान चलाने पर सहमति जताई।

**25 फरवरी 2025: सेक्टर-39 में नई मंडी शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू:** लंबे समय से लंबित मंडी शिफ्टिंग प्रक्रिया के तहत 23 दुकानों की नीलामी की घोषणा की गई, जिसकी शुरुआत 3 मार्च से तय की गई।

**23 मई 2025: अवैध विक्रे ताओं की समस्या बरकरार:** नगर निगम के रिकॉर्ड में केवल 12 पंजीकृत विक्रेता दर्ज पाए गए, जबकि बड़ी संख्या में अवैध विक्रेता अब भी सक्रिय रहे। सडक़ों, स्ट्रीट लाइट और रखरखाव को लेकर अंतर-विभागीय बैठक हुई।

**25 मई 2025: अवैध कब्ज़ों पर बुलडोजर कार्रवाई:** सुबह तडक़े कार्रवाई में मंडी के पास से 75 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और ग्रीन बेल्ट पर किए गए अवैध कब्ज़े हटाए गए।

**21 जून 2025: कृ षि विभाग का औचक निरीक्षण:** वरिष्ठ कृषि अधिकारियों ने इंजीनियरिंग और मार्केट कमेटी के अधिकारियों के साथ मंडी का दौरा कर सफाई, सडक़ और सीवरेज व्यवस्था की समीक्षा की।

**3 अगस्त 2025: अतिक्रमण हटाने के दौरान झड़प:** मंडी में अतिक्रमण हटाने पहुंची टीमों और कुछ विक्रेताओं/समर्थकों के बीच झड़प ।

**20 अगस्त 2025: बुलडोजऱ कार्रवाई का वीडियो वायरल:** प्रशासन द्वारा अवैध स्टॉल तोडने़ की कार्रवाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

**17 सितंबर 2025: हाईकोर्ट की कड़ी फटकार:** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सेक्टर-26 मंडी की बदहाल स्थिति पर चंडीगढ़ प्रशासन को फटकार लगाई और पूछा कि क्या अधिकारियों ने गंदगी खुद देखी भी है?

**4 दिसंबर 2025: सफाई आउटसोर्सिंग पर सवाल:** हाईकोर्ट ने मार्केट कमेटी से हलफनामा दाखिल कर यह स्पष्ट करने को कहा कि स्वीकृत पदों के बिना सफाई कार्य आउटसोर्स क्यों किया गया और स्थायी, जवाबदेह व्यवस्था कैसे सुनिश्चित की जाएगी। बार-बार अभियान और निरीक्षण के बावजूद सफाई की स्थिति में स्थायी सुधार नहीं। अवैध विक्रेताओं और अतिक्रमण की समस्या लगातार बनी रही। प्रशासनिक कार्रवाई को स्थानीय विरोध का सामना करना पड़ा: अंतत: मामला न्यायिक हस्तक्षेप तक पहुंचा।

### गुड्स का ऑनलाइन रिकार्ड किया जाए मेंटेन



चीफ सेक्रेट्री एच. राजेश प्रसाद ने निर्देश दिये कि मंडी में जो गुड्स आ रहे हैं उनका रिकार्ड ऑनलाइन मैंटेन किया जाना चाहिए ताकि व्यवस्था पारदर्शी व एफीशियेंट हो सके। अवैध वैंडरों को हटाने की कार्रवाई होनी चाहिए।



**सेक्रेट्री, स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड हरि कल्लिकट:** मंडी में अवैध निर्माण हटाए जाएं। सेनिटेशन व्यवस्था दुरुस्त किया जाए। मंडी केवल होलसेल ट्रेड के लिये है, अवैध वैंडरों के लिये नहीं।

### इंफोर्समेंट विंग के 14 कर्मचारी रखेंगे अवैध वैंडरों पर नजर



सेक्टर 26 मार्केट कमेटी एडमिनिस्ट्रेटर पवित्र सिंह ने कहा है कि इंफोर्समेंट के 14 लोग भर्ती कर लिये गये हैं। सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक इनकी ड्यूटी रहेगी। अवैध वैंडरों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्हें रात को नहीं बैठने दिया जाएगा। मंडी में गेटिड बैरियर्स लगा रहे हैं। इसके टैंडर फाइनल किये जा रहे हैं। इंक्रोचमेंट हटाकर पार्किंग के लिये भी फेंसिंग कर रहे हैं। अवैध वैंडरों ने पहले की गई फैंसिंग तोड़ दी थी। ग्रेन मार्केट में अवैध गाडिय़ों की कंजेशन को रोकने के लिये सिर्फ गेट छोड़ कर चारों तरफ फैंसिंग की जा रही है। ढ़ाई-ढ़ाई फुट ऊंचे पाइप लगाये जा रहे हैं। सडक़ों के लिये इंजीनियरिंग विभाग को बोला गया है। निट्टर से सलाह ली जा रही है कि कंक्रीट सडक़ बनायें या तारकोल की। प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने इंदौर की मंडी का उदाहरण देते हुए कहा है कि वहां सीवरेज सेनीटेशन के लिये ओपन ड्रेनेज है। उनका कहना है कि फल-सब्जियों की वजह से सीवरेज ब्लॉक हो जाता है और साफ सफाई नहीं हो पाती। ओपन ड्रेनज में साफ सफाई की दिक्कत नहीं होगी। मंडी में हाई मॉस्ट सीसीटीवी कैमरे लगाये जा रहे हैं ताकि चोरी इत्यादि का डर न हो। लाइटनिंग का प्रॉपर प्रावधान किया जा रहा है। सडक़, ड्रेनेज, लाइट और सीसीटीवी का मामला इंजीनियरिंग विभाग देख रहा है। इसके टैंडर लगाये जा रहे हैं। उम्मीद है कि 2 से 3 महीने में यहां कई काम समाप्त कर लिये जाएंगे। सेक्टर 39 की मंडी में कुल 23 शोरूम ऑक्शन किये थे जिसमें से 12-13 ही बिक पाये हैं। आढ़ती सुप्रीम कोर्ट में चले गये। मामला पैंडिंग है। मंडी केवल होलसेल दुकानदारों के लिये है। जो सूची उनके पास आई है उसके मुताबिक यहां कुल 47 होलसेल वैंडर हैं। बाकियों को प्रशासक ने डेजीगनेटिड वैंडिंग जोन में जगह देने के लिये कहा है।

### सुप्रीम कोर्ट में आज केस

सेक्टर 39 की मंडी में आढ़तियों व व्यापारियों को शिफ्ट करने के मसले पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में तारीख है। इसके फैसले पर मुन्नसर करेगा कि आगे प्रशासन को मसले पर क्या करना है। प्रशासन ने सेक्टर 39 में शोरूमों के लिये ऑक्शन की थी जिसमें से 12-13 शोरूम बिक पाये जबकि बाकि पर आढ़तिये व व्यापारी सुप्रीम कोर्ट चले गये थे।

### क्या कहना है स्टेक होल्डर्स का



**ग्रेन मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रेसिडेंट मोहित सूद:** हर विभाग अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रहा है। इसे दुरुस्त रखने की जिम्मेदारी किसकी है पता ही नहीं चल रहा। प्रशासक के आने से सुधार की उम्मीद बंधी है। हाईकोर्ट के आदेश पर सफाई का काम शुरू हुआ है, व्यवस्थाओं में पहले से सुधार हो रहा है, सड़कें बनाई जा रही हैं, पहले तो गंदगी की वजह से कारोबार ही एक तरीके ठप हो गया था।

**मार्केट एसोसिएशन के चेयरमैन व पूर्व प्रधान राजकुमार बंसल:** यहां की रोड बहुत ही खराब हालत में हैं। सडक़ों पर कीचड़ व कूड़ा जमा है। खराब इनफास्ट्रक्चर के चलते मंडी में चलना दूभर है। प्रशासन सुधार कर रहा है।



**आढ़ती एसोसिएशन के सदस्य मुकेश शर्मा:** कुछ सुधार मंडी की स्थिति में हो रहा है लेकिन अभी समस्याएं काफी हैं। सड़कें कुछ बनी हैं टाइलों वाली कुछ अभी भी टूटी हैं। पार्किंग की बड़ी दिक्कत है। हजारों गाडिय़ां सुबह से आती हैं। लाइटिंग की भी फिलहाल दिक्कत है। सफाई व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। प्रशासन अपने स्तर पर भले ही काम करने की शुरुआत कर रहा है, लेकिन अभी लंबा सफर बाकी है।



**मंडी में अक्सर आने वाले वकील अंतरिक्ष:** मानसून में तो जबरदस्त कूड़ा करकट हो जाता है जिससे दुर्गंध उठती है। इसे सहना मुश्किल हो जाता है। मार्केट कमेटी को यहां सफाई करानी चाहिए। पार्किंग का मंडी में बहुत ही बुरा हाल है। कहीं भी प्रशासन की ओर से मार्किंग नहीं की गई है। ग्रेन मार्केट में सड़कें टूटी पड़ी हैं। अनाज गिराने की जगह पर ट्रक खड़े कर दिए जाते हैं। अगर कहें कि मंडी अव्यवस्थाओं का आलम है तो गलत नहीं होगा।

**वैंडर सुरिंदर:** मार्केट कमेटी को अल सुबह सेनीटेशन ड्राइव चलानी चाहिये ताकि सब्जी व फल हाईजनिक कंडीशन में बेचे जा सकें। पहले से कुछ सुधार हुआ है लेकिन अभी बहुत कुछ होना बाकि है। प्रशासन भले ही इस दिशा में काम कर रहा हो लेकिन इसमें समय लगेगा। प्रशासन को अवैध वेंडर उठाने की दिशा में काम करना चाहिए। क्योंकि लीगल वेंडर को भी इससे परेशानी उठानी पड़ती है। चाहे ड्रेनेज ओपन की जाए या बंद, जो सही हो वो फैसला करना चाहिए।

# 'गोवा अग्निकांड' की शहर में पुनरावृत्ति न हो, एमसी ने संबंधित क्लबों को दी हिदायतें

- नाइट क्लबों-बार में अग्निशमन के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश
- किसी भी तरह का वायलेशन होने पर होगी सख्त कार्रवाई
- विभिन्न हस्तियों से अर्थ प्रकाश की बातचीत

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह



**चंडीगढ़, 16 दिसंबर।** चंडीगढ़ नगर निगम के सभी अधिकारियों को अपने-अपने इलाकों के क्लब और बार का निरीक्षण करने को कहा गया है। जांच के दौरान इमरजेंसी एग्जिट, फायर फाइटिंग सिस्टम, वैलिड फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट इमरजेंसी लाइट, एग्जिट साइन बोर्ड अलार्म, स्मोक मैनेजमेंट और वेंटिलेशन सिस्टम की जांच की जायेगी

इसके अलावा इंटीरियर में प्रयुक्त किये गये पर्दे, सजावटी सामान और अन्य सामग्री के फायरप्रूफ होने के प्रमाण पत्रों की भी जांच पड़ताल की जायेगी। हादसा होने की स्थिति में जानी नुकसान न हो, इसके लिए पुख्ता प्रबंध करने की योजना है। विचारणीय पहलू यह है कि कुछ दिनों पूर्व गोवा के नाइट क्लब में हुए भीषण अग्निकांड के उपरांत चंडीगढ़ नगर निगम भी चौकन्ना हो गया है। उसी के तहत चीफ फायर आफीसर ने शहर के सभी नाइट क्लब, डिस्को बार और एंटरटेनमेंट वाली जगहों के फायर जांच के आदेश जारी किये हैं।

एक अधिकारी के अनुसार ऐसी जगहों पर आगजनी का खतरा ज्यादा रहता है, इसलिए फायर सेफ्टी नियमों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। यह इसलिए कि गोवा अग्निकांड में कई लोगों की मृत्यु हो गई थी।

### जांच पड़ताल के आदेश जारी: मेयर हरप्रीत कौर बबला



शहर की मेयर हरप्रीत कौर बबला ने कहा कि सभी नाइट क्लब, बार्र डिस्को बार और मनोरंजन वाली जगहों पर अग्निकांड जांच पड़ताल के आदेश जारी किये गये हैं। मेयर होने के नाते वह निगम के संबंधित फायर आफीसर्स के संपर्क में हैं। उन्हें पूरा अधिकार है कि इस प्रकार की जगहों पर फायर सेफ्टी के पुख्ता प्रबंधों को सुनिश्चित करें। इस दौरान कहीं पर किसी प्रकार की वायलेशन पायी जाती है, तो उस के खिलाफ पेनाल्टी का प्रावधान भी होना चाहिए। मेयर हरप्रीत कौर बबला ने बताया कि गोवा के नाइट क्लब में हुए अग्निकांड मे दो दर्जन के लगभग लोगों की मृत्यु हो गई थी। उक्त क्लब के प्रबंधक या स्वामी गोवा से भाग कर विदेश की शरण लिए हुए थे। किंतु सरकार की तरफ से दबाव बनाने पर उन्हें भारत लौटन का आदेश भी हो गया है। इसलिए चंडीगढ़ में गोवा की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सभी प्रकार के पुख्ता प्रबंध किए जायेंगे।

### 18 दिसंबर तक का समय दिया गया: फायरमैन

अर्थ प्रकाश ने नगर निगम के एक फायरमैन नवीन के साथ बातचीत की। उन्होंने बताया कि नगर निगम चंडीगढ़ की तरफ से शहर के सभी नाइट क्लब और बार की जांच के पूर्व संबंधित क्लब बार मालिकों को फायरसेफ्टी के सभी इंतेजाम पूर्ण करने को कहा गया है। इसके बाद जांच के दौरान किसी भी प्रकार के वायलेशन पर संबंधित नाइट क्लब बार मालिकों के साथ सख्ती के साथ पेश आया जायेगा। नवीन ने बताया कि उन्हें आगामी 18 दिसंबर तक का समय दिया गया है, ताकि वह अपने प्रबंध पूरे कर लें, अन्यथा अग्नि सुरक्षा नियमों के अंतर्गत उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी। फायरमैन के मुताबिक जांच के दौरान मिली खामियों को तुरंत लिखित रूप में मैनेजमेंट को बताया जायेगा। गंभीर और जानलेवा खामियों पर सख्त कार्रवाई करने का प्रावधान भी है। यह इसलिए भी जरूरी है ताकि गोवा नाइट क्लब में अग्निकांड के चलते जो लोगों की जानें गयीं थीं, उसकी पुनरावृत्ति न होने पाये।

### सेफ्टी जरूरी है: अरूण सूद



चंडीगढ़ के पूर्व मेयर और भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण सूद का मानना है कि यह नेशनल हेल्दी सेफ्टी के मैनेजमेंट के लिहाज से भी जरुरी है। इसके लिए नगर निगम चंडीगढ़ को सिंगल विंडो सिस्टम का प्रबंध करना चाहिए, ताकि शहर के लोगों के सुझाव और सही सलाह आ सके। क्योंकि आने वाले 31 दिसंबर और पहली जनवरी वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में शहर के विभिन्न नाइट क्लबों, बार, एवं मनोरंजन वाली जगहों पर, लोग जाते हैं और नये वर्ष के स्वागत में मौज-मस्ती करते हैं। गोवा अग्निकांड जैसे हादसोरं से सबक लेने की जरूरत है। किंतु इतनी ज्यादा सख्ती भी नहीं होनी चाहिए, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़े। उनके बिजनेस पर बुरा असर भी नहीं पड़ने देना चाहिए। शहर के क्लबों, बार आदि की मैनेजमेंट भी सुलझे लोगों के हाथ में ही रहती है। इसलिए बेवजह उन्हें परेशान भी नहीं करना चाहिए। किंतु फायर सेफ्टी सिस्टम का पुख्ता प्रबंध होना भी उतना ही जरुरी है। संबंधित जानकारी के लिए एमसी कमिश्नर एवं प्रशासनिक अधिकारी अमित कुमार से फोन पर संपर्क करने का प्रयास सफल नहीं हो पाया। उनकी तरफ से कोई प्रत्युत्तर नहीं मिला।

### हादसे के बाद खुली चंडीगढ़ नगर निगम की नींद: राजीव शर्मा



चंडीगढ़ कांग्रेस के प्रवक्ता एवं महासचिव एडवोकेट राजीव शर्मा ने कहा कि चंडीगढ़ नगर निगम और प्रशासन की नींद गोवा अग्निकांड हादसे के बाद खुली। उनका कहना है कि यह केवल 10-15 दिन या एक महीने के लिए नहीं, अपितु 365 दिन यानि पूरे साल अग्निकांड प्रबंधों की जांच पड़ताल होनी चाहिए। उन्होंने गोवा के नाइट क्लब में हुए हादसे पर चिंता व्यक्त की। नगर निगम चंडीगढ़ को भी शहरवासियों के जान-माल की सुरक्षा होनी जरूरी है।

### निगम को मानक पूरा करना जरूरी: ढींगरा



नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद एवं आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ के सीनियर नेता योगेश ढींगरा ने बताया कि इस मामले में नगर निगम को अपने तयशुदा मानकों को पूरा करना जरूरी है, ताकि शहर के लोगों को गोवा नाइट क्लब जैसी दुर्घटना का सामना न करना पड़े। उनका यह भी कहना है कि लोग अपने पैसे खर्च करके होटलों, क्लबों, और बार आदि में इंज्वायर करने खाने-पीने जाते हैं। ऐसे में कोई हादसा हो जाये तो उनकी जान भी जोखिम में पड़ सकती हे। इसलिए फायर सेफ्टी पर एमसी को विशेष ध्यान देना चाहिए।

सम्पादकीय

# घना कोहरा बन रहा हादसों की वजह, सावधानी में ही बचाव

पूरे उत्तर भारत में चिलचिलाती ठंड और कोहरे का कहर जारी है। कोहरे से हादसे लगभग रोजाना हो रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि हरियाणा, पंजाब और अन्य राज्यों में प्रतिदिन कहीं न कहीं से ऐसे अशुभ समाचार आ ही जाते हैं, जिनमें सड़क पर गाड़ियों के टकराने से मौत हो रही हैं, लोग घायल हो रहे हैं। पंजाब में बीते रविवार और सोमवार को धुंध की वजह से 11 जगह सड़क हादसे हुए, जिनमें तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं 12 से अधिक जख्मी भी हो गए। इसी प्रकार हरियाणा में भी घने कोहरे की वजह से 3 दिन में 13 लोगों की जानें चली गई। रिपोर्ट के अनुसार यहां 242 लोग घायल हो चुके हैं। बताया गया है कि सभी हादसों की वजह घना कोहरा तो रहा ही है, चालकों की लापरवाही और सड़क पर यथोचित सफेद पट्टी और डिवाइडरों का अभाव भी हादसों की वजह बन रहा है।

**दरअसल, सर्दी का मौसम हादसों के लिए बदनाम है। लेकिन हैरानी इसकी है कि हादसे घटते देख, सुन और पढ़कर भी हम लोग सचेत नहीं हो पाते। चाहे वे शहरों की अंदर की सड़कें हों या रोड और हाईवे। वाहन चालक बेहद लापरवाही से और रोड को निजी प्रॉपर्टी समझते हुए वाहन चलाते हैं। इसकी सजा उन लोगों को मिलती है जोकि नियमों की परवाह करते हैं। ओवरस्पीड और वाहनों को बेतरीबी से चलाना ही हादसों की वजह बनता है। ट्रैफिक पुलिस हाईवे और बड़ी सड़कों के किनारे वाहनों को रोकने से मना करती है, इसकी वजह यही होती है कि धुंध में पीछे से आ रहे वाहनों को अगला वाहन नजर नहीं आता और वे टकराते चले जाते हैं।**

दरअसल, सर्दी का मौसम हादसों के लिए बदनाम है। लेकिन हैरानी इसकी है कि हादसे घटते देख, सुन और पढ़कर भी हम लोग सचेत नहीं हो पाते। चाहे वे शहरों की अंदर की सड़कें हों या रोड और हाईवे। वाहन चालक बेहद लापरवाही से और रोड को निजी प्रॉपर्टी समझते हुए वाहन चलाते हैं। इसकी सजा उन लोगों को मिलती है जोकि नियमों की परवाह करते हैं। ओवरस्पीड और वाहनों को बेतरीबी से चलाना ही हादसों की वजह बनता है। ट्रैफिक पुलिस हाईवे और बड़ी सड़कों के किनारे वाहनों को रोकने से मना करती है, इसकी वजह यही होती है कि धुंध में पीछे से आ रहे वाहनों को अगला वाहन नजर नहीं आता और वे टकराते चले जाते हैं। बेशक, धुंध की वजह से हालात किसी भी तरह सामान्य नहीं रह जाते। अनेक बार ऐसी खबरें भी आती हैं, जिनमें सड़क किनारे ट्रक और ट्राला रोककर चालक-परिचालक या तो उसे चैक कर रहे होते हैं या फिर किसी अन्य कार्य से कहीं चले गए होते हैं। इसी दौरान वे लोग जोकि इससे पूरी तरह अनभिज्ञ होते हैं, ट्रक-ट्राला के पीछे आकर टकरा जाते हैं। यह टक्कर इतनी बेरहम और जानलेवा होती है कि गाड़ी में कोई नहीं बच पाता। इसी प्रकार ऐसे हादसे भी पेश आते हैं, जब बारात या किसी धार्मिक यात्रा से लौट रहे लोग बेपरवाह हो जाते हैं और सामने से आ रही गाड़ी से टकरा जाते हैं या फिर अपना ही संतुलन खो बैठते हैं। हरियाणा में राज्य सरकार तत्परता से सड़क हादसों को रोकने की दिशा में काम कर रही है, मुख्यमंत्री नायब सैनी ने इस संबंध में सभी ब्लाइंड स्पॉट दुरुस्त करने के आदेश दिए हैं। हालांकि यह जरूरी है कि धुंध और कोहरे के दौरान ट्रैफिक पुलिस और ज्यादा तत्परता से काम करे ताकि हादसों में कमी लाई जा सके।

मौसम का बदलना हमारे हाथ में नहीं होता लेकिन हम सावधानी बरत कर अपनी और दूसरों की जान को जोखिम में जाने से बचा सकते हैं। यातायात के नियम फॉलो करना हमेशा फायदेमंद होता है। यह देखने में आया है कि नियमानुसार गाड़ी को चलाना हमेशा सेफ रहता है, बेशक निर्धारित गति और तमाम सुरक्षा उपायों को पूरा करना मंजिल तक का सफर थोड़ा लंबा कर देता है लेकिन आखिरकार आप जब सुरक्षित तरीके से अपनी मंजिल पर पहुंच जाते हैं तो यह बेहद निश्चिंत करने वाले क्षण होते हैं। वैसे भी रोड पर वाहन चलाना हम में से प्रत्येक की एक-दूसरे के प्रति जिम्मेदारी को भी दर्शाता है। आप दूसरे व्यक्ति की कितनी परवाह करते हैं, यह इससे जाहिर होता है कि आप उसे कितना स्पेस देते हैं, उसे बेवजह ओवरटेक तो नहीं करते। अपनी साइड को देखकर चलते हैं और अगले को सुरक्षित तरीके से निकलने का वक्त देते हैं। संभव है ऐसे भयानक हादसे हमें सचेत करेंगे और परिवहन नियमों की अनदेखी करने से हम तौबा करेंगे।

गौरतलब है कि पूरे उत्तर भारत में जहां ठंड और कोहरे का कहर जारी है, वहीं दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण बड़ी समस्या बना हुआ है। सोमवार को यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 498 तक पहुंच गया। यह गंभीर श्रेणी का उच्चतम स्तर है, खराब हवा और घने कोहरे की वजह से हवाई उड़ानों का परिचालन बुरी तरह प्रभावित हो चुका है। बीते दिनों इंडिगो की उड़ानों के कैंसिल होने से उड्डयन प्रणाली में जो व्यवधान आया था, अब मौसम की मार की वजह से वह व्यवधान और गहरा गया है। जाहिर है, ठंड को नहीं रोका जा सकता, लेकिन कोहरे की रोकथाम भी संभव नहीं है, लेकिन क्या प्रदूषण को रोक पाना भी संभव नहीं है। बेशक, संभव है लेकिन आजकल के हालात ऐसे हो गए हैं कि चाहकर भी इसकी रोकथाम नहीं हो पा रही। निश्चित रूप से यह चिंताजनक स्थिति है। अगर इसी प्रकार मौसम का हाल बिगड़ता रहा तो प्रकृति का संतुलन बिगड़ जाएगा, काफी हद तक यह बिगड़ चुका है लेकिन अब भी समय रहते अगर पर्यावरण के संरक्षण और प्रदूषण की रोकथाम के प्रयास और ज्यादा सघन नहीं हुए तो हमारा आगामी समय बेहद चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

# भारत के टेक्सटाइल की नई ग्लोबल पोज़िशनिंग

दैनिक अर्थ प्रकाश

जब हम भारत के टेक्सटाइल सेक्टर की बात करते हैं, तो हम केवल फैक्ट्री, मशीनों और फैशन की नहीं, बल्कि उन करोड़ों भारतीयों की बात करते हैं, जिनकी ज़िंदगी कॉटन के खेतों, हैंडलूम, पावरलूम और सिलाई मशीनों से जुड़ी है। पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जिस व्यापक सोच, दृढ़ संकल्प और निर्णायक नीतिगत सुधार को इस क्षेत्र ने देखा है, उससे आज टेक्सटाइल सेक्टर एक नए आत्मविश्वास के साथ खड़ा है। आज जब हम टेक्सटाइल सेक्टर में लागू हालिया सुधारों के प्रभाव की बात करते हैं, तो यह केवल बदलाव नहीं, बल्कि किसानों, उद्यमियों, महिलाओं, बुनकरों, तकनीशियनों और युवाओं की नई संभावनाओं की कहानी है जिसका उद्देश्य भारत को वैश्विक टेक्सटाइल शक्ति बनाना है। यह लेख सिर्फ़ योजनाओं की सूची नहीं, बल्कि उस परिवर्तन की झलक है जिसे हम सब ने मिलकर आकार दिया है।

**किसान-केंद्रित बदलाव: कॉटन की रिकॉर्ड प्रोक्योरमेंट और स्र्स्क्र में ऐतिहासिक वृद्धि**

टेक्सटाइल क्षेत्र की जड़ें खेत में हैं और किसान इस यात्रा की पहली कड़ी हैं। इसलिए हमारी प्राथमिकता हमेशा यह रही कि कॉटन किसान को बाजार के उतार-चढ़ाव, दामों की अनिश्चितता और बिचौलियों की दबाव-प्रणाली से मुक्त किया जाए। यही कारण है कि 2004 से 2014 के बीच जहाँ सरकारी एजेंसियों द्वारा कुल 173 लाख कॉटन बेल्स की खरीद हुई, वहीं 2014 से 2024 के बीच यह बढ़कर 473 लाख कॉटन बेल्स पर पहुँची। यह लगभग 173त्न की वृद्धि है, जो दर्शाती है कि सरकार ने किसान को सिर्फ़ मौसमी प्राथमिकता नहीं दी, बल्कि उसे स्थायी सुरक्षा दी।

इसी तरह एमएसपी में सुधार भी किसानों को स्थिरता देने वाला बड़ा कदम रहा है। 2013-14 में कॉटन का एमएसपी 3,700 रुपये प्रति क्विंटल था, जबकि 2025-26 में इसे बढ़ाकर 7,710 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। यह 108त्न की वृद्धि है, जो किसान की आय, सुरक्षा और आत्मविश्वास को मजबूत करती है। जब हम कहते हैं कि किसान हमेशा सुरक्षित है, तो यह सिर्फ़ बात भर नहीं, बल्कि इन वास्तविक आँकड़ों पर आधारित सच्चाई है कि सरकार पहले से अधिक मात्रा में कॉटन खरीद रही है और किसानों के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित कर रही है।


**मिशन फॉर कॉटन प्रोडक्टिविटी: क्वालिटी, प्रोडक्टिविटी और न्यू ऐज फाइबर**

सिर्फ़ ज़्यादा प्रोडक्शन ही काफ़ी नहीं, बेहतर क्वालिटी भी उतनी ही ज़रूरी है। इसी सोच के साथ 2,500 करोड़ का मिशन फॉर कॉटन प्रोडक्टिविटी शुरू किया गया, जिसका लक्ष्य केवल प्रोडक्शन बढ़ाना नहीं, बल्कि कॉटन की गुणवत्ता को विश्व-स्तर तक पहुँचाना है। इस मिशन के तहत बेहतर बीज, वैज्ञानिक खेती, फार्म मैनेजमेंट और गुणवत्ता नियंत्रण की प्रक्रियाएँ मजबूत की जा रही हैं। इसके साथ ही किसान को न्यू-एज फाइबर की तरफ प्रेरित करने का प्रयास भी किया जा रहा है ताकि भारत ग्लोबल वैल्यू-चेन में हाई क्वालिटी कॉटन और मिक्स्ड फाइबर के प्रमुख सप्लायर के रूप में उभरे।

जब हम भविष्य की बात करते हैं, तो पुनः स्पष्ट करना आवश्यक है कि टेक्सटाइल की अगली वृद्धि ट्रेडिशनल फाइबर पर ही आधारित नहीं होगी। इसी दिशा में सरकार ने फ्लैक्स, रैमी, सिसल और मिल्कवीड जैसे न्यू ऐज फाइबर को प्राथमिकता में रखा है। यह फाइबर किसानों के लिए कम लागत के साथ अधिक आय देने वाले अनुकूल विकल्प हैं और इनसे पूरी वैल्यू-चेन में नई प्रोसेसिंग, नए उद्योग और बड़े पैमाने पर नए रोज़गार पैदा होंगे। मिल्कवीड जैसे पौधे अब न्यू-एज टेक्सटाइल फाइबर के रूप में उभर रहे हैं और निकट भविष्य में ये किसानों के लिए अतिरिक्त आय का निश्चित ही महत्वपूर्ण स्रोत बनेंगे।

**कॉटन पर इम्पोर्ट ड्यूटी में राहत से उद्योग को स्थिरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा:** कॉटन पर इम्पोर्ट ड्यूटी हटाने का फैसला उद्योग के लिए तुरंत राहत देने वाला कदम साबित हुआ है। पहले यह राहत 30 सितंबर तक ही दी गई थी, लेकिन इसके सकारात्मक परिणामों को देखते हुए इसे 31 दिसंबर तक बढ़ाया गया है। इस कदम से मिल्स को इंटरनेशनल कम्पेटिटिव दामों पर कॉटन मिलने लगा, जिसकी वजह से यार्न और फैब्रिक की प्रोडक्शन कॉस्ट कम हुई जो सीधे तौर पर हमारे टेक्सटाइल एक्सपोर्ट्स को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूत बनाने वाली साबित होगी।

एसएमइएस के लिए यह कदम विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि इम्पोर्ट ड्यूटी में राहत मिलने से अब उन्हें स्थिरता, बेहतर प्लानिंग और कॉस्ट मैनेजमेंट का अवसर मिलेगा। साथ ही, डोमेस्टिक मार्केट में भी रॉ कॉटन की आपूर्ति होगी, जिससे हैंडलूम, पावरलूम, डिजाइनर सेगमेंट, और फैब्रिक आधारित स्टार्टअप तक सभी को हाई क्वालिटी फाइबर उचित मूल्य पर उपलब्ध हो पाएगा। यह निर्णय भारत को एक स्थिर और प्रतिस्पर्धी मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



**पीएलआई योजना से टेक्सटाइल सेक्टर की औद्योगिक प्रगति:** पीएलआई योजना ने टेक्सटाइल सेक्टर को नई ऊर्जा दी है जिसने इस क्षेत्र में अभूतपूर्व उत्साह और निवेश के अनुकूल वातावरण तैयार किया है। उद्योग की मांग को देखते हुए आवेदन पोर्टल को 31 दिसंबर 2025 तक पुनः खोला गया है जिसमें अब तक 27 नए आवेदन प्राप्त हुए हैं। इससे नई फैक्ट्रियाँ, नई टेक्नोलॉजी, और हज़ारों नए रोजगार सृजित किए जाएंगे और 2030 तक टेक्सटाइल सेक्टर के 12 बिलियन डॉलर एक्सपोर्ट लक्ष्य को हासिल करने में बड़ी मदद मिलेगी।

अब तक 74 स्वीकृत कंपनियों में से 42 कंपनियों का टेक्निकल टेक्सटाइल में होना इस बात का संकेत है कि भारत इनोवेशन से भरे इस सेक्टर में गंभीर रूप से निवेश कर रहा है। फलस्वरूप टेक्निकल टेक्सटाइल्स का एक्सपोर्ट भी पिछले वर्ष की तुलना में 12.4 प्रतिशत बढ़कर 3.2-3.4 बिलियन डॉलर तक पहुँचा। सबसे रोचक तथ्य यह है कि शीर्ष 10 कंपनियों द्वारा किया गया वास्तविक निवेश 4,584 करोड़ रुपये रहा, जो कि उनकी कमिटेड राशि से करीब 500 करोड़ रुपये से भी अधिक है।

इसका सबसे प्रेरक उदाहरण बेबी डायपर्स और सैनिटेरी नैप्किंस का है। एक समय था जब भारत इन प्रोडक्टस के लिए बड़े पैमाने पर विदेशी उत्पादों पर निर्भर था, लेकिन आज PLI के बाद हम इस सेक्टर में इम्पोर्ट डिपेंडेंसी से मुक्त होकर नेट एक्सपोर्टर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

**MEG और विस्कोस पर QCO हटाने से स्र्स्क्र वैल्यू-चेन को राहत:** हाल ही में स्र्श्वत्र और विस्कोस पर QCO हटाने का निर्णय लिया गया जो इंडस्ट्री की वास्तविक जरूरतों और ग्लोबल सप्लाई चेन की परिस्थितियों को समझते हुए लिया गया है। QCO हटने के बाद अब MMF वैल्यू-चेन को वैश्विक स्तर के रॉ मटेरियल कम्पेटिटिव दरों पर मिलेंगे, जिससे प्रोडक्शन प्लानिंग और लागत दोनों में सुधार होगा।

डाउन-स्ट्रीम सेक्टर जिसमें विशेषकर गारमेंटिग सेक्टर को तुरंत राहत मिलेगी। आज इस क्षेत्र में लगभग 1.4 करोड़ नौकरियाँ हैं और हमारा लक्ष्य 2030 तक इसमें 1 करोड़ नई नौकरियों के अवसर तैयार करना है।

**Next Gen GST- इनवर्टेड ड्यूटी की समस्या से राहत:** टेक्सटाइल इंडस्ट्री की इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर के सुधार को लेकर एक पुरानी डिमांड थी जिससे वर्किंग कैपिटल ब्लॉक हो जाता था। पर अब Next Gen GST रिफॉर्म से इस समस्या को दूर किया गया है।

इसके साथ ही रेडीमेड गार्मेंट्स के लिए बड़ा कदम उठाते हुए 2,500 तक के अपेरल पर GST 5 प्रतिशत किया गया है। जिससे मिडिल क्लास, युवा व विद्यार्थियों के लिए कपड़े अब और अधिक किफायती होंगे। साथ ही टियर 2-3 शहरों और गांवों में भी इसकी डिमांड भी बढ़ेगी।

**लेबर रिफॉर्म से टेक्सटाइल वर्कर्स को सुरक्षा और सम्मान:** टेक्सटाइल क्षेत्र में बड़ी संख्या में माइग्रेन्ट, महिला और कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स काम करते हैं। हाल के लेबर रिफॉर्म इन्हें वास्तविक अधिकार, सुरक्षा और स्थिरता देने के लिए बनाए गए हैं। सभी अब समान वेतन, समान कल्याण योजनाओं और सुविधाओं के हकदार होंगे। ये सुधार टेक्सटाइल वर्कफोर्स को एक सम्मानजनक और सुरक्षित वातावरण देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।

**PM MITRA Parks : इंटीग्रेटेड वैल्यू-चेन और 21 लाख रोजगार:** PM MITRA योजना भारत के टेक्सटाइल सेक्टर के लिए गेम-चेंजर साबित हो रही है। यह पार्क सिर्फ इंडस्ट्रियल क्लस्टर नहीं, मैं इन्हें हमारे टेक्सटाइल सेक्टर के 7 ऊर्जा-केंद्र मानता हूँ। सातों राज्यों में भूमि आवंटन के साथ काम सुचारु रूप से प्रगतिशील है। अभी तक देशभर से लगभग 33,000 करोड़ रुपये की इनवेस्टमेंट आकर्षित किया है। साथ ही इन पार्कों से करीब 21 लाख रोजगार सृजित होंगे।

**FTA और नए वैश्विक बाज़ार:** जून 2024 में वस्त्र मंत्रालय संभालते वक्त यह साफ़ था कि भारत कुछ चुनिंदा ट्रेडिशनल मार्केट्स पर ही निर्भर है। इसलिए मैंने टीम को निर्देश दिया कि दुनिया के नए इमर्जिंग मार्केट्स को पहचानें, उनके डिमांड ट्रेंड्स और पर-कैपिटा इंकम का अध्ययन करें। इसके बाद 40 ऐसे नए बाज़ार पहचाने गए जहाँ भारत की मौजूदगी बहुत कम थी, लेकिन संभावना बहुत ज्यादा है।

इसी सोच के साथ आज भारत 27 देशों के साथ FTA के जरिए नए बाज़ारों में मज़बूती से प्रवेश कर चुका है। हाल में च के साथ हुआ CETA समझौता इसका बड़ा उदाहरण है। इसका असर तुरंत दिखा और अप्रैल 2024 से 2025 के बीच UK को हमारे एक्सपोर्ट में 15 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज हुई। इसी तरह India–EFTA Agreement हमारे लिए लगभग 14 बिलियन डॉलर के प्रीमियम मार्केट का द्वार खोलता है।

सिर्फ़ एक साल में भारत के टेक्सटाइल एक्सपोर्ट 111 देशों में बढ़े, जिसमें 38 देशों में 50 प्रतिशत से ज़्यादा और 16 देशों में 25-50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। सबसे प्रेरक कहानी अर्जेंटीना की रही जो कभी भारत के लिए एक चैलेंजिंग मार्केट था, आज वहीं हमारे एक्सपोर्ट में 73 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। यह सभी प्रयास मिलकर यही दिखाते हैं कि भारत का टेक्सटाइल सेक्टर अब सिर्फ़ उद्योग तक सीमित नहीं, बल्कि देश की ताकत और आगे बढ़ने की क्षमता का बड़ा आधार बन चुका है। आज हमारा टेक्सटाइल सेक्टर नए विश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है, और आने वाले सालों में भारत दुनिया की प्रतिस्पर्धा में सबसे आगे खड़े होने की क्षमता रखता है। हमारा लक्ष्य साफ़ है भारत को ऐसा टेक्सटाइल हब बनाना जो भरोसेमंद, आधुनिक और आने वाले समय की जरूरतों के हिसाब से सस्टेनेबल भी हो।

-गिरिराज सिंह

(लेखक केंद्रीय वस्त्र मंत्री हैं।)

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर बहस जारी, राज्यसभा दूसरे दिन भी स्थगित


नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने आज यहां संसद में प्रधानमंत्री नरसिंह राव के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया जिस पर बहस जारी थी। प्रश्नोत्तर काल के तुरन्त बाद अध्यक्ष शिवराज पाटिल ने सदन को बताया कि भाजपा की तरफ से उनको पांच प्रस्ताव मिले है जिनमें से एक प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का है। श्री पाटिल ने भाजपा के इस प्रस्ताव पर बहस शुरु करवाने के लिए भाजपा नेता अटल बिहारी वाजपेई को बोलने के लिए कहा यह प्रस्ताव श्री वाजपेई व भाजपा नेता जसवंत सिंह की ओर पेश किया गया था। प्रश्नोत्तर काल के समाप्त होते ही जब अध्यक्ष ने इस प्रस्ताव के बारे में सदन को सूचित किया तो भाजपा सांसदों ने अपनी सीटों से खड़े होकर इसका अनुमोदन किया। दूसरी ओर राज्यसभा में सदन की कार्यवाही एक सप्ताह तक स्थगित रहने के बाद आज दूसरे दिन भी शोर शराबा के कारण नहीं चल पाई राज्यसभा की दोबारा ज्यों ही 12 बजे कार्यवाही शुरु हुई तो भाजपा सदस्यों ने तीनों सरकारों को बर्खास्त करने के विरोध में नारेबाजी शुरु कर दी। जिसे अध्यक्ष ने शोर शराबा के कारण सदन को कल तक के लिए स्थगित कर दिया। इसे पूर्व 11 बजे जैसे ही कार्यवाही शुरु हुई तो भाजपा के नेता सिकंदर बख्त ने अपने नेताओं की गिरफ्तारी व तीनों सरकारों को बर्खास्त करने का विरोध किया तो शोर शराबें के कारण प्रश्नोतर काल के दौरान कार्यवाही केवल 20 मिनट तक चल सकी जोकि दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी गई थी।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1398 - मंगोल सम्राट तैमूर लंग ने दिल्ली पर क़ब्ज़ा किया।
1556 - बादशाह अकबर के दरबार के प्रसिद्ध कवि रहीम का जन्म।
1645 - मुग़ल सम्राट जहांगीर की पत्नी नूरजहां बेगम का निधन।
1715 - सिखों के प्रमुख बंदा बहादुर बैरागी ने गुरुदासपुर में मुग़लों के सामने आत्मसमर्पण किया।
1777 - फ्रांस ने अमेरिकी स्वतंत्रता को मान्यता दी।
1803 - ईस्ट इंडिया कंपनी ने उड़ीसा पर क़ब्ज़ा किया।
1902 - इटली के प्रसिद्ध अविष्कारक मार्कोनी ने पहला रेडियो स्टेशन बनाया।
1907 - उग्येन वांगचुक भूटान के पहले वंशानुगत राजा बने।
1914 - पोलैंड के लिमानोव में आस्ट्रिया की सेना ने रूसी सेना को पराजित किया।
1920 - राजस्थान के सातवें पूर्व मुख्यमंत्री हरि देव जोशी का जन्म।
1925 - तत्कालीन सोवियत संघ और तुर्की ने एक दूसरे पर हमला न करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1927 - आस्ट्रेलिया के महान् बल्लेबाज सर डान ब्रेडमैन ने अपने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपने पहले ही मैच में शानदार 118 रनों की पारी खेली।
1929 - महान् क्रांतिकारी भगत सिंह और राजगुरू ने अंग्रेज़ पुलिस अधिकारी सांडर्स को गोली मारी।
1931 - भारत के इतिहास में काफ़ी महत्वपूर्ण है। इस दिन प्रोफेसर प्रशान्त चन्द्र महालनोबिस का सपना साकार हुआ और कोलकाता में 'भारतीय सांख्यिकी संस्थान' की स्थापना हुई।
1933 - भारत के दिग्गज क्रिकेटर लाला अमरनाथ ने अपने पदार्पण टेस्ट मैच में ही 118 रनों की बेहतरीन पारी खेली।
1940 - महात्मा गांधी ने व्यक्तिगत सत्याग्रह आंदोलन स्थगित किया।
1971 - भारत-पाक युद्ध समाप्त।

## बोल ब्यूटीफुल

**संजीव सान्याल:** आस्ट्रेलिया के एक अखबार ने अपनी हेडिंग में



आतंकियों के लिए बहुत कड़े शब्दों का इस्तेमाल किया है। दिलचस्प है कि जब खुद पर आती है तो पश्चिमी मीडिया आतंकियों को 'अध्यापक का गुमराह बेटा' या 'कम्युनिटी डाक्टर' नहीं करार देता।

**पंकज झा:** किसे पता था कि नितिन नवीन भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष हो सकते है। पीएम मोदी ने जातिगत फार्मूला तोड़कर नई शुरुआत की है। संदेश साफ है कि समर्पित कार्यकर्ता के लिए आंखों भर आकाश है। परिवार या गणेश परिक्रमा नहीं, बल्कि पार्टी के प्रति समर्पण ही इकलौती कसौटी है।

# परमाणु क्रांति 2.0 : निजी भागीदारी से आत्मनिर्भर भारत

अंधेरे पर नहीं, रोशनी पर टिकी है किसी राष्ट्र की असली ताक़त। वही रोशनी जो कारखानों को गति देती है, तकनीक को जीवन देती है और अर्थव्यवस्था को निरंतर आगे बढ़ाती है। भारत आज उसी रोशनी के एक नए युग के द्वार पर खड़ा है, जहां ऊर्जा की कमी विकास की रफ़्तार तय नहीं करेगी और पर्यावरण प्रगति की कीमत नहीं बनेगा। दिसंबर 2025 में कैबिनेट द्वारा मंजूर और लोकसभा में 15 दिसंबर को पेश किए गए शांति विधेयक (सस्टेनेबल हार्नेसिंग एंड एडवांसमेंट ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया) ने निजी निवेश के लिए परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को खोलने का मार्ग प्रशस्त किया है। यह मात्र एक विधेयक नहीं, बल्कि भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता, जलवायु नेतृत्व और आर्थिक महाशक्ति बनने की महत्वाकांक्षा का निर्णायक उद्घोष है। लंबे समय तक भारत का परमाणु ऊर्जा क्षेत्र नीतिगत जड़ता और सरकारी एकाधिकार की सीमाओं में कैद रहा। वर्ष 1962 का परमाणु ऊर्जा अधिनियम, राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक संवेदनशीलता के तर्कों के साथ, इस क्षेत्र को बाहरी भागीदारी से दूर रखता आया। इसका नतीजा यह हुआ कि आज भारत की परमाणु क्षमता महज़ 8.88 गीगावाट पर सिमटी है, देश के कुल बिजली उत्पादन में इसकी हिस्सेदारी तीन प्रतिशत से भी कम। उसी दौर में विकसित राष्ट्र परमाणु ऊर्जा को अपनी ऊर्जा सुरक्षा की रीढ़ बना चुके हैं, जबकि भारत कोयले पर अत्यधिक निर्भर बना रहा। इस निर्भरता ने न केवल पर्यावरणीय दबाव बढ़ाया, बल्कि आयातित ईंधन पर खर्च का बोझ भी भारी किया। शांति विधेयक इसी ठहराव को तोड़ने वाला निर्णायक हस्तक्षेप है। यह निजी कंपनियों को रिएक्टरों के निर्माण, संचालन और सहायक गतिविधियों में भागीदारी की अनुमति देता है, जबकि ईंधन उत्पादन और परमाणु कचरा प्रबंधन जैसे अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र सरकारी नियंत्रण में ही रहेंगे।

इस ऐतिहासिक फैसले के केंद्र में 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु क्षमता हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। यह लक्ष्य कोई साधारण संकल्प नहीं, बल्कि भारत की नेट-ज़ीरो 2070 प्रतिबद्धता की मजबूत आधारशिला है। कोयला आधारित बिजली पर निर्भरता घटाना, चौबीसों घंटे स्वच्छ और स्थिर बेसलोड ऊर्जा उपलब्ध कराना तथा भविष्य की तेज़ी से बढ़ती मांग को पूरा करना–ये सभी इसी लक्ष्य से गहराई से जुड़े हैं। अब तक सरकारी प्रयास इसलिए सीमित रहे क्योंकि परमाणु परियोजनाएँ अत्यंत पूंजी-गहन होती हैं; एक गीगावाट क्षमता स्थापित करने में हजारों करोड़ रुपये की आवश्यकता होती है। निजी क्षेत्र की भागीदारी न केवल विशाल निवेश को आकर्षित करेगी, बल्कि उन्नत वैश्विक तकनीकों का द्वार भी खोलेगी। विशेष रूप से छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) भारत के ऊर्जा परिदृश्य को बदल सकते हैं–जो फैक्ट्री में निर्मित होकर स्थल पर असेंबल होते हैं, जिससे निर्माण समय और लागत दोनों कम होंगे।



इस विधेयक की असली ताक़त इसकी संतुलित और दूरदर्शी सोच में निहित है। यह विस्तार और सुरक्षा के बीच किसी भी स्तर पर समझौता नहीं करता। विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की सीमा 49 प्रतिशत पर निर्धारित कर, नीति निर्माताओं ने तकनीकी सहयोग और पूंजी प्रवाह का मार्ग तो खोला है, लेकिन राष्ट्रीय संप्रभुता और रणनीतिक नियंत्रण को पूरी तरह सुरक्षित रखा है। नागरिक दायित्व अधिनियम, 2010 में प्रस्तावित संशोधन वर्षों से चली आ रही आपूर्तिकर्ताओं की आशंकाओं का समाधान करते हैं। दुर्घटना दायित्व से जुड़ी अनिश्चितता के कम होने से अब वैश्विक परमाणु कंपनियों के लिए भारत एक अधिक भरोसेमंद और आकर्षक निवेश गंतव्य बन सकता है। यह दृष्टिकोण अमेरिका और फ्रांस जैसे देशों के अनुभवों से प्रेरित है, जहाँ निजी भागीदारी ने परमाणु ऊर्जा को न केवल सुरक्षित, बल्कि व्यावसायिक रूप से भी सफल बनाया है।

फिर भी, यह यात्रा सहज नहीं, बल्कि चुनौतीपूर्ण है। सबसे बड़ी अड़चन बीमा संरचना की कमजोरी है। वर्तमान भारतीय परमाणु बीमा पूल मात्र 1,500 करोड़ रुपये का कवर प्रदान करता है, जो निजी संचालकों के जोखिम प्रोफ़ाइल के मुकाबले अपर्याप्त है। विशेष रूप से 'हॉट ज़ोन' अर्थात रिएक्टर क्षेत्रों की परिसंपत्तियों को बीमा दायरे में लाना अनिवार्य होगा, ताकि अंतरराष्ट्रीय पुनर्बीमा कंपनियों और वित्तीय संस्थानों का भरोसा जीता जा सके। विशेषज्ञों का मानना है कि व्यापक और विश्वसनीय बीमा सुरक्षा के बिना बड़े निवेशक कदम बढ़ाने से हिचकेंगे। दूसरी प्रमुख चुनौती ईंधन सुरक्षा की है। भारत वर्तमान में अपनी यूरेनियम आवश्यकताओं का लगभग 70 प्रतिशत आयात करता है, जो दीर्घकालिक ऊर्जा रणनीति के लिए जोखिमपूर्ण है। ऐसे में थोरियम-आधारित परमाणु तकनीक भारत के लिए गेम-चेंजर सिद्ध हो सकती है, क्योंकि विश्व के सबसे बड़े थोरियम भंडार हमारे पास हैं। उन्नत परमाणु ईंधन (एएनईएल) जैसे प्रयोग यदि सफल होते हैं, तो वे न केवल यूरेनियम पर निर्भरता घटाएंगे, बल्कि भारत को परमाणु ईंधन तकनीक में वैश्विक अग्रणी भी बना सकते हैं। मानव संसाधन का सुदृढ़ीकरण इस परिवर्तन की अनिवार्य शर्त है। परमाणु क्षेत्र में विश्व-स्तरीय इंजीनियरों, वैज्ञानिकों और कुशल तकनीशियनों की कमी लंबे समय से इसकी गति को सीमित करती रही है। निजी भागीदारी के साथ प्रशिक्षण संस्थानों का विस्तार, अत्याधुनिक अनुसंधान केंद्रों की स्थापना और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को नई धार मिलेगी। साथ ही, परियोजनाओं की लंबी समय-सीमा को मौजूदा 11ङ्क12 वर्षों से घटाकर छहङ्कसात वर्ष तक लाना आवश्यक होगा, जिसके लिए पेशेवर प्रबंधन, दक्ष आपूर्ति श्रृंखला और समयबद्ध निर्णय प्रक्रिया अपरिहार्य हैं। ये सुधार केवल क्षमता विस्तार तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि परमाणु ऊर्जा को लागत और विश्वसनीयता दोनों के लिहाज़ से प्रतिस्पर्धी बनाएंगे।

यह विधेयक भारत को वैश्विक परमाणु परिदृश्य में एक नई पहचान देगा। जिस समय चीन और रूस तेज़ी से अपनी परमाणु क्षमता बढ़ा रहे हैं, भारत अब निजी नवाचार और पूंजी की शक्ति के साथ इस रणनीतिक दौड़ में निर्णायक प्रवेश कर रहा है। यह ऊर्जा सुरक्षा का ठोस आश्वासन है–जो आयातित जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घटाएगा, मुद्रास्फीति पर दबाव कम करेगा और ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों तक भरोसेमंद बिजली सुनिश्चित करेगा। जलवायु परिवर्तन के इस निर्णायक दौर में परमाणु ऊर्जा सबसे स्वच्छ और स्थिर बेसलोड स्रोत के रूप में उभरती है, जो कार्बन उत्सर्जन में भारी कटौती का मार्ग प्रशस्त करेगी।

शांति विधेयक मात्र एक कानूनी प्रावधान नहीं, बल्कि भारत की उस दीर्घकालिक सोच का उद्घोष है जहाँ विकास और सुरक्षा एक-दूसरे के पूरक हैं, और निजी उद्यमिता राष्ट्रीय लक्ष्यों को गति देती है। यदि इसका क्रियान्वयन दूरदर्शिता और अनुशासन के साथ हुआ–बीमा, ईंधन और मानव संसाधन से जुड़ी चुनौतियों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया गया तो यह पहल भारत को स्वच्छ ऊर्जा महाशक्ति बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर सिद्ध होगी। आने वाले दशकों में, जब 100 गीगावाट की परमाणु ऊर्जा से प्रकाशित एक विकसित भारत की कल्पना साकार होगी, तब यही विधेयक उस परिवर्तनकारी यात्रा के प्रथम अध्याय के रूप में स्मरण किया जाएगा। यह केवल ऊर्जा क्रांति नहीं, बल्कि भारत की संप्रभु शक्ति और आत्मनिर्भरता के नए सूर्योदय की घोषणा है–जो अंधकार को पीछे छोड़ उजाले की नई सुबह रच रहा है।

# उप मुख्यमंत्री ने बीटन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया लोकार्पण

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मंगलवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र के बीटन में 3.69 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित श्री सतगुरु लाल दास ब्रह्मानंद भूरीवाले गरीबदासीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया। 10 बिस्तरों की क्षमता वाले इस स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों व अन्य स्टाफ के लिए आवासीय सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई गई हैं। लोकार्पण अवसर पर वेदांताचार्य श्री सतगुरु चेतनानंद महाराज भूरीवाले जी की विशेष उपस्थिति रही। उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जनसुविधा के दृष्टिगत शीघ्र एक्स-रे मशीन स्थापित करने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए ठोस और निर्णायक कदम उठाए गए हैं। हरोली अस्पताल में 15 विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात किए गए हैं। बीटन, कुंगड़त और दुलैहड़ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा कुठार और बालीवाल में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए गए हैं। पूरे क्षेत्र में वर्तमान में 35 डॉक्टर जनता की सेवा में कार्यरत हैं।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि हरोली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत संतोषगढ़ङ्क्षजैजों सड़क का 500 करोड़ रुपये की लागत से स्तरोन्नयन किया जाएगा। पीएम गति शक्ति परियोजना के तहत इसकी डीपीआर तैयार कर ली गई है। इस परियोजना के माध्यम से बल्क ड्रग पार्क तक फोरलेन कनेक्टिविटी विकसित की जाएगी। अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली विस क्षेत्र के हर आंगन, हर गली और हर खेत तक पानी पहुंचाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम किया गया है। विशेष कर कभी पानी को किल्लत झेलने वाले बीत क्षेत्र में नई योजनाएं लाकर पानी का काम किया गया है।इसका ही परिणाम है कि कभी जल संकट से जूझने वाला बीत क्षेत्र आज पेयजल और सिंचाई दोनों सुविधाओं से संपन्न होनेंके साथ नकदी फसलों का गढ़ बन गया है।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि पोलियां में 50 लाख लीटर तथा दुलैहड़ में 25 लाख लीटर क्षमता के जल भंडारण टैंक तैयार किए गए हैं।

### 175 करोड़ की नई पेयजल योजना*

उन्होंने कहा कि विभोर साहिब से पोलियां बीत तक 175 करोड़ रुपये की नई पेयजल योजना तैयार की जा रही है। क्षेत्र के लगभग प्रत्येक गांव में ट्यूबवेल स्थापित किए जा चुके हैं। अब तक 218 ट्यूबवेल लगाए जा चुके हैं तथा शेष आवश्यकताओं को भी शीघ्र पूरा किया जाएगा।

### सड़क उन्नयन के लिए 48.69 करोड़

उप मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि जेजों मोड़ से टाहलीवाल चौक वाया भाई का मोड़ लिंक रोड के स्तरोन्नयन हेतु 48.69 करोड़ रुपये की स्वीकृति केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि के अंतर्गत प्रदान की गई है। इस परियोजना के तहत लगभग 17.50 किलोमीटर लंबे मार्ग का उन्नयन किया जाएगा तथा पालकवाह, कांगड़ और बढ़ेड़ा में तीन महत्वपूर्ण पुलों का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे यातायात सुगमता और सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार होगा।

दुलैहड़ और पोलियां में 66 करोड़ रुपये की लागत से पाइपलाइन बिछाने और कनेक्शन प्रदान करने का कार्य पूरा किया गया है।

इसके अतिरिक्त अमराली में 25 मीटर ऊंचाई पर 25 लाख लीटर क्षमता का जल भंडारण टैंक निर्माणाधीन है, जिसके नीचे लोगों के लिए कॉफी हाउस जैसी सुविधा विकसित की जाएगी। यह 24 करोड़ रुपये की परियोजना है, जिसमें टैंक निर्माण पर 6 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 75 करोड़ रुपये की लागत से उठाऊ पेयजल योजना 'बीत एरिया फेज-2' पर कार्य तीव्र गति से जारी है। इसके अंतर्गत स्वां नदी से पानी उठाकर पालकवाह में 11 लाख लीटर क्षमता के टैंक तक पहुंचाया जाएगा, जहां से 43 किलोमीटर मुख्य पाइपलाइन और 80 किलोमीटर वितरण प्रणाली के माध्यम से 28 गांवों की लगभग 50 हजार कनाल भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में तालाबों के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण हेतु 20 करोड़ रुपये प्रदान किए गए हैं। हीरां और बीटन पंचायतों में तालाब पुनरुद्धार के लिए हाल ही में 2-2 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। बीटन में खेल मैदान के विकास के लिए 1.50 करोड़ रुपये तथा दुलैहड़ में पार्क निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपये प्रदान किए गए हैं।

बीटन में भी उपयुक्त भूमि उपलब्ध होते ही पार्क निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि वह पूर्ण विकसित हरोली के निर्माण के लिए संकल्पबद्ध हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पुल, पानी और बिजली के क्षेत्र में हुए अभूतपूर्व कार्यों ने हरोली को विकास का मॉडल क्षेत्र बना दिया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वे हरोली विधानसभा की जनता से मिले अपार स्नेह और आशीर्वाद के लिए ऋणी हैं। जनता के सहयोग से वे लगातार पांचवीं बार विधानसभा पहुंचे हैं और क्षेत्र का समग्र विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने बताया कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। वर्तमान में यहां 33 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संचालित हैं। धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण और सुविधा विस्तार हेतु मंदिर प्रबंध समितियों को लाखों रुपये की राशि जारी की गई है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बल्क ड्रग पार्क परियोजना के साकार होने से हरोली का बीत क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाएगा।

## मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नादौन-हमीरपुर-घुमारवीं-दिल्ली वॉल्वो बस सेवा का शुभारंभ किया



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर में आयोजित चिट्टा विरोधी मेगा वॉकथॉन के उपरांत हिमाचल पथ परिवहन निगम की नादौन-हमीरपुर-घुमारवीं-दिल्ली वॉल्वो बस सेवा का शुभारंभ किया। यह बस रोजाना सुबह 7 बजे नादौन से चलेगी। इसका हमीरपुर से चलने का समय 8 बजे, घुमारवीं से 9 बजे और चंडीग? से 11:40 होगा तथा यह शाम को 4:40 पर दिल्ली पहुंचेगी। वापसी में यह बस दिल्ली से सुबह 8:30 बजे चलेगी और शाम को 6:30 बजे नादौन पहुंचेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को आधुनिक, पर्यावरण अनुकूल और जन सुलभ बनाने के लिए अनेक महत्त्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए यात्रा शुल्क का भुगतान अब यूपीआई, डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड के माध्यम से संभव है। हिमाचल पथ परिवहन निगम देश का ऐसा पहला राज्य परिवहन उपक्रम बन गया है जिसने नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड सुविधा आरंभ की है। इस कार्ड से दिल्ली मेट्रो, दिल्ली परिवहन निगम, हरियाणा रोडवेज तथा पश्चिम मुंबई की बसों सहित पूरे देश में यात्रा की जा सकेगी। रियायती और मुफ्त यात्रा के लिए हिम बस कार्ड, हिम बस प्लस कार्ड और ग्रीन कार्ड जैसी सुविधाएं भी प्रदान की गई हैं। परिवहन निगम के बे? में 297 नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल की जा रही हैं। 25 स्टेट ऑफ द आर्ट वॉल्वो बसों को परिवहन बे? में शामिल करने से निगम में वॉल्वो बसों की संख्या ब?कर 98 हो गई है। 50 टेंपो ट्रैवलर और 24 सुपर ल?जरी बसें भी खरीदी गई हैं। 250 डीजल बसें, 100 मिनी बसें और चार क्रेनों की खरीद प्रक्रिया प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 234 नए बस रूट जारी किए जा रहे हैं तथा 18 सीटर तक के टेंपो ट्रैवलर वाहनों के संचालन के लिए 350 नए परमिट आवंटन की प्रक्रिया जारी है। ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हरित परिवहन को प्रोत्साहन देने के लिए छह ग्रीन कॉरिडोर पर 88 पेट्रोल पंप और 41 स्थलों में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन विकसित किए जा रहे हैं।

# नितिन नबीन की नियुक्ति यानी, अब काम बोलेगा, नाम नहीं : पंडित डोगरा

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण और संकेतात्मक दिन के रूप में दर्ज हो गया, जब भारतीय जनता पार्टी ने नितिन नबीन को पार्टी का 15वां राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त कर राजनीतिक हलकों को चौंका दिया। यह निर्णय केवल एक संगठनात्मक नियुक्ति नहीं, बल्कि मोदी युग की राजनीति के अगले चरण की स्पष्ट घोषणा माना जा रहा है।

जाने माने अंक ज्योतिषाचार्य एवं वशिष्ठ ज्योतिष सदन के अध्यक्ष पंडित शशि पाल डोगरा ने इस नियुक्ति की पूरी अंक गणना कर एक विश्लेषण किया है। उनकी गणना कहती है कि इस नियुक्ति की तारीख और नितिन नबीन का व्यक्तित्व, दोनों ही कई गहरे संकेत देते हैं। 14 दिसंबर का योग (1+4) = 5, जिसे बुध का अंक माना जाता है। यह अंक युवाओं, रणनीति, संवाद और तेज़ निर्णयों का प्रतीक है। नितिन नबीन की जन्मतिथि 23 मई 1980 है। जन्मतिथि का मूलांक (2+3) = 5 आता है, जो फिर से बुध का ही संकेत देता है। यह संयोग बताता है कि संगठन को चलायमान रखने, मीडिया और मैसेज मैनेजमेंट तथा रणनीतिक संवाद में उनकी भूमिका अहम होगी। अंक शास्त्र के अनुसार, मूलांक 5 वाला नेता आदेश थोपने के बजाय रणनीति से पूरा खेल पलटने की क्षमता रखता है। ऐसे नेता तेज़ फैसले लेते हैं और अचानक बदलावों से विरोधियों को चौंका देते हैं।

पंडित डोगरा ने अंक गणना के मुताबिक कहा कि नितिन नबीन के नाम से बनने वाला नामांक 7 (केतु) संगठन में पर्दे के पीछे होने वाले बड़े बदलावों, अचानक फैसलों और कुछ चेहरों के अप्रत्याशित उदय व पतन का संकेत देता है। यह अंक स्थायित्व से अधिक परिवर्तन का प्रतीक माना जाता है, जहां परिवर्तन ही स्थायी नियम बन जाता है।

उधर, यदि पूरी तिथि 14.12.2025 का योग किया जाए (1+4+1+2+2+0+2+5 = 17, यानी 8), तो यह शनि का अंक बनता है। शनि का संदेश स्पष्ट है।

यानी, कठोर अनुशासन, जवाबदेही, संगठन पर मजबूत पकड़, भावनाओं के लिए कम और परिणामों के लिए अधिक स्थान है। वह साथ ही कहते हैं? कि अंक 8 सत्ता तो देता है, लेकिन उसकी कीमत भी पूरी तरह वसूलता है। पंडित शशिपाल डोगरा के अनुसार, इस नियुक्ति का असर हिमाचल प्रदेश भाजपा पर भी स्पष्ट रूप से देखने को मिलेगा।

## हथियारों की नोक पर लूट शिमला के सेब व्यापारी से लुधियाना में वारदात

**शिमला/लुधियाना।** शिमला से आए एक सेब व्यापारी को लुधियाना में चार हथियारबंद बदमाशों ने सरेआम लूट की घटना को अंजाम दिया, जिससे पीड़ित गहरे सदमे में है। हिमाचल के शिमला निवासी चिरंजी लाल, जो अपनी सेब की बकाया राशि लेने दो दिन पहले महानगर की सब्जी मंडी पहुँचे थे। सोमवार की रात लगभग 10 बजे, ढाबे पर भोजन करने के बाद जब वह अपने होटल की ओर लौट रहे थे, तभी गली के मोड़ पर चार हमलावरों ने उन्हें घेर लिया।

बदमाशों ने कारोबारी को पिस्तौल दिखाकर डराया-धमकाया और जान से मारने की धमकी देकर उनके पास मौजूद 45,000 की नकदी छीन ली।

इस अचानक हुए हमले और हथियार के डर से चिरंजी लाल इस कदर घबराए हुए हैं कि उन्होंने अभी तक पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की हिम्मत नहीं जुटाई है।

# तानाशाही सोच, सत्ता के घमंड के खुले दुरुपयोग पर न्यायालय ने करारी हार की लगाई मुहर

अर्थ प्रकाश/ संदीप उपाध्याय





**शिमला।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार की तानाशाही सोच, सत्ता के घमंड और लोकतांत्रिक संस्थाओं के खुले दुरुपयोग पर आज न्यायालय ने करारी हार की मुहर लगा दी है। यंग इंडियन मामले में कांग्रेस नेतृत्व सोनिया गांधी और राहुल गांधी के विरुद्ध प्रवर्तन निदेशालय द्वारा चलाई गई पूरी कार्रवाई को अदालत ने अवैध, असंवैधानिक और दुर्भावना से प्रेरित बताया है।

अदालत ने साफ शब्दों में कहा है कि ईडी के पास न तो कोई वैध एफआईआर है और न ही इस मामले में कोई अधिकार क्षेत्र। बिना एफआईआर के केस गढ़ना केंद्र सरकार की हताशा और राजनीतिक डर को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि यह फैसला साबित करता है कि ईडी को भाजपा का चुनावी हथियार बना दिया गया था।

पिछले दस वर्षों से मोदी सरकार जिस तरह विपक्ष को डराने, कुचलने और चुप कराने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है, आज उस राजनीति की सरेआम पोल खुल गई है। यह कोई जांच नहीं, बल्कि बदले की राजनीति थी और आज वह राजनीति अदालत में ध्वस्त हो गई। उन्होंने कहा कि इस मामले में न तो मनी लॉन्ड्रिंग हुई, न कोई अवैध आय सामने आई और न ही संपत्ति के किसी गैरकानूनी हस्तांतरण का कोई प्रमाण मिला। सारे आरोप झूठ, भ्रम और साज़िश पर आधारित थे, जिनका उद्देश्य सिर्फ लोकतंत्र की आवाज़ को दबाना था। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को अब देश से माफी मांगनी चाहिए कि उसने कानून की संस्थाओं को बंधक बनाकर विपक्षी नेताओं को बदनाम करने की साजिश रची। भाजपा को यह समझ लेना चाहिए कि डर, एजेंसी और झूठ के सहारे लोकतंत्र को लंबे समय तक कुचला नहीं जा सकता। कांग्रेस पार्टी और उसका नेतृत्व संविधान, लोकतंत्र और देश की जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष करता रहेगा। हम न डरेंगे, न झुकेंगे और न ही चुप बैठेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजयुमो ऊना में चलाएगा 'वन बूथ टेन यूथ' कार्यक्रम

**ऊना (रोहित शर्मा)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ऊना विधानसभा क्षेत्र में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करने के उद्देश्य से 'वन बूथ-टेन यूथ' कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ 17 दिसंबर बुधवार से किया जाएगा। अभियान के तहत प्रत्येक बूथ पर 10-10 सक्रिय युवाओं को युवा मोर्चा की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, ताकि संगठन की गतिविधियों को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सके। ऊना मंडल भाजयुमो अध्यक्ष साहिल बाली और बसदेहड़ा मंडल अध्यक्ष हरप्रीत सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को संगठन से जोड़ते हुए केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू की गई नीतियों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बूथ स्तर पर संपर्क अभियान चलाकर सरकार की उपलब्धियों, विकास कार्यों और सामाजिक योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएंगे। साहिल बाली व हरप्रीत सिंह ने कहा कि वन बूथ टेन यूथ कार्यक्रम से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होगी।

### 2023 से अब तक केन्द्र सरकार ने जारी की 3000 करोड़ की राशि : आदित्य विक्रम सिंह



**कुल्लू 16 दिसंबर (अशेष शर्मा)।** से अब तक केन्द्र सरकार ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों की के लिए जारी की 3000 करोड़ की राशि की है यह जानकारी प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य आदित्य विक्रम सिंह ने कुल्लू में एक पत्रकार वार्ता के दौरान दी। उन्होंने ने बताया कि शिमला में भाजपा पार्टी कार्यालय के शीलान्यास अवसर पर केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने इस राशि का पूरा ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को केंद्र सरकार का आभारी होना चाहिए परन्तु वोह हर रोज केंद्र ने मदद न मिलने का रोना रो रही है। उन्होंने ने प्रेस वार्ता में आज कुल्लू विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी लगघाटी की चार सड़को का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि आज भी इन सड़कों पर बसें नहीं चल रही हैं। उन्होंने ने सरकार से आग्रह किया कि इस सड़कों पर जो कार्य बचा है वोह शीघ्र पूर्ण करके इन सड़कों को बस के चलने योग्य बनाया जाए। कुल्लू विधानसभा क्षेत्र की पीज सड़क के लिए उन्होंने स्थानीय विधायक से आग्रह किया कि लोगों की जो समस्याएं हैं उन्हें तुरंत प्रभाव से दूर करें ताकि इस सड़क पर भी बस सुविधा शुरू हो।भूत नाथ पुल को ले कर आदित्य विक्रम ने बताया कि स्थानीय विधायक ने तो पूर्व सरकार में इस पुल की अर्थी तक निकली थी और अपनी सरकार आते ही इस पुल को फिर से बड़े वाहनों के लिए बहाल करने की बात कही थी,परंतु तीन बर्ष बीत जाने पर भी उनका यह वायदा पूरा नहीं हुआ। उन्होंने लगघाटी से जो कुल्लू शहर के लिया पानी की पाइप बिछी है उसके उचित रख रखाव की भी बात उठाई ताकि अधिक बारिश में इस लाइन को क्षति न पहुंचें।

# पात्र बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुंचाना सामूहिक उत्तरदायित्व : नरेंद्र

अर्थ प्रकाश/पवन कौशल



**नालागढ़।** उपमण्डलाधिकारी नालागढ़ नरेंद्र आहलूवालिया ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। नरेंद्र आहलूवालिया आज नालाग? में पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

नरेंद्र आहलूवालिया ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाकर क्षेत्र को पूर्ण रूप से पोलियो मुक्त बनाए रखना है।

उपमण्डलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक पात्र बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुंचाना उपमण्डल प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग का सामूहिक उत्तरदायित्व है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के दौरान शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित बनाएं और किसी भी बच्चे को टीकाकरण से वंचित न रहने दिया जाए।

नरेंद्र आहलूवालिया ने निर्देश दिए कि सभी बूथों पर आवश्यक दवाइयों, प्रशिक्षित कर्मियों तथा मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि अभिभावकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने कहा कि 21 दिसंबर, 2025 को सभी निर्धारित बूथों पर पोलियो ड्रॉप्स पिलाए जाएंगे। 22 एवं 23 दिसंबर, 2025 को घर-घर जाकर शेष बच्चों को पोलियो की दवा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि डोर-टू-डोर अभियान के दौरान झुग्गी-झोपं?ियों, निर्माण स्थलों तथा प्रवासी श्रमिकों के आवासीय क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए गठित 06 चलित टीमें सक्रिय रूप से कार्य करेंगी। यह टीमें उपमंडल नालाग? में चिन्हित 52 संवेदनशील एवं अति संवेदनशील स्थलों पर 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाएंगी। उपमण्डलाधिकारी ने कहा कि नालाग? बस अड्डा तथा पंजाब राज्य की सीमा पर स्थित ढेरोवाल में दो ट्रांजिट प्वाइंट स्थापित किए जाएंगे। इन ट्रांजिट प्वाइंट्स पर बसों से यात्रा करने वाले यात्रियों के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की खुराक उपलब्ध करवाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा केवल स्थान परिवर्तन या यात्रा के कारण टीकाकरण से वंचित न रहे, इसके लिए ट्रांजिट प्वाइंट्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नरेंद्र आहलूवालिया ने संबंधित अधिकारियों को पल्स पोलियो अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों की प्रार्थना सभाओं, आंगनवा?ी केंद्रों, आशा वर्करों, स्वयं सहायता समूहों तथा पंचायत स्तर पर लोगों को पोलियो टीकाकरण की तिथि एवं इसके महत्व के बारे में व्यापक रूप से जागरूक किया जाए। उन्होंने प्रवासी कामगारों को विशेष रूप से जागरूक करने पर भी बल दिया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के उपरांत ऐसे बच्चों एवं उनके अभिभावकों की पहचान की जाए, जो किसी कारणवश निर्धारित तिथियों पर टीकाकरण नहीं करवा पाए हों।

# भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों सहित प्रो. प्रेम कुमार धूमल से की शिष्टाचार भेंट

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) जिला शिमला के जिला अध्यक्ष सुमित ठाकुर ने महामंत्री अक्षय गौतम एवं उपाध्यक्ष अजय शर्मा सहित हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल से उनके समीरपुर स्थित निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रदेश व संगठन से जुड़े समसामयिक विषयों, युवाओं की भूमिका तथा भाजपा की संगठनात्मक मजबूती को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र और संगठन की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। उभाजयुमो ने हमेशा राष्ट्रहित, संगठन हित और समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाई है। प्रो. धूमल ने युवाओं से आह्वान किया कि वे जनसेवा, अनुशासन और वैचारिक स्पष्टता के साथ कार्य करते हुए भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। भाजयुमो जिला अध्यक्ष सुमित ठाकुर ने कहा कि प्रो. प्रेम कुमार धूमल का मार्गदर्शन युवा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने बताया कि जिला शिमला में भाजयुमो युवाओं को जोड़ने, संगठन विस्तार और रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से जनसंपर्क को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

# भुवनेश्वर में हिमाचल के टूरिज्म पर चर्चा, हिमाचली नाटी ने मोहा मन



अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित दूसरे इंटरनेशनल यूथ कॉनक्लेव फॉर टूरिज्म डेवलपमेंट में सोलन के पांच सदस्य भाग ले रहे हैं। इसमें सोलन कॉलेज की दो छात्रा रीतिका ठाकुर और शगुन और धर्मपुर कॉलेज के पूर्व छात्र नवीन शर्मा और नीतिश भट्टी नेशनल यूथ प्रोजेक्ट हिमाचल के कोर्डिनेटर यशपाल कपूर के नेतृत्व में भाग ले रहे हैं। यशपाल कपूर ने बताया कि ये कॉन्क्लेव 14से 16 दिसम्बर तक चला ।इसमें हिमाचल प्रदेश की संस्कृति और टूरिज्म पर भी विस्तार से चर्चा होगी। साथ ही स्मार्ट टूरिज्म, रूरल टूरिज्म, यूथ टूरिज्म पर भी चर्चा होगी। साथ ही देश विदेश से आए मेंबर्स को हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से भी हिमाचल की समृद्ध संस्कृति के दर्शन भी करवाए जाएंगे।

इंटरनेशनल यूथ कॉनक्लेव का आयोजन प्रोजेक्ट पॉइंट्स उड़ीसा और विश्व युवा दिल्ली नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इसमें विशेषज्ञों ने इको टूरिज्म और टूरिज्म स्पिरिचुअल, विलेज टूरिज्म समेत पर्यटन के विभिन्न पहलू पर चर्चा की।

कार्यक्रम

## भोजआंजी सीसे स्कूल ने मनाया वार्षिक समारोह

# नीरज बेस्ट बॉय, जैस्मिन हाउस को मिला श्रेष्ठ हाउस का पुरस्कार

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन।** सोलन के सीनियर सेकेंडरी भोजआंजी स्कूल क्लस्टर का वार्षिक समारोह मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष नीरजको बेस्ट बॉय और चांदनी को बेस्ट गर्ल का पुरस्कार मिला, वहीं जैस्मिन हाउस को मिला श्रेष्ठ हाउस का पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस मौके पर भारती एयरटेल फाउंडेशन, हिमाचल प्रोजेक्ट समन्वयक मनदीप सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि इसी साल इस स्कूल से सेवानिवृत्त हुए प्रिंसिपल ललित शर्मा विशेष अतिथि रहे। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष कविता और अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।


सीनियर सेकेंडरी भोजआंजी स्कूल क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले जीसीपी भोज आंजी , प्राइमरी स्कूल भोज आंजी, प्राइमरी स्कूल चिल्लरी एवं प्राइमरी स्कूल नगाली के छात्र-छात्राओं ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्कूल की कार्यकारी प्रिंसिपल कल्पना परमार ने सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया। स्कूल के सीनियर प्रवक्ता योगिन्द्र गुप्ता ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और स्कूल की गतिविधियों की उपस्थित सभी लोगों जानकारी दी।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम ने मोहा मन :** कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों के बच्चों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोहा। इनमें लोक नृत्य, गीत, नाटक की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया और कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस मौके पर मुख्य अतिथि मनदीप सिंह ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं सामाजिक मूल्यों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया।

मुख्य अतिथि ने बच्चों के आत्मविश्वास, प्रतिभा एवं रचनात्मकता की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके बाद जिसके लिए उन्हें सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य ललित शर्मा ने बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। मुख्य अतिथि और विशेष अतिथि ने स्कूल के होनहारद बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। हाउस गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जैस्मिन हाउस को ऑल राउंड बेस्ट हाउस घोषित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापकगण, अभिभावक तथा स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## देवशाली ने चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड की रेगुलर मीटिंग्स बुलाने का आग्रह किया



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड के गैर-सरकारी सदस्य और पूर्व पार्षद शक्ति प्रकाश देवशाली ने बोर्ड के चेयरमैन को पत्र लिखकर पारदर्शिता, प्रभावी संचार और आवास से संबंधित सार्वजनिक मुद्दों के समय पर समाधान को सुनिश्चित करने के लिए नियमित अंतराल पर बैठकें बुलाने का आग्रह किया है। देवशाली ने बताया कि चंडीगढ़ प्रशासन के माननीय प्रशासक द्वारा 30 अक्टूबर 2024 को गठित बोर्ड के सदस्यों ने गठन के बाद से केवल एक बैठक की है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों और विकास कार्यों के बारे में सदस्यों को अक्सर बोर्ड से आधिकारिक संचार के बजाय समाचार पत्रों के माध्यम से पता चलता है। बोर्ड की तत्काल बैठक बुलाने का आह्वान करते हुए, देवशाली ने इस बात पर जोर दिया कि चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड के भीतर एक संरचित और पारदर्शी संचार तंत्र सूचित निर्णय लेने, प्रभावी शासन और चंडीगढ़ के नागरिकों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए आवश्यक है।

### एचएसवीपी 3 माह से शहरी स्थानीय निकाय से कर रहा पत्राचार, दोनों विभागों के एसीएस की बैठक का प्रस्ताव सरकार को भेजा

# 11 सीएचसी सेंटर यूएलबी को सौंपने की तैयारी

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



**पंचकूला।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का चेयरमैन रहते पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पंचकूला वासियों को डोर स्टेप पर सुविधा देने के लिए सिटिजंस फेसिलिटेशन सेंटर बनाए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। जिसके बाद एचएसवीपी की ओर से शहर में 11 सेंटरों का निर्माण तो कर दिया, मगर इनके संचालन की बात आगे नहीं बढ़ सकी। अब इन सीएचसी सेंटरों के संचालन की फिर से प्लानिंग हो रही है। एचएसवीपी की तरफ से सभी सेंटरों को शहरी स्थानीय निकाय विभाग को सौंपने की तैयारी चल रही है। संभावना जताई जा रही है कि इस महीने यह बात सिरे चढ़ सकती है।


एचएसवीपी पिछले 4 महीनों से लगातार सेंटरों की ट्रांसफर के लिए यूएलबी से पत्राचार कर रहा है, मगर अभी तक यूएलबी की तरफ से कोई बात सिरे नहीं चढ़ पाई है। अब यह मामला हरियाणा सरकार के पास पहुंच चुका है। एचएसवीपी ने यह मामला एसीएस के माध्यम से उठाए जाने का प्रस्ताव भेजा है, ताकि दोनों विभागों के एसीएस इस पर शीघ्र फैसला लेकर सेंटरों का संचालन सुनिश्चित कर सकें।

बता दें कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में इन सेंटरों के निर्माण को मंजूरी दी गई थी। करीब 15 से 16 लाख रूपए की लागत से बनाए गए प्रत्येक सिटिजंस फेसिलिटेशन सेंटर के निर्माण के पीछे लोगों को बिजली, पानी, सरकारी दस्तावेज जमा करने, सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए योजना का हिस्सा बनने और शिकायतों का निवारण करना उद्देश्य था। इसी मकसद से सेक्टर 16 और औद्योगिक क्षेत्रों समेत शहर के विभिन्न हिस्सों में ये सेंटर बनाए गए हैं। रेजिडेंट्स लंबे अरसे से इन सेंटरों के संचालन का इंतजार कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि इन सेंटरों को केवल बना कर छोड़ना था तो लाखों रुपए क्यों व्यर्थ किए गए थे। रेजिडेंट्स ने बताया कि नगर निगम और अन्य विभागों से जुड़े कामों को निपटाने के लिए उन्हें मीलों दूर जाना पड़ता है। मगर सीएससी सेंटरों के निर्माण कर इन्हें अधूरा छोड़ दिया गया।



सिटिजंस फेसिलिटेट सेंटरों को लोगों की सुविधा के लिए बनाया गया था, उल्टा परेशानी बढ़ गई है। हमें दूर सेक्टरों में एचएसवीपी, नगर निगम, प्रशासन या पीएमडीए कार्यालय जाना पड़ता है।

*सुशील कुमार गुप्ता, रेजिडेंट्स*



एचएसवीपी ने सीएचसी सेंटरों का निर्माण कर दिया है। लोगों को सालों से इनके संचालन का इंतजार करना पड़ रहा है। ऐसी कौन सी तकनीकी बाधा है जो अभी तक इनका संचालन शुरू नहीं हो पाया।

*सुभाष पपनेजा, रेजिडेंट*



अक्सर महिलाएं घर में रहती हैं और चाहती हैं कि बिजली-पानी, हाउस टैक्स, कम्युनिटी सेंटर की बुकिंग करनी हो तो समय रहते खुद निपटा लें। सरकार ने रेजिडेंट्स के लिए सीएचसी सेंटर बना कर सहूलियत देने का अच्छा फैसला लिया था, लेकिन अब तक यह सपना बना हुआ है।

*शिप्रा मक्कड़, रेजिडेंट*

सीएचसी सेंटरों का निर्माण कर सभी को यूएलबी को सौंपना था। ऐसी प्लानिंग की गई थी। एचएसवीपी के एसीएस और यूएलबी के एसीएस के बीच इस संबंध में फैसले के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। उम्मीद है कि अगले 10-15 दिनों में सेंटरों के संचालन पर फैसला हो जाएगा।

*अशोक कुमार राणा, एक्सइन एचएसवीपी*



## नगर काउंसिल ने नयागांव से हटवाया अतिक्रमण, सामान जब्त

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** आज 16-12-2025 को कार्यकारी अधिकारी मनप्रीत सिंह, नगर काउंसिल, नयागांव के आदेशानुसार मेन बाजार में दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर अपने सामान का डिस्प्ले करके रास्ते पर कब्जा करने से हमेशा जाम लगा रहता है। जिससे राहगीरों को आने ङ्क जाने में परेशानी का सामना करना पडता है । जिस कारण दुकानों के बाहर रखा सामान जब्त कर लिया गया और जो लोग रेहड़ी लगाते हुए पकड़े गए, उनके खिलाफ सख्त एक्शन लिया गया। अब से रेहड़ी वालों को मेन मार्केट में रेहड़ी न लगाने की सलाह दी गई । यह एक्शन नगर काउंसिल, नयागांव के सुपरिटेंडेंट ऑफ सैनिटेशन, श्री जंग बहादुर सिंह जी ने लिया है और दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई है कि अगर दोबारा सामान रखा गया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर काउंसिल, नयागांव के सुपरिटेंडेंट ऑफ सैनिटेशन, श्री जंग बहादुर सिंह जी ने बताया कि बाजार से अतिक्रमण (द्गठ्ठष्द्ध्श्ड्डष्द्धद्वद्गठ्ठह्ल) को हटाने का मतलब है सार्वजनिक या निजी भूमि पर अवैध कब्ज़े को कानूनी हटाना, जिसके लिए सरकारी विभागों (जैसे राजस्व विभाग) द्वारा नोटिस, जांच और बेदखली की प्रक्रिया अपनाई जाती है।

## भाजपा एक भी घुसपैठिये को मतदान का अधिकार नहीं देने देगी : नवीन गर्ग

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई



**पंचकूला, 16 दिसंबर।** भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी नवीन गर्ग ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष सैक?ों बार भी सदन का बहिष्कार करेगा, फिर भी भारतीय जनता पार्टी एक भी घुसपैठिये को मतदान का अधिकार नहीं देगी। उन्होंने कहा कि भारत में घुसपैठिये मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री नहीं चुन सकते। श्री गर्ग ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी देश की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अब जनता के सामने कांग्रेस और इंडीगठबंधन के नेताओं की पोल खुल चुकी है।

भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी नवीन गर्ग ने कहा कि संसद देश का सबसे ब?ा चर्चा का मंच है और भाजपा कभी भी किसी विषय पर चर्चा से पीछे नहीं हटती है। कोई भी मुद्दा हो, संसद के नियमों का पालन करते हुए भाजपा हर प्रकार की चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन कांग्रेस हमेशा से ही चर्चा से भागती आई क्योंकि कांग्रेस के मन की चोर है। उन्होंने कहा कि 10 दिसंबर को जब देश के गृहमंत्री अमित शाह सवालों के जवाब दे रहे थे तो कांग्रेस को सच हजम नहीं हुआ और वे लोकसभा से वॉकआउट कर गए।

नवीन गर्ग ने कहा कि लोकसभा में जब जवाहर लाल नेहरु, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और सोनिया गांधी पर बोला गया तब कांग्रेस ने लोकसभा का बहिष्कार नहीं किया, लेकिन जैसे बात घुसपैठियों पर हुई कांग्रेस ने सदन का बहिष्कार कर दिया। उन्होंने कहा कि संसद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एसआईआर पर कांग्रेस और इंडी दलों के झूठ की पोल खोल दी है और जनता भी समझ गई कि कांग्रेस सिर्फ और सिर्फ घुसपैठियों को बचाने का प्रयास कर रही है।

भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी गर्ग ने कहा कि पिछले चार महीने से विपक्ष एसआईआर को लेकर देश को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन और कांग्रेस नेताओं का मकसद सिर्फ सवाल ख?ा करके संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को खराब करना है। कांग्रेस को देश और देशवासियों के हित की कोई चिंता नहीं है। कांग्रेस झूठा नेरेटिव के जरिए अपनी राजनीति को चमकाने में लगी है।

नवीन गर्ग ने कहा कि भाजपा सरकार जनहित में निर्णय लेने वाली सरकार है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश का परचम दुनिया में लहरा रहा है। कांग्रेस पार्टी को देश का ब?ता रूतबा सहन नहीं हो रहा है।



## इंटरनेशनल फार्मा फेडरेशन की ओर से सुरेंद्र राठी का जन्मदिन मनाया

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई

**पंचकूला, 16 दिसंबर।** इंटरनेशनल फार्मा फेडरेशन के तत्वावधान में सुरेंद्र राठी का जन्मदिन हर्षोल्लास और गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर फेडरेशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने केक काटकर उन्हें शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान प्रधान गुलशन रावत ने कहा कि सुरेंद्र राठी समाजसेवा एवं संगठनात्मक कार्यों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में इंटरनेशनल फार्मा फेडरेशन जनहित एवं स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी कार्य कर रही है। महासचिव नीरज गिरी ने भी सुरेंद्र राठी की लंबी उम्र की कामना की

जन्मदिन के अवसर पर संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया। सज्जन गर्ग कहा कि सुरेंद्र राठी ने इंटरनेशनल फार्मा फेडरेशन को तिनका तिनका जोड़कर झाड़ू की तरह बांध कर रखा हुआ है और यह हमारे संगठन की ताकत और मजबूती है। इंटरनेशनल फार्मा फेडरेशन के प्रधान गुलशन रावत उप प्रधान अंकुज खन्ना महासचिव नीरज गिरी सह सचिव सौरव जुनेजा सज्जन गर्गमुकेश, कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## एच.एस. लक्की ने पर्यटन व्यय में पारदर्शिता की मांग की

पर्यटन उप-समिति द्वारा तत्काल समीक्षा का आह्वान

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़।** प्रशासक की सलाहकार परिषद की कला, संस्कृति, पर्यटन एवं विरासत संरक्षण संबंधी वैधानिक समिति के अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लक्की ने चंडीगढ़ में पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान पर्यटन संबंधी गतिविधियों पर किए गए व्यय में पारदर्शिता और जवाबदेही के अभाव को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है।

चंडीगढ़ से माननीय सांसद श्री मनीष तिवारी द्वारा संसद में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में भारत सरकार/चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी का हवाला देते हुए एच.एस. लक्की ने कहा कि आधिकारिक उत्तर के अनुसार तथाकथित पर्यटन संवर्धन गतिविधियों पर कुल ?33.26 करोड़ की राशि खर्च की गई है। इसमें से लगभग ?11.84 करोड़ कलाकारों और अन्य विक्रेताओं को भुगतान के रूप में दर्शाए गए हैं।

हालांकि, उन्होंने कहा कि संसद में विशेष रूप से पूछे गए प्रश्न के बावजूद इस भुगतान का कोई विस्तृत विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया है। कलाकारों या विक्रेताओं के नाम, प्रत्येक को दी गई राशि, आयोजनों या प्रस्तुतियों की प्रकृति, तथा इन खर्चों के उद्देश्य और परिणामों के बारे में कोई जानकारी साझा नहीं की गई। इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि शेष लगभग ?22 करोड़ के उपयोग के बारे में कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है, जो वित्तीय शुचिता और परिणाम-आधारित व्यय पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

एच.एस. लक्की ने कहा कि माननीय सांसद ने सार्वजनिक धन के इस अपारदर्शी उपयोग पर उचित रूप से चिंता जताई है और मामले की जांच प्रशासक की सलाहकार परिषद की पर्यटन उप-समिति से कराने की मांग की है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब पर्यटन संवर्धन के नाम पर इतनी बड़ी सार्वजनिक राशि खर्च की जाती है, तो प्रशासन का कर्तव्य है कि पूर्ण पारदर्शिता, जवाबदेही और ठोस परिणाम सुनिश्चित किए जाएं।

इस संदर्भ में एच.एस. लक्की ने संस्कृति विभाग के निदेशक, चंडीगढ़ प्रशासन को औपचारिक रूप से पत्र लिखकर कला, संस्कृति, पर्यटन एवं विरासत संरक्षण उप-समिति की एक आपात बैठक शीघ्र बुलाने का अनुरोध किया है। इस बैठक का उद्देश्य उठाए गए मुद्दों पर विचार-विमर्श करना, व्यय के विवरण की गहन जांच करना तथा यह आकलन करना होगा कि क्या खर्च की गई राशि के अनुरूप वास्तव में कोई सार्थक पर्यटन संवर्धन गतिविधि चंडीगढ़ में की गई है या नहीं।

साथ ही, अध्यक्ष ने पर्यटन विभाग के निदेशक, चंडीगढ़ प्रशासन को भी पत्र लिखकर पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान पर्यटन संवर्धन पर किए गए सभी खर्चों का विस्तृत, मदवार एवं वर्षवार विवरण मांगा है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### भाविप अध्यक्ष ने पूर्व केंद्रीय मंत्री से की शिष्टाचार भेंट



**कालका (जग्गी)।** भारत विकास परिषद कालका अध्यक्ष रंजीत उप्पल ने सोमवार को दिल्ली में पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के निवास पर शिष्टाचार भेंट की, इस भेंट में पूर्व केंद्रीय मंत्री ने उप्पल को केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुंचाने के लिए कहा, उन्होंने कहा कि कई ऐसे लोग है जिनके पास केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी न होने के कारण वो उनका फायदा नही उठा पाते, जबकि केंद्र सरकार द्वारा इन योजनाओं पर मोटा बजट खर्च किया जाता है। उन्होंने उप्पल को संगठन को ओर ज्यादा मजबूत करने के लिए कहा, पूर्व केंद्रीय मंत्री को रंजीत उप्पल ने आश्वासन देते हुए कहा कि वो अपने क्षेत्र में सरकार की जनहित योजनाओं का प्रचार ओर तेज करेंगे और पार्टी को भी ओर ज्यादा मजबूत करने के लिए लोगो को संगठन के साथ जोड़ेंगे।

### एमसी चंडीगढ़ ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया



**चंडीगढ़ (वीरेन्द्र सिंह)।** चंडीगढ़ नगर निगम ने आज सेक्टर 32 और सेक्टर 46 और 47 के बाजारों में पैदल चलने वालों की आवाजाही को आसान बनाने और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से एक व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के दौरान, MC की प्रवर्तन टीमों ने सार्वजनिक जगहों, खासकर बाज़ार के गलियारों और फुटपाथों पर अवैध कब्ज़ा करने वाली अनाधिकृत संरचनाओं और रुकावटों को हटाया। इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप, बाजारों के गलियारों को खाली कराया गया, जिससे खरीदारों, निवासियों और आपातकालीन सेवाओं के लिए बिना किसी रुकावट के सुरक्षित रास्ता बहाल हो गया। कुल मिलाकर, नगर निगम के नियमों का उल्लंघन करते हुए सार्वजनिक जगहों पर कब्ज़ा करने वालों के खिलाफ 62 चालान जारी किए गए। यह अभियान प्रवर्तन निरीक्षकों की देखरेख में चलाया गया, जिसमें फील्ड स्टाफ का भी सहयोग मिला ताकि व्यवस्थित और प्रभावी प्रवर्तन सुनिश्चित किया जा सके। नगर निगम ने सार्वजनिक जगहों को अतिक्रमण से मुक्त रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और दुकानदारों और विक्रेताओं से नागरिक नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की। ??चंडीगढ़ की स्वच्छता, सुरक्षा और नियोजित स्वरूप को बनाए रखने के लिए शहर के अन्य हिस्सों में भी इसी तरह के अभियान जारी रहेंगे।

## सोनू नोल्टा के हत्यारों के तार पेरी हत्याकांड से जुड़े

दो आरोपियों ने हत्यारों को सप्लाई किए हथियार, पनाह देने का भी आरोप

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** पुलिस ने दो ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन पर चंडीगढ़ के सेक्टर 26 में मारे गए इंदरप्रीत उर्फ ??पैरी के हत्यारों को हथियार, गाड़ी, मोबाइल फोन और रहने की जगह देने का आरोप है। उन पर पहले पिंजौर में नेशनल कबड्डी खिलाड़ी सोनू नोल्टा के हत्यारों को भी पनाह देने का आरोप है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शिवम शर्मा (23) और गोपाल कुमार (21) के रूप में हुई है, दोनों फरीदकोट के रहने वाले हैं। खास जानकारी के आधार पर, डिटेक्टिव स्टाफ की एक टीम ने उन्हें खरड़ इलाके से पकड़ा।

डीसीपी क्राइम और ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूडान ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि शिवम शर्मा पर पहले से ही फरीदकोट में ड्रग्स तस्करी का मामला चल रहा है, जबकि गोपाल कुमार पर मारपीट और झगड़े से जुड़े दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने बताया कि वे अपने साथियों अंकुश और पीयूष पिपलानी के साथ मिलकर फरीदकोट में अजय नाम के एक युवक की हत्या की योजना बना रहे थे। पुलिस को हेरोइन तस्करी में भी उनकी संलिप्तता का पता चला है। डीसीपी ने आगे बताया कि आरोपी कुख्यात अपराधी हैरी बॉक्सर के संपर्क में थे और उन्होंने पहले पिंजौर में सोनू नोल्टा हत्याकांड में वांछित अंकुश और पीयूष को सुरक्षित पनाह दी थी। पिंजौर पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता और आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत एक अलग मामला पहले ही दर्ज किया जा चुका है।

दोनों आरोपियों को 15 दिसंबर को एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया और उन्हें पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। रिमांड के दौरान, पुलिस उनसे हथियार सप्लाई नेटवर्क, अपराधों में इस्तेमाल किए गए वाहनों की आवाजाही और फरार हत्या के आरोपियों के ठिकानों का पता लगाने के लिए पूछताछ कर रही है।

जांच की निगरानी एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज कर रहे हैं, और डिटेक्टिव स्टाफ टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर मनदीप सिंह कर रहे हैं।

डीसीपी ने कहा कि पंचकूला पुलिस संगठित अपराध, हत्या और ड्रग तस्करी के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस नीति अपना रही है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत, पुलिस ने हाल ही में हत्या की चार संभावित साजिशों को नाकाम किया है, और दोहराया कि कानून-व्यवस्था को खतरा पहुंचाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हत्या के मामलों से जुड़े अन्य संदिग्धों की गिरफ्तारी जल्द होने की उम्मीद है। इस बीच, पुलिस मुख्य आरोपी पीयूष पिपलानी को गिरफ्तार करने में नाकाम रही है।

## बरवाला मार्केट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन देशराज पोसवाल ने ली शपथ

अर्थ प्रकाश/सोनू

**बरवाला।** बरवाला अनाज मंडी में आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह में बरवाला मार्केट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन देशराज पोसवाल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर आयोजित विशाल जनसभा में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने की। मार्केट कमेटी के सचिव सुरेन्द्र ढाडां ने चेयरमैन देशराज पोसवाल का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। चेयरमैन देशराज पोसवाल ने कहा कि उनके कार्यकाल में किसानों और व्यापारियों के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने मंडी को पारदर्शी, सुविधाजनक और किसान-हितैषी बनाने के साथ-साथ बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने और विकास कार्यों में तेजी लाने का आश्वासन दिया।

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने चेयरमैन पोसवाल को बधाई देते हुए कहा कि मार्केट कमेटियां किसानों और व्यापारियों के विश्वास का केंद्र होती हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मंडियों के आधुनिकीकरण और बेहतर फसल मूल्य सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि जनता का विश्वास किसी भी दायित्व को और अधिक सशक्त बनाता है। उन्होंने विश्वास जताया कि चेयरमैन पोसवाल के नेतृत्व में मंडी में विकास, अनुशासन और पारदर्शिता को नई दिशा मिलेगी।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के 115वें स्थापना दिवस पर पौधारोपण अभियान आयोजित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** 115वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, चंडीगढ़ अंचल एवं क्षेत्र, द्वारा पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया।

यह अभियान एसडी कॉलेज, चंडीगढ़; श्री ई राम टेक्नो स्कूल, न्यू चंडीगढ़; तथा गवर्नमेंट मॉडल स्कूल, सेक्टर 18 में आयोजित किया गया। गवर्नमेंट मॉडल स्कूल, सेक्टर 18 में यह कार्यक्रम रोटरी क्लब के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर बैंक के अंचल प्रमुख श्री अरविंद कुमार एवं क्षेत्रीय प्रमुख श्री राम कुमार यादव सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने पौधारोपण में भाग लिया, जिससे बैंक की पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिबद्धता को बल मिला।

## गीतांजलि मौत मामले में तत्कालीन सीजेएम, ससुर और मां बरी, मगर मौत का रहस्य बरकरार

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला, 16 दिसंबर।** गीतांजलि मौत मामले में मंगलवार को पंचकूला की सीबीआई विशेष अदालत ने फैसला सुनाया। गीतांजलि के पति तत्कालीन सीजेएम नवनीत गर्ग, ससुर (सेवानिवृत्त सेशन जज) कृष्ण कुमार गर्ग और मां रचना गर्ग को सभी आरोपों से बरी कर दिया है। अदालत के फैसले के बाद यह मामला कानूनी रूप से समाप्त हो गया है, लेकिन गीतांजलि की मौत हत्या थी या आत्महत्या यह रहस्य कायम है। 12 साल लंबी जांच और सुनवाई के बावजूद, मौत के असली कारण और जिम्मेदार व्यक्ति का पता नहीं चल सका।



सीबीआई कोर्ट के जज राजीव गोयल ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष यह सिद्ध नहीं कर सका कि गीतांजलि की मौत हत्या थी या दहेज के लिए की गई हत्या। ऐसे में तीनों आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी किया जाता है। अदालत ने स्पष्ट किया कि जांच एजेंसी गीतांजलि की हत्या या दहेज हत्या को साबित करने में पूरी तरह विफल रही है। नवनीत गर्ग के मुताबिक अदालत 17 जुलाई 2013 को वह ड्यूटी पर थे और शाम करीब 6 बजे घर लौटे। घर पहुंचने पर उनकी पत्नी गीतांजलि घर पर नहीं थीं। परिवार के अन्य सदस्यों से पूछने पर भी उनका कोई पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को पत्नी के लापता होने की सूचना दी। कुछ समय बाद सूचना मिली कि गुरुग्राम के पुलिस ग्राउंड में एक महिला का शव मिला है। वहां पहुंचने पर उन्होंने शव की पहचान अपनी पत्नी गीतांजलि के रूप में की और इसे हत्या का मामला बताते हुए पुलिस को बयान दिया। उनका आरोप रहा कि यह बयान सीबीआई ने जानबूझकर छिपा लिया। मामले की सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि घटना वाले दिन 17 जुलाई 2013 को गीतांजलि ने अपने माता-पिता, भाई, भाभी और अन्य परिजनों से बातचीत की थी। सभी बातचीत सामान्य थी और किसी प्रकार की प्रताड़ना या दहेज मांग की कोई शिकायत सामने नहीं आई। अभियोजन पक्ष दहेज मांग या क्रूरता से जुड़ा कोई भी आरोप प्रमाणित नहीं कर सका। अदालत ने माना कि न तो दहेज मांग साबित हुई और न ही यह सिद्ध हुआ कि गीतांजलि की मौत के लिए पति या ससुराल पक्ष जिम्मेदार था। इसलिए तीनों आरोपियों को सभी धाराओं से बरी कर दिया गया।

# 6.20 करोड़ की लागत से राई व लिवान गांव में पेयजल संकट होगा दूर

**विधायक निखिल मदान व मेयर राजीव जैन ने किया परियोजनाओं का शुभारंभ**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**राई।** राई व लिवान गांव में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में अहम कदम उठाया गया है। मंगलवार को सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एस.एम.डी.ए.) के अधिकारियों ने निगम पार्षद पुनीत राई के साथ मिलकर गांवों का निरीक्षण किया। इस दौरान वॉटर लाइन बिछाने और पेयजल आपूर्ति के लिए स्टोरेज टैंक बनाने हेतु संभावित स्थानों का भी जायजा लिया गया। 8 निरीक्षण टीम में एस.एम.डी.ए. के चीफ राजीव गुप्ता, कार्यकारी अभियंता आलोक व एस.डी.ओ. अंकित दहिया विशेष रूप से शामिल रहे। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद व्यवस्थाओं को देखा और जिन स्थानों पर कमियां पाई गई, उन्हें शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए। साथ ही, स्टोरेज टैंक के निर्माण के लिए उपयुक्त जमीन को लेकर तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की गई, ताकि भविष्य में जलापूर्ति निर्बाध रूप से की जा सके। एस.एम.डी.ए. के अधिकारियों ने बताया कि राई और लिवान गांव में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए यमुना नदी से पानी लाकर दोनों गांवों तक पहुंचाने की योजना तैयार की गई है। योजना के तहत असावरपुर से राई गांव तक 300 एम.एम. व्यास की पाइपलाइन बिछाई जाएगी, जबकि राई से लिवान गांव तक 250 एम.एम. की पाइपलाइन डाली जाएगी। इस पूरी परियोजना पर करीब 6 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत आने का अनुमान है। अधिकारियों के अनुसार, पाइपलाइन के साथ-साथ जल भंडारण के लिए स्टोरेज टैंक का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे गांवों में पर्याप्त दबाव के साथ नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित हो सके। निरीक्षण के दौरान पाइपलाइन रूट और टैंक निर्माण स्थल को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## बाबा काली नाथ गौशाला मुरथल का वार्षिक उत्सव संपन्न, कृष्णा गहलावत ने की शिरकत

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



राई। मुरथल स्थित बाबा काली नाथ गौशाला का वार्षिक उत्सव समारोह मंगलवार को मनाया गया। कार्यक्रम में राई हल्का विधायक कृष्णा गहलावत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। गौशाला प्रबंध समिति के प्रधान रिसाल सिंह के नेतृत्व में समिति सदस्यों ने विधायक का फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने निजी को से गौशाला को दो लाख रुपए की दी आर्थिक सहायता दी। मुख्य अतिथि विधायक कृष्णा गहलावत ने अपने संबोधन में कहा कि गौशालाएं भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने कहा कि गाय केवल एक पशु नहीं, बल्कि हमारी आस्था, संस्कृति और अर्थव्यवस्था का आधार रही है। गौसेवा से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है। विधायक ने बाबा काली नाथ गौशाला द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि गौशाला न केवल बेसहारा और बीमार गायों की सेवा कर रही है, बल्कि समाज को भी गौसंरक्षण के प्रति जागरूक कर रही है। विधायक ने कहा कि हरियाणा सरकार गौसंरक्षण और गौशालाओं के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गौशालाओं को आर्थिक सहायता, चारा और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## पार्षद मनीष बेनिवाल को किया सम्मानित




अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

समालखा। शहर के चुलकाना रोड स्थित डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में शैक्षिक एवं खेल सम्मान समारोह के रूप में वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवीयों कों सम्मानित किया गया। इसी कड़ी मे प्रसिद्ध समाजसेवी एवं निगम पार्षद मनीष बेनीवाल को सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान पार्षद मनीष बेनीवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा निर्देशों पर विधायक मनमोहन भड़ाना के नेतृत्व में वार्ड के साथ-साथ हल्के में खूब विकास कार्य कराए जा रहे हैं। हल्के में विधायक मनमोहन भड़ाना के नेतृत्व में चहुंमुखी विकास हुआ है. किसान, महिला, आम व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का भरपूर लाभ मिला है। वहीं उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं के लिए पढ़ाई के साथ खेल भी बहुत ज़रूरी हैं क्योंकि ये शारीरिक और मानसिक विकास करते हैं, एकाग्रता बढ़ाते हैं, टीमवर्क सिखाते हैं, आत्मविश्वास जगाते हैं और तनाव कम करते हैं। खेल अनुशासन, समय प्रबंधन और लक्ष्य-प्राप्ति की सीख देते हैं, जिससे वे स्वस्थ और सफल जीवन जी पाते हैं और देश के लिए भी नाम रोशन करते हैं।

## रंगदारी मामले का पांचवा आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने रंगदारी मामले में पांचवे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने रंगदारी मामले के पाचवें आरोपी कर्ण उ? अत्तु वासी गणेश कालोनी कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 24 सितम्बर 25 को थाना कृष्णा गेट पुलिस दी अपनी शिकायत में इंद्रा कॉलोनी कुरुक्षेत्र वासी एक व्यक्ति ने बताया कि वह कुरुक्षेत्र शहर में नारियल पानी की दुकान लगाता है। जुलाई माह में उसके पास साजन नाम का ल?का आया और उससे कहा कि अगर उसको नारियल पानी बेचना है तो उसको इसके बदले में 10 हजार रुपये हर महीने देने होंगे। जब उसने पैसे देने से मना किया तो आरोपी ने उसे देख लेने की धमकी दी। उसने डर के कारण उसको 10 हजार रुपये दे दिए। उसके बाद आरोपी ने फोन पर उससे 5 हजार रूपये हर रोज देने की बात कही जब उसने इतने पैसे देने से मना किया तो आरोपी ने 5 लाख रूपये मांगे और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। दिनांक 21 सितम्बर को शाम के समय बाजार में एक कार और 2/3 मोटरसाइकिलों से 7/8 ल?के आए और उसे मजा चखाने की बात कहने लगे तो वह मौका देखकर वहां से भाग गया। जिसकी शिकायत पर थाना कृष्णा गेट में मामला दर्ज करके जांच अपराध अन्वेषण शाखा-1 को दी गई थी। 25 सितम्बर को अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने मामले के आरोपी सविन्द्र सिंह उर्फ साजन वासी शरीफगढ़ व अनमोल वासी गांधीनगर जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया था।

**सार्वजनिक सूचना**

[illegible] ... I.P.B. ... सरपंच, ग्राम पंचायत मोहना, खण्ड व जिला सोनीपत (हरियाणा)।

AP-6236

**आरओबी/आरयूबी का निर्माण**

निविदा सूचना सं. CPM-GSU-MLG-ROB-2025-10; दिनांक: 13-12-2025 ... [illegible] ... मूल्य: ₹137,12,93,942.29। ई-निविदाएं 06-01-2026 को 14.30 बजे बंद होंगी और 06-01-2026 को 15.30 बजे खुलेंगी। विवरण और शुद्धिपत्र-01 के लिए कृपया www.ireps.gov.in पर जाएं। सीपीएम/जीएसयू/मालीगांव

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

AP-6232

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै देवेंद्र कुमार मित्तल पुत्र श्री केशो राम निवासी E 941 लोटियाँ गली अर्जुन गेट करनाल बयाँ करता हूँ कि मेरे पिता केशो राम पुत्र श्री गोपी नाथ निवासी जुंडला गेट कानाल प्रॉपर्टी आई डी, 1EDEE193 जुंडला गेट करनाल–का दिनांक 31/08/1967 को स्वर्गवास हो गया था। तथा मेरी माता श्रीमती विद्यावन्ती का स्वर्गवास दिनांक,, 10/8/1979 को हो चुका है। इस समय उपरोक्त संपत्ति (मकान जुंडला गेट) बाद मै देवेंद्र कुमार मित्तल एक मात्र वारिस हूँ। मेरे अलावा कोई अन्य वारिस नहीं है।यदि किसी को आपत्ति हो तो आज से तीस दिन के भीतर दस्तावेज प्रस्तुत कर आपत्ति तहसील कार्यालय में दर्ज कराये उसके बाद नियमानुसार आगामी कारवाई कर दी जायेगी।

**देवेंद्र कुमार मित्तल पुत्र केशो राम करनाल**

AP-6237

**पूर्वोत्तर रेलवे** — निविदा सूचना संख्या 46 दिनांक 15.12.2025

Website: www.ner.indianrailways.gov.in | E-mail: cos@ner.railnet.gov.in

**ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर-273012 द्वारा भारत के राष्ट्रपति तथा उनकी ओर से ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रम संख्या | निविदा संख्या | खुलने की तिथि | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 22251142B | 09.04.26 | [illegible] | 537 Nos. |
| 2. | 22250682 | 02.04.26 | [illegible] | 1921 Nos. |
| 3. | 22251293 | 03.01.26 | [illegible] | 860 Nos. |
| 4. | 22251222 | 03.01.26 | [illegible] | 392 Sets |
| 5. | 21250041 | 02.01.26 | [illegible] | 95550 Ltrs. |
| 6. | 29255191 | 02.01.26 | [illegible] | 2580 Nos. |
| 7. | 29255065 | 02.01.26 | [illegible] | 25 Nos. |

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर

AP-6252

**इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम का प्रावधान**

ई-निविदा सूचना संख्या. KIR/Engg/71 of 2025 तारीख 12-12-2025। [illegible] ... ireps.gov.in ...

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

AP-6235

**बैंक ऑफ इंडिया एम्प्लॉइज को-ऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग (1st) सोसाइटी लिमिटेड, चंडीगढ़**

**सार्वजनिक सूचना**

हमें आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि बैंक ऑफ इंडिया एम्प्लॉइज़ कोऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग (1st) सोसाइटी लिमिटेड, सेक्टर 48/C, चंडीगढ़ की जनरल बॉडी मीटिंग 07.01.2026 को सुबह 11.00 बजे सोसाइटी ऑफिस के पास होगी। मीटिंग का एजेंडा इस प्रकार है:

1. 01.04.2022 से 31.03.2023 और 01.04.2023 से 31.03.24 तक की अवधि के लिए खातों और ऑडिट रिपोर्टों की प्रस्तुति, और उपरोक्त ऑडिट रिपोर्टों के जवाब।
2. सोसायटी की अंदरूनी सड़कों की मरम्मत।
3. सोसायटी की सफेदी/पेंटिंग।

पया ध्यान दें: जनरल बॉडी मीटिंग में सिर्फ अलॉट किए गए सदस्यों को ही शामिल होने की अनुमति है। किसी भी प्रॉक्सी/विकल्प/रिश्तेदार/GPA होल्डर को वेन्यू में आने की अनुमति नहीं होगी। सभी सदस्यों से अनुरोध है कि बताए गए कार्यक्रम के अनुसार मीटिंग में ज़रूर शामिल हों।

एम.एस. रावत
सेक्रेटरी

AP-6244

**सार्वजनिक सूचना**

श्री नवीन, दानिक्स असिस्टेंट एस्टेट ऑफिसर, यू.टी., चंडीगढ़ के समक्ष

विषय:- रेजिडेंशियल साइट नंबर 777, सेक्टर 43-ए, चंडीगढ़ ... [illegible]

नवीन, दानिक्स, सहायक एस्टेट अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़

AP-6233

**सार्वजनिक सूचना**

श्री नवीन, दानिक्स असिस्टेंट एस्टेट ऑफिसर, यू.टी., चंडीगढ़ के समक्ष

विषय:- रेजिडेंशियल साइट नंबर 777, सेक्टर 43-ए, चंडीगढ़ ... [illegible]

नवीन, दानिक्स, सहायक एस्टेट अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़

AP-6233

**सार्वजनिक सूचना**

श्री नवीन, दानिक्स असिस्टेंट एस्टेट ऑफिसर, यू.टी., चंडीगढ़ के समक्ष

विषय:- रेजिडेंशियल साइट नंबर 1535, सेक्टर 34-बी चंडीगढ़ ... [illegible]

नवीन, दानिक्स, सहायक एस्टेट अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़

AP-6234

**सार्वजनिक सूचना**

**संपदा अधिकारी, केंद्र शासित प्रदेश, चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में श्री नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी के समक्ष।**

विषय:- स्व. श्री माम चंद शर्मा की पंजीकृत वसीयत दिनांक ... [illegible]

AP-6245

**सार्वजनिक सूचना**

श्री नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ के समक्ष

विषय:- ... [illegible]

AP-6245

---

अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS | आज ही बुक करें | PH.: 0172-2638515, 98883-03520 | Email: arthparkashadvt29@gmail.com

I, Jivan Kohali son of Sh. Shiv Ram Kohali R/o # 663-A, Sector 46-A, Chandigarh States that I have changed the name of my minor son from Rajbir Kohali to Rajbir Kohli.

I, Anita Kohali wife of Sh. Jivan Kohali R/o #663-A, Sector 46-A, Chandigarh States that I have changed my name from Anita Kohali to Anita.

एपी-6231

I Meenakshi W/O Nadeem House no #277, Kajheri, Chandigarh-160036. Has change my name Meenakshi to Meena.

एपी-6234

**मैं,** ज्योति पत्नी राज कुमार भाटिया, मकान नंबर 1004, सेक्टर-10, पंचकुला, हरियाणा-134113, ने अपना नाम ज्योति से बदलकर ज्योति भाटिया कर लिया है।

**मैं,** राज कुमार पुत्र श्री राम प्रकाश, मकान नंबर 1004, सेक्टर-10, पंचकुला, हरियाणा-134113, ने अपना नाम राज कुमार से बदलकर राज कुमार भाटिया कर लिया है।

**मैं,** जगपाल पुत्र श्री बरू राम निवासी ग्राम मोगीनंद मकान संख्या 48 सेक्टर-30 पंचकुला, हरियाणा घोषणा करता हूं कि जुगल किशोर उर्फ जगपाल, दोनों नाम एक ही व्यक्ति हैं।

**मैं,** राजेश कुमार पुत्र श्री बृज भूषण मकान नंबर 1169, सेक्टर-4, पंचकुला, हरियाणा-134112 ने अपना नाम राजेश कुमार से बदलकर राजेश कुमार गोयल कर लिया है।

**मैं,** दर्शिता सुपुत्री महेन्द्र पाल निवासी 9ए, केएसबी होम्स, छज्जू माजरा रोड सेक्टर-126, खरड़, एसएएस नगर, मोहाली पंजाब-140301 ने अपना नाम दर्शिता से बदलकर अर्शिता पाल कर लिया है।

एपी-6236

**मैं,** गुड्डी, पत्नी धर्मबीर, निवासी 69 बी, गाँव जीतपुरा, भोतल जट्टान, हिसार, हरियाणा ने अपना नाम बदलकर अब ओम पति देवी कर लिया है। अब मुझे सभी कानूनी और सरकारी कार्यों में ओम पति देवी के नाम से जाना जाएगा। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह संबंधित प्राधिकरण को सूचित कर सकता है।

**मैं,** बलविंदर कौर, पत्नी कमलजीत, निवासी मकान नंबर 62, गांव बाना मदनपुर, सेक्टर 25, पंचकूला, हरियाणा ने अपना नाम बदलकर अब बलविंदर कौर कर लिया है। अब मुझे सभी कानूनी और सरकारी कार्यों में बलविंदर कौर के नाम से जाना जाएगा। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह संबंधित प्राधिकरण को सूचित कर सकता है।

एपी-6240

**मैं,** अशोक कुमार पुत्र श्री सहदेव शर्मा निवासी खुराना रोड, शोरा कोठी, गली नंबर 3 कैथल, ने अपना नाम अशोक कुमार से बदलकर अशोक रख लिया है। भविष्य में मुझे अशोक के नाम से जाना जाए।

**मैं,** तानिया पत्नी अंशुल चौधरी निवासी मकान नंबर- 1255 ए/11, मॉडल टाउन ढांड रोड कैथल (हरियाणा) ने अपना नाम तानिया से बदलकर तानिया चौधरी रख लिया है। संबंधित कृपया ध्यान दें।

एपी-6241

**मैं,** विकास कटोच पुत्र स्वर्गीय श्री राजेंद्र चंद कटोच निवासी ग्राम कोटवाला लाहार, डाकघर साई, तहसील - थुरल, जिला - कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश ने अपने नाबालिग बेटे का नाम अथराव कैटोच से बदलकर शर्विल कटोच रख लिया है।

एपी-6242

**मैं,** मदन लाल मुतरेजा पुत्र बूटा राम वासी मकान नं. 16, मॉडल टाउन गीता मंदिर रोड फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर मदन लाल रखा है।

**मैं,** कशिश पुत्री दिनेश प्रकाश वासी 66 मॉडल टाउन Bhattu कलां जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर कशिश बुब्लानी रखा है।

**मैं,** मोहिंदर सिंह पुत्र सोदागर सिंह वासी मकान नं. 475/10, सैनी कॉलोनी, पानीपत (हरियाणा) ने अपना नाम बदलकर महिंदर सिंह से मोहिंदर सिंह रखा है।

**मैं,** अंजू बाला पत्नी अरूण वासी मकान नं. 1807, गांव व डाक जुण्डला जिला करनाल-132001 ने अपना नाम बदलकर अंजू से अंजू बाला रखा है।

**मैं,** भीम सैन नागपाल पुत्र तारा चंद वासी मकान नं. 226, सैक्टर-13 एक्सटेंशन, अर्बन एस्टेट करनाल ने अपना नाम बदलकर भीम सैन से भीम सैन नागपाल रखा है।

**मैं,** पिंकी पुत्री माम चंद वासी मकान नं. 899, 1ST फ्लोर सैक्टर-4, पंचकूला ने अपना नाम बदलकर काव्याश्री रखा है।

**मैं** Surjeet सिंह पुत्र गुरचरण सिंह वासी ब्रास (23), जिला करनाल ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर Surjit सिंह से Surjeet सिंह रखा है।

**मैं,** गौरव सैणी पुत्र राजिंदर सैणी वासी मकान नं.1516, सैक्टर-9, अर्बन एस्टेट, करनाल-132001 हरियाणा ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर गौरव और उपनाम सैणी रखा है।

**मैं,** गुरकिरपाल सिंह धंजू पुत्र हरबंस सिंह वासी गांव मोहम्मदपुर सोतर जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर गुरकिरपाल सिंह रखा है।

**मैं,** Paramjit कौर पत्नी गुरकिरपाल सिंह वासी गांव मोहम्मदपुर सोतर जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर Paramjeet कौर रखा है।

**मैं,** नरिंदर कौर गिल पत्नी गुरदीप सिंह वासी गांव लाधूवास ढाणी जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर नरिंदर कौर रखा है।

एपी-6248

**मैं,** नंदिनी तिवारी ( Nandinee Tiwari) सैन्य संख्या- 14681456K, रैंक- हवलदार, नाम- जुगल किशोर तिवारी की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हुं स्थायी पता- नारद गंग मोहल्ला पलेरा, वार्ड 7, पलेरा, टीकमगढ़, मध्य प्रदेश-472221 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम नंदिनी तिवारी (Nandinee Tiwari) से बदलकर नंदिनी तिवारी ( Nandini Tiwari) कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA219185, दिनांक- 16/12/2025

I, MUDE NEHA SAGAR am Legally Wedded Spouse of Army No: 2819086M Rank: Sep Name- Mude Sagar Dnyaneshwar Permanent Address: At Post Pawnar Tah Wardha, Ward No: 2, Pawnar Wardha, Wardha Maharashtra, 442001 declare that I have changed my name from MUDE NEHA SAGAR to NEHA SAGAR MUDE and Also Correct my Date of birth from 08/01/2001 to 28/01/2001. Vide Affidavit No: 11AA 219183, Dated: 16/12/2025

I, SUREKHA DNYANESHWAR MUDE am Mother of Army No: 2819086M Rank: Sep Name- Mude Sagar Dnyaneshwar Permanent Address: At Post Pawnar Tah Wardha, Ward No: 2, Pawnar Wardha, Wardha Maharashtra, 442001 declare that I have Correct my Date of birth from 21/08/1977 to 21/07/1977. Vide Affidavit No: 11AA 219184, Dated: 16/12/2025

I, NILAM POPAT PAWAR is Legally Wedded Spouse of Army No: JC 462043L Rank-Sub Name- Pawar Popatrao Yashwant Permanent Address: mu.po. Varne, Varne, Satara, Maharashtra, 415019 declare that I have Correct my Date of Birth from 30/09/1984 to 30/09/1985. Vide Affidavit No: 11AA 219186, Dated: 16/12/2025

I, ADITIYA am Son of Army No: JC 462043L Rank-Sub Name- Pawar Popatrao Yashwant Permanent Address: mu.po. Varne, Varne, Satara, Maharashtra, 415019 declare that I have changed My Name from ADITIYA to ADITYA POPAT PAWAR. Vide Affidavit No: 11AA 219187, Dated: 16/12/2025

I, MULIK SUNGDA NETAJI am Mother of Army No: 2816658X Rank- L/Hav Name- Mulik Vishal Netaji Permanent Address: At post: Soni, Soni, Sangli, Soni, State: Maharashtra, Pin: 416420 declare that I have changed my name from MULIK SUNGDA NETAJI to SUGANDHA NETAJI MULIK and Also Correct my Date of birth from 28/03/1974 to 01/01/1974. Vide Affidavit No: 11AA 219189, Dated: 16/12/2025

I, NETAJI SHANKAR MULIK am Father of Army No: 2816658X Rank- L/Hav Name- Mulik Vishal Netaji Permanent Address: At post: Soni, Soni, Sangli, Soni, State: Maharashtra, Pin: 416420 declare that I have changed my name from NETAJI SHANKAR MULIK to NETAJI SHANKAR MULIK and Also Correct my Date of birth from 28/03/1965 to 01/07/1964. Vide Affidavit No: 11AA 219190, Dated: 16/12/2025

I, DAIVSHALA am Mother of Army No: 2824726P Rank: Sep Name: Sagade Akash Jivan Permanent Address: Mu. Bhatepuri, Po. Khandavi, Ta.Georai, Khandvi, PO:Khandvi, DIST:Beed, Maharashtra, 431143 declare that I have changed my name from DAIVSHALA to DAIVSHALA JIVAN SAGADE. Vide Affidavit No: 11AA 219188, Dated: 16/12/2025

एपी-6246

**मैं,** सुख पाल पुत्र पृथ्वी सिंह निवासी गांव दौहला, पोस्ट ऑफिस दयोहला, जींद, हरियाणा- 126125 ब्यान करता हूँ कि मैने अपना नाम सुख पाल से बदलकर सुख पाल सिंह रख लिया है।

एपी-6233

NIRMLA RANI MOTHER OF RAVINDER PAL R/O VILL NAINA DIST PATIALA (PB) I HAVE CHANGED MY NAME FROM NIRMLA RANI TO NIRAMALA DEVI AND DOB FROM 18/02/1963. ?? 01/01/1965 AFFI NO- IN-PB025581240203 75X DATED 16 DEC 2025 BEFORE COURT AT RAJPURA (PB)

**मैं,** संदीप पुनिया सुपुत्र श्री बी.एस. पुनिया, निवासी संजीव कॉलोनी, भिवानी, हरियाणा-127021, ने अपना नाम संदीप पुनिया से बदलकर संदीप कुमार पुनिया कर लिया है।

एपी-6236

**मैं,** परविंदर सिंह पुत्र जसवंत सिंह निवासी # 345 गांव दरिया चंडीगढ़, ने अपना नाम बदलकर परविंदर सिंह रंधावा रख लिया है।

**मैं,** Aysha Bano पत्नी Equbal Anwar निवासी # 767-ए, सेक्टर 44-ए, चंडीगढ़, ने अपना नाम बदलकर Aisha Bano रख लिया है।

**मैं,** नीलम रानी पत्नी बनवारी लाल (पुत्री राज कुमार), निवासी गली नंबर 3, ब्लॉक ए, विजय कॉलोनी, फाजिल्का 152123 पंजाब, ने अपना नाम नीलम बाला से बदलकर नीलम रानी रख लिया है।

एपी-6249

**मैं,** पवन वशिष्ट पुत्र अमर सिंह निवासी # 2195/8, छोटा बाजार, थानेसर जिला कुरुक्षेत्र, ने अपना नाम पवन वशिष्ट से बदलकर पवन कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे पवन कुमार के नाम से ही जाना जाए।

एपी-6251

**मैं,** सुशीला आर्मी नंबर जेसी393251एम की मां, रैंक नायब सूबेदार अजय कुमार निवासी गांव जावा (183), जावा भिवानी हरियाणा ने अपना नाम शिला देवी से बदलकर सुशीला रख लिया है।

एपी-6250

**मैं,** मोनिका विग पत्नी विनय कुमार, निवासी # 656 सेक्टर 41A चंडीगढ़, ने अपना नाम मोनिका विग से बदलकर मोनिका कर लिया है। भविष्य में मैं इसी नाम से जानी जाना चाहती हूँ।

एपी-6234

**मैं,** सलमा पत्नी नदीम निवासी 701, विद्यानंद कॉलोनी, सनौली रोड़ पानीपत ब्यान करती हूं कि मेरा विवाह जबर से हुआ था जिनका 09/01/2008 को निधन हो गया था। फिर 18/07/2012 को मेरा विवाह नदीम पुत्र इब्राहिम से हुआ है।शपथ कर्ता के पासपोर्ट संख्या के 3272022 की धारक है जो 02/08/2022 तक वैध था जो मेरे पति जबर के नाम दर्ज है। लेकिन अब मैं घोषणा करती हूं कि मैं अपना पासपोर्ट में अपने पति जबर के नाम पर नदीम दर्ज करवाना चाहती हूं।

एपी-6254

### बेदखली सूचना

**मैं,** शकुंतला देवी पत्नी स्वर्गीय श्री रावल दास, निवासी हाउस नंबर 629 सेक्टर 41, चंडीगढ़ यह घोषणा करती हूँ कि मेरा बड़ा पोता रजत बजाज मेरे नियंत्रण से बाहर हैं। इसलिए मैं उसको अपनी सभी चल/अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। उसके साथ लेन देन करने वाला व्यक्ति अपने आप जिम्मेदार होगा।

एपी-6239

**मैं,** ममता पत्नी श्री अजीत सिंह निवासी पटटी अफगान कैथल तह. व जिला कैथल अपने हल्फ से बयान करती हूं कि मेरा पुत्र अभिषेक मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। आज के बाद जो भी कोई उससे लेन-देन या व्यवहार रखेगा, वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

एपी-6236

हम राम कुमार पुत्र श्री राम प्रकाश व सोनिया शर्मा पत्नी श्री राम कुमार, वासीगण मकान नंबर 65, MDC, भैंसा टिब्बा पंचकुला, मनसा देवी, सैक्टर 5, पंचकुला, हरियाणा 134114, यह घोषणा करते हैं कि हमारे पुत्र हर्ष कुमार से सभी प्रकार के संबंध, अधिकार, दायित्व, चल-अचल संपत्ति, लेन-देन से बेदखल कर दिया हैं। हर्ष कुमार द्वारा किया गया कोई भी लेन-देन के लिए हम जिम्मेदार नहीं होंगे। यदि कोई व्यक्ति हर्ष कुमार से किसी प्रकार का लेन देन करेगा वह खुद जिम्मेदार होगा। यदि हर्ष कुमार कोई विवाह भी करता है तो वह खुद जिम्मेदार होगा।

एपी-6243

हम मुकेश कुमार पुत्र स्वर्गीय जयपाल सिंह और बबली देवी पत्नी मुकेश कुमार निवासी 1112 सैक्टर 38 वेस्ट, डडू माजरा कॉलोनी, चंडीगढ़, हमारी बेटी योगिता शर्मा और उसका पति हर्ष हमारे कहने से बाहर है। इसलिए हम इन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते है इनसे लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेवार होगा।

एपी-6247

**मैं,** गुलाब सिंह पुत्र जगदीश चन्द्र निवासी सैनी मोहल्ला, नजदीक सैनी रामलीला ग्राउंड, जिला जीन्द बयान करता हूं कि मेरी पत्नी भारती दास व उसका पुत्र राजबीर मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद जो भी कोई उपरोक्त दोनों से लेन-देन या व्यवहार रखेगा, वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

एपी-6236

**अर्थ प्रकाश**
समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# किसी भी नागरिक को न्याय से वंचित नहीं रहने देंगे: मंत्री कृष्ण कुमार

## 4 शिकायतों का मौके पर किया गया समाधान, 6 शिकायतें अगली बैठक के लिए रखी गई लंबित

जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में 10 शिकायतों पर हुई सुनवाई



अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 16 दिसंबर।** समाज न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार ने मंगलवार को जिला सचिवालय सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जिलेभर से आई शिकायतों पर विस्तार से सुनवाई करते हुए मंत्री ने कहा कि सरकार की नीति स्पष्ट है किसी भी नागरिक को न्याय से वंचित नहीं रखा जाएगा। हर शिकायत पर निष्पक्ष, समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मंत्री का स्वागत उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने बुके भेंट कर किया। उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन हर जरूरतमंद को सुलभ तरीके से न्याय दिलाने के लिए पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

पहली शिकायत शिकायतकर्ता रणधीर वासी की थी यह पिछली बैठक से लंबित शिकायत थी, जिसे दोबारा रखा गया। यह मामला पुलिस विभाग से संबंधित था। मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस को शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए और शिकायत को लंबित रखा। दूसरी शिकायत में शिकायतकर्ता पवन ने सड? निर्माण से संबंधित अपनी शिकायत मंत्री के समक्ष रखी। यह भी पिछली बैठक की लंबित शिकायत थी। पवन ने बीपीएल प्लॉटों की सड? एवं सीवर लाइन की समस्या बताते हुए कहा कि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। मंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से मौके पर ही समस्या का समाधान करवाया। तीसरी शिकायत रविंद्र कुमार, सेक्टर-12 द्वारा रखी गई। शिकायतकर्ता रविंद्र कुमार की यह शिकायत भी पिछली बैठक से लंबित थी और पुलिस विभाग से संबंधित थी। शिकायत में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और न्याय दिलाने की मांग रखी गई थी। मंत्री ने सूझबूझ और गंभीरता से सुनवाई करते हुए इसका समाधान मौके पर किया।

चौथी शिकायत प्रतीक माटा द्वारा दी गई। यह भी पिछली बैठक की लंबित शिकायत थी। यह मामला पुलिस विभाग से जुड़ा हुआ था और इसमें धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा कर इस शिकायत का मौके पर समाधान किया। पांचवीं शिकायत शिकायतकर्ता सूबे सिंह की थी यह शिकायत सिंचाई विभाग से संबंधित थी और पिछली बैठक में भी उठाई गई थी। उन्होंने खेती के लिए पानी की उपलब्धता को लेकर समस्या रखी। मंत्री ने तुरंत कार्रवाई के निर्देश देते हुए मामले का समाधान कराया, ताकि किसानों को किसी प्रकार का आर्थिक नुकसान न हो। छठी शिकायत शिकायतकर्ता मयंक मित्तल की थी। यह पिछली बैठक से लंबित शिकायत पुलिस विभाग से संबंधित थी। शिकायत में पैसों के लेनदेन को लेकर असंतोष जताया गया। मंत्री ने सभी पक्षों को सुनते हुए इसे अगली बैठक के लिए लंबित रखा।

सातवीं शिकायत टीडीआई से संबंधित थी। यह एक नई शिकायत थी, जिसमें शिकायतकर्ता ने टीडीआई क्षेत्र में एसटीपी न होने के कारण जल निकासी की समस्या, सोलर स्ट्रीट लाइट के अभाव और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कई मुद्दे रखे। मंत्री ने सुनवाई के बाद इस शिकायत को अगली बैठक के लिए लंबित रखा। आठवीं शिकायत जी.अल. कुकरेजा वासी अंसल सुशांत सिटी द्वारा रखी गई थी। शिकायतकर्ता जी.अल. कुकरेजा ने तालाब के गंदे पानी की निकासी का मामला उठाया। उन्होंने तालाब को बंद करने की मांग रखते हुए कहा कि तालाब में आने वाले मलमूत्र से स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी हो रही है। मंत्री ने समस्या को गंभीरता से सुनते हुए इसे अगली बैठक के लिए लंबित रखा।

नौवीं शिकायत में सुमन वासी सुभाष कॉलोनी फतेहपुर चौक ने स्वास्थ्य विभाग के विरुद्ध शिकायत रखी। उन्होंने बच्चेदानी के ऑपरेशन से संबंधित मामला उठाते हुए आरोप लगाया कि उनके साथ धोखाधड़ी कर पैसे वसूले गए। मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए निजी अस्पताल संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए और इसे अगली कार्रवाई के लिए लंबित रखा। दसवीं शिकायत में बबीता, तहसील गोहाना द्वारा रखी गई। यह नई शिकायत पुलिस विभाग से संबंधित थी। उन्होंने निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग रखी। मंत्री ने सुनवाई के बाद इस शिकायत को अगली कार्रवाई के लिए लंबित रखा।

मंत्री कृष्ण कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने समस्याओं के निस्तारण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर अगली बैठक में प्रस्तुत की जाए। बैठक में जिला शहरी विधायक प्रमोद विज, बीजेपी जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह, एसडीएम मनदीप, एसडीएम नवदीप नैन (इसराना), एसडीएम अमित कुमार (समालखा) सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## पुलिस ने गुमशुदा नाबालिग लड़की के परिजनों की तलाश कर किया परिजन के हवाले



अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा

**कुरुक्षेत्र, 16 दिसंबर।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने सेवा सुरक्षा और सहयोग के स्लोगन को चरितार्थ करते हुए नाबालिग लड़की के परिजनों का पता लगाकर उसे सुरक्षित परिजनों के हवाले करके पुलिस का नाम रोशन किया है।

जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र पुलिस सेवा सुरक्षा और सहयोग के स्लोगन को चरितार्थ करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। ऐसे ही एक घटना 11 दिसम्बर को उस समय सामने आई जब एक नाबालिग लड़की ब्रह्म सरोवर पर अकेली पाई गई। दिनांक 11 दिसम्बर शाम को कुरुक्षेत्र वासी सुनील राजपाल ने पुलिस को सूचना दी कि एक नाबलिग लड़की ब्रह्म सरोवर पर अकेली घुम रही है। सूचना पर थाना केयूके प्रभारी की टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मौका पर पहुंची और महिला पुलिस की सहायता से नाबालिग लड़की को वन स्टॉप सेंटर लेकर पहुंची। नाबालिग लड़की की काउंसलिंग करवाई गई जिसने बताया कि वह मूल रूप से बिहार की रहने वाली है और अपने मामा के साथ कुरुक्षेत्र घुमने आई थी लेकिन यहां अपने मामा से बिछड़ गई। थाना केयूके पुलिस टीम ने नाबालिग लड़की के परिजनों की तलाश की और लड़की के सुरक्षित होने की सूचना दी। दिनांक 15 दिसम्बर को लड़की की माता कुरुक्षेत्र पहुंची और पुलिस ने लड़की को उसकी माता के हवाले कर दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### सुंदरकांड पाठ व हवन का आयोजन



**लाडवा (विकास कश्यप)।** क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए मंगलवार को लाडवा-पिपली मार्ग पर स्थित अखंड सिद्ध हनुमान मंदिर में सुंदर कांड का पाठ व हवन का आयोजन किया गया। पाठ व हवन मंदिर के पुजारी द्वारा विधिवत पूर्वक करवाया गया, जिसमें अनेक भक्तों ने पहुंचकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए आहुतियां डाली। संपूर्ण आहुति मंदिर संचालक स्वामी सत्यानंद महाराज द्वारा डाली गई। इससे पूर्व मंदिर में आए भक्तों ने मंदिर में हनुमान की पूजा-अर्चना की व हनुमान पर सिंदूर युक्त तेल व लंगोट चढ़ाकर आरती में भाग लिया। मंदिर में सुंदर कांड व हनुमान चालीसा का पाठ भी करवाया गया। इस अवसर पर मंदिर में भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसके मुख्य यजमान निवारसी निवासी जोगिंद्र ङ्क्षसह व उसका परिवार था। मंदिर में आए सभी भक्तों को स्वामी सत्यानंद ने प्रसाद देकर अपना आशीर्वाद दिया तथा कहा कि भगवान हनुमान अपने भक्तों पर कभी कष्ट नहीं आने देते। वह सबके कष्ट हरण कर सभी भक्तों की मनोकामना अवश्य पूरी करते है। इस अवसर पर अनेक भक्त मौजूद थे।

### नायब सरकार सबका साथ सबका विकास के तहत कर रही काम



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** भाजपा के बाबैन मंडल के प्रधान विकास शर्मा जालखेड़ी ने कहा कि हरियाणा में नायब सरकार सबका साथ सबका विकास के तहत कार्य कर रही है। यही कारण है कि आज प्रदेश का हर वर्ग न केवल नायब सरकार से खुश है, बल्कि विपक्षी दल भी नायब सरकार की प्रशंसा करते है। विकास शर्मा मंगलवार को लाडवा विश्राम गृह में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब ङ्क्षसह सैनी ने हरियाणा को हांसी जिला बनाने की घोषणा कर हरियाणा को 23 वां जिला देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि लाडवा हलके की जनता को नायब सरकार जल्द ही 30 करोड़ रुपए की लागत से एस.डी.एम. काम्पलैक्स देगी, जिसमें एक ही छत के नीचे सभी विभागों के कार्यालय होंगे। अब हलके की जनता को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर काटने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ-साथ उनकी धर्मपत्नी सुमन सैनी लाडवा हलके की जनता की सेवा करने के लिए निरंतर हलके की जनता के बीच में रहकर उनकी समस्याएं सुनती है और उनको तुरंत दूर करवाने के स्थानीय प्रशासन को आदेश जारी करती है। हलके के गांव-गांव जाकर भी सुमन सैनी ग्रामीणों की समस्याओं को सुन रही है। इस अवसर पर उनके साथ गूढ़ा मंडल प्रधान नरेंद्र सिंह दबखेड़ा भी मौजूद था।

### पंचतत्व चैरिटेबल एंड स्पिरिचुअल ट्रस्ट का सराहनीय योगदान



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अरविंद मोहन शर्मा)।** पंचतत्व चैरिटेबल एंड स्पिरिचुअल ट्रस्ट की अध्यक्ष मीना कुमारी ने समाज सेवा और धार्मिक सहयोग की एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। उन्होंने सुधा कॉलोनी, निकट वशिष्ठ कॉलोनी में निर्माणाधीन शिव काल भैरव मंदिर के निर्माण हेतु 1000 ईंटों का सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के वाइस प्रेसीडेंट माही पाल शर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण में दिया गया यह योगदान समाज में धार्मिक, सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का कार्य करेगा। ट्रस्ट की अध्यक्ष मीना कुमारी ने कहा कि मंदिर हजारों लोगों की आस्था और विश्वास का केंद्र होता है, ऐसे पुनीत कार्य में सहभागिता करना पुण्य का कार्य है। उन्होंने बताया कि पंचतत्व चैरिटेबल एंड स्पिरिचुअल ट्रस्ट का उद्देश्य समाज सेवा के साथ-साथ धार्मिक और सांस्कृतिक उत्थान में निरंतर योगदान देना है। पंडित सुरेश अवस्थी के मार्गदर्शन में निर्माणाधीन यह शिव काल भैरव मंदिर क्षेत्र के आध्यात्मिक वातावरण को और अधिक समृद्ध करेगा। स्थानीय लोगों ने इस नेक पहल के लिए ट्रस्ट, अध्यक्ष मीना कुमारी एवं वाइस प्रेसीडेंट माही पाल शर्मा का आभार व्यक्त किया और आशा जताई कि मंदिर का निर्माण शीघ्र पूर्ण होकर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा।

### ब्रह्मलीन स्वामी दिव्यानन्द जी तीर्थ महाराज का प्राकट्य पर्व 4 जनवरी को

**मुलाना (अप्रस/सचिन मलिक)।** ज्योतिर्मठ अवन्तर भानुपुरा पीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी दिव्यानन्द जी तीर्थ महाराज के प्राकट्य पर्व के उपलक्ष्य में 3 व 4 जनवरी 2026 को मुलाना में भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन भारत माता मंदिर, मेन बाजार, मुलाना में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम के अंतर्गत 3 जनवरी, शनिवार को प्रात: 9-15 बजे श्रीरामचरित मानस पाठ पारायण का शुभारंभ किया जाएगा। वहीं 4 जनवरी, रविवार को प्रात: 9-15 बजे मानस पाठ का भोग एवं यज्ञ हवन संपन्न होगा। इसके पश्चात प्रात: 10-30 बजे से संतों के आशीर्वचन होंगे तथा दोपहर 1 बजे से श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं भोजन की व्यवस्था रहेगी। इस पावन अवसर पर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री ज्ञानानन्द जी तीर्थ एवं स्वामी श्री वरुणेन्द्र जी तीर्थ (युवाचार्य) का पावन सान्निध्य श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा। आयोजन समिति जगद्गुरु सेवा समिति, मुलाना द्वारा समस्त श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की गई है।

## कांग्रेस झूठे नेरेटिव से राजनीति चमकाने में लगी, भाजपा जनहित में कर रही काम: ईशम सिंह साकरा

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति

**ढांड, 16 दिसंबर।** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं मार्किट कमेटी ढांड के पूर्व चेयरमैन ईशम सिंह साकरा ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस को न तो देश की चिंता है और न ही देशवासियों के हितों से कोई सरोकार है। कांग्रेस केवल झूठे नेरेटिव के सहारे अपनी राजनीति चमकाने में लगी हुई है, जबकि इसके विपरीत भाजपा सरकार जनहित को सर्वोपरि रखते हुए निर्णय ले रही है।

ईशम सिंह साकरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में आज भारत का परचम पूरी दुनिया में लहरा रहा है। देश तेजी से एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जिसे देखकर कांग्रेस पार्टी बौखलाहट में है। कांग्रेस को देश का बढ़ता हुआ रुतबा बर्दाश्त नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी विदेशों में जाकर भारत की छवि खराब करने का कोई मौका नहीं छोड़ते, जिससे देश की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं की यह सोच देशहित के विपरीत है और जनता अब उनकी सच्चाई समझ चुकी है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के मंत्र पर चलते हुए गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के हित में निरंतर कार्य कर रही है। केंद्र सरकार की नीतियों से देश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है और आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है। ईशम सिंह साकरा ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी देशवासी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए भाजपा को मजबूत करेंगे और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपना योगदान देंगे।

## 1971 युद्ध की ऐतिहासिक विजय की स्मृति में आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विजय दिवस समारोह

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 16 दिसंबर।** आज आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बरगट जट्टान के विद्यालय परिसर में 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारत की ऐतिहासिक और शानदार विजय की स्मृति में 'विजय दिवस' बड़े ही धूमधाम तथा देशभक्ति के उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं एनसीसी कैडेट्स ने देश के वीर सपूतों के बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा 1971 के युद्ध में भाग ले चुके सैनिकों के जीवन, संघर्ष एवं अनुभवों पर प्रकाश डाला गया। उनके प्रेरणादायक अनुभवों ने विद्यार्थियों को देश सेवा एवं राष्ट्रभक्ति के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों एवं कविताओं की सुंदर प्रस्तुतियाँ दीं। 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के गगनभेदी नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो उठा।

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान रोबिन कुमार जी ने 16 दिसंबर 1971 के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम का प्रतीक है, जिसके परिणामस्वरूप एक नए राष्ट्र बांग्लादेश का उदय हुआ। वहीं विद्यालय के प्रबंधक महोदय श्रीमान सोहनलाल सैनी जी ने अपने संबोधन में कहा कि 16 दिसंबर केवल एक तिथि नहीं, बल्कि भारतीय सेना के अद्वितीय साहस, शौर्य और बलिदान की अमर गाथा का प्रतीक है।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय गौरव की भावना को जागृत करना तथा सैन्य बलिदान के प्रति सम्मान विकसित करना था। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं सफल सिद्ध हुआ।

## बाइनरी एक्रेडिटेशन पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन

**नारायणगढ़ (अप्रस/सुशील)।** राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में प्राचार्य रोहित कुमार की अध्यक्षता में बाइनरी एक्रेडिटेशन पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ. विनोद मलिक, असिस्टेंट प्रोफेसर, डिफेंस स्टडीज विभाग, राजकीय महाविद्यालय खरखौदा,आईक्यूएसी के कोऑर्डिनेटर रहे। प्राचार्य महोदय ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए कहा कि नैक की बाइनरी एक्रेडिटेशन प्रक्रिया उच्च शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिससे महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली ओर अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनती है। मुख्य वक्ता डॉ.मलिक ने बाइनरी एक्रेडिटेशन की अवधारणा, फ्रेमवर्क के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रक्रिया के माध्यम से संस्थान की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं सह-पाठ्य गतिविधियों की गुणवत्ता का समग्र मूल्यांकन होता है, जिससे निरंतर सुधार की संस्कृति विकसित होती है।

## टोहाना ट्रैफिक पुलिस की पहल: वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए

### धुंध वाले मौसम में सड़क सुरक्षा सनिश्चित करने के लिए कदम

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



**टोहाना, 16 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में ट्रैफिक पुलिस टोहाना ने नारवाना रोड पर वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने का अभियान चलाया है। यह पहल खासकर धुंध वाले मौसम में वाहन चालकों और राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए की गई है।

टोहाना ट्रैफिक इंचार्ज उपनिरीक्षक धर्मचंद ने बताया कि अभियान के तहत मुख्य ट्रक, बस और अन्य भारी वाहन पर उच्च गुणवत्ता वाले रिफ्लेक्टर लगाए गए हैं। इन रिफ्लेक्टरों की मदद से वाहन रात और धुंध दोनों में आसानी से दिखाई देंगे, जिससे अन्य वाहन चालकों को सड़क पर उनकी स्थिति स्पष्ट रूप से दिख सकेगी और दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी।

उपनिरीक्षक धर्मचंद ने बताया कि रिफ्लेक्टर लगाने का काम अनुभवी टीम द्वारा किया गया और सभी वाहनों पर इसे सही ऊँचाई और सही स्थान पर लगाया गया, ताकि अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित हो। उन्होंने आगे कहा कि इस पहल के दौरान वाहन चालकों को भी सड़क सुरक्षा और रिफ्लेक्टर के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

टोहाना ट्रैफिक पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे धुंध या कम रोशनी में वाहन चलाते समय सावधानी बरतें, हेडलाइट्स और इंडिकेटर का सही उपयोग करें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें। शहर के सभी निजी व प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को ले आने व छोड़ने के लिए इस्तेमाल होने वाले वाहनो को फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करे। पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है और ऐसे कदम नियमित रूप से उठाए जाते रहेंगे। रिफ्लेक्टर अभियान से नारवाना रोड पर सुरक्षित और निर्बाध यातायात सुनिश्चित होगा और सभी वाहन चालकों तथा राहगीरों के जीवन की सुरक्षा बढ़ेगी।

## गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अंबाला कैंट 'प्राइड ऑफ नेशन अवार्ड 2025' से सम्मानित

**अम्बाला (अप्रस/रवि पाहुजा)।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अंबाला कैंट को शिक्षा, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'प्राइड ऑफ नेशन अवार्ड 2025' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान समारोह एन डी एम सी कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संजय सेठ, माननीय केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में रामलाल जी,अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अनिल सहस्त्रबुद्धे, अध्यक्ष, नैक एवं एनबीए तथा प्रो. (डॉ.) टी. जी. सीतार, अध्यक्ष, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ए आई सी टी ई की गरिमामयी उपस्थिति रही। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि यह सम्मान जीएमएन कॉलेज के राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण और निरंतर प्रयासों की सशक्त पहचान है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संस्थान का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जिम्मेदार, जागरूक और देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने योग्य नागरिक बनाना है।

## हरियाणा सरकार देगी 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों के परिजन को सरकारी नौकरी: डीसी

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 16 दिसंबर।** डीसी डाक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि हरियाणा सरकार ने 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों के पीड़ित परिवारों सरकारी नौकरी देने का निर्णय लिया है। हरियाणा कौशल निगम में लेवल वन, लेवल 2 और लेवल 3 के अंतर्गत प्रावधानों के अनुसार योग्यता के आधार पर नौकरी दी जाएगी। सरकार ने हरियाणा के ऐसे परिवारों को नौकरी देने का निर्णय लिया है जिनके परिवार के सदस्य की 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों में हरियाणा या हरियाणा से बाहर मौत हुई है। नौकरी हरियाणा में ही दी जाएगी।

जिला से प्रभावित परिवार 17 दिसंबर शाम 5 बजे तक डीसी कार्यालय पानीपत में निम्नलिखित जानकारी के साथ कागजात जमा करवाएं ताकि सरकार के पास समय पर भेजे जा सकें। मृतक का नाम, दिनांक और स्थान जहां पर मौत हुई थी, मृत्यु प्रमाण पत्र की कॉपी, एफआईआर की कॉपी या अन्य संबंधित कागजात जो सिद्ध करें कि 1984 के सिख विरोधी दंगों में उक्त व्यक्ति की मौत हुई है। पीड़ित परिवार के जिस सदस्य को नौकरी दी जानी है उसका नाम, आधार नंबर, शैक्षणिक योग्यता, मृतक के साथ रिश्ता, आयु एवं जन्म तिथि, श्रेणी एससी, ओबीसी, एसटी, सामान्य। पीड़ित परिवार का रिहायशी प्रमाण हरियाणा या रह रहे यूटी या अन्य राज्य का। पीड़ित परिवार के जिस सदस्य को नौकरी दी जानी है, उक्त परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा एनओसी, शपथ पत्र, मंजूरी भी देनी है।

## 1971 भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए भारतीय सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 16 दिसंबर।** सेवा भारती शाखा टोहाना के तत्वावधान में 55वें विजय दिवस के उपलक्ष्य मे एक संगोष्ठी का आयोजन कर 1971 के भारत पाक युद्ध के भारतीय शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर टोहाना रतन डॉक्टर शिव सचदेवा ने कहा कि 1971 में भारतीय सेना ने पाकिस्तान सेना के घुटने टिका दिए थे और भारत ने बहुत बड़ी विजय प्राप्त कर पाकिस्तान के दो टुकड़े कर एक नया देश बांग्लादेश बना दिया था। सेवा भारती जिला प्रचार प्रमुख सुभाष जैन ने कहा कि भारतीय सेना के अदम्य पराक्रम एवं साहसिक मनोबल एवं निर्णायक शक्ति के आगे पाकिस्तान की सेवा ध्वस्त हो गई थी और विश्व के इतिहास में 93 हजार पाकिस्तानी सैनिकों ने भारत के जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के आगे हथियार डाल दिए थे। यह विश्व की ऐसी पहली व अद्वितीय घटना है जिसमें 93000 सैनिकों ने पाकिस्तानी जनरल याहयां खान के नेतृत्व में भारतीय सेना के आगे हथियार डालने पर मजबूर होना पड़ा। यह सब फील्ड मार्शल मानक शाह की रणनीति एवं जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के कुशल नेतृत्व तथा भारतीय सेवा के अदम्य साहस के कारण ही ऐसा हो पाया। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय थल सेना व वायुसेना की सेवा की प्रशंसा करते हुए ने विश्व की सबसे उत्कृष्ट सेना बताया । सेवा भारतीय अध्यक्ष सत प्रकाश शर्मा ने कहा कि भारतीय सेना सदा ही विश्व की सर्वोच्च सेना रही है। यह उन्होंने 1971 के युद्ध में सिद्ध किया, कारगिल युद्ध और अब ऑपरेशन सिंदूर में भी सिद्ध कर दिया । भारतीय सेना अदम्य साहस एवं शानदार पराक्रम के लिए पूरे विश्व में जानी जाती है। इस अवसर पर सचिव कृष्ण गिल , सह सचिव हरीश गर्ग,वाई पी गर्ग ने भी भारतीय सेवा के साहस एवं पराक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की।

## एसडीएम की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक, बीएलओं को दिये जरूरी दिशा-निर्देश

# मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी: शिवजीत भारती

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार



**नारायणगढ़, 16 दिसंबर।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-03 नारायणगढ़ की निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम शिवजीत भारती की अध्यक्षता में एसडीएम कॉम्प्लेक्स स्थित कॉन्फ्रेस हॉल में बी.एल.ओ. (बूथ लेवल ऑफिसर) की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य बीएलओ एप्प पर मतदाता सूची के डेटा का मिलान कार्य की समीक्षा और बीएलओ एप्प पर वर्ष 2002 की मतदाता सूची का डेटा दिखाई देता है, उसका वर्तमान मतदाता सूची के डेटा के साथ मिलान करने के कार्य में तेजी लाना भी था।

बैठक के दौरान एसडीएम ने बी.एल.ओ. को मतदाता सूची से संबंधित सभी कार्यों को गंभीरता, पारदर्शिता एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम शिवजीत भारती ने बी.एल.ओ. को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र की नवीनतम मतदाता सूची का वर्ष 2002 की मतदाता सूची से घर-घर जाकर मिलान करें, ताकि नए एवं पात्र मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके।

बी.एल.ओ. एप को नियमित रूप से अपडेट रखने के निर्देश दिए गए। एप पर प्रदर्शित डेटा की मैपिंग सुनिश्चित की जाए, जिससे मतदाता सूची में संशोधन, विलोपन एवं नवीन प्रविष्टियों का कार्य समय पर पूर्ण हो सके।

महिला मतदाताओं के रिकॉर्ड के संबंध में विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। बी.एल.ओ. को बताया गया कि वे सीईओ हरियाणा की वेबसाइट/पोर्टल के माध्यम से महिला मतदाताओं के माता-पिता की मतदाता जानकारी की जांच कर सकते हैं, जिससे उनकी विधानसभा, वार्ड एवं भाग संख्या की पुष्टि आसानी से हो सकेगी।

मतदाता सूची के डेटा मिलान, त्रुटियों के सुधार की प्रक्रियाओं पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। जो व्यक्ति वोट बनवाने के लिए ऑन लाइन आवेदन करते है उनकी फील्ड वैरिफिकेशन का कार्य बीएलओं द्वारा किया जाएगा, उसके उपरांत ही उनकी वोट बनेगी।

एसडीएम शिवजीत भारती ने कहा कि वर्तमान में मतदाता वेरिफिकेशन का कार्य लगातार जारी है। शहरी क्षेत्रों में नगर पालिका प्रधान, उप प्रधान, पार्षद, नंबरदार, आंगनवाड़ी वर्कर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भी नम्बरदार, पंच, सरपंच, चौकीदार, आंगनवाड़ी वर्कर, पटवारी एवं ग्राम सचिव इस कार्य में सहयोग करें।

उन्होंने कहा कि जो नए बी.एल.ओ. नियुक्त हुए हैं, उन्हें प्रशिक्षण दिया जाए। इन दिनों मतदाता सूची से संबंधित कार्य प्राथमिकता पर चल रहा है, इसमें तेजी लाई जाए। समीक्षा बैठक में आगामी निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु मतदाता सूची के अद्यतन एवं शुद्धिकरण कार्य की समीक्षा करने के साथ-साथ चुनाव आयोग द्वारा दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी भी दी गई।

# नकारात्मकता का नाश करने के लिए करें मां काली के इन मंत्रों का जाप, शत्रुओं पर मिलेगी विजय

हिंदू धर्म में शनिवार का दिन मां काली को समर्पित होता है। इस दिन मां काली की पूजा का विशेष महत्व होता है। माना जाता है कि मां काली की पूजा से शनिदेव भी प्रसन्न होते हैं। वहीं धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक जो भी जातक सच्चे मन से मां काली की पूजा-आराधना करते हैं, उनके जीवन में कभी भी नकारात्मक शक्तियां रुक नहीं पाती हैं। वहीं गुप्त शत्रुओं का भी नाश होता है। मां काली को प्रसन्न करने के कुछ उपाय के बारे में बताने जा रहे हैं। अगर आप भी मां काली की कृपा पाने चाहते हैं तो शनिवार को मां काली की विशेष पूजा करें और पूजा के दौरान मां काली के मंत्रों का जाप करना जाप करना चाहिए।



**मां काली के दिव्य मंत्र**

ऊँ कालरात्यै नमः।

ऊँ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चै

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता, लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्त शरीरिणी। वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा, वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी॥

जय त्वं देवि चामुण्डे जय भूतार्ति हारिणि। जय सार्वगते देवि कालरात्रि नमोस्तुते॥

ऊँ ऐं सर्वाप्रशमनं त्रैलोक्यस्या अखिलेश्वरी। एवमेव त्वथा कार्यस्मद् वैरिविनाशनम् नमो सें ऐं।।

या देवी सर्वभूतेषु मां कालरात्रि रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता। लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्त शरीरिणी॥

वामपादोल्लसल्लोह लताकण्टकभूषणा। वर्धन मूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयङ्करी॥

क्लीं ऐं श्री कालिकायै नमः। ज्वाला कराल अति उग्रम शेषा सुर सूदनम। त्रिशूलम पातु नो भीते भद्रकाली नमोस्तुते।।

ओम देवी कालरात्यै नमः।

ऊँ फट् शत्रून साघय घातय।

**मां काली की आरती**

अम्बे तू है जगदम्बे काली, जय दुर्गे खप्पर वाली, तेरे ही गुन गाए भारती, हे मैया, हम सब उतारे तेरी आरती

तेरे भक्त जनो पार माता भये पड़ी है भारी, दानव दल पार तोतो माड़ा करके सिंह सांवरी, सोउ सौ सिंघों से बालशाली, है अष्ट भुजाओ वली, दुशटन को तू ही ललकारती

हे मैया, हम सब उतारे तेरी आरती

माँ बेटी का है इस जग जग बाड़ा हाय निर्मल नाता, पूत कपूत सुने है पर ना माता सुनी कुमाता, सब पे करुणा दर्शन वालि, अमृत बरसाने वाली, दुखीं के दुक्खदे निवर्तती

हे मैया, हम सब उतारे तेरी आरती

नहि मँगते धन धन दौलत ना चण्डी न सोना

हम तो मागे तेरे तेरे मन में एक छोटा सा कोना

सब की बिगड़ी बान वाली, लाज बचाने वाली,

सतियो के सत को संवरती

हे मैया, हम सब उतारे तेरी आरती

चरन शरण में खडे तुमहारी ले पूजा की थाली, वरद हस् स सर प रख दो म सकत हरन वली, माँ भार दो भक्ति रस प्याली, अष्ट भुजाओ वली, भक्तो के करेज तू ही सरती

हे मैया, हम सब उतारे तेरी आरती

अम्बे तू है जगदम्बे काली, जय दुर्गे खप्पर वाली

तेरे ही गुन गाए भारती, हे मैया, हम सब उतारे तेरी आरती।

# भीखा भूखा कोई नहीं, सबकी गठरी लाल

सन्तों-महापुरुषों ने यही आवाज हमेशा दी है कि हे इन्सान! इस साध संगत के साथ जुड़ जा। इसके साथ जुड़ने से ही तेरे जीवन में रंगत आ सकती है, इस नाम का रंग चढ़ सकता है और इस ज्ञान की कीमत भी तू जान सकता है। जिस तरह से और भी दुनियावी चीजों की संभाल की जाती है, उनकी कीमत के अनुसार ही हम उनकी संभाल करते हैं। जो कम कीमती वस्त होती है, उसको कमरों में रखते हं। जो ज्यादा कीमती चीज है, तो कमरे में रखी हुई अलमारियों में रखते हैं और भी कीमती हो तो अलमारियों के अन्दर ऐसे खाने बना रखे होते हैं कि आम इन्सान उसे देख भी न पाए। इतनी-इतनी संभाल, इतना-इतना दर्जा हम देते जाते हैं। इस ज्ञान की कीमत का अगर हमें अहसास न होगा तो फिर वास्तव में हीरा प्राप्त होते हुए भी कंगाल होने की बात हो जाती है-

भीखा भूखा कोई नहिं, सबकी गठरी लाल। गांठ खोल देखत नहिं, याते भए कंगाल।।

इस ज्ञान की संभाल जिस-जिस ने भी की है, आनन्द प्राप्त किया है। इस ज्ञ्ज्ञन की संभाल साध संगत के द्वारा होती है, सुमिरन के द्वारा होती है और सेवा के द्वारा होती है-

कबीर कउड़ी कउड़ी जोरि के जोरे लाख करोरि। चलती बार न कछु मिलिओ लई लंगोटी तोरि।

हे इंसान! तेरे तन पर अगर एक लंगोटी मात्र ही है, तो यह भी साथ नहीं जाने वाली। तू जिनके लिए तमाम जीवन लगा रहा है, ये



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

तेरे किस काम आ रहे हैं, ये श्वास किस को समर्पित कर रहा है? इन श्वासों का तू क्या मोल डाल रहा है? तू इस प्रभु के साथ अपना नाता जोड़ ले, इस परमात्मा के साथ नाता जोड़ ले, तभी यह तेरा लोक भी सुखी हो सकेगा और परलोक भी सुहेला हो जाएगा।

अगर कोई अपने आप को बड़ा मानकर अपनी चतुराईयां, हील-हुज्जतें अपना लेता है, तो उसके ऊपर जो निखार आना है, वह नहीं आ पाता है। साध संगत! यही दातार के आगे अरदास है कि दातार मेहर करें, गुरमुख-महापुरुषों को जो यह उत्तम ज्ञान प्राप्त हुआ है, इस ज्ञान को सीाल कर रखें। संसार में जो वैर, ईर्ष्या, नफ़रत, घृणा की भावना है, इनसे गुरुमुख हमेशा ऊपर हुआ करता है। अगर यह मन साध संगत से जुड़ा रहता है, उपदेश से जुड़ा रहताहै, तो फिर वह ऐसी छोटी भावनाओं से दूर रहता है। लेकिन अगरउसकी सोच सांसारिक बन जाती है, सांसारिक स्वभाव सामने आ जाते हैं, फिर तो ऐसी अवस्था है।





नोकरियां यहां देखें

**SSC GD Constable भर्ती 2026**
कुल पद: 25,487
आवेदन प्रारंभ: 01 दिसंबर - 2025
अंतिम तिथि: 31 दिसंबर 2025
करें आवेदन: ऑनलाइन

**महाराष्ट्र प्राधिकरण में जूनियर इंजीनियर व अन्य के**
कुल पद: 290
आवेदन की अंतिम तिथि: 19 जनवरी, 2026
योग्यता: 10वीं पास, डिप्लोमा, यूजी
आयु सीमा:अधिकतम 45 साल
करें आवेदन:
**mjp.maharashtra.gov.in**

**हिंदुस्तान कॉपर में जूनियर मैनेजर के**
कुल पद: 64
आवेदन की अंतिम तिथि: 17 दिसंबर, 2025
योग्यता: बीई ,बीटेक व अन्य
आयु सीमा अधिकतम: 40 साल
आवेदन करें :
**hindustancopper.com**

**DGCA में ड्यूटी डायरेक्टर के**
कुल पद: 116
आवेदन की अंतिम तिथि:18 दिसंबर, 2025
योग्यता: यूजी , पीजी
आयु सीमा: अधिकतम 56 साल
करें आवेदन:
**dgca.gov.in**

**यूपीएससी द्वारा विज्ञापित जियोग्राफिकल इंडिकेशन के**
कुल पद: 102
अंतिम तिथि:1 जनवरी 2026
आयु सीमा: 21 से 35 साल
करें आवेदन:
**upsconline.nic.in**

जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए arthparkash.com देखें


# एक जनवरी से डीजल ऑटो के संचालन की नहीं होगी अनुमति: सुभाष चन्द्र



> सोनीपत में 31 दिसंबर तक डीजल ऑटो होंगे श्रेणीबद्ध तरीके से बाहर

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**सोनीपत।** वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के उद्देश्य से सोनीपत जिले में डीजल ऑटो को श्रेणीबद्ध तरीके से बाहर किया जाएगा। इस संबंध में मंगलवार को जिला परिवहन अधिकारी एवं सचिव, प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण, सोनीपत सुभाष चन्द्र की अध्यक्षता में डीजल ऑटो मालिकों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में सभी ऑटो चालकों को अवगत कराया गया कि जिले में 31 दिसंबर 2025 तक डीजल ऑटो को श्रेणीबद्ध तरीके से हटाया जाएगा तथा 1 जनवरी 2026 से किसी भी डीजल ऑटो के संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह निर्णय कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (ष्टक्तरू) के निर्देश संख्या 70 के तहत लिया गया है, जिसका उद्देश्य एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करना है।

बैठक में ऑटो यूनियन के प्रधान इंद्रजीत, राजकुमार, सतीश कुमार, आनंद कुमार, प्रेम सिंह, दिनेश, रोहताश, प्रताप सिंह, संजय सहित अन्य ऑटो चालक उपस्थित रहे।

# मन पर नियंत्रण के बिना परमात्मा की प्राप्ति दुर्लभ: मुनिश्री विनय कुमार जी

चंडीगढ़। मन को वश में रखने के लिए सदा सत्संग, सत्चिंतन, सत्पठन करो, जीवन में उतारो। समय-सारणी बना कर मन को बाँधो, एक मिनट भी मन को खाली न होने दो। जीवन के प्रत्येक पल को नियमितता की जंजीर से बाँध दो। जो समय बरबाद हो गया हो, उसके लिए हृदयपूर्वक पश्चाताप करो। परम कृपालु परमात्मा बहुत ही दयालु हैं। उनकी शरण में जाओगे तो वे तुम्हारी रक्षा करेंगे।हम मानव तो हैं परंतु मानवता खो बैठे हैं, निरी पशुता देखने में आती है। सच्चा मानव बनने के लिए जीवन को संयमी बनाओ। मन पर कभी विश्वास न रखो, मन को स्वतंत्रता दोगे तो तुम्हारी नौका खतरे में आ जायेगी। जैसे हाथी को नियंत्रण में रखने के लिए अंकुश की आवश्यकता रहती है। ये शब्द मनीषीश्री संत विनय कुमार जी आलोक ने अणुव्रत भवन सैक्टर-24 के तुलसी सभागार मे आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहे। मनीषीश्रीसंत ने आगे कहा मन को वश किये बिना परमात्मा की प्राप्तिरूप योग दुर्लभ है। फिर भी कोई



ऐसा चाहे कि मन अपनी इच्छानुसार निरंकुश बनकर विषय-भोग में स्वच्छंदता से घूमा करे और भगवदानंद में पूर्णरूप से स्थित हो जाये तो यह उसकी गलती है। दुःखों की निवृत्ति और आनंदमय परमात्मा की प्राप्ति चाहनेवालों को मन को वश में रखना सीखना ही पड़ेगा। निद्रावस्था में इच्छा की निवृत्ति होने से जो आनंद प्राप्त होता है, वह कहाँ से आता है? क्या बाहर से आता है? नहीं, वह आनंद बाहर से नहीं आता। वह अपने-आप मिलता है। यह हर किसी का अनुभव है।

## हृदय में संतोष और वैराग्य करे पैदा: अतुल मुनि जी

अतुल मुनि जी ने फरमाया विषय-भोग में कुछ क्षण के लिए मन मे आनंद होता है, तब हृदय से संतोष और वैराग्य उत्पन्न होते हैं। इस प्रकार विचार करने से समझ में आता है कि सुख में व आनंद का वास्तविक साधन वैराग्य एवं संतोष ही है। वैराग्य के बिना रजोगुणी वृत्ति दबती नहीं है और जब तक रजोगुणी वृत्ति रहती है, तब तक आनंद की स्थिति कैसे टिक सकती है जिस महापुरुष के हृदय में सच्चा संतोष और वैराग्य उत्पन्न हुआ है वही ममत्व हटाकर परमात्म-पद को पाता है। यदि एक घण्टे के लिए भी हमारे में सच्चा वैराग्य उत्पन्न हो जाय तो हम अपने भीतर ही उस आनंदस्वरूप को अवश्य पा सकेंगे। उसे परमात्मा कहते हैं।वह मनुष्य धन्य है कि जो जीवन्मुक्त है, जिसके हृदय में संतोष और वैराग्य हैं क्योंकि वैराग्य ही सुख का मूल व आनंद का जनक है

## पंचांग

बुधवार, 17 दिसम्बर, 2025, सूर्योदय: 07:08 ए एम, सूर्यास्त: 05:27 पी एम, चन्द्रोदय: 05:37 ए एम, दिसम्बर 18, चन्द्रास्त: 03:12 पी एम, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वत: 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वत: 2082 पिङ्गल, अमान्त महीना: मार्गशीर्ष, पूर्णिमान्त महीना: पौष, वार: बुधवार, पक्ष: कृष्ण पक्ष, तिथि: त्रयोदशी - 02:32 ए एम, दिसम्बर 18 तक, नक्षत्र: विशाखा - 05:11 पी एम तक, योग: सुकर्मा - 02:17 पी एम तक, करण: गर - 01:15 पी एम तक, द्वितीय करण: वणिज - 02:32 ए एम, दिसम्बर 18 तक, सूर्य राशि: धनु, चन्द्र राशि: तुला - 10:26 ए एम तक, राहुकाल: 12:17 पी एम से 01:35 पी एम, गुलिक काल: 11:00 ए एम से 12:17 पी एम, यमगण्ड: 08:25 ए एम से 09:42 ए एम, अभिजित मुहूर्त: कोई नहीं, दुर्मुहूर्त: 11:57 ए एम से 12:38 पी एम, अमृत काल: 07:17 ए एम से 09:05 ए एम, वर्ज्य: 09:40 पी एम से 11:28 पी एम।

## भविष्य फल



**मेष:** आपकी राजनैयिक योग्यताओं एवं कठिन परिश्रम से आपकी अच्छी आय की वापसी हो सकती है जिससे आपके अधिकारियों पर आपके प्रति अच्छी धारणा बन सकती है।

**वृष:** कुछ ऐसे लोगों से मुलाकात होगी जिनके पास पैसे कमाने के बहुत अच्छे विचार या मौके हैं।

**मिथुन:** आपके रुके हुए कार्य पुरे होंगे। नौकरी के कार्यक्षेत्र में पद प्रतिष्ठा के साथ आय बढेगी।

**कर्क:** कार्यस्थल पर उन लोगों को पहचानने की कोशिश करें, जो आपकी छवि खराब करने पर तुले हैं या फिर आपका काम बिगाड़ने पर उतारू हैं।

**सिंह:** किसी नए काम की शुरूआत हो सकती है। ऐसा भी हो सकता है कि पुराने रुके काम फिर से शुरू हो जाए।

**कन्या:** मौसम में बदलाव से आप कुछ एलर्जी प्रतिक्रियाओं के साथ आक्रमण कर सकते हैं।

**तुला:** आज आप अपनी मेहनत व साथियों की मदद से सफलता प्राप्त कर सकेंगे। अपने समूह में सभी को उत्साहित करके एक साथ काम करें।

**वृश्चिक:** आपकी जिम्मेदारी बढ़ सकती है। धार्मिक और सामाजिक काम के लिए समय निकाल लेंगे। परिवार के साथ समय बीतेगा

**धनु:** अगर आप अत्यधिक धन कमाना चाहते हैं तो आपको अपने व्यापार में थोड़ा और मेहनत करने की जरूरत है।

**मकर:** आज आपका रुझान अध्यात्म की ओर रहेगा। अपने असली रूप को पहचाने और आध्यात्मिक ज्ञान को बढ़ाने की कोशिश करें।

**कुंभ:** आपका ध्यान संतान और शिक्षा की तरफ रहेगा। आज आप पॉजिटिव नजरिया रखेंगे, तो दिन अच्छे से बीत जाएगा।

**मीन:** आज आपको सौंपा गया एक नया प्रोजेक्ट आप ईमानदारी और समर्पण के साथ पूरा करेंगे।

# एयरबीएनबी के एक्सक्लूसिव एक्सपीरियंसेज के साथ लीजिए लोलापलूजा इंडिया 2026 का अनुभव

शिमला। अपनी पहली ग्लोबल लाइव म्यूजिक पार्टनरशिप के तहत एयरबीएनबी ने लोलापलूजा इंडिया 2026 के दौरान प्रशंसकों के लिए अपनी तरह के खास अनुभव की पेशकश की है। मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स में 24 और 25 जनवरी को आयोजित होने जा रहे लोलापलूजा इंडिया आने वाले प्रशंसकों को एयरबीएनबी एक्सपीरियंसेज के साथ अपने पसंदीदा संगीत को और करीब से देखने और जानने का मौका मिलेगा। यह भारत में एयरबीएनबी के सफर का नया रोमाचंक अध्याय है, जो लोगों को पर्यटन, संस्कृति एवं रचनात्मकता के माध्यम से जोड़ने की कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूती देता है।लोलापलूजा इंडिया इनसाइडर के माध्यम से बैकस्टेज टूर और कलाकारों के साथ क्रिएटिव सेशंस से लेकर बिहाइंड-द-सीन्स एक्सेस तक हर अनुभव प्रशंसकों को भारत के सबसे खास म्यूजिक फेस्टिवल्स में शुमार इस आयोजन के यादगार पलों से रूबरू कराएगा। भारत एवं दक्षिणपूर्व एशिया में एयरबीएनबी के कंट्री हेड अमनप्रीत बजाज ने कहा, 'लाइव म्यूजिक और यात्रा को लोगों ने हमेशा हाथों-हाथ लिया है। लोग सिर्फ ऐसे किसी उत्सव में हिस्सा नहीं लेते हैं, बल्कि मेजबान शहरों में घूमते हैं और अपने साथ यादगार पल लेकर जाते हैं। लोलापलूजा के साथ हमारी साझेदारी से प्रशंसकों को खास एयरबीएनबी एक्सपीरियंसेज के माध्यम से इस म्यूजिक फेस्टिवल को और करीब से महसूस करने का मौका मिलेगा।

# स्टर्लिंग हॉलिडे रिसॉर्ट्स की लेज़ी विंटर गेटअवे को मिल रही मज़बूत प्रतिक्रिया उत्तर भारत में विंटर ट्रैवल की मांग बढ़ी

शिमला। उत्तर भारत में इस साल विंटर ट्रैवल सीज़न की शुरुआत मज़बूत रही है। प्रमुख हिल स्टेशनों के होटलों में आगामी छुट्टियों के लिए पूछताछ में साफ़ बढ़ोतरी देखी जा रही है।स्टर्लिंग हॉलिडे रिसॉर्ट्स को अपनी लेज़ी विंटर गेटअवे पेशकश के लिए कुफरी और मनाली में विशेष रूप से तेज़ मांग मिली है जिसमें उत्तर भारत के अलग अलग क्षेत्रों से ट्रैवलर्स की अच्छी प्रतिक्रिया दर्ज की गई है।यह ट्रेंड दर्शाता है कि लोग ठंडे मौसम वाले बेहतर एक्यूआई वाले स्थानों पर छोटी विंटर ब्रेक्स लेना पसंद कर रहे हैं।स्टर्लिंग के पूछताछ पैटर्न से पता चलता है कि यात्री ऐसे स्टे की तलाश में हैं जहाँ उन्हें आराम महसूस और जिनमें कोई जल्दबाज़ी न हो। इसी आवश्यकता को देखते हुए लेज़ी विंटर गेटअवे में सेंट्रली हीटेड कमरे,खाने के समय में ज़्यादा फ्लेक्सिबिलिटी,कपल स्पा सेशन और कमरे में चाय और कॉफ़ी सेटअप मिलते हैं ताकि मेहमान शांत शाम और दिन की धीमी शुरुआत का आनंद ले सकें। स्टर्लिंग हॉलिडे रिसॉर्ट्स लिमिटेड के मार्केटिंग सीनियर वाइस प्रेसिडेंट हरिनाथ एम ने कहा हमारे रिसॉर्ट्स में गेस्ट ऐसे एक्सपीरियंस ढूंढ रहे हैं जहाँ वे सर्दियों का शांत और सोच समझ कर आनंद ले सकें। वे शहरों से दूर जाना चाहते हैं और थोड़ा आराम करना चाहते हैं। लेज़ी विंटर गेटअवे इन्हीं पसंदों को ध्यान में रखकर बनाई गई है।

# सोनीपत नगर निगम ने 30 नवंबर तक किया 4394 आवारा कुत्तों की नसबंदी व टीकाकरण

> जिलावासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा आवारों कुत्तों के नसबंदी व टीकाकरण

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना में जिला प्रशासन आवारा कुत्तो के नसबंदी, टीकाकरण व डी-वार्मिग जैसे कार्य तेजी से कर रहे है। जिला प्रशासन के द्वारा जिला टास्क फोर्स व जिला निगरानी कमेटी का गठन किया गया व नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति करी है। इस साल 30 नवंबर तक नगर निगम सोनीपत के



द्वारा 4394 कुत्तों की नसबंदी, टीकाकरण व डी-वार्मिग करी गई है। वही 1414 आवारा पशुओं को पकड़ कर गउशालाओं/नंदीशालाओं में पहुंचाया गया है। नगर निगम के द्वारा आवारा कुत्तों के फीडीग के 20 स्थानों का चयन किया गया है।

इस अवधि के दौरान गोहाना नगर परिषद के द्वारा 1414 आवारा कुत्तों के नसबंदी, टीकाकरण व डी-वार्मिग की गई है। 50 जगहों का चयन कुत्तों के फीडीग स्थान के तौर पर किया गया व 1460 आवारा पशुओं को गउशालाओं/नंदीशालाओं में पहुंचाया गया है।

मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार अनुराग रस्तोगी ने मंगलवार के विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से जिले के सभी उपायुक्तों के साथ आवारा कुत्तों से संबंधित मुद्दों पर समीक्षा बैठक करी। बैठक उपरांत उपायुक्त सुशील सारवान ने शहरी स्थानीय निकाय के अधिकारियों के साथ बैठक करी। जिसमे आवारा कुत्तों की नसबंदी, टीकाकरण, डी-वार्मिंग, शेल्टर होम जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई व अभी तक किए गए कार्य की समीक्षा करी गई।

उपायुक्त ने बताया की शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, खेल परिसरों व अन्य विभिन्न स्थानों से आवारा कुत्तों का हटाने के निर्देश अधिकारियों को दे दिए गए। पकडे गए कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण के बाद उन्हें शेल्टर होम में रखना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो एबीसी नियमों के तहत कार्यवाही करे। उन्होंने बताया कि जिलावासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवारा कुत्तों की नसबंदी व टीकाकरण के कार्य किए जा रहे है। इस दौरान सीटीएम डॉ. अनमोल , एसीपी राजपाल सिंह, जे.सी. नगर निगम मीतू धनखड़, डिप्टी सीएमओ व शहरी स्थानीय निकाय के अधिकारी मौजूद रहे।

# व्यक्ति की हत्या मे संलिप्त आरोपी गिरफ्तार न्यायालय में पेश कर लिया पुलिस रिमांड पर

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। जिले के थाना गन्नौर की पुलिस ने व्यक्ति की हत्या करने की घटना मे संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी बिजेन्द्र पुत्र मान सिंह निवासी गांव सैय्या खेड़ा जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि 14 दिसंबर 2025 को सुदंर पुत्र ईश्वर सिहं निवासी गाँव बली कुतुबपुर जिला सोनीपत ने थाना गन्नौर मे शिकायत दी कि दिनांक 13 दिसंबर 2025 को समय करीब 05.30 क्करू पर मैं अपने खेत में आया था जो रास्ते में मेरे खेत के साथ रविन्द्र पुत्र बलवान निवासी गाँव बली कुतुबपुर का खेत व ट्यूबेवल कोठड़ा है जिस पर रविन्द्र के साथ बिजेन्द्र निवासी सैय्या खेड़ा, दीपक पुत्र सुरेश, व अर्जुन पुत्र प्रताप सिहं वासीयान गांव बली कुतुबपुर टयूबवैल कोठड़ा के पास बैठकर शराब पी रहे थे जो मै खेत में घुमकर वापिस अपने घर चला गया। जो आज दिन में मेरे पास रविन्द्र पुत्र रोहताश निवासी गांव बली कुतुबपुर ने फोन करके बतलाया कि रविन्द्र के ट्यूबेवल कोठड़ा पर रविन्द्र की लाश खून से लथपथ पड़ी है जो सूचना मिलने पर मैं और मेरे परिवार के सदस्य मौके पर आये जहाँ पर खेत में टयूबवैल कोठड़ा के बरामदे में रविन्द्र की लाश पड़ी थी काफी खून निकला हुआ है जो रविन्द्र के साथ शराब पीने वाले बिजेन्द्र ,दीपक व अर्जुन ने रविन्द्र की हत्या की है। इस घटना का भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के अंतर्गत थाना गन्नौर मे अभियोग अंकित किया गया था।

# जिला रेडक्रॉस शिविर के माध्यम से स्कूली बच्चों को किया जा रहा जागरूक

> जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का दूसरा दिन संपन्न

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। जिले में आयोजित पाँच दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आज दूसरा दिन रहा। यह शिविर 15 से 19 दिसंबर तक एस.एम. हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोनीपत में आयोजित किया जा रहा है। उपायुक्त सुशील सारवान एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव गौरव रामकरण के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में जिले के 20 विद्यालयों से आए 100 विद्यार्थियों (लड़के-लड़कियाँ) तथा 20 काउंसलरों ने भाग लिया।

शिविर की शुरुआत सभी काउंसलरों द्वारा रेडक्रॉस ध्वज फहराकर सलामी देने के साथ की गई। इस अवसर पर अतिथियों ने रेडक्रॉस के संस्थापक सर जीन



हेनरी ड्यूनां की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम के दौरान ओ.एस.टी. काउंसलर, नागरिक अस्पताल, जितेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को नशा विरोधी अभियान एवं एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक किया। वहीं डीसीपी ट्रैफिक पुलिस की ओर से सिटी ट्रैफिक इंचार्ज इंस्पेक्टर देशराज ने प्रतिभागियों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई।

जिला प्रशिक्षण अधिकारी संजय कुमार एवं सुनीता ढुल द्वारा विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई, जिसमें बेहोशी, नाक से खून आने की स्थिति में उपचार तथा सीपीआर का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। संदीप बत्रा ने यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर आरटीओ कार्यालय से टीएसआई सचिन एवं संदीप भी उपस्थित रहे। शिविर के सफल आयोजन में विभिन्न विद्यालयों से आए काउंसलर शशि मेहता, आशा, देवेंद्र, अशोक, ज्योति तथा जिला रेडक्रॉस सोसायटी सोनीपत से प्रमेन्द्र कुमार, मांगेराम सहित अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।




चंडीगढ़ में 2026-27 की एक्साइज पॉलिसी को लेकर व्यापक बैठक, व्यापारियों की समस्याओं और सुझावों पर चर्चा

# चंडीगढ़ में कम नशे की बियर को दिया जाए बढ़ावा

- व्यापारियों ने लेबल अनुमोदन में देरी व नई लाइसेंस आवेदन प्रक्रिया में कठिनाई के मुद्दे उठाए
- व्यापारियों ने कम अल्कोहल युक्त पेय पदार्थों, विशेषकर बीयर के प्रचार को बढ़ावा देने के सुझाव भी दिए
- हरियाणा और उत्तर प्रदेश की तर्ज पर कम लागत वाले लाइसेंस देने का सुझाव

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 16 दिसंबर।** चंडीगढ़ प्रशासन के डिप्टी कमिश्नर-कम-एक्साइज कमिश्नर निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को एक्साइज सेक्टर के सभी हितधारकों के साथ एक व्यापक बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य 2026-27 की एक्साइज पॉलिसी के मसौदे को तैयार करने में व्यापारियों की समस्याओं और सुझावों को सुनना और उनका समाधान ढूँढना था। बैठक में एक्साइज विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में व्यापारियों ने लेबल अनुमोदन में देरी और नई लाइसेंस के आवेदन प्रक्रिया में कठिनाइयों के मुद्दे उठाए। उन्होंने कहा कि इन देरी से व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं और प्रक्रिया को सरल बनाने व समयबद्ध समाधान की आवश्यकता है। व्यापारियों ने कम अल्कोहल युक्त पेय पदार्थों, विशेषकर बीयर के प्रचार को बढ़ावा देने के सुझाव भी दिए, ताकि जिम्मेदार सेवन को प्रोत्साहन मिले और कानूनी व्यापार में वृद्धि हो। इसके लिए हरियाणा और उत्तर प्रदेश की तर्ज पर कम लागत वाले लाइसेंस देने का सुझाव दिया गया। इसके अलावा, व्यापारियों ने सरकार की भूमि पर अस्थायी शेड के माध्यम से शराब की बिक्री की अनुमति देने की भी मांग की, जिससे व्यवस्थित संचालन के साथ प्रशासन को अतिरिक्त राजस्व भी प्राप्त हो सके। निशांत कुमार यादव ने सभी सुझावों को ध्यान से सुना और कहा कि प्राप्त सुझावों को एक्साइज पॉलिसी 2026-27 में सार्वजनिक हित, राजस्व और व्यापार सुगमता को ध्यान में रखते हुए लागू किया जाएगा। उन्होंने एक्साइज विभाग को निर्देश दिया कि नई लाइसेंस और लेबल अनुमोदन से जुड़े लंबित मामलों को एक सप्ताह के अंदर निपटाया जाए। डिप्टी कमिश्नर-कम-एक्साइज कमिश्नर ने सोशल मीडिया पर कुछ विक्रेताओं द्वारा अनुमोदित दर से कम कीमत पर शराब बेचने की रिपोर्ट पर गंभीर चिंता व्यक्त की और कहा कि यह एक्साइज एक्ट का स्पष्ट उल्लंघन है। ऐसे दोषी विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ प्रशासन पारदर्शी, कुशल और व्यापारी-मित्र एक्साइज प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और नियमित हितधारक संवाद के माध्यम से नीति को और अधिक प्रगतिशील, जिम्मेदार और कानूनी रूप से अनुपालनशील बनाया जाएगा।

# मजदूरी दरों में बढ़ोतरी, अक्टूबर से लागू होगी नई दरें



अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**नई न्यूनतम मजदूरी दरें (01.10.2025 से 31.03.2026)**

| श्रेणी | पुराना मासिक (रु.) | पुराना दैनिक (रु.) | नया मासिक (रु.) | नया दैनिक (रु.) |
|---|---|---|---|---|
| अकुशल | 14,394 | 554 | 14,562 | 560 |
| अर्द्ध-कुशल II | 14,544 | 559 | 14,712 | 566 |
| अर्द्ध-कुशल I | 14,644 | 563 | 14,812 | 570 |
| कुशल II | 14,844 | 571 | 15,012 | 577 |
| कुशल I | 15,069 | 580 | 15,237 | 586 |
| अति- कुशल | 15,469 | 595 | 15,637 | 601 |
| क्लास III (स्टाफ़) | 14,669 | 564 | 14,837 | 571 |
| क्लास II (स्टाफ़) | 14,819 | 570 | 14,987 | 576 |
| क्लास I (स्टाफ़) | 15,179 | 584 | 15,347 | 590 |

**चंडीगढ़, 16 दिसंबर।** चंडीगढ़ में औद्योगिक श्रमिकों के लिए नई न्यूनतम मजदूरी दरें 1 अक्टूबर, 2025 से लागू होंगी। लेबर ब्यूरो, चंडीगढ़ द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2025 से सितंबर 2025 तक चंडीगढ़ केंद्र का हाफ़-ईयरली क़ीमत सूचकांक औसतन 2245 अंक रहा, जबकि मार्च 2025 तिमाही के लिए यह 2221 अंक था। इस वृद्धि के कारण औसत महंगाई सूचकांक में 24 अंकों की बढ़ोतरी हुई। नई मजदूरी दरों की गणना के अनुसार, प्रति अंक रुपये 7 की दर से मजदूरी में समायोजन किया गया है। इसके परिणामस्वरूप, श्रमिकों के मासिक वेतन में रुपये 168/- प्रति माह की बढ़ोतरी की गई है।

होटल, रेस्टोरेंट, चाय की दुकानों और हलवाई श्रमिकों के लिए अलग मजदूरी दरें भी लागू होंगी, जिसमें भोजन और आवास का समायोजन शामिल है। लेबर कमिश्नर, यूनियन टेरीटरी, चंडीगढ़ ने बताया कि यह बढ़ोतरी श्रमिकों की जीवनयापन लागत को ध्यान में रखकर की गई है। नई दरों के अनुसार, मजदूरों को 7:1 के अनुपात में नकद और भोजन का लाभ मिलेगा। इसके साथ ही श्रमिकों की श्रेणियों को उनके कौशल और योग्यता के अनुसार अकुशल, अर्द्ध-कुशल, कुशल और स्टाफ श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। चंडीगढ़ के औद्योगिक क्षेत्रों में यह बढ़ोतरी श्रमिकों के लिए राहत की खबर साबित होगी।

मुख्य सचिव ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर और आयुष अस्पताल का किया निरीक्षण

# अस्पताल सेवाओं में सुधार के दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 16 दिसंबर।** चंडीगढ़ के मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद ने आज सेक्टर-24 और सेक्टर-37 स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथा सेक्टर-34 स्थित आयुष एकीकृत अस्पताल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर अखिल कुमार, निदेशक आयुष भी उनके साथ मौजूद थे।

निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने ओपीडी की कार्य-प्रणाली और उपलब्ध अवसंरचना का आकलन किया तथा हर्बल गार्डन का निरीक्षण भी किया। उन्होंने मरीजों की बेहतर सेवा सुनिश्चित करने के लिए अस्पतालों में अवसंरचना और सेवा-प्रदान में सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

मुख्य सचिव ने आयुष एकीकृत अस्पताल में मानव संसाधन की भर्ती प्रक्रिया तेज करने के निर्देश भी दिए, ताकि अस्पताल का शीघ्र संचालन हो सके और पंचकर्म जैसी अतिरिक्त सेवाएं आम जनता के लिए शुरू की जा सकें।

इसके अलावा उन्होंने आयुष सेवाओं की दृश्यता और आकर्षण बढ़ाने पर जोर दिया। इस संबंध में उन्होंने अतिरिक्त बोर्ड और बैनर लगाने, स्पष्ट संकेतक (साइनेज), उचित प्रकाश व्यवस्था और गुणवत्तापूर्ण पेंटिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के बाद मुख्य सचिव ने सेक्टर-24 स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर की पहली मंज़िल पर स्थित निदेशालय कार्यालय का दौरा किया। वहां उन्होंने कर्मचारियों से संवाद किया और टीम को आयुष स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कार्यालयीन कार्यों को डिजिटल ई-ऑफिस मोड में करने और भौतिक फाइलों के रख-रखाव की प्रथा समाप्त करने के भी निर्देश दिए।

# चंडीगढ़ में बुजुर्गों की पेंशन बढ़ाने की मांग, सांसद मनीष तिवारी ने उठाया मुद्दा

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 16 दिसंबर।** चंडीगढ़ से सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी ने लोकसभा में केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में बुजुर्गों को मिलने वाली कम पेंशन का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्यों पंजाब और हरियाणा की तुलना में चंडीगढ़ में वृद्धों को बहुत कम पेंशन दी जा रही है। सांसद तिवारी ने बताया कि केंद्र सरकार ने उनके एक प्रश्न के उत्तर में कहा था कि चंडीगढ़ में वृद्धावस्था पेंशन 1000 रुपए प्रति माह है। इसके विपरीत, पंजाब में 1500 से 2000 रुपए और हरियाणा में 3000 रुपए प्रति माह बुजुर्गों को पेंशन दी जाती है। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ में पेंशन की राशि 2016 के बाद से नहीं बढ़ाई गई है। तिवारी ने मांग की कि बुजुर्गों की पेंशन 3000 रुपए प्रति माह की जाए। उन्होंने इस बात पर भी खेद जताया कि इस मामले में केंद्र सरकार और चंडीगढ़ प्रशासन एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के राज्य मंत्री बी.एल वर्मा ने सांसद के सवाल के जवाब में कहा कि चंडीगढ़ में केंद्र सरकार की ओर से 60-79 वर्ष आयु वर्ग के बुजुर्गों को 200 रुपए और 80 वर्ष से अधिक आयु वालों को 500 रुपए प्रति माह पेंशन दी जाती है। शेष 500 रुपये की राशि चंडीगढ़ प्रशासन अपनी ओर से जोड़ता है। सांसद तिवारी ने इस मुद्दे पर जल्द पेंशन बढ़ाने और बुजुर्गों के हित में ठोस कदम उठाने की अपील की है। उधर प्रशासक की ओर से बनाई गई सोशल वेलफेयर कमेटी के चेयरमैन सतपाल जैन का कहना है कि बुजुर्गों, विधवा व दिव्यांगों के लिये प्रतिमाह 2 हजार रुपये की पेंशन किये जाने की संस्तुति वह कर चुके हैं। शहर में करीब 25 हजार ऐसे परिवार हैं जिनको पेंशन बढ़ने से लाभ होगा। चंडीगढ़ प्रशासन के पास फिलहाल फैसला विचाराधीन है।













अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

## लखनऊ-हरदोई सीमा पर पीएम मित्र वस्त्र पार्क को मिली रफ्तार

# योगी सरकार की निगरानी में तेज़ी से चल रहा निर्माण

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश को देश का प्रमुख वस्त्र एवं परिधान हब बनाने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में लखनऊ-हरदोई सीमा पर विकसित किए जा रहे एक हजार एकड़ के पीएम मित्र वस्त्र एवं परिधान पार्क का निर्माण कार्य तेज़ी से प्रगति पर है। योगी सरकार इस महत्वाकांक्षी परियोजना को समयबद्ध और विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ पूरा कराने के लिए निरंतर निगरानी और समन्वय कर रही है।

योगी सरकार द्वारा पार्क में सड़क, पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। पीएम मित्र पार्क की सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए कार्य दो चरणों में संचालित है। पहले चरण में आईआईएम लखनऊ से रायथा अंडरपास (बाहरी रिंग रोड) तक 8.40 किमी सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य प्रस्तावित है, जिसमें से 6.2 किमी कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इस चरण की कुल लागत 409.39 करोड़ रुपये है, जिसमें से 206.95 करोड़ रुपये की निधि का आवंटन किया जा चुका है।दूसरे चरण में रायथा अंडरपास से प्रधानमंत्री मित्र पार्क तक 14.28 किमी सड़क निर्माण प्रस्तावित है, जिसके लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है।

प्रधानमंत्री मित्र टेक्सटाइल पार्क में बाउंड्री वॉल का कार्य 73 प्रतिशत, ऑफिस स्पेस के नवीनीकरण का कार्य 55 प्रतिशत तथा गेट कॉम्प्लेक्स का कार्य 20 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। वहीं, पार्क के भीतर 132 केवी रिसीविंग सब-स्टेशन और 26 किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण के लिए एलओआई जारी कर दिया गया है। जल प्रबंधन के क्षेत्र में भी योगी सरकार की ठोस पहल दिखाई दे रही है। एसटीपी दौलतगंज (8+8 एमएलडी) से पीएम मित्र पार्क के भीतर तृतीयक उपचार संयंत्र (टीटीपी) का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा गोमती नदी से 8.25 एमएलडी पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। इसके लिए 458.50 करोड़ रुपये की स्वीकृत राशि उपलब्ध कराई गई है।

योगी सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पीएम मित्र पार्क परियोजना के बाउंड्री वॉल, गेट कॉम्प्लेक्स और ऑफिस बिल्डिंग के नवीनीकरण का कार्य 31 जनवरी 2026 तक हर हाल में पूर्ण कराया जाए। यह परियोजना न केवल प्रदेश में रोजगार सृजन को बढ़ावा देगी, बल्कि उत्तर प्रदेश को वैश्विक वस्त्र निवेश मानचित्र पर एक मजबूत पहचान भी दिलाएगी।

### गो माता को ठंड से बचाएंगे स्पेशल इको-थर्मल कंबल

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी गो-कल्याण योजना अब केवल संरक्षण तक सीमित नहीं रही, बल्कि नवाचार और महिला सशक्तिकरण का मजबूत मॉडल बनकर उभर रही है। एटा जनपद की मलावन गोशाला में शुरू हुई यह पहल प्रदेश में आत्मनिर्भर गोशालाओं की नई तस्वीर पेश कर रही है। जो गोशालाएं पहले की सरकारों में बोझ मानी जाती थीं, वे अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर इकाइयां बन रही हैं। यहां गो माता को ठंड से बचाने के लिए फूस और टाट की बोरी से तैयार विशेष प्रकार के 'इको-थर्मल कंबल' बनाए जा रहे हैं। ये कंबल न केवल पर्यावरण के अनुकूल हैं, बल्कि कम लागत में तैयार होकर गो संरक्षण को भी मजबूती दे रहे हैं। इसके साथ ही गोशाला में बर्मी कम्पोस्ट और गोबर से 'गो-कास्ट' जैसे नवाचारी उत्पाद भी तैयार किए जा रहे हैं, जिसकी बाजार में जबरदस्त डिमांड है। एटा के मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नागेंद्र नारायण मिश्र ने इस मॉडल को गो-कल्याण, पुनर्चक्रण और ग्रामीण आजीविका का उत्कृष्ट संयोजन बताया। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह के नेतृत्व में गोशाला को आय का बेहतर श्रोत बनाया जा रहा है। जो गोशालाएं पहले बोझ मानी जाती थीं, वे अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर इकाइयां बन रही हैं। सीडीओ डॉ. नागेंद्र नारायण मिश्र ने बताया कि कार्ययोजना के तहत प्रशिक्षण देकर 30 सखी दीदियों को तैयार किया जा रहा है, जो गोबर से अगरबत्ती, धूपबत्ती, मोमेंटो और गमले जैसे उत्पाद बनाएंगी। इसके अलावा मलावन राष्ट्रीय राजमार्ग के पास एक स्थायी मार्केट प्लेस विकसित किया जाएगा।

## क्षेत्रीय आवागमन संपर्क को बढ़ाने के साथ ही प्रदेश में 'अंतिम मील कनेक्टिविटी' होगी सुनिश्चित : योगी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने के लिए प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री योगी सरकार विजन-2047 के लक्ष्यों को साकार करने की दिशा में प्रदेश की परिवहन संरचना को सशक्त और आधुनिक बनाने पर निरंतर कार्य कर रही है। 'विकसित उत्तर प्रदेश' की परिकल्पना के तहत सरकार का प्रमुख फोकस क्षेत्रीय आवागमन संपर्क की अवसंरचनाओं को सुदृढ़ करने के साथ-साथ अंतिम मील कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने पर है, ताकि प्रदेश के शहरों, कस्बों तथा औद्योगिक क्षेत्रों को तेज, सुरक्षित तथा विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

प्रदेश सरकार हाई-स्पीड परिवहन नेटवर्क के माध्यम से शहरी क्षेत्रों के बीच आवागमन को तेज और सुगम बनाने का व्यापक खाका तैयार कर रही है। इसके अंतर्गत प्रमुख शहरों तथा आर्थिक केंद्रों को जोड़ने के लिए हाई-स्पीड रेल नेटवर्क के विकास पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। भविष्य की जरूरतों के अनुरूप इसे प्रदेश में एक हजार किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में किस प्रकार व्यवस्थित रूप से स्थापित किया जाए, इसे लेकर कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इस नेटवर्क के साकार होने से न केवल यात्रा का समय घटेगा, बल्कि लोगों की आवाजाही आसान होने के साथ ही आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।

प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों के विस्तार तथा व्यापक कायाकल्प को लेकर जो खाका तैयार किया जा रहा है, उसमें रीजनल ट्रांसपोर्ट सिस्टम को सुदृढ़ करना भी शामिल है। योजना के अनुसार, प्रदेश में रीजनल ट्रांसपोर्ट सिस्टम को मजबूत करने के लिए लगभग 1500 किलोमीटर क्षेत्र में विस्तारित परिवहन नेटवर्क के विकास को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना निर्माण पर काम किया जा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न ऑर्बिटल कॉरिडोर्स के निर्माण को लेकर भी कार्ययोजना तैयार की जा रही है, जिससे शहरों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने और नगरीय क्षेत्रों में यातायात का दबाव कम करने में मदद मिलेगी। ये कॉरिडोर औद्योगिक क्षेत्रों, लॉजिस्टिक्स हब तथा नगरीय केंद्रों को बेहतर तरीके से जोड़कर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगे। इसी कड़ी में इंटरसिटी हाइपरलूप, प्रदेश के प्रमुख शहरों में मेट्रो रेल परियोजनाओं का संचालन और विस्तार तथा वॉटर मेट्रो नेटवर्क को बढ़ाने पर भी फोकस किया जा रहा है।

बेहतर रीजनल कनेक्टिविटी से प्रदेश में व्यापार व उद्योग को नई दिशा मिलेगी। विभिन्न कॉरिडोर तथा परिवहन नेटवर्क के विकास से उद्योगों को कच्चे माल, बाजार तथा श्रम शक्ति तक सुगमता से पहुंच प्राप्त होगी। इससे न केवल प्रदेश में निवेश को बल मिलेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। योगी आदित्यनाथ सरकार का मानना है कि सशक्त परिवहन अवसंरचना आर्थिक विकास की रीढ़ होती है।

## आरेडिका ने 15,000वां कोच किया निर्मित

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका), रायबरेली ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 15 दिसंबर को 15,000वें कोच का निर्माण कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक आरेडिका द्वारा कुल 1,310 कोचों का निर्माण किया जा चुका है।

उल्लेखनीय है कि आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना वर्ष 2011 से कोचों का निर्माण कर रहा है, किंतु आरेडिका को कोच उत्पादन की वास्तविक रफ्तार वर्ष 2014 से प्राप्त हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई 'मेक इन इंडिया' योजना ने आरेडिका के कोच उत्पादन को नई दिशा प्रदान की, जिससे स्वदेशी निर्माण को बढ़ावा मिला और उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

आरेडिका, रेल मंत्रालय के अंतर्गत एक नव-स्थापित उत्पादन इकाई है, जिसने अल्प समय में यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता टीम आरेडिका की कर्मठता, प्रतिबद्धता एवं सामूहिक प्रयासों को दर्शाती है। निर्मित कुल 15,000 कोचों में से 7,000 वातानुकूलित (एसी) कोच तथा 8,000 गैर-वातानुकूलित (नॉन-एसी) कोच हैं। इनमें रेलवे के विभिन्न प्रकार के कोच जैसे - हमसफर, तेजस, अन्त्योदय, दीनदयालु, भारत गौरव, ब्रेकयान, पार्सल वैन, ट्रैक रिकॉर्डिंग कार, एसी इकोनॉमी कोच, मेमू, मोम्बिक के लिए लोको हॉल्ड एवं डेमू कोच, आदि सम्मिलित हैं। सभी कोचों का निर्माण निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप किया गया है, जिससे यात्रियों की सुरक्षित, विश्वसनीय एवं आरामदायक यात्रा सुनिश्चित की जा सके।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आरेडिका के महाप्रबंधक श्री पी. के. मिश्रा ने कोच निर्माण से जु? सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों को उनकी निष्ठा, परिश्रम एवं समर्पण के लिए बधाई दी। उन्होंने भविष्य में भी नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर आरेडिका को निरन्तर नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने हेतु प्रेरित किया।

## मुख्यमंत्री योगी ने रामलला के श्रीचरणों में झुकाया शीश, हनुमानगढ़ी में भी लगाई हाजिरी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को अयोध्या के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। अयोध्या आगमन पर महापौर, जनप्रतिनिधियों सहित भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। मुख्यमंत्री सुबह सबसे पहले महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे। जहाँ से वह सीधे हनुमानगढ़ी गए और संकटमोचन हनुमान के दरबार में विधिवत हाजिरी लगाई। दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री ने उपस्थित आमजन का अभिवादन स्वीकार किया।

इसके बाद मुख्यमंत्री योगी श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे। उन्होंने श्रीरामलला के श्रीचरणों में शीश झुकाकर श्रद्धा व्यक्त की और विधिवत पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर में आध्यात्मिक वातावरण के बीच मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सुख समृद्धि और जनकल्याण की कामना की।

मुख्यमंत्री के इस दौरे को लेकर अयोध्या में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। जनप्रतिनिधियों ने भी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अयोध्या के समग्र विकास और धार्मिक पर्यटन को नई पहचान मिलने की बात कही।

## झुंझुनू जिले में मतदाता सूची से एक लाख 16 हजार नाम कटे

**झुंझुनू।** राजस्थान में झुंझुनू में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2026 के तहत झुंझुनू जिले की मतदाता सूची से एक लाख 16 हजार 082 मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि यह कटौती उन नामों की है जिनके गिनती (गणना) के फॉर्म अप्राप्त रहे थे। इस ब? फेरबदल के बाद जिले के कुल मतदाताओं की संख्या 18 लाख 48 हजार 032 से घटकर अब 17 लाख 31 हजार 950 रह गई है। सबसे अधिक कटौती झुंझुनू विधानसभा क्षेत्र में हुई है जहाँ से अकेले 20 हजार 280 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं।

सूत्रों ने बताया कि सबसे कम कटौती खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र में दर्ज की गई है जहाँ 11 हजारा 211 नाम हटाए गए हैं। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पिलानी में 16 हजार 770, सूरजगढ़ में 19 हजार 482, झुंझुनू में 20 हजार 280, मण्डावा में 12 हजार 594, नवलगढ़ में 19 हजार 370, उदयपुरवाटी में 16 हजार 375, खेतड़ी में 11 हजार 211 मतदाताओं के नाम हटाये गये हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी डा अरूण गर्ग ने बताया कि इतनी बड़ी संख्या में नाम हटाने के पीछे मुख्य रूप से तीन बड़े कारण सामने आए हैं। सबसे बड़ा कारण यह है कि 71 हजार 675 लोग स्थायी रूप से जिले से कहीं और जा चुके हैं। सूची से हटाए गए मृत मतदाताओं की संख्या 22 हजार 939 है। 14 हजार 528 ऐसे मतदाता हैं जो दिए गए पते पर अनुपस्थित पाए गए। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, छह हजार 240 नाम दोहरी प्रविष्टि और 700 नाम अन्य कारणों से हटाए गए हैं।

## आरेडिका में परिवार नियोजन कैंप का आयोजन




अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** समाज में परिवार नियोजन की महत्ता को ध्यान में रखते हुए, पिछले वर्ष की भाँति इस वर्ष भी आरेडिका चिकित्सालय तथा जिला चिकित्सालय, रायबरेली के सहयोग से आज 16 दिसंबर को परिवार नियोजन शिविर एवं लेप्रोस्कोपिक ट्यूबेक्टॉमी (ट्यूबल लिगेशन)/ वर्सेक्टॉमी कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

लेप्रोस्कोपिक ट्यूबेक्टॉमी (ट्यूबल लिगेशन) एवं वर्सेक्टॉमी बिना किसी बड़े ऑपरेशन के पुरुषों एवं महिलाओं के लिए परिवार नियोजन का एक सुरक्षित, सरल एवं प्रभावी स्थायी उपाय है। इस प्रक्रि या के उपरांत पुरुषों एवं महिलाओं को सामान्य जीवन जीने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होती। यह परिवार नियोजन का ऐसा स्थायी समाधान है, जो जीवनभर प्रभावी रहता है ।

शिविर में सर्जरी से पूर्व पुरुषों एवं महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस शिविर में कुल 05 लाभार्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 01 पुरुष द्वारा वर्सेक्टॉमी एवं 04 महिलाओं द्वारा ट्यूबेक्टॉमी की प्रक्रिया कराई गई । पुरुष नसबंदी (वर्सेक्टॉमी) के प्रति लिया गया यह निर्णय इस बात का प्रतीक है कि परिवार नियोजन केवल महिलाओं की ही नहीं, बल्कि पुरुषों की भी समान रूप से साझा जिम्मेदारी है ।

शिविर का संचालन डॉ. प्रदीप अग्रवाल (सर्जन, जिला चिकित्सालय रायबरेली), डॉ. प्रियंका सिंह (चिकित्साधिकारी, सीएचसी लालगंज) एवं उनकी टीम द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में परिवार नियोजन के महत्व को बढ़ाना तथा जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण स्थापित करना था ।

इस परिवार नियोजन कार्यक्रम में आरेडिका चिकित्सालय के चिकित्साधिकारियों एवं कर्मचारियों का योगदान रहा । भविष्य में भी आरेडिका चिकित्सालय इस प्रकार के शिविरों के आयोजन के लिए निरंतर प्रतिबद्ध रहेगा, जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित होंगे तथा परिवार नियोजन के प्रति लोगों की जागरूकता में वृद्धि होगी ।

## 24 जनवरी से 9 फरवरी के बीच होंगी यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय

लखनऊ/ प्रयागराज। माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश (यूपी बोर्ड) ने वर्ष 2026 की इंटरमीडिएट (कक्षा 12) की प्रयोगात्मक परीक्षाओं के आयोजन का कार्यक्रम मंगलवार को जारी कर दिया है। परिषद के सचिव भगवती सिंह के अनुसार, प्रयोगात्मक परीक्षाएं प्रदेशभर में दो चरणों में आयोजित की जाएंगी। परीक्षाएं संबंधित जनपदों के निर्धारित मंडलों के अंतर्गत संपन्न कराई जाएंगी। परिषद के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि पहला चरण 24 जनवरी 2026 से 1 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस चरण में आगरा, सहारनपुर, बरेली, लखनऊ, झांसी, चित्रकूट, अयोध्या, आजमगढ़, देवीपाटन एवं बस्ती मंडल के अंतर्गत आने वाले जनपदों में प्रयोगात्मक परीक्षाएं कराई जाएंगी। हालांकि, 29 और 30 जनवरी 2026 को यूपी शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी टेट) प्रस्तावित होने के कारण इन तिथियों को छोड़ते हुए अन्य दिनों में ही प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में प्रयोगात्मक परीक्षाएं 2 फरवरी 2026 से 9 फरवरी 2026 तक होंगी। इस चरण में अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, कानपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी तथा गोरखपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले जनपदों को शामिल किया गया है। भगवती सिंह के मुताबिक प्रयोगात्मक परीक्षाओं के सफल एवं पारदर्शी आयोजन के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा प्रधानाचार्य एवं बाह्य परीक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। परीक्षाएं सीसीटीवी निगरानी में संपन्न कराई जाएंगी और उनकी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जाएगी, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उसका उपयोग किया जा सके। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल की प्रयोगात्मक परीक्षाएं पिछले वर्ष की भांति विद्यालय स्तर पर आंतरिक मूल्यांकन (प्रोजेक्ट कार्य) के आधार पर संपन्न कराई जाएंगी। वहीं इंटरमीडिएट की नैतिक शिक्षा, योग, खेल एवं शारीरिक शिक्षा की प्रयोगात्मक परीक्षाएं विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा आयोजित की जाएंगी।

## झारखंड में किसी भी मरीज का इलाज पैसों की वजह से न रुके : डॉ इरफान अंसारी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य के गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों के लिए एक ऐतिहासिक और मानवीय फैसला लेते हुए स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाया है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि पिछले कई दिनों से उन्हें दिन-रात मरीजों और उनके परिजनों के दर्दभरे फोन आ रहे थे। लोग बता रहे थे कि वे बाहर राज्यों में इलाज तो करा रहे हैं, लेकिन पैसों के अभाव में उनका इलाज बीच में ही रुक जा रहा है। कई परिवार टूटने की कगार पर थे, हालात बेहद गंभीर थे।

डॉ अंसारी ने मरीजों की इस पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए एक आपातकालीन उच्चस्तरीय बैठक बुलाई और गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए 42 करोड़ रुपये का आवंटन स्वीकृत किया, ताकि किसी भी मरीज का इलाज पैसों की वजह से न रुके। वहीं जामताड़ा जिले को 4.5 करोड़ रुपये की विशेष राशि प्रदान की गई, जिससे स्थानीय मरीजों को सीधा लाभ मिल सके।

डॉ अंसारी ने कहा मैं खुद डॉक्टर हूं। मरीज की पीड़ा, उसका दर्द और परिजनों की बेबसी को भली-भांति समझता हूं। पैसों के अभाव में अगर किसी की जान जाती है, तो यह किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग एक संवेदनशील विभाग है, और ऐसी परिस्थितियों में तुरंत समाधान निकालना उसकी सर्वोच्च जिम्मेदारी है। यह सुनिश्चित किया जाए कि हर जरूरतमंद मरीज को समय पर, बेहतर और सम्मानजनक इलाज मिले।

मंत्री डॉ अंसारी के निर्देश के बाद विभाग पूरी सक्रियता के साथ काम में जुट गया। आज एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसके परिणामस्वरूप अब मरीजों को आवंटित राशि मिलनी शुरू हो जाएगी, वे अपना इलाज पूरा कर सकेंगे और स्वस्थ होकर अपने घर लौट सकेंगे।

## उत्तर मध्य रेलवे : ऊर्जा संरक्षण एवं ऊर्जा दक्षता की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि

**वर्ष 2025-26 (अप्रैल-नवंबर) में 3.5 एमडब्ल्यूपी की अतिरिक्त सोलर ऊर्जा क्षमता की वृद्धि**

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



नई दिल्ली। उत्तर मध्य रेलवे महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे नरेश पाल सिंह के नेतृत्व में हरित ऊर्जा के सतत उपयोग हेतु प्रतिबद्ध है एवं इसको एक मिशन के रूप मे लिया है 7 उत्तर मध्य रेलवे ने पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा दक्षता की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की है। उत्तर मध्य रेलवे में वर्तमान में 16.2 मेगावाट पीक की सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित है । ज्ञात हो कि, वर्ष 2024-25 तक उत्तर मध्य रेलवे में सोलर ऊर्जा (हरित ऊर्जा) की कुल स्थापित क्षमता 12.7 एमडब्ल्यूपी थी। वर्ष 2025-26 (अप्रैल-नवंबर) में 3.5 एमडब्ल्यूपी की अतिरिक्त सोलर ऊर्जा (हरित ऊर्जा) की क्षमता में बढ़ोत्तरी की गई, जिससे वर्तमान में कुल स्थापित सोलर ऊर्जा (हरित ऊर्जा) की क्षमता 16.2 एमडब्ल्यूपी हो गई है। इसके माध्यम से वित्तीय वर्ष 2025-26 (नवंबर तक) में 86 लाख यूनिट विद्युत ऊर्जा का उत्पादन किया गया है, जिससे लगभग रु 4.16 करोड़ की बचत हुई है, अब तक सौर ऊर्जा से कुल 8.386 करोड़ यूनिट विद्युत उत्पादन किया जा चुका है, जिसके फलस्वरूप लगभग रु 35.42 करोड़ की कुल बचत दर्ज की गई है, साथ ही 7227 मेट्रिक-टन कार्बन-डाई-ऑक्साइड (ग्रीन हाउस गैस) का उत्सर्जन रोका गया।

इसी प्रयास को आगे बढ़ाते हुये 14.11 मेगावाट पीक क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्रों का कार्य प्रगति पर है। इसका पूर्ण होने के पश्चात उत्तर मध्य रेलवे की कुल सौर ऊर्जा स्थापित क्षमता बढ़कर 30.31 मेगावाट पीक हो जाएगी । इससे प्रतिवर्ष अनुमानित रुपए से 3.23 करोड़ यूनिट विद्युत उत्पादन होगा, जिससे लगभग 27,187 मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी तथा प्रतिवर्ष लगभग रु 14.9 करोड़ की बचत होगी ।

उत्तर मध्य रेलवे ने हरित ऊर्जा की दिशा में प्रगति करते हुए इसके कार्यालय भवनों को शून्य और शून्य प्लस प्रमाणीकरण हेतु एक विस्तृत योजना तैयार की है। इस योजना के अंतर्गत उत्तर मध्य रेलवे के सभी भवनों में ऊर्जा की कुल खपत का आकलन करके, उन्नत विश्व स्तरीय तकनीकों से ऊर्जा के खपत मे कमी लाकर तथा सौर ऊर्जा पैनल द्वारा उतना ही अथवा उससे अधिक ऊर्जा का उत्पादन किया जाता है। जिससे यह भवन अपनी ऊर्जा खपत के बराबर स्वयं ही सौर पैनलों के माध्यम से उत्पादन कर लेता है और किसी बाहरी स्त्रोत से ऊर्जा की आवश्यकता नहीं रहती तथा यह भवन शून्य और शून्य प्लस प्रमाणित हो जाता है 7 यह प्रमाणपत्र भारत सरकार द्वारा नामित ऊर्जा संरक्षण ब्यूरो के एक्रेडिटिड एनर्जी ऑडिटर द्वारा पूरे भवन का ऊर्जा ऑडिट करके जारी किया जाता है। उत्तर मध्य रेलवे के 10 भवनों को वर्ष 2024-25 के दौरान 10 सर्विस बिल्डिगों को (ऊर्जा दक्षता ब्यूरो) द्वारा शून्य/शून्य-प्लस प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है।

## रिलायंस ने 75 साल पुराने 'एसआईएल' ब्रांड को नए स्वाद व अंदाज़ में किया लॉन्च

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

बेंगलुरु। खाने के शौकीनों के लिए यह खबर किसी ट्रीट से कम नहीं है। रिलायंस इंडस्ट्रीज की एफएमसीजी इकाई रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने 75 साल पुराने प्रतिष्ठित फूड ब्रांड एसआईएल को एक बार फिर नए अवतार में बाजार में उतार दिया है। इसके साथ ही रिलायंस ने पैकेज्ड फूड सेगमेंट में मजबूती से अपने पैर जमा लिए है। कंपनी ने स्न्नुरु को अपना फ्लैगशिप फूड ब्रांड बनाया है।

प्रेस रिलीज के मुताबिक, स्न्नुरु नूडल्स की एक नई रेंज लेकर आ रहा है। 5 से शुरू होने वाली इस रेंज में मसाला, आटा विद वेजीज़, कोरियन के-फायर और चाउ-चाउ जैसे चार वैरिएंट उपलब्ध होंगे। वहीं, असली टमाटरों से बना एसआईएल केचप बिना किसी कृत्रिम रंग या सिंथेटिक सामग्री के पेश किया जाएगा, जिसकी शुरुआती कीमत 1 रखी गई है। इसके अलावा, आठ फलों से तैयार एसआईएल मिक्स्ड फ्रूट जैम 100 ग्राम, 200 ग्राम और 500 ग्राम पैक में बाजार में उतारा जाएगा, जिसकी शुरुआती कीमत 22 होगी। कंपनी का दावा है कि इसमें 22 प्रतिशत ज्यादा फ्रूट कंटेंट होगा। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर केतन मोदी ने कहा, 'एसआईएल का रीलॉन्च आरसीपीएल की ग्रोथ जर्नी में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। पैकेज्ड फूड सेगमेंट में एसआईएल के जरिए हम एक मजबूत और हर घर तक पहुंचने वाला फूड पोर्टफोलियो बनाना चाहते हैं। एसआईएल विरासत, भारतीयता और इनोवेशन का ऐसा मेल है, जो दुनिया के लिए उच्च गुणवत्ता वाले, वैल्यू-ड्रिवन फूड प्रोडक्ट्स पेश करेगा।

# जीरकपुर में एयरफोर्स स्टेशन के प्रतिबंधित क्षेत्र में घुसे तीन युवक गिरफ्तार

विंग कमांडर की शिकायत पर मामला दर्ज

पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर लिया 3 दिन का रिमांड

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 16 दिसंबर।** ज़ीरकपुर, देश की सामरिक सुरक्षा से जुड़े वायु सेना स्टेशन हाईग्राउंड, नाभा साहिब के पास, ज़ीरकपुर में सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर पूरी तरह सतर्क और प्रभावी साबित हुई है। 15 दिसंबर 2025 को स्टेशन सुरक्षा कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए निषिद्ध क्षेत्र में अवैध रूप से घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे तीन युवकों को मौके पर ही धर दबोचा, जिससे किसी भी संभावित सुरक्षा खतरे को समय रहते टाल दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम करीब 4.40 बजे तीन युवक बिना अनुमति मुख्य द्वार से अंदर दाखिल होकर वायु सेना स्टेशन के घरेलू शिविर क्षेत्र में लगभग 300-400 मीटर तक पहुंच गए। जैसे ही संदिग्ध गतिविधि पर नजर पड़ी, स्टेशन सुरक्षा कर्मियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें रोक लिया और नियंत्रण में ले लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान राजू, विक्रम और मनोज (तीनों निवासी उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। आरोपी एक ही स्कूटी पर सवार होकर निषिद्ध सैन्य क्षेत्र में दाखिल हुए थे, जो सुरक्षा नियमों का गंभीर उल्लंघन है। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्टेशन सुरक्षा अधिकारी विंग कमांडर रविंदर सिंह जसवाल द्वारा तुरंत ज़ीरकपुर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया और उनके खिलाफ बीएनएस की धारा 329 तथा आईओएस अधिनियम 1923 की धारा 3(1)(ए) और 7 के तहत मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर 3 दिन का रीमांड लिया है । यह घटना वायु सेना स्टेशन हाईग्राउंड् की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, सतर्क निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली को दर्शाती है। समय रहते घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर सुरक्षा बलों ने स्पष्ट संदेश दिया है कि रक्षा प्रतिष्ठानों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। पुलिस व सुरक्षा एजेंसियां अब यह जांच कर रही हैं कि आरोपी किन परिस्थितियों में और किस उद्देश्य से निषिद्ध क्षेत्र में घुसे थे। घटना के बाद से क्षेत्र में सुरक्षा और सतर्कता और भी बढ़ा दी गई है।

## वार्ड नंबर 7 प्रभारी सुरेश सैनी मजबूत ढक्कन ड्रेन लाइन लगवाकर लोगों की समस्या का किया समाधान

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 16 दिसंबर।** बलटाना क्षेत्र में स्थित योग बिहार कॉलोनी के मुख्य गेट के बाहर ड्रेनेज पाइप के ऊपर लगा हुआ लोहे का चैंबर टूट जाने से स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। टूटे हुए चैंबर के कारण सड़क पर गहरा गड्ढा बन गया था, जिससे हर समय दुर्घटना का खतरा बना हुआ था। खासकर रात के समय यह स्थान और भी खतरनाक हो जाता था क्योंकि अंधेरे में गड्ढा साफ नजर नहीं आता था।

स्थानीय निवासियों ने अपनी तरफ से लोगों को सचेत करने के लिए गड्ढे के पास पेड़ की झाड़ियां और पत्थर रख दिए थे, ताकि कोई वाहन या पैदल राहगीर उसमें गिर न जाए। लोगों की इस समस्या को अर्थप्रकाश अखबार में प्रमुखता से छापा था जिसके पश्चात योग विहार निवासियों की इस समस्या का समाधान हो गया है।

स्थानीय लोगों ने इस समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी के वार्ड नंबर 7 प्रभारी सुरेश सैनी को इस संबंध में जानकारी दी। योग विहार निवासियों की इस समस्या को वार्ड प्रभारी ने नगर परिषद के अधिकारियों को बोलकर तुरंत प्रभाव से एक मजबूत ढक्कन इस ड्रेन लाइन पर लगवा दिया गया है ताकि स्थानीय निवासियों को दोबारा ऐसी समस्या ना आए।स्थानीय निवासी बताते हैं कि पहले ड्रेनेज के ऊपर सीमेंट का चैंबर लगा हुआ था, जो बार-बार टूट जाता था। इसके बाद नगर परिषद की ओर से लोहे का चैंबर लगाया गया था, लेकिन क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही के कारण वह भी टूट गया था । अब नगर परिषद की तरफ से यहां पर एक मजबूत ढक्कन लगवा दिया गया है। योग बिहार के प्रधान के.के दहिया, विजय और अन्य स्थानीय निवासियों ने विधायक कुलजीत सिंह रंधावा वार्ड नंबर 7 के प्रभारी सुरेश सैनी, ब्लॉक प्रधान रमन सैनी का धन्यवाद भी किया।

## जीरकपुर में नो-पार्किंग पर सख्ती, नगर परिषद कार्यालय के पास चला विशेष अभियान

ट्रैफिक जाम से राहत के लिए पुलिस की कार्रवाई, 50 से अधिक वाहनों के काटे चालान

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 16 दिसंबर।** नगर परिषद कार्यालय के आसपास आए दिन लगने वाले भारी ट्रैफिक जाम से आम जनता को राहत दिलाने के लिए ज़ीरकपुर ट्रैफिक पुलिस ने सख्त कदम उठाए हैं। मंगलवार को ट्रैफिक पुलिस ने नो-पार्किंग ज़ोन में खड़े वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया, जिसके तहत नियमों का उल्लंघन करने वाले करीब 50 वाहनों के चालान काटे गए।

नगर परिषद कार्यालय के समीप दुकानों, पुलिस स्टेशन शमशान घाट,सरकारी दफ्तर और बाजार की अधिकता के कारण दिनभर भारी भीड़ बनी रहती है। लोग सुविधा के लिए अपने वाहन सड़क किनारे या नो-पार्किंग ज़ोन में खड़े कर देते हैं, जिससे सड़क संकरी हो जाती है और घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। कई बार एंबुलेंस और दमकल वाहनों को भी निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

इसी समस्या को गंभीरता से लेते हुए ट्रैफिक इंचार्ज इंस्पेक्टर गुरबीर सिंह के निर्देशों पर ट्रैफिक पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। पुलिस ने सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े दोपहिया और चारपहिया वाहनों के चालान काटे और कुछ वाहनों को मौके से हटवाया भी गया। इस दौरान कुछ वाहन चालकों ने पुलिस से बहस करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने नियमों का हवाला देते हुए सख्ती बरती।

ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नगर परिषद कार्यालय क्षेत्र ज़ीरकपुर का अत्यंत व्यस्त इलाका है और यहां नो-पार्किंग का उल्लंघन सीधे तौर पर ट्रैफिक व्यवस्था को प्रभावित करता है। यदि लोग नियमों का पालन करें तो जाम की समस्या से काफी हद तक निजात मिल सकती है। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें। भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**यहां रहेगी सख्ती**

नगर परिषद कार्यालय, पुलिस स्टेशन, शमशान घाट और दुकानों की अधिकता

सड़क किनारे अवैध पार्किंग

संकरी सड़कों पर भारी आवाजाही

नो-पार्किंग नियमों की अनदेखी

नगर परिषद कार्यालय के आसपास नो-पार्किंग ज़ोन में वाहन खड़े करने से ट्रैफिक जाम की समस्या बढ़ रही है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। वाहन चालक निर्धारित पार्किंग का ही उपयोग करें।

**इंस्पेक्टर गुरबीर सिंह, ट्रैफिक इंचार्ज, ज़ीरकपुर**

## ज़ीरकपुर में इंफोर्समेंट विंग का 'वसूली सिस्टम': लाखों रुपए की अवैध वसूली के गंभीर आरोप

आखिर किन अधिकारियों के इशारों पर चल रहा है अवैध वसूली का खेल ?

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 16 दिसंबर।** शहर में नगर परिषद की इंफोर्समेंट विंग इन दिनों गंभीर आरोपों के घेरे में है। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का आरोप है कि इंफोर्समेंट विंग द्वारा पूरे शहर में प्रति रेहड़ी, प्रति महीना 400 रुपये की कथित अवैध वसूली की जा रही है। हैरानी की बात यह है कि यह रकम सीधे नहीं ली जाती, बल्कि नगर परिषद के स्वीपरों के माध्यम से वसूली कराई जाती है, ताकि जिम्मेदारी से बचा जा सके।

पटियाला रोड, वीआईपी रोड, बलटाना और ढकोली सहित शहर के लगभग सभी प्रमुख इलाकों में यही हालात बने हुए हैं। कार्रवाई के नाम पर दुकानों और ठेलों से सामान उठाया जाता है, लोहे के ढांचे और साइन बोर्ड उखाड़ दिए जाते हैं, लेकिन इसके बावजूद ज़मीनी स्तर पर न तो अव्यवस्था खत्म हुई और न ही व्यवस्था में कोई ठोस सुधार दिखाई दे रहा है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि इंफोर्समेंट विंग द्वारा अब तक उखाड़े गए भारी मात्रा में लोहे और साइन बोर्डो का कोई आधिकारिक रिकॉर्ड क्यों सार्वजनिक नहीं किया गया। जब्त किए गए सामान को कहां रखा गया है, उसकी नीलामी हुई या नहीं, और उससे नगर परिषद को कितना राजस्व प्राप्त हुआ–इन तमाम बिंदुओं पर पूरी तरह चुप्पी साधी हुई है।

यदि इंफोर्समेंट विंग ईमानदारी और नियमों के तहत काम कर रही है, तो फिर जब्त सामान का डेटा और अब तक एकत्र किए गए राजस्व का ब्योरा जनता के सामने क्यों नहीं रखा जा रहा? यही चुप्पी भ्रष्टाचार के आरोपों को और मजबूत कर रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर परिषद की यह कार्यप्रणाली न सिर्फ संदेह के घेरे में है, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही पर भी बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। जनता मांग कर रही है कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, इंफोर्समेंट विंग की अब तक की सभी कार्रवाइयों का लेखा-जोखा सार्वजनिक किया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि प्रशासन पर जनता का भरोसा बहाल हो सके।

शहर में फल, सब्ज़ी, कपड़े, फास्ट फूड, कॉस्मेटिक्स सहित विभिन्न प्रकार के कम से कम 2000 से 2500 स्टॉल लगाए जाते हैं। सूत्रों के अनुसार, इन स्टॉल संचालकों से हर महीने प्रति स्टॉल 400 से 700 रुपये तक की राशि वसूली जाती है। यदि आंकड़ों पर गौर किया जाए तो यह रकम हर महीने लाखों रुपये में पहुंचती है, जो पूरे सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि इतनी बड़ी वसूली आखिर किसके इशारे पर और किसकी जानकारी में हो रही है? क्या इस अवैध वसूली का हिस्सा केवल निचले स्तर तक सीमित है या फिर इसमें उच्च अधिकारी भी शामिल हैं?

स्टॉल संचालकों का आरोप है कि भुगतान न करने पर उनका सामान जब्त कर लिया जाता है। स्थानीय निवासियों ने नगर परिषद की इंफोर्समेंट टीम में काम कर रहे कच्चे कर्मचारियों की विस्तृत जांच की मांग की है।

## पीरमुछल्ला स्थित स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे देह व्यापार के धंधे पर पुलिस का छापा

छापेमारी के दौरान 8 युवतियां और 3 युवक हिरासत में, तहसीलदार की मौजूदगी में बिल्डिंग सील

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 16 दिसंबर।** ढकौली पुलिस स्टेशन की टीम ने स्पा की आड़ में चल रहे देह व्यापार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ए-1 लग्ज़री स्पा, साई मार्केट, पीरमुच्छल्ला में छापेमारी की। यह कार्रवाई 15 दिसंबर 2025 की रात करीब 8.30 बजे डी-मार्ट पीरमुच्छल्ला के पास गश्त के दौरान मिली पुख्ता और विश्वसनीय सूचना के आधार पर की गई।

पुलिस के अनुसार, मुख्य सहायक अधिकारी मनिंदर सिंह, कांस्टेबल अवतार सिंह, कांस्टेबल पलमिंदर सिंह और महिला कांस्टेबल सोमपाल कौर सरकारी वाहन में गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि उक्त स्पा में नौकरी का लालच देकर युवतियों को वेश्यावृत्ति में धकेला जा रहा है और ग्राहकों से मोटी रकम वसूली जा रही है। मौके पर 7-8 लड़कियों को बुलाकर देह व्यापार कराया जा रहा था।

सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में सुखदेव पुत्र सतवीर (निवासी जींद, हरियाणा), उसके साथी विक्रम पुत्र रामपाल (मैहम, रोहतक), सागर पुत्र शेर सिंह (तखाना, करनाल) और करण कुमार पुत्र अशोक कुमार (मिर्जापुर अजगांव, उन्नाव, यूपी) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत तहसीलदार को मौके पर बुलाया, जिनकी मौजूदगी में संबंधित बिल्डिंग को सील कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि यह अवैध धंधा शोरूम मालिक की कथित मिलीभगत से चल रहा था।

आरोपियों के खिलाफ अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम की धारा 3, 4, 5 तथा आईपीसी की धारा 111(2)(बी) और 61(2) के तहत केस दर्ज किया गया है।

## ढकोली-पंचकुला रोड पर शराब तस्करी का भंडाफोड़, ऑटो रिक्शा चालक काबू

नाकेबंदी के दौरान नाजायज़ शराब बरामद, केस दर्ज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 16 दिसंबर।** आबकारी विभाग की टीम ने नाकेबंदी के दौरान एक ऑटो रिक्शा को रोककर उसमें से तस्करी कर लाई जा रही नाजायज़ शराब की साढ़े तीन पेटियां बरामद की हैं।

मामले की जानकारी देते हुए आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर गुरप्रीत सिंह ने बताया कि शराब तस्करी पर रोक लगाने के लिए उनकी टीम द्वारा नाकेबंदी की गई थी। इसी दौरान एक ऑटो रिक्शा को संदेह के आधार पर रोका गया और उसकी तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान ऑटो रिक्शा से अलग-अलग ब्रांड की कुल 30 बोतलें और 24 अधी बोतलें शराब बरामद हुई। इंस्पेक्टर गुरप्रीत सिंह ने बताया कि शराब के साथ पकड़े गए व्यक्ति की पहचान सर्वेश गुप्ता पुत्र मोती लाल गुप्ता, निवासी फ्लैट नंबर तीन, सिटी होम, बिशनपुरा के रूप में हुई है।

## स्पेशल ओलंपिक में आशा किरन स्कूल के छात्रों ने रनर-अप ट्रॉफी जीती

स्पेशल बच्चों की खेल भावना ने सभी का दिल जीता: परमजीत सचदेवा

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर, 16 दिसंबर।** 26वीं पंजाब स्टेट स्पेशल ओलंपिक 12 से 14 दिसंबर तक लवली प्रोफैशनल युनिवर्सिटी में आयोजित की गई, इस ओलंपिक में हुए मुकाबलों के दौरान जे.एस. एस.आशा किरन स्पेशल स्कूल जहानखेला के छात्रों बिग स्कूल कैटेगरी में सैकिंड रनर अप ट्राफी जीती। ओलंपिक के दौरान जे.एस.एस.आशा किरन स्कूल के बच्चों ने 10 गोलड मैडल, 5 सिलवर मैडल, 9 बांऊनज मैडल एथलैटिक में और बैडमिंटन टीम गेम में गोलड मैडल विजेता सनी कुमार रहा। स्कूल के छात्र आरूषी और मीना ने भी सिलवर मैडल जीते। स्पेशल ओलंपिक भारत पंजाब चैप्टर के एरिया डायरेक्टर परमजीत सिंह सचदेवा ने बताया कि इस राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में 23 जिलों ने भाग लिया, इसका उदघाटन लवली युनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डा. रशमी मित्तल ने किया, इस दौरान 1 हजार से ज्यादा एथलीटों ने अलग-अलग मुकाबलों में हिस्सा लिया। परमजीत सचदेवा ने कहा कि इस स्पेशल ओलंपिक में स्पेशल बच्चों ने जो खेल की भावना दिखाई उससे सभी का दिल खुश हुआ है और हमे खुशी है कि स्पेशल बच्चे खेलों के छेत्र में भी आगे बढ रहे है। इस मौके स्पेशल ओलंपिक राज्य के प्रधान अशोक अरोड़ा, स्पोर्टस डायरेक्टर मनदीप बराड़, अनिल गोयल, मलकीत सिंह महेड़ू, प्रधान हरबंस सिंह, हरमेश तलवाड़, कोच सुनीता रानी, दिया दूबे, अंजना, अजीत, संजीव कुमार, प्रिंसीपल शैली शर्मा आदि भी मौजूद रहे।

## मोबाइल से दूर रहने वाले बच्चे ही पढ़ाई का लक्ष्य हासिल कर सकते हैं: एम डी धर्म पाल

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर, 16 दिसंबर।** आज के सोशल मीडिया के ज़माने में बच्चे बड़े पैमाने पर मोबाइल फ़ोन का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिस करके बच्चो के दिमाग, आँखों और सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। ये बातें 'सन डे बोर्डिंग पब्लिक स्कूल' शाम चौरासी के एम डी धर्म पाल ने पत्रकारों के साथ एक प्रेस वार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि आज के सोशल मीडिया के ज़माने में छोटे बच्चे ज़िद करके अपने माता-पिता से मोबाइल फ़ोन ले लेते हैं और कार्टून, गेम वगैरह देखने की जगह इंटरनेट की सुविधा से कुछ न कुछ देखते रहते हैं, जिससे बच्चे कम उम्र में ही गलत रास्ते पर पड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया से हमें जहाँ बहुत फ़ायदा होता है, वहीं इससे बहुत नुकसान भी होता है। उन्होंने कहा कि हमारे 'सन डे बोर्डिंग पब्लिक स्कूल' शाम चौरासी के सभी टीचर स्कूल में पढ़ने वाले सभी स्टूडेंट्स को मोबाइल फ़ोन से दूर रहने के लिए हमेशा प्रोत्साहित करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ने वाले बच्चों को घर जाने के बाद भी मोबाइल फोन से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन से दूर रहने वाले बच्चे ही पढ़ाई का लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। उन्होंने सभी प्राइवेट और सरकारी स्कूलों के प्रिंसिपल और टीचरों से अपील की कि वे बच्चों के मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर सख्ती से रोक लगाएं।

## किसान संगठनों ने स्मार्ट बिजली मीटर लगाने आए पावरकॉम अधिकारियों को घेरा

राज्य सरकार और पावरकॉम अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 16 दिसंबर।** किसान संगठन नए बिजली संशोधन बिल 2025 का विरोध कर रहे है और राज्य में लगे स्मार्ट बिजली मीटर उतारकर पावरकॉम अधिकारियों को सौंपे जा रहे हैं। इसी विरोध के मद्देनजर आज पावरकॉम के सीनियर अधिकारियों की एक टीम पास के गांव खलौर में स्मार्ट बिजली मीटर लगाने पहुंची, जिस पर किसान संगठनों ने मौके पर पहुंचकर पावरकॉम अधिकारियों को घेर लिया। इस संबंधित जानकारी देते हुए भारतीय किसान यूनियन एकता डकोंदा मोहाली के जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह जग्गी कराला, भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राज्य कोषाध्यक्ष सतनाम सिंह सत्ता खलौर, भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर के ब्लॉक मोहाली अध्यक्ष तरलोचन सिंह नडियाली, राज्य कोषाध्यक्ष मान सिंह राजपुरा, चढूनी के इंदरजीत सिंह खलौर, गुरप्रीत सिंह नडियाली, गुरप्रीत सिंह सेखन माजरा, सुरिंदर छिंदा बनूड़ ने कहा कि किसान संगठन केंद्र की मोदी सरकार और राज्य सरकारों द्वारा लाए गए नए बिजली संशोधन बिल 2025 का विरोध कर रहे हैं और राज्य में नए लगाए गए स्मार्ट बिजली मीटरों को उतारकर जमा किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आज पावरकॉम के वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम नए स्मार्ट बिजली मीटर लगाने के लिए गांव खलौर पहुंची थी, जिसके बारे में ग्रामीणों ने उन्हें सूचित किया, उन्होंने मौके पर पहुंचकर पावरकॉम अधिकारियों का घेराव किया। उन्होंने जहां पावरकॉम अधिकारियों को नए स्मार्ट बिजली मीटर लगाने से रोका, वहीं पहले से लगे स्मार्ट बिजली मीटर उतार कर अधिकारियों और कर्मचारियों के हाथों में दिए गए। किसान नेताओं ने कहा कि वे कभी भी बिजली संशोधन बिल लागू नहीं होने देंगे और न ही राज्य में स्मार्ट बिजली मीटर लगने देंगे।

इस मौके पर वहां जमा हुए किसानों ने राज्य सरकार और पावरकॉम अधिकारियों के खिलाफ नारे लगाए और ऐलान किया कि अगर पावरकॉम अधिकारियों ने दोबारा गांवों में स्मार्ट बिजली मीटर लगाने की कोशिश की, तो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

इस मौके पर भूपिंदर सिंह नडियाली, दलबीर सिंह डेराबसी, कमलजीत सिंह, जसपाल सिंह मोती जंगपुरा, गुरदेव सिंह जंडोली, जसमेर सिंह कबूलपुर, जसवीर सिंह, नंबरदार बलदेव सिंह नडियाली, कमलजीत सिंह सेखन माजरा, हनी धमोली, सरपंच गुरबचन सिंह प्रेमगढ़, हैप्पी गुरनाखेड़ी के अलावा अन्य कार्यकर्ता और किसान संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## खन्ना में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में, मां की मौत, बेटा घायल

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण



**खन्ना, 16 दिसंबर।** खन्ना के जीटी रोड पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा घायल हो गया। मृतक की पहचान प्रवीण (50) निवासी लुधियाना के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार प्रवीण की बेटी की शादी आने वाले मार्च महीने में होनी थी। शादी की बातचीत के लिए प्रवीण अपने बेटे के साथ पटियाला गई थी, जहां उसकी बेटी का विवाह होना तय था। बातचीत पूरी होने के बाद मां-बेटा मोटरसाइकिल पर सवार होकर लुधियाना की ओर लौट रहे थे। जब वे खन्ना के जीटी रोड पर भट्टियां इलाके के पास पहुंचे तो अचानक उनकी मोटरसाइकिल फिसल गई। संतुलन बिगड़ने से मां-बेटा दोनों सड़क पर गिर गए। हादसे के दौरान प्रवीण का सिर सड़क के डिवाइडर से जोर से टकरा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में उसका बेटा भी जख्मी हो गया।

राहगीरों ने तुरंत मदद करते हुए दोनों को संभाला और प्रवीण को सरकारी अस्पताल खन्ना पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया, लेकिन सिर में गंभीर चोट लगने के कारण इलाज के दौरान ही प्रवीण ने दम तोड़ दिया।

## बलोह टोल प्लाजा के पास पशुओं से भरा ट्रक पकड़ा, ठेकेदार पर लगाए मारपीट के आरोप

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर के डैहर क्षेत्र में बलोह टोल प्लाजा के समीप मंगलवार को 8 से 10 पशुओं से भरा एक ट्रक पकड़ा गया है।

यह ट्रक बजरंगी दल व स्थानीय युवकों ने संदेह के आधार पर रोका, जिसकी जांच करने पर उसमें अमानवीय तरीके से डाले दुधारू व अन्य पशु पाए गए। युवाओं ने आरोप लगाया है कि जब उन्होंने इस तस्करी को रोकने का प्रयास किया तो व्यापारी अपने गुंडों को लेकर मौके पर पहुंचा और उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकियां दी गई। जांच में यह बात भी सामने आई है कि इन्हें स्लाटर करने के उद्देश्य से बल्ह उपमंडल के ढाबन से लाया गया था। मामले के सामने आते ही स्थानीय लोगों में रोष फैल गया और बड़ी संख्या में युवक मौके पर पहुंच गए।

**गौवंश तस्करी में संलिप्त लोगों के खिलाफ हो कार्रवाई :** स्थानीय युवाओं व ग्रामीणों का कहना है कि जिले में गौवंश तस्करी की घटनाएं बार-बार सामने आ रही हैं, लेकिन इन्हें रोकने के लिए प्रशासन कोई कारगर कदम नहीं उठा रहा है जिसके कारण तस्करों के हौसले बुलंद हैं। लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि गौवंश की तस्करी में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और ऐसे अपराधों पर रोक लगाने के लिए कठोर कानून लागू किए जाएं।

# बिजली महादेव मंदिर के कपाट तीन माह के लिए बंद, 15 मार्च 2026 को खुलेंगे

### मंदिर में पूजा-पाठ भी नहीं होगा, श्रद्धालुओं के लिए परिसर में प्रवेश पूरी तरह निषिद्ध

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 16 दिसंबर।** कुल्लू जिले के अधिष्ठाता देवता बिजली महादेव के दर्शन अब श्रद्धालुओं को अगले तीन महीनों तक नहीं हो सकेंगे।

देव परंपराओं के अनुसार 15 दिसंबर से बिजली महादेव मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए हैं, जो आगामी 15 मार्च 2026 को खोले जाएंगे। कपाट बंद होने की अवधि के दौरान मंदिर परिसर में पूर्ण रूप से सन्नाटा रहेगा। इस दौरान मंदिर में पूजा-पाठ भी नहीं होगा और श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर में प्रवेश पूरी तरह निषिद्ध रहेगा। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि कपाट बंद रहने के दौरान वे



मंदिर की ओर न आएं और देव नियमों का पालन करें।

बताया गया है कि बिजली महादेव मंदिर में तीन महीने तक कपाट बंद रखने की परंपरा का सदियों से निर्वहन किया जा रहा है। हर वर्ष शीतकाल के दौरान मौसम की कठिन परिस्थितियों और देव परंपराओं को ध्यान में रखते हुए मंदिर के कपाट बंद किए जाते हैं। गौरतलब है कि बिजली महादेव मंदिर में हर साल देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं और रोजाना बड़ी संख्या में भक्त भोले बाबा के दर्शन करते हैं।बिजली महादेव मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष फतेह सिंह राणा ने बताया कि देव परंपराओं में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए कपाट बंद रहने की जानकारी को लेकर मंदिर क्षेत्र में जगह-जगह सूचना बोर्ड लगाए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि 15 दिसंबर से 15 मार्च तक मंदिर के कपाट बंद रहेंगे और इस दौरान मंदिर में प्रवेश पूर्णतया वर्जित रहेगा।

उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से देव नियमों का सम्मान करने और परंपराओं का पालन करने की अपील की है।



## नशे के खात्मे को जनभागीदारी जरूरी : तोरुल

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 16 दिसंबर।** जिला कुल्लू में नशा मुक्त हिमाचल अभियान के तहत जन-जागरूकता कार्यक्रमों की कड़ी में मंगलवार को ग्राम पंचायत कलैहली के राजकीय माध्यमिक पाठशाला कलैहली तथा ग्राम पंचायत मशगां के रामेश्वरी टीचर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट शाड़ाबाई में नशा मुक्त जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस. रवीश ने की।

उपायुक्त ने कहा कि नशा मुक्त हिमाचल, प्रदेश सरकार का एक महत्वपूर्ण और प्राथमिकता वाला कार्यक्रम है, जिसकी सफलता के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जिला कुल्लू की 28 ग्राम पंचायतों को नशे के दृष्टिगत संवेदनशील घोषित किया गया है। इन पंचायतों में जिला प्रशासन द्वारा अभियान के रूप में निरंतर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके तहत स्वास्थ्य, पुलिस, जनप्रतिनिधि, और समाजिक कल्याण एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारी व्यक्तिगत रूप से पंचायतों का दौरा कर आम जनता, युवाओं और विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि नशा केवल एक सामाजिक बुराई ही नहीं, बल्कि एक गंभीर बीमारी है। इससे ग्रसित व्यक्ति को इसे छुपाने के बजाय समय पर उपचार करवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति का स्वास्थ्य, परिवार, समाज और भविष्य सभी कुछ समाप्त कर देता है । इसलिए युवाओं को नशे से दूर रखकर ही उज्ज्वल भविष्य और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। इस अवसर पर उपायुक्त ने ग्राम पंचायत कलैहली एवं ग्राम पंचायत मशगां की नशा निवारण समिति के सदस्यों के साथ बैठक भी की और उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए।

# युवाओं को नशे के अंधकार से बचाने के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित : मनमोहन शर्मा

**मादक पदार्थ चिट्टा गतिविधियों वाली चिन्हित नगर परिषद, नगर पंचायत तथा ग्राम पंचायतों में बैठक आयोजित**

अर्थ प्रकाश/पवन कौशल



**नालागढ़।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा मादक पदार्थ चिट्टे के विरूद्ध 'चिट्टा मुक्त सोलन' अभियान कार्यान्वित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत 15 अक्तूबर, 2025 से 31 मार्च, 2026 तक विस्तृत गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क?ी में आज सोलन ि?ला की मादक पदार्थ चिट्टा गतिविधियों वाली चिन्हित ग्राम पंचायत में नशा निवारण समितियों के साथ बैठकें आयोजित की गई। यह जानकारी आज यहां उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने दी।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि ि?ला सोलन को चिट्टा मुक्त बनाने के लिए नशे में संलिप्त युवाओं की पहचान करना तथा उनका पुनर्वास सुनिश्चित बनाना नितांत आवश्यक है। उन्होंने आम जन से आग्रह किया युवाओं को नशे के अंधकार से बचाने के लिए प्रशासन को अपना सहयोग दें ताकि ि?ला को चिट्टा मुक्त बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य मादक पदार्थों के कारोबारियों पर रोक लगाना है। ि?ला सोलन को चिट्टा मुक्त बनाने के लिए कारोबारियों की चैन को तो?ना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उपमण्डल स्तर पर नशा निवारण समितियां गठित की गई है ताकि नशा करोबारियों पर अंकुश लगाया जा सके।

उपायुक्त ने कहा कि आज इसी संदर्भ में मादक पदार्थ चिट्टा गतिविधियों वाली चिन्हित नगर परिषद, नगर पंचायत तथा ग्राम पंचायतों में गठित नशा निवारण समितियों की बैठक आयोजित की गई। इसमें आज नगर परिषद परवाणु, नालाग? और बद्दी, नगर पंचायत कण्डाघाट, ग्राम पंचायत वाकनाघाट, जाबली, धर्मपुर, चेवा, टकसाल, नाभ-कोटी, भटोलीकलां, गोल-जमाला, कृपालपुर, गुल्लरवाला, कोइडी, मंझोली, प्लासीकलां, रडयाली, राजपुरा, बग्लेहर, पंजैहरा, ब्रुना, दभोटा, मानपुरा, लोदी माजरा, डेला, किशनपुरा, खे?ा, सनैड, थाना, मलपुर, संडोली, मंधाला तथा बरोटीवाला में उपमण्डलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी तथा गठित समिति के सदस्यों द्वारा चिट्टा मुक्त अभियान विषय पर बैठक आयोजित की गई।

अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन ने आज ग्राम पंचायत बसाल में 'चिट्टा मुक्त प्रदेश अभियान' के अंतर्गत गठित समिति के सदस्यों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।

राहुल जैन ने समिति के सदस्यों से आग्रह किया कि वह अभियान के दौरान जन जागरूकता, उपचार एवं पुनर्वास के साथ-साथ ऐसे संदिग्ध व्यक्तियों एवं परिवारों की पहचान करें, जो चिट्टे के सेवन अथवा कारोबार में संलिप्त हैं।

## क्या सरकारी विभागों से राजनीति करवाना ही है व्यवस्था परिवर्तन : जयराम

**जयराम ठाकुर ने भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से की शिष्टाचार भेंट**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार और कांग्रेस पार्टी के राजनीतिक और नैतिक पतन की कोई सीमा नहीं है। अब सरकारी विभाग जिनका काम सरकार की उपलब्धियों का प्रचार प्रचार करना है। वह राजनीतिक पार्टियों के खिलाफ घटिया पोस्टर बनाकर ट्रोल आर्मी की तरह व्यवहार कर रहे हैं। 3 साल के कार्यकाल में सरकार के पास बताने के लिए कोई उपलब्धि है नहीं और मुख्यमंत्री के तरकश के झूठ के सारे बाण खत्म हो गए हैं तो अब मुख्यमंत्री और उनके मित्र मंडली ने सरकारी विभाग को ही पॉलीटिकल पार्टियों के खिलाफ दुष्प्रचार करने में लगा दिया है। व्यवस्था पतन का यह सिलसिला रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है। चिंता इस बात की है कि मित्र मंडली ने इस गिरावट की निचली सीमा निर्धारित ही नहीं की है। आने वाले समय में यह प्रदेश की पहचान, प्रदेश की छवि पर



भी बहुत भारी पड़ने वाला है। यह गिरावट तभी शुरू हो गई थी जब सरकारी विभाग पॉलीटिकल पार्टी के खिलाफ मीडिया में बयान जारी करने लगे थे। मुख्यमंत्री से तब भी हमने इसे रोकने की बात कही थी। क्योंकि जिस राह पर सरकार चल रही है उसके गिरावट की कोई सीमा नहीं है। इस तरीके का राजनीतिक दुष्प्रचार करने वाले लोगों के खिलाफ सरकार कार्रवाई सुनिश्चित करे।

जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार नशे के खिलाफ किस प्रकार से गंभीर है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि नशे के खिलाफ कार्रवाई करने वाले पुलिस कर्मियों का तबादला भी इसी सरकार ने अपने पार्टी के नेताओं के कहने पर किया है। नशे के खिलाफ लड़ाई में सरकार की गंभीरता सिर्फ इवेंटबाजी और हैडलाइन मैनेजमेंट तक ही सीमित है। पूर्व सरकार द्वारा किए गए प्रयासों को सरकार और उसका प्रचार तंत्र अपना बताकर अपनी नाकामी से नहीं बच सकता है। सरकार के विभागों और मुख्यमंत्री को अध्ययन करना चाहिए कि पूर्व सरकार ने नशे के खिलाफ लड़ाई को प्रभावित बनाने के लिए क्याङ्क्या कार्य किए थे। सिर्फ नाम बदल देने से या फिर तथ्य छुपा लेने से हकीकत नहीं बदलती है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन किसने किया था? डिटेंशन ऑथोरिटी की नियुक्ति किसने की? इंटीग्रेटेड ड्रग प्रीवेंशन पॉलिसी किसने बनाई? पड़ोसी राज्यों के साथ नशे के खिलाफ लड़ाई को प्रभावी बनाने काम किसने किया था? नशे के प्रसार पर रोग किसने लगाई थी? नशे के ऊपर डोज से होने वाली मौतों को नगण्य किसने किया था? प्रदेश में नशा सबसे बड़ी चुनौती के रूप में खड़ा है और सरकार सिर्फ हैडलाइन मैनेजमेंट में ही व्यस्त है। इस प्रकार किसी नाकामी की वजह से आज हिमाचल के बड़े भूभाग पर नशे का तांडव हो रहा है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि नशे के ओवर डोज की वजह से आए दिन प्रदेश में मौत हो रही है। आज भी एक युवक की नशे के ओवर डोज का मामला अखबारों की सुर्खियां बना है। नशा निवारण केंद्रों की हालात सबके सामने है। प्रदेश के किसी भी मेडिकल कॉलेज में नशे से पुनर्वास हेतु डेडीकेटेड वार्ड तक नहीं है। जो लोग निजी पुनर्वास केंद्रों के भरोसे हैं, उन्हें इलाज के बदले यातना मिल रही है और गाढ़ी कमाई अलग से खर्च हो रही है। सरकार की नाकामी का परिणाम है कि मां को अपने बच्चों के लिए नशा खरीदना पड़ रहा है, क्योंकि सरकार के पास नशे से मुक्ति दिलाने का कोई इंतजाम ही नहीं है। इसी वजह से प्रदेश में नशे की स्थिति और भी गंभीर होती जा रही है। प्रदेश के कोने-कोने में नशा महामारी की तरफ फैल रहा है। हमने यह कभी नहीं सोचा था कि इस तरह के हालात होंगे, युवा अपने सुनहरे भविष्य के बजाय नशे के जाल में जकड़ा जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. शांडिल आज सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 17 दिसम्बर, 2025 को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल 17 दिसम्बर, 2025 को प्रातः 11.50 बजे ग्राम पंचायत कोट में पंचवटी पार्क, सामुदायिक भवन कटोह तथा सामुदायिक भवन लछोग का लोकार्पण करेंगे।

### पालमपुर के ध्रमण में हार्डवेयर शॉप में भड़की आग, लाखों रुपए का नुक्सान; मालिक का बेटा झुलसा

**पालमपुर।** पालमपुर के समीप ध्रमण इलाके में बीती रात एक हार्डवेयर की दुकान में आग लगने से हड़कंप मच गया। इस अग्निकांड में दुकान में रखा सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया है, जिससे लाखों रुपए के नुक्सान का अंदेशा जताया जा रहा है। आग बुझाने की कोशिश में दुकान मालिक का बेटा बुरी तरह झुलस गया और उसे गंभीर चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार घटना रात करीब डेढ़ बजे की है। हार्डवेयर की दुकान के मालिक प्रेम कुमार का घर दुकान से लगभग 500 मीटर की दूरी पर है। रात को अचानक कुत्तों के जोर-जोर से भौंकने की आवाज सुनकर प्रेम कुमार का बेटा अक्षित जाग गया। जब वह बाहर निकला तो उसने दुकान की तरफ से धुआं उठता देखा। अक्षित तुरंत चाबी लेकर दुकान की ओर दौड़ा। जैसे ही उसने दुकान का शटर उठाया तो अंदर भरी गैस और आग की लपटें तेजी से बाहर निकलीं। इसकी चपेट में आने से अक्षित झुलस गया और झटके से दूर जाकर गिरा, जिससे उसके सिर पर भी गंभीर चोट आई है। घटना की सूचना तुरंत दमकल केंद्र पालमपुर को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल की 2 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग इतनी विकराल थी कि उस पर काबू पाने में अग्निशमन विभाग को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। जब तक आग बुझाई गई तब तक दुकान की निचली मंजिल का सारा सामान जलकर खाक हो चुका था।

## विजय दिवस पर कुल्लू में वीरों को अर्पित की श्रद्धांजलि

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 16 दिसंबर।** कार्यक्रम बहुउद्देश्यीय भवन में आयोजित किया गया, जिसमें 1971 के भारत -पाक युद्ध में शहीद हुए भारतीय सेना के जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस. रवीश ने की। कार्यक्रम में देशभक्ति की विचार अभिव्यक्तियों और पुष्पांजलि कार्यक्रम के माध्यम से वीरों, जवानों को श्रद्धांजलि दी गई।

उपायुक्त ने इस अवसर पर राष्ट्रभक्ति, कर्तव्य और मातृभूमि की एकता व अखंडता की रक्षा करने में सैन्य बलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने वीर शहीदों के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि ÷भारतीय सेना के पराक्रम, शौर्य और साहस से देश के हर नागरिक को आत्मविश्वास और सुरक्षा का एहसास होता है। हमारे भूतपूर्व सैनिक हमेशा किसी भी परिस्थिति में राष्ट्र सेवा के लिए तत्पर रहते हैं और प्रशासन को निरंतर उनका सहयोग प्राप्त होता है।÷

उपायुक्त ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल देश के वीर सपूतों को स्मरण करने का अवसर हैं, बल्कि युवा पीढ़ी को प्रेरित करने और देशभक्ति की भावना जागृत करने का माध्यम भी हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के सैनिकों की वीरता का



विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि इस वीर भूमि के जवानों ने हर अवसर पर अपनी बहादुरी का लोहा मनवाया है।

उपायुक्त ने यह भी जानकारी दी कि जिला में शहीद स्मारक का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, और आगामी समय में जल्द ही इसका औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि सैनिकों तथा भूतपूर्व सैनिकों के सभी विभागों में पड़ने वाले कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर यथासंभव जल्दी निपटारा सुनिश्चित बनाया जाएगा। जिला भूतपूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष ब्रिगेडियर टी एस ठाकुर ने विजय दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1971 में 16 दिसंबर को भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तानी सेना के छक्के छुड़ाए थे और पाकिस्तानी सेना के हजारों सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया था, जिसके चलते इस दिन को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। 1971 की लड़ाई में जिन भारतीय वीर सैनिकों ने देश की खातिर जान गंवाई, इस दिन उन वीर सैनिकों को याद किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके अलावा विजय दिवस के दौरान पूर्व सैनिकों और युद्ध विधवाओं की वीर नारियों की समस्याओं पर भी चिंतन किया गया और यथासंभव उनकी समस्याओं का समाधान करने की भी कोशिश की गई। इस अवसर पर नायक पियार चंद, कैप्टन तारा चंद, तापे राम सहित कई लोगों ने सेना में सेवा दौरान के अपने अनुभव साझा किए।

## सरकारी सूचना विभाग का फेसबुक पेज कांग्रेस का प्रचार मंच बना : संदीपनी भारद्वाज

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर की गई पोस्ट को लेकर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि एक संवैधानिक और सरकारी विभाग का इस प्रकार सोशल मीडिया के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी पर राजनीतिक हमला करना पूरी तरह से अनुचित, निंदनीय और सरकारी मर्यादाओं के खिलाफ है। सरकारी विभागों का काम जनसूचना देना होता है, न कि सत्ताधारी पार्टी के प्रवक्ता की भूमिका निभाना।

संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि उक्त पोस्ट हमीरपुर में आयोजित चिट्टा अवेयरनेस वॉकथॉन को लेकर डाली गई, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि नशे जैसे गंभीर और संवेदनशील मुद्दे को भी कांग्रेस पार्टी ने राजनीतिक रंग देने का प्रयास किया। भाजपा का स्पष्ट कहना है कि कांग्रेस पार्टी चिट्टे के खिलाफ वास्तविक लड़ाई नहीं लड़ रही, बल्कि केवल दिखावटी कार्यक्रमों और नौटंकी के जरिए अपनी छवि चमकाने में लगी हुई है।

उन्होंने याद दिलाया कि विधानसभा में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया था कि नशे के खिलाफ सभी राजनीतिक दल एकजुट होकर लड़ाई लड़ेंगे, लेकिन हमीरपुर में हुए सरकारी कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के झंडे लगाए गए, जो उस सर्वदलीय भावना के बिल्कुल विपरीत है। इससे पहले धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र में भी भाजपा और कांग्रेस ने एक मंच पर नशे के विरोध में धरना प्रदर्शन किया था, लेकिन मुख्यमंत्री और सरकार अब उस साझा संकल्प को भूल चुकी है।

प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि नशे के खिलाफ कार्यक्रमों में राजनीतिक दलों से ऊपर उठकर काम करने की आवश्यकता है और सभी पार्टियों का सहयोग लिया जाना चाहिए। लेकिन दुखद है कि कांग्रेस सरकार ऐसे सामाजिक अभियानों का भी ÷कांग्रेसीकरण÷ कर रही है, जिससे जनता में गलत संदेश जा रहा है।

संदीपनी भारद्वाज ने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर नशे के बड़े सौदागरों को क्यों नहीं पकड़ा जा रहा है? क्यों केवल छोटी मछलियों को पकड़कर मीडिया में सुर्खियां बटोरने का प्रयास किया जा रहा है? उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी के कुछ नेता स्वयं नशे के कारोबार के संरक्षक बने हुए हैं और जब तक इन पर कठोर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक नशे के खिलाफ लड़ाई केवल खोखले नारों तक ही सीमित रहेगी।

## सड़क और पुल की सुरक्षा को लेकर विधायक अनुराधा राणा ने लिया फीडबैक

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**केलांग (कुल्लू)16 दिसंबर।** विधायक लाहौल स्पीति अनुराधा राणा ने लिंडूर गांव का दौरा कर स्थानीय लोगों से जनसंवाद किया। इस दौरान सड़क धंसने के कारण ग्रामीणों को हो रही आवाजाही की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। लोगों ने वैकल्पिक सड़क निर्माण की मांग उठाई। जिस पर विधायक ने लोक निर्माण विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क जीवनरेखा है और इसमें किसी भी प्रकार की बाधा स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया



कि तकनीकी जांच कर जल्द वैकल्पिक मार्ग का प्रस्ताव तैयार किया जाए ताकि आमजन को राहत मिल सके। इसके उपरांत विधायक अनुराधा राणा ने जोबरंग क्षेत्र का दौरा कर स्थानीय जनता से मुलाकात की। यहां नदी में लगातार बढ़ रही सिल्ट के कारण जोबरंग पुल की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई गई। इस पर विधायक ने संबंधित विभागों को समय रहते आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय अपनाने के निर्देश दिए। जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की क्षति से बचाव सुनिश्चित किया जा सके। तत्पश्चात फूडा,जसरथ,नालडा की जनता से संवाद किया और समस्याओं को जाना और संबंधित विभागो को समाधान के आदेश दिए।

**वार्षिक समारोह** — वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शकोली में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित

# खेलकूद से व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता : किरण

**उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने की अध्यक्षता, मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित**

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**उदयपुर (कुल्लू)16 दिसंबर।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के उपमंडल उदयपुर स्थित वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शकोली में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने की, जबकि एसडीएम उदयपुर अलीशा चौहान विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।



उपायुक्त किरण भड़ाना ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन में सफलता का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक एवं अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भागीदारी से व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों की रुचि एवं क्षमता के अनुरूप मार्गदर्शन देने पर बल दिया। उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों के विद्यार्थी प्रतिभा में किसी से कम नहीं हैं; आवश्यकता केवल सही दिशा, सतत अभ्यास और सकारात्मक सोच की है।

प्रधानाचार्य वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला त्रिलोकीनाथ नरेश लाल ने मुख्य अतिथि को शाल, टोपी स्मृति चिन्ह देकर के सम्मानित किया एवं विशेष अतिथि का पारंपरिक स्वागत किया। पाठशाला के विद्यार्थियों ने स्थानीय संस्कृति, देशभक्ति एवं सामाजिक मूल्यों पर आधारित नृत्य, गीत एवं नाट्य प्रस्तुतियों से समां बांधा, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने भरपूर सराहना दी।

शैक्षणिक, खेलकूद, सांस्कृतिक एवं अन्य सह-शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने पाठशाला परिवार द्वारा आमंत्रित किए जाने पर आभार व्यक्त किया। एसडीएम उदयपुर अलीशा चौहान ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने तथा कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक उपलब्धियों, परीक्षा परिणामों, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सहभागिता तथा आगामी योजनाओं की जानकारी दी।

# स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमें सम्मानित

जे.सी. बोस विश्वविद्यालय इनक्यूबेशन देगा सपोर्ट, विश्वविद्यालय में छात्रों के स्मार्ट एजुकेशन सॉल्यूशन को लागू करने का प्रस्ताव

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलगुरु प्रो. राजीव कुमार ने आज स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विश्वविद्यालय की टीमों को एक समारोह में सम्मानित किया तथा उन्हें विश्वविद्यालय के टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर सेंटर में लगभग 5 लाख रुपये मूल्य की निःशुल्क इनक्यूबेशन सुविधाएं प्रदान करने के पेशकश की, जिसमें वर्कस्टेशन, मेंटरशिप, कानूनी सहयोग तथा नेटवर्किंग अवसर शामिल हैं ताकि उनकी सॉल्यूशन-आधारित विचारों को पोषित किया जा सके।

इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में सभी डीन और शिक्षण विभागों के अध्यक्ष उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. अजय रँगा, आईपीआर, इनोवेशन, इनक्यूबेशन एवं स्टार्टअप डिवीजन के प्रभारी प्रो. संजीव गोयल तथा इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल की अध्यक्ष डॉ. रश्मि अग्रवाल उपस्थित थे।

विजेता टीम %कैफीन ओवरफ्लो% द्वारा विकसित ÷स्मार्ट क्लासरूम एंड टाइमटेबल शेड्यूलर÷ स्मार्ट एजुकेशन सॉल्यूशन जिसने आईआईटी धनबाद में आयोजित एसआईएच 2025 ग्रैंड फिनाले के सॉफ्टवेयर एडिशन में प्रथम पुरस्कार जीता, से प्रभावित होकर कुलगुरु प्रो राजीव कुमार ने इसे विश्वविद्यालय में लागू करने प्रस्ताव रखा तथा टीम को इसे व्यावसायिक उत्पाद के रूप में मूल्यांकन करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि प्रारंभ में इसे विभागीय स्तर पर तथा बाद में विश्वविद्यालय स्तर पर लागू किया जायेगा।

प्रो. कुमार ने टीम ÷ऑरा फार्मर्स÷ को, जिसने इसरो की समस्या ÷यूज ऑफ मोबाइल फोन मेजरमेंट्स टू इनेबल सेफ ऑटोनॉमस नेविगेशन ऑन रोड्स÷ पर प्रभावशाली प्रदर्शन किया, को इसरो के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने तथा अपने इनोवेशन को आगे बढ़ाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में प्रतिभाशाली छात्रों को सहयोग करने के लिए मजबूत व्यवस्था-तंत्र मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की गुजरात स्टूडेंट स्टार्टअप एंड इनोवेशन हब (आई-हब) की विशेषज्ञता का लाभ उठाकर कैंपस स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने की योजना है।

प्रो. राजीव कुमार ने कहा कि एसआईएच 2025 ग्रैंड फिनाले में प्रथम पुरस्कार जीतने की यह उल्लेखनीय सफलता हमारे छात्रों एवं फैकल्टी की इनोवेटिव भावना तथा कड़ी मेहनत का प्रमाण है।

उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय की टीम ÷कैफीन ओवरफ्लो÷, जिसमें श्री संजीवन कुमार (टीम लीडर), इशान्वी रीत, सृष्टि राठी, आरजू, तुषार भड़ाना तथा प्रमोद कुमार शामिल रहे तथा जिनका मार्गदर्शन डॉ. पायल गुलाटी ने किया, ने भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर पर स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) 2025 को जीता है। विजेता टीम को 1.5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार तथा एआईसीटीई द्वारा औद्योगिक इंटर्नशिप का अवसर प्राप्त हुआ है।

## वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में सैंड आर्ट शो 17 दिसंबर को मताना में

**फतेहाबाद, 16 दिसंबर।** जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मताना में वीर बाल दिवस के उपलब्ध में बुधवार 17 दिसंबर को सैंड आर्ट शो का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में रेत कला और चित्रकला के माध्यम श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह व फतेह सिंह के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को प्रदर्शित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि वीर बाल दिवस हर साल 26 दिसंबर को मनाया जाता है, जो श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह व फतेह सिंह के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि देने के लिए समर्पित है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2022 में उनके इस महान बलिदान को सम्मानित करने के लिए हर साल 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी।

## लोगों के लिए पंचायत भवन में लगेगा आपकी पूंजी आपका अधिकार शिविर

भारत सरकार और आरबीआई चला रही जागरूकता अभियान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फतेहाबाद, 16 दिसंबर।** वित्तीय सेवा विभाग, भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा देशभर में लावारिस जमा राशि का दावा करने के लिए 3 महीने का जागृति अभियान आपकी पूंजी आपका अधिकार चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिला फतेहाबाद में भी लोगों को जागरूक करने के लिए 19 दिसंबर को सुबह 11 बजे से एनआरएलएम भवन, पंचायत भवन फतेहाबाद में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी जिसके द्वारा 10 साल से अधिक समय से निष्क्रिय पड़ी धन राशि की निकासी जिसका खाता धारक या उसके परिवार के सदस्य अब भी दावा कर सकते हैं। अग्रणी जिला प्रबंधक विक्रांत वर्मा ने बताया कि देश भर में ऐसे खाते में जमा धन राशि को वापस दिलाने के लिए ही अभियान चलाया जा रहा है ताकि नागरिक अपनी धनराशी वापस प्राप्त कर सके ।

जिन लोगों को यह संदेह है कि उनके या उनके पूर्वजों के नाम से कोई पुराना खाता, जमा राशि या फिक्स्ड डिपॉजिट फंड हो सकता है वे आरबीआई के उदगम पोर्टल https://udgam.rbi.org.in/unclaimed-deposits/#/login पर जाकर भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त नागरिक अपनी नजदीकी बैंक शाखा में जाकर पूरी जानकारी ले सकते हैं।

जो लोग अपने या अपने पूर्वजों द्वारा खोले गए बैंक खाते और उनमें जमा धन राशि को भूल जाते हैं वो राशि बैंक द्वारा आरबीआई की जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता निधि में ट्रांसफर कर दी जाती है हालांकि पहचान संबंधी दस्तावेज जमा करवाकर उक्त राशि क्लेम की जा सकती है । 19 दिसंबर को लगने वाले विशेष शिविर में लोगों को इस बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

## अनमोल बिश्नोई ने थ्रीपल जंप इवेंट में प्राप्त किया प्रथम स्थान

**फतेहाबाद, 16 दिसंबर।** जिला खेल अधिकारी विष्णु दास ने बताया कि लखनऊ में 13 से 17 दिसंबर तक चलने वाली 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स में एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता में चिंदड़ निवासी अनमोल बिश्नोई ने थ्रीपल जंप इवेंट में प्रथम स्थान हासिल किया हैं।

उल्लेखनीय है कि चिंदड़ निवासी अनमोल बिश्नोई जिला स्तरीय भोडिया खेड़ा खेल स्टेडियम में एथलेटिक्स प्रशिक्षक सुंदर लाल सिहाग के पास प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है। अनमोल बिश्नोई ने खेल महाकुंभ में भी दो बार प्रथम स्थान हासिल किया है। खेल अधिकारी ने अनमोल बिश्नोई के साथ-साथ अभिभावकों व एथलेटिक्स प्रशिक्षक सुंदर लाल सिहाग को बधाई दी है।

## डॉ. अरविंद शर्मा ने महम सहकारी चीनी मिल के 36वें पेराई सत्र का किया शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 16 दिसंबर।** प्रदेश के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प को पूरा करने के लिए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देश में 150 नई चीनी मिलें स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। इस कड़ी में प्रदेश के नारायणगढ़ में चीनी मिल स्थापित करने की दिशा में काम किया जा रहा है। डॉ. अरविंद शर्मा ने महम सहकारी चीनी मिल के 36वें पेराई सत्र 2025-26 का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने हवन में पूर्णाहुति डालकर पेराई सत्र के निर्विघ्न संपन्न होने की मंगल कामना की। उन्होंने ब्वॉयलर का बटन दबाकर तथा चेन में गन्ना डालकर पेराई सत्र का शुभारंभ किया। उन्होंने कैन यार्ड से गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को चलाकर चेन के पास पहुंचाया। उन्होंने कहा कि किसानों की हमेशा चिंता करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के कल्याण के लिए पीएम किसान सम्मान निधि के तहत गत दिनों 9 करोड़ 18 लाख रुपए की किस्त जारी की है। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने में सहकारिता क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है। सरकार द्वारा प्रदेश के अनेक चीनी मिलों का विस्तार किया गया है। चीनी मिल किसानों के संघर्ष का परिणाम है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह देश में 150 चीनी मिलें स्थापित करने की घोषणा कर चुके हैं, जबकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश के नारायणगढ़ में सहकारी चीनी मिल स्थापित की जा रही है।

## चंडीगढ़ विश्वविद्यालय द्वारा 'एडविजन¬ वार्षिक प्रिंसिपल्स कॉन्क्लेव 2025' का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

एआई के युग में शिक्षा नेतृत्व पर मंथन

**चंडीगढ़, 16 दिसंबर।** चंडीगढ़ विश्वविद्यालय द्वारा होटल शिवालिकव्यू, सेक्टर-17, चंडीगढ़ में 'एडविज़न¬ वार्षिक प्रिंसिपल्स कॉन्क्लेव 2025 ङ्क एआई के युग में शिक्षा नेतृत्व की पुनर्कल्पना' का भव्य आयोजन किया गया। इस कॉन्क्लेव में चंडीगढ़, पंजाब और हरियाणा के सरकारी व निजी विद्यालयों के 150 से अधिक प्राचार्यों ने भाग लिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दौर में शिक्षा के भविष्य पर गहन विचार-विमर्श किया।

कॉन्क्लेव का उद्घाटन यूटी चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य सचिव श्री एच. राजेश प्रसाद ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। डॉ. राधिका सिंह, अतिरिक्त निदेशक उच्च शिक्षा, यूटी चंडीगढ़ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षाविदों एवं शिक्षा क्षेत्र के प्रतिष्ठित नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथि द्वारा क्षेत्र के 150 से अधिक स्कूल प्राचार्यों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और उच्च शैक्षणिक मानक स्थापित करने हेतु सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद ने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में शिक्षकों और शिक्षा नेतृत्व की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण की नींव प्रारंभिक शिक्षा से ही रखी जाती है, जहां बच्चों को न केवल ज्ञान बल्कि नैतिकता, सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय मूल्यों की शिक्षा दी जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तकनीकी प्रगति के साथ-साथ एक विकसित राष्ट्र का आधार नैतिक, समावेशी और शांतिपूर्ण समाज होना चाहिए, और इसमें शिक्षकों की भूमिका निर्णायक है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को शिक्षा में सहायक शक्ति के रूप में अपनाया जाना चाहिए, लेकिन इसका उपयोग नैतिक और जिम्मेदार ढंग से किया जाना आवश्यक है। शिक्षकों की भूमिका छात्रों को तकनीक के विवेकपूर्ण उपयोग, रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और नैतिक मूल्यों के विकास की दिशा में मार्गदर्शन देने की रहेगी।

कॉन्क्लेव के दौरान विशेषज्ञों द्वारा एआई-सक्षम कक्षाओं, एआई के जिम्मेदार उपयोग और एआई आधारित करियर मार्गों पर व्याख्यान दिए गए। साथ ही एआई-एकीकृत शिक्षण उपकरणों का प्रदर्शन भी किया गया। पैनल चर्चा में स्कूल प्रमुखों ने शिक्षण और प्रशासन में एआई को अपनाने से जुड़ी चुनौतियों और अवसरों पर अपने व्यावहारिक अनुभव साझा किए।

शिक्षा नेताओं ने विचार व्यक्त किया कि एआई व्यक्तिगत शिक्षण, डेटा-आधारित मूल्यांकन और नवाचारपूर्ण शिक्षण विधियों के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था को रूपांतरित कर रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप एआई शिक्षा को प्रारंभिक स्तर से ही लागू किया जाना चाहिए और इसे शिक्षा की मूलभूत संरचना का हिस्सा माना जाना चाहिए।

इस अवसर पर श्री निशांत जोहर, वाइस प्रेसिडेंट, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, क्लाउडईक्यू ने कहा कि एआई के इस नए दौर में शिक्षा नेतृत्व की पुनर्कल्पना आवश्यक है। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रविराजा एन. सीथाराम ने कहा कि भविष्य की चुनौतियों के लिए छात्रों को तैयार करने हेतु शिक्षण, पाठ्यक्रम और अनुसंधान में एआई का एकीकरण अनिवार्य है, साथ ही मूल्य-आधारित और समग्र शिक्षा पर भी समान रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए। कॉन्क्लेव का समापन स्कूलों और चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के बीच अनुसंधान, कौशल विकास और क्षमता निर्माण में सहयोग को मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता के साथ हुआ, ताकि भविष्य के लिए तैयार शिक्षा प्रणाली का निर्माण किया जा सके।

## विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल से कार्य को करवाएं पूरा : एडीसी अनुराग ढालिया

जिला के सभी आवारा कुत्तों का टीकाकरण व नसबंदी का कार्य शुरू

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम



**फतेहाबाद, 16 दिसंबर।** एडीसी अनुराग ढालिया ने कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार जिला में आवारा कुत्तों का टीकाकरण व नसबंदी का कार्य किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा इस कार्य को समुचित तरीके से करवाने के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सभी आवारा कुत्तों को कवर किया जाएगा।

एडीसी अनुराग ढालिया ने लघु सचिवालय के वीडियो कॉन्फ्रेंस हॉल में आवारा कुत्तों के टीकाकरण व नसबंदी कार्य को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। इससे पहले हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने प्रदेश के सभी उच्चाधिकारियों से इस संदर्भ में रिपोर्ट प्राप्त की तथा इस मौके पर मुख्य सचिव ने आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। एडीसी ने कहा कि सभी अधिकारी अन्य विभागों के साथ तालमेल करते हुए कुत्तों के टीकाकरण व नसबंदी कार्य को पूरा करवाएं। इस कार्य में कोई भी लापरवाही न बरती जाए। संबंधित विभाग शैल्टर हाउस बनाकर सीसीटीवी कैमरे आदि की पूरी व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ स्कूलों, अस्पतालों, बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन आदि पर पूरी निगरानी की जाए। जिला स्तर पर ज्वाइंट टास्क फोर्स व जिला निगरानी कमेटी बना दी गई है, जिसके तहत पूरी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्य में प्रगति लाते हुए रिपोर्ट को अपडेट रखें। इस अवसर पर एसडीएम राजेश कुमार, डीएसपी कुलवंत सिंह, डीडीपीओ अनूप सिंह, डीडीएएच डॉ. सुखविंद्र सिंह, टीएम सुरेंद्र सिंह सहित संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



## बीजेपी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएगी कांग्रेस : भूपेंद्र हुड्डा

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**चंडीगढ़, 16 दिसंबर।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कांग्रेस, बीजेपी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने जा रही है। यह फैसला आज कांग्रेस विधायक दल की बैठक में लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने की, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह भी शामिल हुए। बैठक में विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दों, काम रोका, ध्यानाकर्षण प्रस्तावों और शून्यकाल प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा हुई। पार्टी ने फैसला लिया है कि सदन के भीतर खेल परिसरों में खेल सुविधाओं व सामग्री के अभाव और बदहाली, फर्जी मतदाताओं और सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करके सरकार बनाने, जैसे मुद्दों पर काम रोको प्रस्ताव लाया जाएगा। साथ ही, अरावली को बचाने, जलभराव मुआवजा, बढ़ते प्रदूषण, धान घोटाला, कानून व्यवस्था, मनरेगा, बढ़ते नशे, भ्रष्टाचार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों को ध्यानाकर्षण तथा अल्प चर्चा प्रस्तावों के माध्यम से उठाया जाएगा। कांग्रेस की तरफ से बीजेपी के विधायकों व सांसदों द्वारा जातिगत नफरत फैलाने वाले बयानों के विरुद्ध भी चर्चा की मांग की जाएगी।

## ड्रग फ्री हरियाणा मिशन के तहत सरकारी विद्यालयों में नशा विरोधी पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम का आयोजन

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फरीदाबाद द्वारा ड्रग फ्री हरियाणा मिशन के अंतर्गत जिला फरीदाबाद के सभी सरकारी विद्यालयों में नशा विरोधी पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को यह कार्यक्रम राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, एनआईटी नंबरङ्क3, फरीदाबाद में भी आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम संदीप गर्ग, माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फरीदाबाद के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम श्रीमती रितु यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फरीदाबाद की उपस्थिति एवं पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित पोस्टर तैयार किए। इन पोस्टरों के माध्यम से नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक नुकसान को दर्शाया गया।

इस अवसर पर श्रीमती रितु यादव ने छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी और बताया कि नशे का सेवन व्यक्ति के स्वास्थ्य, भविष्य एवं पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है। उन्होंने छात्राओं को नशे से दूर रहने तथा समाज में नशा मुक्त संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगण के साथ रविंदर गुप्ता, मुख्य रक्षा अधिवक्ता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नशे के प्रति जागरूकता फैलाना एवं उन्हें स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की ओर प्रेरित करना रहा।

## हरियाणा सरकार देगी 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों के परिजन को सरकारी नौकरी : उपायुक्त

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम

**फतेहाबाद, 16 दिसंबर।** हरियाणा सरकार ने 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों के पीड़ित परिवारों को सरकारी नौकरी देने का निर्णय लिया है। हरियाणा कौशल रोजगार निगम में लेवल वन, लेवल 2 और लेवल 3 के अंतर्गत प्रावधानों के अनुसार योग्यता के आधार पर नौकरी दी जाएगी। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि सरकार ने हरियाणा के ऐसे परिवारों को नौकरी देने का निर्णय लिया है जिनके परिवार के सदस्य की 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों में हरियाणा या हरियाणा से बाहर मौत हुई है। नौकरी हरियाणा में ही दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि जिला फतेहाबाद से प्रभावित परिवार 17 दिसंबर शाम 5 बजे तक उपायुक्त कार्यालय फतेहाबाद में निम्नलिखित जानकारी के साथ कागजात जमा करवाएं ताकि सरकार के पास समय पर भेजे जा सकें। प्रार्थी उपायुक्त कार्यालय के टेलीफोन नंबर 01667-230001, 230002 पर संपर्क कर सकते हैं।

प्रार्थी मृतक का नाम, दिनांक और स्थान जहां पर मौत हुई थी, मृत्यु प्रमाण पत्र की कॉपी,एफआईआर की कॉपी या अन्य संबंधित कागजात जो सिद्ध करें कि 1984 के सिख विरोधी दंगों में उक्त व्यक्ति की मौत हुई है। पीड़ित परिवार के जिस सदस्य को नौकरी दी जानी है उसका नाम, आधार नंबर, शैक्षणिक योग्यता, मृतक के साथ रिश्ता, आयु एवं जन्म तिथि, श्रेणी एससी, ओबीसी, एसटी, सामान्य।

## मकानों को बचाने के लिए ग्रामीण एकजुट होकर लड़ें लड़ाई : मा. ऋषिपाल

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** जिला कांग्रेस किसान सैल के अध्यक्ष एवं प्रवक्ता मास्टर ऋषिपाल ने कहा कि पहले हमारे बुजुर्गों ने अपनी मातृभूमि के लिए गोरे अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी और अब हमें अपनी इसी भूमि के लिए प्रशासन से लड़ाई लडनी पड़ेगी। मास्टर ऋषिपाल ने यह बात आज गांव बड़ौली-प्रहलापुर में किसानों द्वारा दिए जा रहे धरने में उपस्थित किसानों व ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कही।

किसानों की ओर से यह धरना वीरपाल गुर्जर के नेतृत्व दिया जा रहा है। उन्होंने जिले के सभी किसानों को एकत्र होने का आह्वान करते हुए कहा कि बड़ौली गांव, प्रहलादपुर गांव व भतौला गांव के पीड़ितों की मदद करों, क्योंकि सरकार बड़ौली गांव, प्रहलादपुर गांव व भतौला गांव को बर्बाद करने पर तुली है।

सबसे पहले यह बात कहना चाहूंगा कि बड़ौली गांव, प्रहलादपुर गांव व भतौला गांव के कुछ लोगों के मकान टूट रहे हैं लेकिन कल आपके भी टूट सकते हैं। इसलिए सभी को एकजुट रहकर आंदोलन को मजबूत करने की जरूरत है ।ये मत सोचो कि जिनके मकान टूट रहे यह उन्हीं की लड़ाई है, यह सभी फरीदाबाद जिले के गांवों की लड़ाई है। वैसे भी चंदीलाओं के एक ही दादा का गांव है, बड़ौली, भतोला और फतेहपुर चंदीला। इसलिए विपदा में अपने उनका साथ दो। नेता किसी के नहीं होते समाज हमेशा अपना होता है। अगर हमारा खून बर्बाद हो रहा है तो कहीं न कहीं हम भी बर्बाद हो रहे हैं ये बात हमेशा दिमाग में रखनी चाहिए।

मास्टर ऋषिपाल ने किसानों में जोश भरते हुए कहा कि एक हो जाओ भाईयों और डट के अपनी लड़ाई को लड़ो। गारंटी के साथ तुम्हारी जमीन सरकार को छोडनी पड़ेगी। जिस तरह तीन कृषि कानूनों को भाजपा सरकार ने किसान आन्दोलन के दवाब में वापिस लिया। ऐसी ही आपकी भी जीत होगी। मास्टर ऋषिपाल ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा आज गुर्जर बिरादरी के फरीदाबाद से दो मंत्री है, एक विधायक है करीब 30-32 पार्षद है, इसका मतलब गुर्जर बिरादरी के पास फरीदाबाद जिले में सबसे ज्यादा राजनैतिक शक्ति है, फिर भी सत्ता में बैठे राजनेता अपनी बिरादरी के लोगों को बर्बाद होने से नहीं बचा सकते तो बाकि बिरादरियों का भला करने की तो इनसे बिल्कुल उम्मीद नहीं की जा सकती है, इन्हें याद रखना चाहिए कि जो ताकत, सम्मान, रूतबा इन्हें मिला है उसके पीछे गुर्जर बिरादरी का बहुत बड़ा हाथ है। इस मौके पर मुख्य रूप से बलराज चंदीला, धनराज चंदीला, राहुल चंदीला, अजब सिंह नागर सहित अन्य सैकड़ों किसान व महिलाएं उपस्थित रही।

## अनाज की खरीद एमएसपी पर आढ़तियों के माध्यम से करनी चाहिए : बजरंग गर्ग

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक, 16 दिसंबर।** व्यापार मंडल के प्रदेश कोर कमेटी की मीटिंग हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई।

मुख्यमंत्री द्वारा आढ़तियों को बिचौलिया कहकर उनकी भूमिका खत्म करने की बात पर व्यापारियों ने नराजगी जताई। इस मीटिंग में व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि देश व प्रदेश का व्यापारी रीड की हड्डी है जबकि सरकार आढ़ती व किसानों में आपसी भाईचारा खराब करने पर लगी हुई है। हकीकत यह है कि सरकार ने ना तो किसान का धान ना ही बाजरा का एक भी दाना की खरीद एमएससी पर की है।

किसानों को धान व बाजरा एमएसपी पर ना खरीदने से किसानों को मजबूरी में औने-पौने दामों में बेचना पड़ा। यहां तक की नमी के नाम पर धान में 500 रुपए से लेकर 700 रुपए क्विंटल तक किसानों के पैसे काटे गए और बाजरे में 900 रुपए से लेकर 1200 रुपए प्रति क्विंटल तक किसानों को पैसे कम दिए गए हैं। बजरंग गर्ग ने कहा कि धान खरीद में लगभग 275 करोड रुपए आढ़तियों का अभी तक कमीशन सरकार द्वारा ना देने से आढ़तियों में रोष है। सरकार सरकारी अनाज मंडियां बंद करके देश व प्रदेश में प्राइवेट मंडी खुलवाना चाहती है ताकि प्राइवेट मंडियों के माध्यम से किसानों को लूटा जा सके।

# मिलावटी, नकली खाद बेचने वाले और खाद की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ एनएसए के तहत होगी कार्रवाई : मुख्यमंत्री

- अन्नदाता किसान को कोई समस्या हुई तो कोई भी बचेगा नहीं- मुख्यमंत्री
- फील्ड में तैनात अधिकारियों की गतिविधियों भी की होगी निगरानी, गड़बड़ी मिली तो खुली विजिलेंस जांच होगी
- मुख्यमंत्री कार्यालय से हर जिले पर होगी सीधी निगरानी, खाद वितरण में गड़बड़ी कतई स्वीकार नहीं : मुख्यमंत्री
- डीएम, एडीएम, एसडीएम उतरेंगे मैदान में, खाद दुकानों पर औचक निरीक्षण अनिवार्य



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लखनऊ, 16 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो टूक शब्दों में कहा है कि मिलावटी अथवा नकली खाद बेचने वालों और खाद की कालाबाजारी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे तत्वों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नदाता किसान को यदि खाद को लेकर कोई भी समस्या हुई तो जवाबदेही तय होगी और दोषी चाहे किसी भी स्तर का हो, कार्रवाई से नहीं बचेगा।


मंगलवार को कृषि मंत्री और सहकारिता मंत्री की उपस्थिति में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में खाद की समुचित उपलब्धता और सुचारू वितरण को लेकर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सहकारिता और कृषि मंत्री प्रतिदिन खाद की उपलब्धता और वितरण की स्थिति की समीक्षा करें। मुख्यमंत्री कार्यालय से हर जिले पर सीधी निगरानी रखी जाएगी और खाद वितरण में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी कतई स्वीकार नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी और उप जिलाधिकारी स्वयं खाद की दुकानों और समितियों पर औचक निरीक्षण करें। ओवर रेटिंग किसी भी दशा में न हो और खाद समितियां निर्धारित अवधि के अनुसार अनिवार्य रूप से खुली रहें। डीएपी, यूरिया और पोटाश किसानों को केवल तय सरकारी दरों पर ही उपलब्ध कराई जाए। जहां भी गड़बड़ी पाई जाए, वहां तत्काल जवाबदेही तय की जाए।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि फील्ड में तैनात अधिकारियों की गतिविधियों की निरंतर निगरानी की जाएगी। यदि किसी स्तर पर मिलीभगत या लापरवाही सामने आती है तो खुली विजिलेंस जांच कराई जाएगी। उनका स्पष्ट संदेश था कि खाद संकट पैदा करने या कृत्रिम अभाव दिखाने की कोशिश करने वालों के लिए प्रदेश में कोई जगह नहीं है।

बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि प्रदेश में 16 दिसंबर 2025 तक कुल 9.57 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 3.77 लाख मीट्रिक टन डीएपी और 3.67 लाख मीट्रिक टन एनपीके उर्वरक किसानों के लिए उपलब्ध है। सहकारी क्षेत्र में 3.79 लाख मीट्रिक टन और निजी क्षेत्र में 5.78 लाख मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है। डीएपी में सहकारी क्षेत्र में 1.47 लाख मीट्रिक टन और निजी क्षेत्र में 2.30 लाख मीट्रिक टन तथा एनपीके में सहकारी क्षेत्र में 0.88 लाख मीट्रिक टन और निजी क्षेत्र में 2.79 लाख मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्धता बताई गई। मुख्यमंत्री को यह भी बताया गया कि रबी फसलों की बुवाई लगभग पूर्ण हो चुकी है और गेहूं की फसल में टॉप ड्रेसिंग के लिए यूरिया का वितरण किया जा रहा है। गत वर्ष की तुलना में इस अवधि में यूरिया की बिक्री अधिक रही है और वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 54,249 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण हो रहा है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उपलब्धता के बावजूद किसी किसान को खाद के लिए भटकना न पड़े, यही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## सिंधी समाज अपनी संस्कृति को बचाने के लिए भूलेंगे अपने मतभेद



अर्थ प्रकाश / अनिल गुप्ता अर्थ प्रकाश दिल्ली

नई दिल्ली।सिंधी कौंसिल ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित मासिक भंडारे के अवसर पर सिंधी कौंसिल ऑफ़ इंडिया (उत्तर भारत) के अध्यक्ष अशोक लालवानी ने पत्रकारों से कहा सभी सरकारों ने भारत के सिंधी समाज को उनकी लुप्त होती संस्कृति, भाषा, वेशभूषा, खानपान, इत्यादि को बचाने की मांग पर उनसे वादा तो करती पर समय निकलने पर अपना वादा भूल जाती है। सिंधी समाज भारत-पाकिस्तान के विभाजन के समय से ही अपना सिंध राज्य की मांग और 26 जनवरी की झांकी में सिंध राज्य की झांकी को शामिल करने के साथ-साथ सिंधी समाज के भगवान चेटीचंड के अवतार दिवस पर एक छुट्टी की मांग करते आये है जबकि भगवान चेटीचंड के अवतार दिवस नववर्ष विक्रम संवत पर एक छुट्टी देना वर्तमान की केंद्र सरकार के लिए राजनितिक लाभदायक भी है कियोंकि उसी दिन हिंदू नववर्ष का पहला दिन होता है इसलिए भगवान चेटीचंड के अवतार दिवस छुट्टी देने से सिंधी समाज के साथ सभी हिन्दू समाज में ख़ुशी की लहर दौड़ जायेगी। उन्होंने आगे कहा अब सभी सिंधी समाज अपनी आपसी और राजनितिक मतभेद को छोड़कर भगवान् झूलेलाल के झंडे के नीचे खड़े हो गए हैं। अब अपना विरोध दिखाने के लिए प्रत्येक 26 जनवरी और भगवान चेटीचंड के अवतार दिवस नववर्ष विक्रम संवत पर सिंधी समाज से अपील करते है अपने-अपने मंदिर, टिकाने, गुरद्वारा, पंचायतें, सामाजिक और गैर सामाजिक संस्थाओं के आगे भगवान झूलेलाल और इनके झंडे की झांकी निकाले और उसी दिन अपने घरों में झंडा लगाएं।

इस अवसर पर गोपाल देवनानी बैंकर एवं पूर्व सदस्य सिंधी अकादमी ने कहा हिन्दुस्तान का नाम सिंधु घाटी से आया है इसलिए जब तक सिंध राज्य नहीं बनता तब तक केंद्र सरकार सिंधी भवन बना दें ताकि सिंधी समाज अपनी लुप्त होती संस्कृति, भाषा, वेशभूषा, खानपान, इत्यादि को वहां संभालकर रखा जा सके। सिंधी समाज शुरू से ही भाजपा के साथ रहा है इसलिए वर्तमान सरकार सिंधी समाज से किया वादा जल्द से जल्द पूरा करें।

इस अवसर पर गौतम थवानी ने कहा भगवान चेटीचंड के अवतार दिवस नववर्ष विक्रम संवत पर एक छुट्टी देना चाहिए कियोंकि उसी दिन हिंदू नववर्ष का पहला दिन होता है। इस अवसर पर नरेंदर मसनद कवर लाल मंदिर लाजपत नगर ने कहा सिंधी समाज का देश के विकास में सबसे बड़ा योगदान है कियोंकि सिंधी समाज सबसे ज्यादा टैक्स देता है फिर भी वर्तामन सरकार सिंधी समाज की भावनाओं का ध्यान नहीं देती है इसलिए अब सिंधी समाज एकजुट होकर कोई बड़ा निर्णय ले भी सकता है।

इस अवसर पर सिंधु समाज दिल्ली के अध्यक्ष जगदीश नागरानी, महासचिव नरेश बेलानी और कोषाध्यक्ष कमल टेकचंदानी ने एक स्वर में कई आवश्यक कदमों का सुझाव दिया, जिनमें सिंधी विकास बोर्ड का गठन, सिंधी बाहुल राज्यों में सिंधु भवन की स्थापना, सिंधी साहित्य एवं अकादमियों का गठन, अनुसूचित जाति-जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग की आरक्षण सूची में सिंधी हिंदुओं को शामिल करना, युवा सिंधियों के लिए स्थानीय राजनीति में आरक्षण, सिविल सेवा मार्गदर्शन, सिंधी झांकी को राष्ट्रीय परेड में शामिल करना, और नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत सिंधी हिंदुओं को नागरिकता प्रदान करना प्रमुख हैं। उन्होंने आगे कहा कि विभाजन के समय विस्थापित सिंधियों को दिए गए कॉलोनियों की दयनीय स्थिति सुधारने और उनका मालिकाना हक देने की भी मांग की गई है।

## लखनऊ-हरदोई सीमा पर बन रहे पीएम मित्र वस्त्र एवं परिधान पार्क को मिल रही रफ्तार

अर्थ प्रकाश /लखनऊ, 16 दिसंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश को देश का प्रमुख वस्त्र एवं परिधान हब बनाने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में लखनऊ-हरदोई सीमा पर विकसित किए जा रहे एक हजार एकड़ के पीएम मित्र वस्त्र एवं परिधान पार्क का निर्माण कार्य तेज़ी से प्रगति पर है। योगी सरकार इस महत्वाकांक्षी परियोजना को समयबद्ध और विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ पूरा कराने के लिए निरंतर निगरानी और समन्वय कर रही है। योगी सरकार द्वारा पार्क में सड़क, पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। पीएम मित्र पार्क की सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए कार्य दो चरणों में संचालित है। पहले चरण में आईआईएम लखनऊ से रायथा अंडरपास (बाहरी रिंग रोड) तक 8.40 किमी सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य प्रस्तावित है, जिसमें से 6.2 किमी कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इस चरण की कुल लागत 409.39 करोड़ रुपये है, जिसमें से 206.95 करोड़ रुपये की निधि का आवंटन किया जा चुका है।दूसरे चरण में रायथा अंडरपास से पीएम मित्र पार्क तक 14.28 किमी सड़क निर्माण प्रस्तावित है, जिसके लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है। पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क में बाउंड्री वॉल का कार्य 73 प्रतिशत, ऑफिस स्पेस के नवीनीकरण का कार्य 55 प्रतिशत तथा गेट कॉम्प्लेक्स का कार्य 20 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। वहीं, पार्क के भीतर 132 केवी रिसीविंग सब-स्टेशन और 26 किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण के लिए एलओआई जारी कर दिया गया है। जल प्रबंधन के क्षेत्र में भी योगी सरकार की ठोस पहल दिखाई दे रही है। एसटीपी दौलतगंज (8+8 एमएलडी) से पीएम मित्र पार्क के भीतर तृतीयक उपचार संयंत्र (टीटीपी) का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा गोमती नदी से 8.25 एमएलडी पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। इसके लिए 458.50 करोड़ रुपये की स्वीकृत राशि उपलब्ध कराई गई है। योगी सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पीएम मित्र पार्क परियोजना के बाउंड्री वॉल, गेट कॉम्प्लेक्स और ऑफिस बिल्डिंग के नवीनीकरण का कार्य 31 जनवरी 2026 तक हर हाल में पूर्ण कराया जाए। यह परियोजना न केवल प्रदेश में रोजगार सृजन को बढ़ावा देगी, बल्कि उत्तर प्रदेश को वैश्विक वस्त्र निवेश मानचित्र पर एक मजबूत पहचान भी दिलाएगी।

## केंद्र सरकार से मंजूरी नहीं मिलने के बावजूद आईएफएफके सभी फिल्मों को तय कार्यक्रम के तहत दिखाएगा

अर्थ प्रकाश /तिरुवनंतपुरम, 16 दिसंबर। केरल चलचित्र अकादमी के अध्यक्ष रसूल पूकुट्टी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आईएफएफके में एक दर्जन से अधिक फिल्मों के प्रदर्शन की अनुमति नहीं दिए जाने के बावजूद इन्हें दिखाने का निर्णय लिया गया है। केरल अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफके) यहां 12 से 19 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। रसूल पूकुट्टी ने एक वीडियो संदेश में कहा, 'आईएफ़एफ़के में फ़िल्मों के प्रदर्शन को लेकर उठे तमाम विवादों पर विराम लगाते हुए मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि केरल सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार फ़िल्मों के सभी निर्धारित शो तय कार्यक्रम के मुताबिक़ आयोजित किए जाएंगे। सिनेमा जिंदाबाद।' सूत्रों के अनुसार, केरल की वाम सरकार द्वारा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का बचाव करने का फैसला लिए जाने के बाद अकादमी ने यह निर्णय लिया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### 'सॉइल टू सिल्क' की अनूठी प्रदर्शनी, रेशम निदेशालय में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का हो रहा निर्माण

अर्थ प्रकाश/ लखनऊ, 16 दिसंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सॉइल टू सिल्क के विजन को साकार करने के उद्देश्य से रेशम निदेशालय, यूपी में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का निर्माण कर रहा है। 75 लाख रुपये की लागत से रेशम निदेशालय के ऑफिस परिसर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है, जो इस माह के अंत तक पूरा हो जाएगा। रेशम निदेशालय का ये अनूठा प्रयास प्रदेश के पारंपरिक सिल्क उत्पाद को वैश्विक पहचान दिलाएगा, साथ ही रोजगार के नये अवसर भी पैदा करेगा।

रेशम निदेशालय में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जो उत्तर प्रदेश के रेशम उद्योग को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। यह सेंटर रेशम उत्पादन की पूरी प्रक्रिया 'सॉइल टू सिल्क' को जीवंत रूप से प्रदर्शित करेगा, जहां किसानों से कारीगर तक की यात्रा को दर्शाया जाएगा। किस प्रकार मलबरी और टसर सिल्क के लिए रेशम के कीड़े शहतूत और अर्जुन के पेड़ों पर पाले जाते हैं।? उनके कोकून से रेशम निकाल कर धागा बनाना और धागों से हथकरघा और पॉवरलूम पर रेशम की कताई का काम किया जाता है। साथ ही सेंटर पर प्रदेश के उत्कृष्ट रेशम उत्पादों की बिक्री भी की जाएगी, जो अभी तक एक्सपोर्ट के माध्यम से अधिकतर विदेशों में भेजा जाता था।

रेशम निदेशालय के असिस्टेंट डायरेक्टर नीरेंद्र कुमार और आशुतोष ने बताया कि यहां प्रदेश के उत्कृष्ट सिल्क उत्पाद, जैसे वाराणसी की साड़ी और भदोही का ब्रोकेड, मिर्जापुर का टसर सिल्क उत्पाद और अन्य जिलों के हैंडलूम वस्त्रों का आकर्षक डिस्प्ले किया जाएगा। इसके साथ एक बिक्री केंद्र भी स्थापित किया जाएगा, जहां पर्यटक और खरीदार सीधे स्थानीय कारीगरों के उत्पाद खरीद सकेंगे। एक चेंजिंग रूम का भी निर्माण किया जा रहा है, जो जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगा। इससे न केवल रेशम उद्योग को आर्थिक मजबूती मिलेगी, साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति प्राप्त होगी। यह सेंटर आधुनिक तकनीक से लैस होगा, जिसमें इंटरएक्टिव डिस्प्ले, वर्कशॉप और ट्रेनिंग सेंटर शामिल होंगे। किसानों को रेशम कीट पालन से लेकर प्रोसेसिंग तक की वैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध होगी।

उत्तर प्रदेश रेशम उत्पादन के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में से एक है, लेकिन स्थानीय चुनौतियों, मार्केटिंग की कमी और जागरूकता के अभाव के कारण कारीगरों को उचित मूल्य नहीं मिल पाता। सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से इन समस्याओं का समाधान किया जाएगा। यहां पर्यटकों के लिए गाइडेड टूर और वर्कशॉप भी आयोजित की जाएंगी, जो युवाओं को इस क्षेत्र में रुचि जगाएंगे। इस पहल से न केवल रोजगार सृजन होगा, साथ ही प्रदेश के परंपरागत उद्यम और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### दूधवाले को मोटरसाइकिल पर ले जाई जा रही 12 बोतल अवैध शराब की बूथगढ़ न्यू चंडीगढ़ चेकपॉइंट पर पकड़ी - मामला दर्ज - सतिंदर मल्ही

अर्थ प्रकाश/ जे.के.बत्ता, न्यू चंडीगढ़। पटियाला के डिप्टी कमिश्नर (एक्साइज) श्री तरसेम चंद और असिस्टेंट कमिश्नर (एक्साइज) श्री अशोक चालोत्रा के कुशल मार्गदर्शन और एक्साइज ऑफिसर मोहाली श्री दीवान चंद की सीधी देखरेख में, बूथगढ़ रेड लाइट के पास एक चेकपॉइंट लगाया गया। एक्साइज इंस्पेक्टर श्री सतिंदर मल्ही ने एक्साइज पुलिस टीम के साथ मिलकर इस चेकपॉइंट का नेतृत्व किया। ऑपरेशन के दौरान, चेकपॉइंट पर रजिस्ट्रेशन नंबर पी बी 65 – वाई– 3300 वाली एक काली हीरो होंडा मोटरसाइकिल को रोका गया जो दूध बेचने वाला चला रहा था । उसकी जांच करने पर, अवैध रॉयल जनरल व्हिस्की की 12 बोतलें, बैच नंबर जुलाई 21/24, रिच एंड स्टॉर्म प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नंबर 214, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज 1, चंडीगढ़ द्वारा निर्मित, जो केवल चंडीगढ़ में बिक्री के लिए थी, बिना होलोग्राम और क्यू आर कोड के बरामद की गई । आरोपी की पहचान दूधवाले अजय कुमार, पुत्र श्री रतन सिंह, निवासी पुलिस स्टेशन गोबिंदगढ़ माजरी के रूप में हुई है। आरोपी अजय कुमार के खिलाफ पंजाब एक्साइज एक्ट, 1914 की धारा 61 के तहत पुलिस स्टेशन माजरी, न्यू चंडीगढ़ में एफआईआर नंबर 129, दिनांक 16/12/2025 दर्ज की गई है।

### प्रणाम इंडिया फ़ाउंडेशन द्वारा गाँवों में जा कर ऋण एवं डिजिटल जागरूकता पर नि:शुल्क कानूनी सहायता शिविर आयोजित

अर्थ प्रकाश/ जे के बत्ता न्यू- चंडीगढ । गांव- गांव में जा कर प्रणाम इंडिया फाउंडेशन एनजीओ की संस्थापक शालू गुप्ता व मशहूर फैशन मॉडल द्वारा नि:शुल्क कानूनी सहायता अभियान के अंतर्गत ऋण संबंधी मामलों एवं डिजिटल सहायता जागरूकता पर एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट राकेश गुप्ता, विधिक सलाहकार, प्रणाम इंडिया फाउंडेशन ने ग्रामीणों को बैंक ऋण, नोटिस तथा संबंधित कानूनों की जानकारी सरल एवं स्पष्ट शब्दों में प्रदान की। फ़ाउंडेशन की संस्थापक शालू गुप्ता ने डिजिटल जागरूकता सत्र के माध्यम से ग्रामीणों को ऑनलाइन ठगी से बचाव, बैंक



संदेशों की समझ, ओटीपी की सुरक्षा तथा समय पर कानूनी सहायता लेने के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जानकारी ही भय से लड़ने का सबसे सशक्त माध्यम है। इस शिविर में 100 से अधिक ग्रामीणों, जिनमें महिलाएं एवं पुरुष शामिल रहे, ने भाग लिया और अपनी समस्याओं पर नि:शुल्क कानूनी मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच, भूषण तथा उमेश बंसल भी उपस्थित रहे और फाउंडेशन के इस जनहितकारी प्रयास की सराहना की। प्रणाम इंडिया फाउंडेशन ने बताया कि भविष्य में भी ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के नि:शुल्क कानूनी सहायता एवं जागरूकता शिविर निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## NFYM ने की सीएम नीतीश के आचरण की निंदा, महिला आयोग से नोटिस जारी करने की मांग

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मुख्य संवाददाता**

नेशनल फेडरेशन ऑफ यूथ मूवमेंट (NFYM) हाल ही में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक मुस्लिम महिला का नक़ाब खींचे जाने की घटना की कड़ी निंदा करता है।NFYM के चेयरमैन मसीहुज़्ज़ामा अंसारी ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि यह घटना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि महिला सम्मान और अस्मिता पर गंभीर आघात भी है। उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोग से इस घटना का तत्काल संज्ञान लेने और मुख्यमंत्री को नोटिस जारी करने की मांग की है।

NFYM चेयरमैन ने कहा है कि संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों से गरिमा, संवेदनशीलता और जिम्मेदार आचरण की अपेक्षा की जाती है। इस प्रकार की घटनाएँ लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक मर्यादाओं और सामाजिक शालीनता के पूर्णतः विपरीत हैं।

उन्होंने कहा कि इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कुछ लोगों द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा है। यदि ऐसा है तो उन्हें संवैधानिक पद से या सार्वजनिक सभाओं से बचना चाहिए। मानसिक रूप से अस्वस्थ होने का तर्क किसी भी प्रकार के अनुचित आचरण या कृत्य के बचाव का आधार नहीं बन सकता।



NFYM राष्ट्रीय महिला आयोग से विशेष आग्रह करता है कि वह इस घटना को महिला अस्मिता पर हमले के रूप में देखते हुए इसकी गंभीरता को समझे और बिना किसी भेदभाव के उचित कार्रवाई सुनिश्चित करे।

NFYM स्पष्ट करता है कि महिलाओं के सम्मान, गरिमा और अधिकारों को लेकर किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है।

साथ ही, इस विषय को भी अत्यंत गंभीरता से लिया जाना चाहिए कि बीते कुछ वर्षों में मुसलमानों, अन्य अल्पसंख्यक वर्गों, कमजोर तबकों और हाशिये पर खड़े समुदायों के खिलाफ लगातार ऐसी अनेक घटनाएँ सामने आई हैं। विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के साथ-चाहे वह शैक्षणिक संस्थानों में हों या समाज के अन्य क्षेत्रों में-इस प्रकार के मामलों का बढ़ना चिंता का विषय है।

इन घटनाओं के संदर्भ में बार-बार मानसिक असंतुलन का तर्क सामने लाया जाता है। किंतु ऐसे अपराधों में मानसिक बीमारी को ढाल बनाकर न्यायिक और सामाजिक उत्तरदायित्व से बचना न्याय व्यवस्था और लोकतांत्रिक मूल्यों दोनों के लिए घातक है।

यदि कोई व्यक्ति वास्तव में मानसिक रूप से कमजोर है, तो उसे किसी भी प्रकार के सार्वजनिक या संवैधानिक पद पर आसीन नहीं किया जाना चाहिए। मानसिक रूप से असंतुलित व्यक्ति का सार्वजनिक दायित्व निभाना न तो उचित है और न ही स्वीकार्य।

सुल्ली डील्स और बुल्ली बाई ऐप द्वारा चर्चित मुस्लिम महिलाओं की ऑनलाइन नीलामी करने वाले अपराधियों के प्रति भी क़ानून व्यवस्था ने नर्म रुख़ अपनाया और उनके करियर का हवाला देकर और 'पिता तुल्य' रवैया अपनाने की बात कह कर ज़मानत दे दिया गया था।

इसी प्रकार, 31 जुलाई 2023 को जयपुर से मुंबई जा रही एक सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन में आरपीएफ के एक कांस्टेबल द्वारा तीन मुसलमानों की हत्या की घटना भी हमारे सामने है, जिसमें बाद में बचाव के तौर पर मानसिक बीमारी का हवाला दिया गया।

NFYM का मानना है कि इस प्रकार की घटनाओं को व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक और संस्थागत जिम्मेदारी के रूप में देखा जाना चाहिए, और दोषियों के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के क़ानून के अनुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए।

## योगी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना : गो माता को ठंड से बचाएंगे स्पेशल इको-थर्मल कंबल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लखनऊ, 16 दिसंबर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी गो-कल्याण योजना अब केवल संरक्षण तक सीमित नहीं रही, बल्कि नवाचार और महिला सशक्तिकरण का मजबूत मॉडल बनकर उभर रही है। एटा जनपद की मलावन गोशाला में शुरू हुई यह पहल प्रदेश में आत्मनिर्भर गोशालाओं की नई तस्वीर पेश कर रही है। जो गोशालाएं पहले की सरकारों में बोझ मानी जाती थीं, वे अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर इकाइयां बन रही हैं।

यहां गो माता को ठंड से बचाने के लिए फूस और टाट की बोरी से तैयार विशेष प्रकार के 'इको-थर्मल कंबल' बनाए जा रहे हैं। ये कंबल न केवल पर्यावरण के अनुकूल हैं, बल्कि कम लागत में तैयार होकर गो संरक्षण को भी मजबूती दे रहे हैं। इसके साथ ही गोशाला में बर्मी कम्पोस्ट और गोबर से 'गो-कास्ट' जैसे नवाचारी उत्पाद भी तैयार किए जा रहे हैं, जिसकी बाजार में जबरदस्त डिमांड है।

**गोबर से अगरबत्ती, धूपबत्ती, मोमेंटो और गमले बनाने के लिए 30 सखी दीदियां तैयार**

एटा के मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नागेंद्र नारायण मिश्र ने इस मॉडल को गो-कल्याण, पुनर्चक्रण और ग्रामीण आजीविका का उत्कृष्ट संयोजन बताया। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह के नेतृत्व में गोशाला को आय का बेहतर श्रोत बनाया जा रहा है। जो गोशालाएं पहले बोझ मानी जाती थीं, वे अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर इकाइयां बन रही हैं।

सीडीओ डॉ. नागेंद्र नारायण मिश्र ने बताया कि कार्ययोजना के तहत प्रशिक्षण देकर 30 सखी दीदियों को तैयार किया जा रहा है, जो गोबर से अगरबत्ती, धूपबत्ती, मोमेंटो और गमले जैसे उत्पाद बनाएंगी। इसके अलावा मलावन राष्ट्रीय राजमार्ग के पास एक स्थायी मार्केट प्लेस विकसित किया जाएगा, जहां गो आधारित उत्पादों की सीधी बिक्री होगी।

**स्वयं सहायता समूह की महिलाएं हर माह निश्चित आय अर्जित कर सकेंगी**

इस पहल का सबसे प्रभावशाली पक्ष यह है कि इससे स्वयं सहायता समूह की महिलाएं हर माह निश्चित आय अर्जित कर सकेंगी। महिलाओं ने बताया कि वे आगे भी गोशाला संचालन, स्वच्छता, पोषण प्रबंधन और उत्पाद निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाते हुए इसे आत्मनिर्भर गोशाला मॉडल के रूप में विकसित करती रहेंगी।

योगी सरकार की योजना से साफ है कि गोसेवा और रोजगार साथ-साथ चल सकते हैं। नवाचार, पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण के जरिए प्रदेश की गोशालाएं अब बोझ नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत कड़ी बनती जा रही हैं।

## 80 साल पुराना दाना ओली स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर वरैया जैन मंदिर का निर्माण होगा

- वरैया जैन मंदिर के निर्माण कार्यों में दान देने वाले दानदाताओं किया सम्मानित।
- 06 दिसंबर को मेडिटेशन गुरु उपाध्याय श्री विहसंत सागर महाराज के सानिध्य में हुआ था शिलान्यास।

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ग्वालियर** – ग्वालियर के दाना ओली स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर वरैया जैन मंदिर का जीर्णोद्धार के लिए वरैया जैन समाज के समाजजनों ने मंदिर निर्माण में दान देने वाले दानदाताओं का सम्मान समारोह दिगंबर जैन वरैया सामाजिक कल्याण समिति की ओर से नई सड़क स्थित जैसवाल जैन धर्मशाला में आयोजित किया। आपको बता दे कि 06 दिसंबर को मेडिटेशन गुरु उपाध्याय श्री विहसंत सागर महाराज ओर मुनि श्री विश्व सौम्य सागर महाराज के सान्निध्य में पार्श्वनाथ वरैया जैन मंदिर का शिलान्यास किया था। जिसमे वरैया जैन समाज के लोगों ने धन का उपयोग मंदिर निर्माण कार्य में दिया था । जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि दिगंबर जैन वरैया सामाजिक कल्याण समिति की ओर से सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसका शुभारंभ भगवान महावीर स्वामी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित समाज के समाजजनों ने कर किया। मंगलाचरण पंडित चंद्र कुमार जैन ने किया। स्वागत उद्बोधन समिति के अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र जैन ने दिया। मंच पर अतिथि वरैया महासभा के अध्यक्ष धर्मचंद्र जैन, समिति के मार्गदर्शक संजयमणि जैन, अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र जैन, सूरज जैन, धर्म वरैया, पीसी जैन, सुरेशचंद्र जैन, अनिल शाह, हेमंत जैन, भानूप्रकाश जैन ने मंदिर में दान देने वाले दानदाता, संरक्षक गणों, सहयोग करने वालों का दुपट्टा शॉल उड़ा कर स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया। संचालन सौरभ जैन ओर संजयमणि जैन एवं आभार सूरज जैन ने माना।

**मंदिर के निर्माण कार्यों में इन दान दाताओं का किया सम्मानित**

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि मुख्य शिला वरैया महासभा के अध्यक्ष धर्मचंद्र जैन करैरा, मुख्य वेदी पवन पिंकी जैन, दूसरी वेदी भरत वैरागी अमित भंडारी परिवार, तीसरी वेदी बादामी बाई हरिशंकर जैन। सवा पांच फुट की सहस्त्रफणि पार्श्वनाथ प्रतिमा लालमणि, संजयमणि आदित्यमणि यशमणि वरैया परिवार, दूसरी वेदी मुनि सुब्रतनाथ की प्रतिमा हीरालाल रमादेवी वरैया, तीसरी महावीर स्वामी की प्रतिमा सिंघई विमलादेवी सुनील निर्मल कौशल जैन परिवार। तीन शिखर के सौभाग्य आनंद जैन, दूसरा संतोषी प्रमोद राकेश जैन परदेशी परिवार एवं तीसरा शिखर राकेश जैन परिवार। मुख्य प्रवेश द्वार गेट कुन्ने जैन, मंदिर द्वारा विनोद मीना जैन। स्वाध्याय भवन वरैया मित्र मंडल। कमरा धर्मेंद्र सतेंद्र जैन। आहार शाला भरत वैरागी अमित जैन ओर 24 परिवारों के द्वारा 24 तीर्थंकरों के नाम के पिलरों के दानदाताओं का सम्मान किया।



# क्षेत्रीय आवागमन संपर्क को बढ़ाने के साथ ही प्रदेश में 'अंतिम मील कनेक्टिविटी' होगी सुनिश्चित

- योगी आदित्यनाथ सरकार शहरों को विश्वस्तरीय कनेक्टिविटी प्रदान करने को लेकर बना रही है रोडमैप
- विभिन्न कॉरिडोर के निर्माण से व्यापार, रोजगार व शहरी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने की कार्ययोजना को मिलेगा बल
- 'विकसित उत्तर प्रदेश' के तहत प्रदेश में रीजनल ट्रांसपोर्ट सिस्टम को बढ़ाने पर किया जा रहा है फोकस
- हाई-स्पीड परिवहन नेटवर्क के जरिए शहरी क्षेत्रों के बीच आवागमन तेज व सुगम बनाने का खाका हो रहा तैयार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लखनऊ, 16 दिसंबर।** उत्तर प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने के लिए प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार विजन-2047 के लक्ष्यों को साकार करने की दिशा में प्रदेश की परिवहन संरचना को सशक्त और आधुनिक बनाने पर निरंतर कार्य कर रही है। 'विकसित उत्तर प्रदेश' की परिकल्पना के तहत सरकार का प्रमुख फोकस क्षेत्रीय आवागमन संपर्क की अवसंरचनाओं को सुदृढ़ करने के साथ-साथ अंतिम मील कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने पर है, ताकि प्रदेश के शहरों, कस्बों तथा औद्योगिक क्षेत्रों को तेज, सुरक्षित तथा विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

**रीजनल कनेक्टिविटी को मिलेगी नई गति**

प्रदेश सरकार हाई-स्पीड परिवहन नेटवर्क के माध्यम से शहरी क्षेत्रों के बीच आवागमन को तेज और सुगम बनाने का व्यापक खाका तैयार कर रही है। इसके अंतर्गत प्रमुख शहरों तथा आर्थिक केंद्रों को जोड़ने के लिए हाई-स्पीड रेल नेटवर्क के विकास पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। भविष्य की जरूरतों के अनुरूप इसे प्रदेश में एक हजार किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में किस प्रकार व्यवस्थित रूप से स्थापित किया जाए, इसे लेकर कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इस नेटवर्क के साकार होने से न केवल यात्रा का समय घटेगा, बल्कि लोगों की आवाजाही आसान होने के साथ ही आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।

**क्षेत्रीय परिवहन नेटवर्क के विस्तार व कॉरीडोर निर्माण पर जोर**

प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों के विस्तार तथा व्यापक कायाकल्प को लेकर जो खाका तैयार किया जा रहा है, उसमें रीजनल ट्रांसपोर्ट सिस्टम को सुदृढ़ करना भी शामिल है। योजना के अनुसार, प्रदेश में रीजनल ट्रांसपोर्ट सिस्टम को मजबूत करने के लिए लगभग 1500 किलोमीटर क्षेत्र में विस्तारित परिवहन नेटवर्क के विकास को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना निर्माण पर काम किया जा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न ऑर्बिटल कॉरिडोर्स के निर्माण को लेकर भी कार्ययोजना तैयार की जा रही है, जिससे शहरों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने और नगरीय क्षेत्रों में यातायात का दबाव कम करने में मदद मिलेगी। ये कॉरिडोर औद्योगिक क्षेत्रों, लॉजिस्टिक्स हब तथा नगरीय केंद्रों को बेहतर तरीके से जोड़कर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगे। इसी कड़ी में इंटरसिटी हाइपरलूप, प्रदेश के प्रमुख शहरों में मेट्रो रेल परियोजनाओं का संचालन और विस्तार तथा वॉटर मेट्रो नेटवर्क को बढ़ाने पर भी फोकस किया जा रहा है।

**व्यापार, रोजगार तथा निवेश को मिलेगा प्रोत्साहन**

बेहतर रीजनल कनेक्टिविटी से प्रदेश में व्यापार व उद्योग को नई दिशा मिलेगी। विभिन्न कॉरिडोर तथा परिवहन नेटवर्क के विकास से उद्योगों को कच्चे माल, बाजार तथा श्रम शक्ति तक सुगमता से पहुंच प्राप्त होगी। इससे न केवल प्रदेश में निवेश को बल मिलेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। योगी आदित्यनाथ सरकार का मानना है कि सशक्त परिवहन अवसंरचना आर्थिक विकास की रीढ़ होती है। ऐसे में इन योजनाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप किस प्रकार आगे बढ़ाया जाए, इस दिशा में व्यापक कार्ययोजना निर्माण पर कार्य किया जा रहा है।

**अंतिम मील कनेक्टिविटी पर विशेष ध्यान**

प्रदेश सरकार की रणनीति केवल बड़े परिवहन नेटवर्क तक सीमित नहीं है, बल्कि आम नागरिकों की दैनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अंतिम मील कनेक्टिविटी को प्रमुख प्राथमिकता दी जा रही है। रीजनल परिवहन प्रणालियों को शहरी और अर्ध-शहरी इलाकों से जोड़ने के लिए परिवहन साधनों के विकास पर जोर दिया जा रहा है, जिससे लोगों को घर से कार्यस्थल, बाजार तथा अन्य आवश्यक सेवाओं तक निर्बाध पहुंच मिल सके। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट दृष्टिकोण है कि मजबूत, सुरक्षित और आधुनिक परिवहन व्यवस्था के बिना प्रदेश का समग्र विकास संभव नहीं है। विजन-2047 को केंद्र में रखते हुए रीजनल कनेक्टिविटी के साथ ही अंतिम मील कनेक्टिविटी को एकीकृत रूप से विकसित करने को लेकर कार्य जारी है। इन प्रयासों के माध्यम से उत्तर प्रदेश को न केवल राष्ट्रीय स्तर पर, बल्कि वैश्विक मानचित्र पर भी एक सशक्त तथा विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

# सेंट्रल जीएसटी और पुलिस की टीम ने मारा छापा, अवैध यूरिया खाद के 45 बैग बरामद, जांच जारी

### - टेंपो चालक मौके से हुआ फरार

अर्थ प्रकाश/ अवतार सिंह चुग / यमुनानगर,16 दिसम्बर। यमुनानगर में सेंट्रल जीएसटी टीम और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में यूरिया की अवैध सप्लाई का मामला सामने आया है। टीम को रात के समय सूचना मिली थी कि एक फैक्ट्री में ग्लू बनाने के लिए यूरिया की सप्लाई की जा रही है। सूचना के आधार पर देर रात करीब 12 बजे बुडिया रोड की ओर जा रहे एक टेम्पू को रोका गया, जिस पर कोई नंबर प्लेट नहीं थी। जांच के दौरान टेम्पू से 45 बैग यूरिया बरामद किए गए। लेकिन रात के अंधेरे का फायदा उठाकर चालक मौके से फरार हो गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह यूरिया बुडिया रोड पर स्थित लिखना प्लाईवुड फैक्ट्री के लिए ले जाया जा रहा था। मामले में थाना बुढिया में फैक्ट्री के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और खाद के सैंपल भी जांच के लिए भेजे गए हैं।

बताया जा रहा है कि बरामद 45 बैगों में करीब 23 अलग-अलग कंपनियों का मिक्स यूरिया शामिल है, जिनमें चंबल सहित अन्य कंपनियों का खाद पाया गया है। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि टेम्पू कहां से आया, यूरिया की सप्लाई किसने की और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं।

वहीं जिला कृषि विभाग के अधिकारी आदित्य डबास ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि एक फैक्ट्री में कृषि उपयोग का खाद अवैध रूप से उतारा जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। अधिकारी ने बताया कि खाद से संबंधित सभी सैंपल लिए गए हैं और दस्तावेजों की भी बारीकी से जांच की जा रही है। पूरे मामले को लेकर नियमों के तहत आवश्यक कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का साफ संदेश है कि 'मेरी फसल, मेरा ब्यौरा ' अभियान से जुड़ने के बाद अब इस तरह की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### जब तक सूरज चाँद रहेगा, बापू तेरा नाम रहेगा



अर्थ प्रकाश/ नई दिल्ली/ भाजपा सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का नाम बदलकर यह स्पष्ट कर दिया है कि यह केवल प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की विरासत और विचारधारा को व्यवस्थित रूप से मिटाने का प्रयास है। इसी निर्णय के विरोध में आज विरोधी सांसदों ने संसद भवन की छत पर बापू का चित्र हाथ में लेकर अपना लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया।

### बांके बिहारी मंदिर में पिछले 16 दिनों से ठाकुर जी का भोग नहीं बना

अर्थ प्रकाश/ नई दिल्ली श्री बांके बिहारी मंदिर में पिछले 16 दिनों से ठाकुर जी का भोग नहीं बना है। एक गोसाई ने बताया, हलवाई समेत तमाम कर्मचारियों की सैलरी नहीं मिली है। जिसके चलते हलवाई ने भोग बनाना बंद कर दिया है। ऐसा पहली बार हुआ है कि ठाकुर जी को भोग ना लगा हो। गोसाई सुप्रीम कोर्ट की ओर से बनाई गई कमिटी को जिम्मेदार बता रहे हैं। क्योंकि समय से कर्मचारियों की सैलरी दिलवाना उनकी जिम्मेदारी है।

### फेयरमा ने भारतीय खाद्य निगम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित खरीफ पायलट परियोजना लागू करने की मांग की



अर्थ प्रकाश/ अनिल गुप्ता अर्थ प्रकाश दिल्ली

नई दिल्ली, 16 दिसंबर । फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया राइस मिलर्स एसोसिएशन (फेयरमा) ने केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी को पत्र लिखकर भारत सरकार की डिजिटल इंडिया योजना के अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित खरीफ विपणन पायलट परियोजना को पूरे देश में लागू करने की मांग की है।

फेयरमा ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 में इस प्रणाली का अध्ययन किया गया था। इसके बाद खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में इसे पायलट परियोजना के रूप में लागू किया गया, जिसके परिणाम सकारात्मक रहे। इन अच्छे परिणामों के बाद फरवरी 2023 में तत्कालीन केंद्रीय खाद्य मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में वाणिज्य भवन, नई दिल्ली में एक संयुक्त बैठक आयोजित हुई थी। बैठक में मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं भारतीय खाद्य निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए इस प्रणाली को पूरे देश में लागू किया जाए। साथ ही जिन स्थानों पर स्वचालित अनाज विश्लेषण मशीन उपलब्ध नहीं है, वहां नई मशीनों की खरीद के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू करने पर भी सहमति बनी थी।

फेयरमा का आरोप है कि खाद्य मंत्रालय के कुछ अधिकारी एवं भारतीय खाद्य निगम के फील्ड स्तर के कर्मचारियों ने मिलकर इस प्रणाली को बंद कराने की कोशिश की। वर्ष 2025 में अलग-अलग समय पर पत्र जारी कर आपत्तियां जताई गईं, जिसके कारण हरियाणा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में इस व्यवस्था को पूरी तरह बंद कर दिया गया। इससे चावल मिल मालिकों का उत्पीड़न हुआ। संघ के अनुसार 31 अक्टूबर 2025 को भारतीय खाद्य निगम ने इसे पुनः लागू करने का पत्र जारी किया, लेकिन अब 10 प्रतिशत स्वीकृत चावल में इसे लागू नहीं किया जा रहा है। वहीं वर्ष 2024-25 में नई स्वचालित अनाज विश्लेषण मशीनों की खरीद प्रक्रिया को रोककर इस व्यवस्था को पूरी तरह बंद करने का प्रयास किया जा रहा है, जो भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला है और डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के उद्देश्य के विरुद्ध है।

फेयरमा ने सुदृढ़ीकृत चावल कण योजना पर भी गंभीर चिंता जताई है। संघ के अनुसार पिछले तीन वर्षों से सुदृढ़ीकृत चावल कण के माध्यम से पोषक चावल तैयार किया जा रहा है, जिसमें चावल मिलों को 99 किलोग्राम चावल में 1 किलोग्राम सुदृढ़ीकृत चावल कण मिलाने के लिए बाध्य किया जा रहा है। यह चावल भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से गरीब उपभोक्ताओं को वितरित किया जा रहा है। फेयरमा का आरोप है कि सुदृढ़ीकृत चावल कण निर्माताओं की इकाइयां भारतीय मानक ब्यूरो एवं खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के नियमों का पालन नहीं कर रही हैं, जिससे उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और केंद्र सरकार को करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है।

संघ ने मांग की है कि जब केंद्र सरकार के पास अगले दो वर्षों के लिए पर्याप्त सुदृढ़ीकृत चावल का भंडार उपलब्ध है, तो फिलहाल गैर-सुदृढ़ीकृत चावल की खरीद की जाए। फेयरमा का कहना है कि सुदृढ़ीकृत चावल कण की गुणवत्ता सही नहीं होने के कारण कई चावल मिलें बंद हो गई हैं, जिससे धान खरीद प्रभावित हो रही है और किसान अपनी उपज कम दामों पर बेचने को मजबूर हैं।

फेयरमा ने केंद्र सरकार से अपील की है कि देश के हित में सुदृढ़ीकृत चावल कण योजना को पूरी तरह बंद किया जाए, ताकि उपभोक्ता, किसान और सरकार को हो रहे नुकसान को रोका जा सके और देश की चावल उद्योग को मजबूती मिल सके।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के श्रीचरणों में झुकाया शीश, हनुमानगढ़ी में भी लगाई हाजिरी

- पूजन-अर्चन के साथ ही आमजन का किया अभिवादन, जनप्रतिनिधियों व भाजपा नेताओं ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अयोध्या, 16 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को अयोध्या के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। अयोध्या आगमन पर महापौर, जनप्रतिनिधियों सहित भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। मुख्यमंत्री सुबह सबसे पहले महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे। जहाँ से वह सीधे हनुमानगढ़ी गए और संकटमोचन हनुमान के दरबार में विधिवत हाजिरी लगाई। दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री ने उपस्थित आमजन का अभिवादन स्वीकार किया।

इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे। उन्होंने श्रीरामलला के श्रीचरणों में शीश झुकाकर श्रद्धा व्यक्त की और विधिवत पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर में आध्यात्मिक वातावरण के बीच मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सुख समृद्धि और जनकल्याण की कामना की।

मुख्यमंत्री के इस दौरे को लेकर अयोध्या में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। जनप्रतिनिधियों ने भी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अयोध्या के समग्र विकास और धार्मिक पर्यटन को नई पहचान मिलने की बात कही।



# एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने गत दिनों पकड़ी 56 ग्राम हेरोइन (स्मैक) के मुख्य सप्लायर को किया गिरफ्तार



अर्थ प्रकाश/अवतार सिंह चुग / यमुनानगर,16 दिसम्बर। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के निर्देशानुसार जिला पुलिस का नशा तस्करों पर प्रहार लगातार जारी है। इसी कड़ी में कार्य करते हुए एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने गत दिनों पकड़ी 56 ग्राम हेरोइन (स्मैक) के मुख्य सप्लायर को किया गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इंचार्ज अरुण कुमार ने बताया कि उनकी टीम ने गुप्त सूचना पर गत दिनों हमीदा हेड से पुराना हमीदा निवासी नईम पुत्र सलीम को 56 ग्राम हेरोइन (स्मैक) सहित गिरफ्तार किया था। पूछताछ पर आरोपी नईम ने बताया कि वह यह हेरोइन (स्मैक) आनंद कॉलोनी पुराना हमीदा निवासी मोहम्मद शाहबाज पुत्र मोहम्मद इकबाल से लेकर आया था। टीम ने तुरंत कार्यवाही करते हुए मोहम्मद शाहबाज को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# डॉ. रामविलास वेदांती जी महाराज का संपूर्ण जीवन रामकाज को समर्पित रहा: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

- मुख्यमंत्री ने ब्रह्मलीन डॉ. रामविलास वेदांती जी महाराज को श्रद्धासुमन अर्पित किए
- अयोध्या स्थित हिंदू धाम आश्रम पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी ने दी श्रद्धांजलि
- मुख्यमंत्री ने वेदांती जी महाराज के शिष्यों व अनुयायियों से की निरंतर रामकाज से जुड़े रहने की कामना

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अयोध्या, 16 दिसंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अयोध्या स्थित हिंदू धाम आश्रम पहुंचकर वशिष्ठ भवन के ब्रह्मलीन महंत डॉ. रामविलास वेदांती जी महाराज के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके योगदान का स्मरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति अभियान के वरिष्ठ सदस्य तथा वशिष्ठ भवन, अयोध्या के महंत डॉ. रामविलास वेदांती जी महाराज भौतिक रूप से आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका संपूर्ण जीवन अयोध्या धाम के विकास और रामलला के भव्य मंदिर निर्माण को समर्पित रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वेदांती जी महाराज का पूरा जीवन ही रामकाज को समर्पित था। यह भी एक संयोग है कि प्रभु श्रीराम की पावन कथा का वाचन करते हुए उन्होंने नश्वर देह का त्यागकर साकेतवास किया।

**प्रभु श्रीराम से जुड़े हर कार्य में रही वेदांती जी महाराज की सक्रिय सहभागिता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वेदांती जी महाराज के योगदान को याद करते हुए कहा कि श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के प्रारंभिक दौर से लेकर उसके मूर्त रूप लेने और आंदोलन के सफल परिणाम को देखने का सौभाग्य उन्हें प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि 25 नवंबर को श्रीरामजन्मभूमि पर निर्मित भव्य मंदिर पर धर्मध्वजा आरोहण के समारोह में भी वेदांती जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह उनके समर्पण और निरंतर सहभागिता का स्पष्ट प्रमाण है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वर्ष 1983 में श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति अभियान के आरंभ से लेकर अब तक आयोजित प्रत्येक आंदोलन और कार्यक्रम में वेदांती जी महाराज की सक्रिय भूमिका रही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वेदांती जी महाराज को याद करते हुए कहा कि आज भले ही वे भौतिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके साकेतवासी होने पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करने और उनके शिष्यों व आश्रमवासियों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए मैं अयोध्या आया हूं ।

**गोरक्षपीठ से रहा गहरा जुड़ाव**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरक्षपीठ से वेदांती जी महाराज का अत्यंत निकट और आत्मीय संबंध रहा। उन्होंने बताया कि वर्ष 1949 में अयोध्या धाम में श्रीरामजन्मभूमि पर प्रभु श्रीराम के विग्रह के प्रकटीकरण के समय गोरक्षपीठ के तत्कालीन पीठाधीश्वर पूज्य महंत श्री दिग्विजयनाथ जी महाराज तथा वेदांती जी महाराज के पूज्य गुरु बाबा अभिराम दास जी उस ऐतिहासिक अभियान का हिस्सा थे। मुख्यमंत्री योगी ने आगे कहा कि वर्ष 1983 में जब श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति का गठन हुआ और उनके पूज्य गुरुदेव, गोरक्षपीठाधीश्वर पूज्य महंत श्री अवेद्यनाथ जी महाराज उस समिति के अध्यक्ष बने, तब से डॉ. रामविलास वेदांती जी महाराज वरिष्ठ सदस्य के रूप में निरंतर इस आंदोलन से जुड़े रहे।

**प्रभु श्रीराम से की श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रभु श्रीराम के पवित्र मंदिर से जुड़े सभी ऐतिहासिक कार्यक्रमों, 5 अगस्त 2020 को मंदिर के शिलान्यास, 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा तथा 25 नवंबर 2025 को धर्मध्वजा आरोहण के वेदांती जी महाराज साक्षी रहे। यह उनके जीवन की साधना और संकल्प का ही परिणाम था कि वे रामलला को विराजमान होते, भव्य मंदिर का निर्माण होते और दिव्य-भव्य अयोध्या को साकार रूप में देखते हुए तथा रामकथा का गायन करते हुए इस लोक से विदा हुए। मुख्यमंत्री ने प्रभु श्रीराम से प्रार्थना की कि वे वेदांती जी महाराज को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें। उन्होंने कहा कि वे विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी स्मृतियों को नमन करते हैं और उन्हें पूर्ण विश्वास है कि वेदांती जी महाराज के आदर्शों का अनुसरण करते हुए उनके आश्रम के शिष्य और अनुयायी निरंतर रामकाज के अभियान से जुड़े रहेंगे। उल्लेखनीय है कि डॉ. रामविलास वेदांती जी मध्य प्रदेश के लालगांव के समीप स्थित भठवा गांव में रामकथा का वाचन कर रहे थे। कथा का आयोजन 17 दिसंबर तक निर्धारित था, लेकिन शनिवार की रात सीने में दर्द और घबराहट की शिकायत के बाद उन्हें उपचार के लिए रीवा लाया गया। वहां एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार को उनका साकेतवास हो गया।

# अपराध पर अंकुश के लिए थानों का आधुनिकीकरण किया जाएः श्रीनिवास

अर्थ प्रकाश/ जयपुर, । राजस्थान के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने अपराध पर अंकुश के लिए थानों के आधुनिकीकरण पर जोर देते हुए कहा कि राज्य में अपराध के आंकड़ों में कमी आना 'शुभ संकेत' है। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। वह यहां भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के सम्बन्ध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। एक बयान के मुताबिक, उन्होंने कहा 'राज्य में अपराधों के आंकड़ों में कमी शुभ संकेत है। अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप राज्य को अपराध मुक्त बनाने के लिए और भी प्रयास करने होंगे।' उन्होंने कहा कि अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस के 'रिस्पांस टाइम' को कम करना, त्वरित अनुसंधान और थानों का आधुनिकीकरण सुनिश्चित किया जाए। मुख्य सचिव ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी थानों का 'डिजिटलाइजेशन' करने के साथ-साथ आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने थानों में निर्बाध 'वाई-फाई' सुविधा के लिए सभी थानों में 'राज नेट' की कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया। एक प्रवक्ता के अनुसार, मुख्य सचिव ने कहा कि थानों में महिला कांस्टेबल की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए, जिससे महिलाओं से संबंधित अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है।

# मेयर हरप्रीत कौर बबला ने सेक्टर 28 में एस्पिरेशनल पब्लिक टॉयलेट का किया उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 16 दिसंबर।** शहर की मेयर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला और एमसी कमिश्नर अमित कुमार, आईएएस, ने मंगलवार को सेक्टर 28-सी मार्केट, चंडीगढ़ में एक एस्पिरेशनल पब्लिक टॉयलेट का उद्घाटन किया। यह सुविधा नगर निगम चंडीगढ़ द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के तहत विकसित की गई है।

सेक्टर 28-सी मार्केट में यह पब्लिक टॉयलेट शहर के कई सेक्टरों में लागू की जा रही एस्पिरेशनल टॉयलेट पहल का हिस्सा है, जिसका मकसद सार्वजनिक स्वच्छता इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाना और नागरिकों और आगंतुकों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और इस्तेमाल में आसान सुविधाएं प्रदान करना है।



नई उद्घाटन की गई सुविधा को स्वच्छता, समावेशिता और सुरक्षा पर खास ध्यान देकर विकसित किया गया है। दिव्यांग व्यक्तियों के लिए अलग शौचालय की सुविधा दी गई है, साथ ही उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा बढ़ाने के लिए इमरजेंसी सेंसर भी लगाए गए हैं। शौचालय को बच्चों के अनुकूल भी बनाया गया है।

स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के सभी दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन किया गया है। यह सुविधा सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन, इंसिनरेटर, हैंड ड्रायर और अन्य स्वच्छता-सहायक प्रणालियों जैसी आधुनिक सुविधाओं से लैस है। अंधे और दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए ब्रेल लिपि में विशेष साइनेज लगाए गए हैं, साथ ही परिसर के अंदर आसान आवाजाही के लिए टैक्टाइल टाइल्स भी लगाई गई हैं।

उपयोगकर्ताओं के लिए निर्बाध सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए शौचालय में पानी की आपूर्ति और पावर बैकअप की भी व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर बोलते हुए, मेयर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला ने कहा कि एस्पिरेशनल टॉयलेट पहल सार्वजनिक स्वच्छता को मजबूत करने और विशेष रूप से व्यस्त बाजार क्षेत्रों में सम्मानजनक, सुलभ और नागरिक-केंद्रित सुविधाएं प्रदान करने के लिए नगर निगम की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसी पहल सार्वजनिक स्वच्छता में सुधार, स्वच्छता को बढ़ावा देने और चंडीगढ़ में शहरी जीवन की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।

# भाजपा नेता अनिल दुबे ने प्रशासन व नगर निगम के चीफ इंजीनियर से की मुलाकात

### गांव दरिया व मौली जागरां के मुख्य कार्यों की शुरुआत का किया आग्रह



अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 16 दिसंबर।** मंगलवार प्रशासन व नगर निगम के चीफ इंजीनियर सी.बी ओझा से पूर्व डिप्टी मेयर व भाजपा नेता अनिल दुबे मुलाक़ात कर गाँव दरिया, सुंदर नगर की डिस्पेंसरी, बस क्यू सेल्टर, गाँव दरिया की मैन सडक व गाँव दरिया में नए ट्यूबवेल जैसे अहम विषयों पर चर्चा की। इसके साथ ही मौली जागरां-राजीव कॉलोनी की सड़क की मरम्मत, हाईवे चंडीगढ़-पंचकूला की ओर से विकास नगर सब्ज़ी मंडी के लिए स्लीप रोड व मौली कॉम्प्लेक्स में बस स्टॉप बनाने के लिए किए गए आग्रह को ध्यान में रखते हुए ओझा ने गाँव दरिया की डिस्पेंसरी, सड़क, ट्यूबवेल व मौली जागरां के मुख्य कामों को जल्द ही इन कार्यों की शुरुआत का आश्वासन दिया।